सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-343 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 07 जून 2025
10 जिलहिज्जा 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com



# पीएम ने चिनाब ब्रिज का उद्घाटन किया

## पाकिस्तान ने इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया, हमने उस पर कयामत बरसा दी



**श्रीनगर।** पीएम मोदी ने शुक्रवार को पहलगाम हमले के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर का दौरा किया। उन्होंने यहां के रियासी जिले में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज का तिरंगा दिखाकर उद्घाटन किया। इसके बाद अंजी ब्रिज और कटरा में कश्मीर की पहली ट्रेन कटरा-श्रीनगर वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई।मोदी ने कटरा में 42 मिनट का भाषण दिया। इसमें आतंकवाद, पाकिस्तान और कश्मीर के टूरिज्म का जिक्र किया।

पीएम ने कहा, से हमारे पड़ोस का देश, मानवता का विरोधी, मेलजोल का विरोधी है। वह ऐसा देश है जो गरीब की रोजी-रोटी का भी विरोधी है। 22 अप्रैल को पहलगाम में जो हुआ, वह इसी का उदाहरण है। पाकिस्तान ने इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया। हमने 6 मई को उस पर कयामत बरसा दी। चिनाब आर्च ब्रिज रियासी जिले में बक्कल और कौड़ी के बीच बना है। इसे 2003 में मंजूरी मिली थी। शुरुआती प्लान के मुताबिक इसे 2009 तक तैयार हो जाना था, लेकिन इसे पूरा होने में 22 साल लग गए। यह सवा किमी से ज्यादा लंबा है और नदी से ऊंचाई 359 मीटर है। यह पेरिस के एफिल टावर (330 मीटर) से 29 मीटर ऊंचा है। लागत 1486 करोड़ रुपए है। पीएम ने मोदी ने अंजी खड्ड पर बना भारत का पहला केबल स्टे रेल ब्रिज का भी उद्घाटन किया। यह पुल नदी तल से 331 मीटर की ऊंचाई पर बना है। 1086 फीट ऊंचा एक टावर इसे सहारा देने के लिए बनाया गया है, जो करीब 77 मंजिला बिल्डिंग जितना ऊंचा है। यह ब्रिज अंजी नदी पर बना है जो रियासी जिले के कटरा को बनिहाल से जोड़ता है। चिनाब ब्रिज से इसकी दूरी महज 7 किमी है। इस पुल की लंबाई 725.5 मीटर है। इसमें से 472.25 मीटर का हिस्सा केबल्स पर टिका हुआ है। आजादी के 77 साल बाद भी कश्मीर बर्फबारी के सीजन में देश के दूसरे हिस्सों से कट जाता है। नेशनल हाईवे बंद होने से घाटी जाने का बंद हो जाता है। सड़क के रास्ते जम्मू से कश्मीर जाने में 8 से 10 घंटे का समय लग जाता था। ट्रेन शुरू होने से यह सफर करीब तीन घंटे में पूरा हो जाएगा।

### कश्मीर को जोड़ने वाली पहली ट्रेन भी शुरू

पीएम मोदी सबसे आखिर में कटरा पहुंचे। यहां के रेलवे स्टेशन पर उन्होंने कश्मीर को जोड़ने वाली कटरा-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन को हरी झंदी दिखाई। नॉर्दर्न रेलवे 7 जून से कटरा-श्रीनगर रूट पर वंदे भारत ट्रेन सर्विस शुरू कर देगी। हफ्ते में 6 दिन दो ट्रेनें कटरा और श्रीनगर के बीच चलेंगी। नॉर्दर्न रेलवे ने बताया कि ट्रेन में दो ट्रैवल क्लास हैं। चेयरकार का किराया 715 रुपए और एक्जीक्यूटिव क्लास का किराया 1320 रुपए है। अभी ट्रेनें सिर्फ बनिहाल में रुकेंगी, अन्य स्टॉपेज पर फैसला बाद में होगा।

# यूपी में सुरक्षा कड़ी, सड़क पर नहीं होगी नमाज, खुले में कुर्बानी पर रोक



**मेरठ।** ईद-उल-अजहा पर्व पर रेंज के जिले मेरठ, बुलंदशहर, बागपत और हापुड़ में 487 ईदगाह और 981 मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी। सड़क पर नमाज पढ़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीआईजी कलानिधि नैथानी ने बताया कि मेरठ में 164 ईदगाह व 515 मस्जिद, बुलंदशहर में 171 ईदगाह व 213 मस्जिद, बागपत में 68 ईदगाह व 205 मस्जिद और हापुड़ में 84 ईदगाह व 48 मस्जिदों में नमाज होगी।

शांतिपूर्वक नमाज के लिए चारों जिलों में आठ एएसपी, 25 सीओ, 95 इंस्पेक्टर, 820 दरोगा, 1250 हेड कांस्टेबल, 1635 कांस्टेबल, 1005 होमगार्ड व पीआरडी के जवान और दो कंपनी पीएसी की ड्यूटी लगाई गई है। जिलों के कप्तानों को कानून व्यवस्था के मद्देनजर डीआईजी ने ईदगाह और सभी संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। डीआईजी ने कहा कि किसी भी प्रकार का कोई गैर परंपरागत कार्य न हो, इसके लिए थाना प्रभारी व चौकी इंचार्ज की जवाबदेही होगी। संरक्षित पशुओं की व खुले स्थानों पर कुर्बानी न हो इसके मद्देनजर विशेष सतर्कता बरती जाए। आवश्यकतानुसार सांप्रदायिक हॉटस्पाट पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट और पुलिस पिकेट तैनात किए जाएं।

संवेदशील क्षेत्रों व मार्गों पर यूपी 112 के वाहनों का रूट मैप तैयार कर लिया जाए। महत्वपूर्ण गतिविधियों और भीड़भाड़ वाले स्थानों का सीसीटीवी कैमरों से कवरेज सुनिश्चित किया जाए। संवेदनशील और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों की ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाए और अधिक से अधिक पैदल गश्त की जाए।

**धार्मिक स्थलों की होगी चेकिंग :** सभी सांप्रदायिक विवादों पर कड़ी नजर रखी जाए। जिलों के कप्तान धार्मिक स्थलों पर निगरानी रखेंगे और धार्मिक स्थलों व आस-पास के क्षेत्रों में समुचित पुलिस बल तैनात करेंगे। सभी जनपदों में टीम गठित कर सुबह सभी धार्मिक स्थलों की नियमित चेकिंग की जाए।

### 84 स्थल संवेदनशील चिह्नित

84 स्थल संवेदनशील श्रेणी में चिह्नित किए गए हैं। जनपद मेरठ में 21, बुलंदशहर में 43, बागपत में पांचे और हापुड़ में 15 स्थान संवेदनशील श्रेणी के हैं। चारों जनपदों को 27 जोन और 100 सेक्टर में बांटा गया है। 49 क्यूआरटी (क्विक रिस्पांस टीम) लगाई गई है।

# पुलिस भर्ती में पूर्व अग्निवीरों को 20 फीसदी आरक्षण का आदेश जारी

■ अग्निवीर जिस श्रेणी का होगा, उसे उसी श्रेणी में समायोजित किया जाएगा



**लखनऊ।** गृह विभाग ने पुलिस भर्ती में पूर्व अग्निवीर सैनिकों को 20 फीसदी आरक्षण देने का शासनादेश जारी कर दिया है। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि प्रदेश पुलिस में सिपाही, पीएसी, फायरमैन और घुड़सवार के पदों पर सीधी भर्ती में पूर्व सैनिकों की तरह अग्निवीर के रूप में की गई सेवा अवधि को घटाते हुए अधिकतम आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। साथ ही 20 प्रतिशत पदों पर क्षैतिज आरक्षण दिया जाएगा।

आदेश के अनुसार अग्निवीर जिस श्रेणी का होगा, उसे उसी श्रेणी में समायोजित किया जाएगा। इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा कि आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से आगे न बढ़े। बता दें कि 2026 के बाद के सेवा से बाहर आने वाले पूर्व अग्निवीरों को पुलिस में भर्ती होने पर आरक्षण प्रदान किया जाएगा। कैबिनेट में हुए फैसले की जानकारी देते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा था कि भारत सरकार द्वारा अग्निवीर योजना शुरू की गई है, जो देशभक्त और प्रेरित युवाओं को सशस्त्र बलों (भारतीय सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना) में सेवा करने का अवसर देती है। इसके तहत अग्निवीरों का पहला बैच 2026 में सेवा से बाहर आएगा, जिसमें 25 फीसद अग्निवीरों को सशस्त्र बलों में शामिल होने का अवसर दिया जाएगा। वहीं 75 प्रतिशत अग्निवीर सशक्त और कार्य कुशल होकर समाज की मुख्यधारा में दोबारा शामिल होंगे।

### जी-7 सम्मेलन में हिस्सा लेने कनाडा जाएंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की है और उन्हें जी7 सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया है। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने आमंत्रण के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

उन्होंने कहा कि शिखर सम्मेलन में उनसे मुलाकात का बेसब्री से इंतजार है। इस साल 15 से 17 जून 2025 को कनाडा के अल्बर्टा के कनानास्किस में जी7 सम्मेलन हो रहा है। इसमें अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, जापान, इटली, कनाडा और जर्मनी के शीर्ष नेता हिस्सा लेंगे। इसके अलावा भारत ब्राजील, मैक्सिको, दक्षिण अफ्रीका, यूक्रेन के राष्ट्रपतियों और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री को भी शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है।

# वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन के लिए उम्मीद पोर्टल शुरू, रिजिजू बोले- ऐतिहासिक कदम



■ पोर्टल वक्फ संपत्ति प्रबंधन और प्रशासन के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेगा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को उम्मीद पोर्टल की शुरुआत की, जिसमें सभी वक्फ संपत्तियों की जियो-टैगिंग के बाद एक डिजिटल सूची तैयार की जायेगी। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने इसे ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि समुदाय के स्वामित्व वाली वक्फ संपत्तियों का गरीब मुसलमानों के लिए प्रभावी और निष्पक्ष उपयोग को सुनिश्चित करेगा। सरकार की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, उम्मीद पोर्टल एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तीकरण, दक्षता और विकास अधिनियम, 1995 का संक्षिप्त रूप है।

रिजिजू ने इस पोर्टल के शुभारंभ के अवसर पर कहा, उम्मीद पोर्टल भारत में वक्फ संपत्ति प्रबंधन और प्रशासन के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेगा। इससे न केवल पारदर्शिता आएगी बल्कि आम मुसलमानों, खासकर महिलाओं और बच्चों को भी मदद मिलेगी। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा विकसित इस पोर्टल की औपचारिक शुरूआत केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन की मौजूदगी में की गई।

रिजिजू ने कहा कि 'उम्मीद' केंद्रीय पोर्टल महज तकनीकी उन्नयन से कहीं अधिक है।यह अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की रक्षा करने तथा समुदाय के स्वामित्व वाली वक्फ परिसंपत्तियों का गरीब मुसलमानों के लिए प्रभावी और निष्पक्ष उपयोग सुनिश्चित करने के वास्ते सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिनके लिए यह मूल रूप से बनाया गया था। पोर्टल का उद्देश्य पारदर्शिता, जवाबदेही और जन भागीदारी को बढ़ाना है। पोर्टल की मुख्य विशेषताओं में सभी वक्फ संपत्तियों की जियो-टैगिंग के साथ एक डिजिटल सूची बनाना शामिल है। कुरियन ने इस मौके पर कहा कि यह पोर्टल एक ऐसा सुधार है जिसका लंबे समय से इंतजार किया जा रहा था और जो वक्फ प्रशासन को लोगों के करीब लाएगा। यह प्रणाली सुनिश्चित करती है कि प्रत्येक संपत्ति का लेखा-जोखा रखा जाए तथा उसका उपयोग उसके मूल उद्देश्य के अनुसार किया जाए।




### बधाई

ईद-उल-अजहा के शुभ अवसर पर सभी सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं और अभिकर्ता बंधुओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

### अवकाश सूचना

ईद-उल-अजहा के शुभ अवसर पर अवधनामा कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 9 जून को प्रकाशित होगा।

# मेहुल चोकसी पर सेबी का एक्शन

■ बैंक, डीमैट और म्यूचुअल फंड अकाउंट हुए जब्त



**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी के बैंक खातों, शेयरों और म्यूचुअल फंड होल्डिंग्स को अटैच करने का आदेश दिया है। ताकि गीतांजलि जेम्स के शेयरों में इनसाइडर ट्रेडिंग नियमों के उल्लंघन के मामले में 2 करोड़ की बकाया राशि की वसूली की जा सके।

यह कदम 15 मई को चोकसी को जारी किए गए एक डिमांड नोटिस के बाद उठाया गया। इसमें चेतावनी दी गई थी कि यदि वह 15 दिनों के अंदर भुगतान नहीं करता है, तो उसकी संपत्तियों और बैंक खातों को अटैच किया जाएगा। यह डिमांड नोटिस तब जारी किया गया जब चोकसी ने जनवरी 2022 में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा लगाए गए जुर्माने का भुगतान नहीं किया। चार जून को जारी एक अटैचमेंट नोटिस में सेबी ने कहा कि 2.1 करोड़ रुपये की बकाया राशि में 1.5 करोड़ रुपये का प्रारंभिक जुर्माना और 60 लाख रुपये का ब्याज शामिल है। बकाया राशि की वसूली के लिए सेबी ने सभी बैंकों, डिपाजिटरी और म्यूचुअल फंडों से कहा कि वे चोकसी के खातों से किसी भी डेबिट की अनुमति नहीं दें। हालांकि, क्रेडिट की अनुमति दी गई है। सेबी ने बैंकों को चोकसी के लाकर समेत सभी खाते अटैच करने का निर्देश दिया है।

वसूली की प्रक्रिया शुरू करते हुए सेबी ने कहा कि चोकसी बैंक खातों, म्यूचुअल फंड फोलियो और डीमैट खातों में रखे गए शेयरों की राशि को नष्ट कर सकता है। इससे बकाया राशि की वसूली में देरी या बाधा उत्पन्न हो सकती है। जनवरी, 2022 में पारित अपने आदेश में नियामक ने चोकसी पर 1.5 करोड़ का जुर्माना लगाया और उसे एक वर्ष के लिए शेयर बाजार से प्रतिबंधित कर दिया। मई, 2023 में सेबी ने चोकसी को गीतांजलि जेम्स के शेयरों में धोखाधड़ी के मामले में 5.35 करोड़ रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया।

### बांग्लादेश में अप्रैल 2026 में होंगे चुनाव

**ढाका।** बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने शुक्रवार को एलान किया कि अगला राष्ट्रीय चुनाव अप्रैल 2026 के पहले पखवाड़े में आयोजित किया जाएगा। ईद-उल-अजहा की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग जल्द ही चुनाव की विस्तृत रूपरेखा पेश करेगा।

यूनुस ने अपने संबोधन में कहा कि अंतरिम सरकार तीन मुख्य उद्देश्यों सुधार, न्याय और चुनाव के आधार पर सत्ता में आई है। सरकार ने स्वतंत्र, निष्पक्ष, प्रतिस्पर्धी और स्वीकार्य चुनाव आयोजित करने के लिए सभी दलों के साथ चर्चा की है। चुनाव से संबंधित चल रही सुधार गतिविधियों की समीक्षा के बाद मैं देशवासियों को घोषणा कर रहा हूं।

# कर्नाटक हाईकोर्ट से केएससीए को मिली राहत अदालत ने दंडात्मक कार्रवाई पर लगाई रोक



कर्नाटक पुलिस ने गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, इवेंट मैनेजमेंट फर्म डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड और केएससीए के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी

**बंगलुरू।** कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ को कर्नाटक हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के अध्यक्ष रघु राम भट और कुछ अन्य पदाधिकारियों ने शुक्रवार को कर्नाटक हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उन्होंने कोर्ट से चिन्नास्वामी स्टेडियम भगदड़ मामले में दर्ज एफआईआर रद्द करने की मांग की। कोर्ट ने इस मामले पर सुनवाई करते हुए राज्य क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने पर रोक लगा दिया।

बता दें कि, कर्नाटक पुलिस ने गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, इवेंट मैनेजमेंट फर्म डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। जिसके बाद कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) हाईकोर्ट की शरण में पहुंचा था। इस मामले में अदालत की ओर से कहा गया है कि अगली सुनवाई तक किसी भी अधिकारी के खिलाफ कोई कार्रवाई न की जाए।

मामले की सुनवाई करने वाले न्यायमूर्ति एस आर कृष्ण कुमार ने केएससीए अधिकारियों को अंतरिम राहत प्रदान की है।

मामले की सुनवाई 16 जून तक के लिए स्थगित कर दी गई। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक हरनहल्ली और श्याम सुंदर पेश हुए, जबकि राज्य की ओर से महाधिवक्ता शशि किरण शेट्टी ने पैरवी की।

**मौसम** — उत्तर भारत में फिर बढ़ेगा पारा

# मानसून की रफ्तार पर लगा ब्रेक



**नई दिल्ली।** पिछले सप्ताह तक उत्तर भारत की ओर तेजी से बढ़ रहे मानसून पर ब्रेक लगने के साथ ही मैदानी इलाके का मौसम फिर से गर्म होने वाला है। पश्चिमी विक्षोभ और वर्षा में कमी के चलते तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार जा सकता है।

अगले एक सप्ताह तक बारिश की स्थिति नहीं बनने वाली है। इसके चलते दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, बिहार, झारखंड, उड़ीसा एवं छत्तीसगढ़ का तापमान फिर चढ़ने लगेगा, जो मानसून के दोबारा सक्रिय होने के बाद ही गिरेगा। भारत मौसम विभाग (आईएमडी) का मानना है कि 11 जून तक उत्तर से लेकर मध्य एवं पूर्वी भारत का मौसम पूरी तरह साफ हो जाएगा। गर्मी बढ़ जाएगी। 12 जून से मानसून फिर तेजी से आगे बढ़ना शुरू करेगा और जल्द ही बिहार, झारखंड एवं उत्तर प्रदेश के कई जिलों में पहुंच जाएगा। एक-दो स्थानों को छोड़कर हीटवेव (लू) की स्थिति कहीं नहीं बनी, लेकिन अब मौसम करवट लेता दिख रहा है। अभी पहाड़ों पर पश्चिमी विक्षोभ नहीं है। पश्चिम से सूखी एवं गर्म हवाएं तेजी से आगे बढ़ने लगी हैं। यह मानसून के रास्ते में अवरोध बनकर खड़ी हो गई है। मानसून की गति पर ब्रेक लग गया है। बारिश के अभाव में मौसम में तल्खी आने लगी है। पंजाब-हरियाणा के तापमान में वृद्धि होने लगी है। उप्र का मौसम साफ हो गया है।

### केरल में समय से पहले आया मानसून

मौसम में अनिश्चितता के बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर में पश्चिमी विक्षोभ के लगातार आते रहने के कारण पूरे देश में प्री मानसून बारिश अच्छी होती रही। अप्रैल-मई में भी गर्मी अपना असर नहीं दिखा सकी। केरल में समय से आठ दिन पहले मानसून का आगमन हो गया। इसी दौरान अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव के क्षेत्र बन जाने से मानसूनी हवाओं को आगे बढ़ने में मदद मिलती रही। ऐसे में गर्मी की अवधि सिमट गई।






## आज मनाई जाएगी ईद उल अजहा, तैयारियां जोरों पर



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** ईद उल अजहा सात जून को यानि आज मनाई जाएगी इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मस्जिदों में भी नमाज की तैयारियां चल रहीं हैं। ईद उल अजहा की नमाज का समय भी अंजुमन इस्लामिया वक्फ की ओर से तय कर दिया गया है अंजुमन इस्लामिया के सचिव रिजवान रशीद ने बताया कि शहर की ईदगाहों व मस्जिदों में नमाज तय समय पर बिना इंतजार के अदा की जाएगी। उन्होंने मुस्लिम समुदाय से अपील की है कि कुर्बानी खुली जगहों पर न करें। जो भी अवशेष हो उनको इधर-उधर न फेंके। समाज के लोगों की भावनाएं आहत न होने पाएं। इस बात का ध्यान रखें जिला प्रशासन ने भी बकरीद को लेकर शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक इंतजाम किए हैं। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने बाजारों और मस्जिदों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी कर ली है बकरीद को लेकर जिले में तैयारियां जोर-शोर से चल रहीं हैं। शहर और ग्रामीण इलाकों के बाजारों में सेवईं व अन्य जरूरी सामानों की लोगों ने खरीदारी की।

### ईद उल अजहा की नमाज का समय तय

मस्जिद कचहरी सुबह- 6:30 बजे।
मस्जिद महाराज नगर सुबह- 7:00 बजे।
रफाकती मस्जिद हिदायत नगर सुबह-7:00 बजे मस्जिद हुदा हिदायत नगर सुबह-7:00 बजे मस्जिद बिलाल हिदायत नगर सुबह-7:00 बजे सुनहरी मस्जिद सुबह-7:00 बजे।
मस्जिद गुलजार नगर सुबह-7:00 बजे।
बरकाती मस्जिद नौरंगाबाद सुबह-7:00 बजे।
ईदगाह नौरंगाबाद सुबह-7:15 बजे।
हुसैनी मस्जिद हिदायत नगर सुबह-7:30 बजे।
मस्जिद हाथीपुर कोठार सुबह-7:30 बजे।
गौसिया मस्जिद महाराज नगर सुबह-7:30 बजे, मस्जिद गरीब नवाज इस्लामनगर सुबह-7:30 बजे, अजमेरी मस्जिद हाथीपुर उत्तरी सुबह-7:45 बजे, मदीना मस्जिद हिदायत नगर सुबह-7:45 बजे, कादरी मस्जिद गुलजार नगर सुबह- 7:45 बजे, मस्जिद शमशेर नगर सुबह-8:00 बजे, मस्जिद ईदगाह सुबह-8:30 बजे, मथना शरीफ मस्जिद सुबह-8:30 बजे, मस्जिद मीनारा सुबह-8:45 बजे, ईदगाह मथना शरीफ सुबह-9:00 बजे,मस्जिद गोटैय्याबाग सुबह-9:30 बजे।

# आईटीआई ऑडिटोरियम में 21 जून को होगा 11 वाँ अंतरर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तथा उससे पूर्व 15 जून से प्रारंभ होने वाले योग सप्ताह के सफल आयोजन की रूपरेखा तय करने के उद्देश्य से शुक्रवार को विकास भवन स्थित विवेकानंद सभागार में सीडीओ अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक आयोजित हुई सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि यह आयोजन सम्पूर्ण जिले में वृहद स्तर पर ÷एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग÷, थीम के तहत मनाया जाना है। जिसकी तैयारी अभी से शुरू कर दें और सहयोगी संस्थाओं द्वारा भी इसमें विशेष भागीदारी कराएं। 15 जून को छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के नीलकंठ मैदान में योग सप्ताह का शुभारंभ किया जाए। साथ ही पार्कों में,जिले के अमृत सरोवर, ऐतिहासिक एवं पौराणिक स्थल, सभी सरकारी एवं निजी संस्थानों में वाई ब्रेक, कार्यशाला कर और अपनी फोटोज आयुष कवच ऐप पर अपलोड करते हुए जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुरेन्द्र कुमार सिंह को सूचना देते रहें कार्यक्रम के नोडल अधिकारी क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. हरबंश कुमार तथा जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ.शैलेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में योग प्रशिक्षकों के माध्यम से योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास कराया जाएगा। साथ ही प्रचार-प्रसार हेतु होर्डिंग्स आदि की व्यवस्था की जाएगी। मुख्य आयोजन आगामी 21 जून को जिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.), राजापुर, लखीमपुर स्थित ऑडिटोरियम में वृहद स्तर पर किया जाएगा। बैठक के दौरान स्वामी विवेकानंद सभागार में उपस्थित अधिकारियों एवं संस्थागत सदस्यों को वाई-ब्रेक योग का अभ्यास भी कराया गया ग्यारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन को सफल बनाने हेतु नगर की विभिन्न सामाजिक संस्थाएं गायत्री परिवार, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी, भारत विकास परिषद, भारतीय योग संस्थान सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं योग प्रशिक्षक भी उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा, अमित कुमार, मास्टर ट्रेनर शशिकांत शामिल रहे।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**खीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना मितौली पुलिस द्वारा पीड़िता को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने से सम्बन्धित पंजीकृत मु0अ0सं0 169/25 धारा 69/351(3) बीएनएस में वांछित अभियुक्त सोनू पुत्र शिवकुमार को शिवाला तिराहा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

## 55000 रुपये की नगदी और करीब तीन लाख रुपये के जेवर चोरी

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** मैगलगंज कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर सोमवार की रात हुई लाखों की चोरी का पुलिस अभी खुलासा भी नहीं कर पाई थी कि चोरों ने मोहल्ला खकरा निवासी एक और मकान पर धावा बोल दिया। चोर 55000 रुपये की नगदी और करीब तीन लाख रुपये के जेवर चोरी कर ले गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है, लेकिन अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की है मोहल्ला खकरा नई बस्ती निवासी रफीक अहमद ने बताया कि उनके दो बेटे हैं। दोनों दिल्ली में रह कर काम करते हैं। दोनों बेटे अतीक और इलियास गुरुवार की सुबह आए थे। सभी लोग खाना खा सो गए। रात में किसी समय चोर घर के अंदर घुस आए और 55 हजार रुपये की नगदी, दोनों बहुओं के दो जोड़ी हार, दो जोड़ी झुमकी, तीन जोड़ी पायल समेत तीन लाख रुपये के जेवर चोरी कर ले गए। सुबह चार बजे जब सोकर उठे तो देखा कि कमरों के दरवाजे खुले थे। घर के अंदर रखा सामान बिखरा पड़ा हुआ था। यह देख परिवार वालों के होश उड़ गए। उन्होंनें घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौका मुआयना किया है। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। बता दें कि दो दिन पूर्व कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर स्थित पिल्लू मिश्रा के घर से चोर नगदी समेत करीब पांच लाख रुपये के जेवर चोरी कर ले गए थे। जिसका अभी तक पुलिस खुलासा नहीं कर सकी है। लगातार बढ़ती चोरियों की घटना से कस्बे वासियों मे भय का माहौल है।

## सांप ने डसा युवक को अस्पताल के बजाय झाड़ फूंक कराने के लिये गोरखपुर रवाना हुये परिवारजन

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** क्षेत्र में एक युवक को करीब 30 घंटे पहले एक जहरीले सांप ने डस लिया। परिवार के लोग उसे हायर सेंटर ले जाने की बजाय घर ले आए और पूरी रात इधर-उधर झाड़फूंक कराते रहे पुलिस का दावा है कि युवक की मौत हो चुकी है, लेकिन परिजनों को अभी उसके जिंदा होने की आस है। इस पर परिजन उसे गोरखपुर किसी तांत्रिक के पास ले गए हैं। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है बिजुआ क्षेत्र के कौआखेड़ा गांव में धर्मेंद्र कुमार (34) पुत्र राजाराम ने घर के अंदर चूहों को पकड़ने के लिए एक मूसदान लगाया था। बुधवार सुबह मूसदान में चूहा फंस गया। जिसे उठाने के लिए धर्मेंद्र घर के अंदर गया था। बताते हैं कि उसके मूसदान उठाते ही पहले से चूहे के शिकार करने के लिए बैठे जहरीले सांप ने धर्मेंद्र के हाथ में डस लिया। इससे उसके परिवार में चीख पुकार मच गई। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां से डॉक्टर ने हालत गंभीर देखते हुए उसे लखनऊ रेफर कर दिया। बताते हैं कि परिजन लखनऊ न ले जाकर उसे घर ले आए और क्षेत्र के झाड़ फूंक करने वाले सपेरों, तांत्रिकों को बुलाकर पूरी रात झाड़ फूंक कराई। युवक की सर्पदंश से मौत की सूचना पर पड़रिया तुला चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे और जब पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू की तो परिवार वालों ने जिंदा होने की संभावना जताते हुए पंचायतनामा करने से मना कर दिया और उसे झाड़फूंक कराने के लिए गोरखपुर रवाना हो गए।

## रोली देवी हत्याकांड का खुलासा करते हुए आरोपी पति को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव ककरहा निवासी रोली देवी हत्याकांड का शुक्रवार को खुलासा करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि आरोपी ने रोली देवी को जमीन में हिस्सा न देना पड़े। इसलिए उसे रास्ते से हटाने की योजना बनाई और उसकी गला दबाकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी का चालान भेजा है गांव ककरहा निवासी रोली देवी की शादी करीब दस साल पहले मोहम्मदी कोतवाली के गांव अजयपुर निवासी देवेंद्र कुमार के साथ हुई थी। पति से अनबन होने के कारण सात साल से रौली देवी अपने मायके में रह रही थी। इधर कुछ साल पहले देवेंद्र ने दूसरी शादी भी कर ली थी। देवेंद्र को इस बात का डर सता रहा था कि रोली देवी उसकी जमीन में हिस्सा ले सकती है। इसलिए उसने उसे रास्ते से हटाने के लिए हत्या की योजना बनाई और रोली देवी की निगरानी करने लगा। सोमवार की देर शाम जब वह शौच करने के लिए घर से गई तो उसे आरोपी ने दबोच लिया और गांव से करीब दो किलोमीटूर दूर ले जाकर उसकी बालों की चोटी से ही गला दबाकर हत्या कर दी थी और शव गन्ने के खेत में डालकर भाग निकला था। पुलिस ने मृतका के पिता अहिबरन की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस ने जब आरोपी के पिता रामऔतार को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने पुलिस को बताया कि रोली जमीन में हिस्सा मांग रही थी। जमीन का हिस्सा न देना पडे इस कारण मृतका रोली की पति देवेंद्र कुमार ने हत्या की गयी है।

## एडवोकेट शैलेंद्र ने मेजर दानिश को किया सम्मानित

### सम्मानित होकर करते हैं जनपद का नाम रोशन



**नजीबाबाद। (अवधनामा संवाददाता)** नजीबाबाद का नाम बुलंदियों पर ले जाने वाले मेजर दानिश फारुकी जो इंडियन आर्मी में लखनऊ में तैनात है अपनी काबिलियत के दर पर सम्मानित होते रहते हैं! वहीं नजीबाबाद के अपना दल पार्टी के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी लखनऊ पहुंचे उन्होंने मेजर दानिश की आवाज पर पहुंचकर मेजर दानिश फारूकी को शॉल उड़ाकर सम्मानित किया! इस दौरान शैलेंद्र चौधरी ने शिक्षा के ऊपर विचार विमर्श किया क्योंकि मेजर दानिश सदैव शिक्षा के लिए खास अग्रसर रहते हैं वह क्षेत्र के युवा और छात्र-छात्राओं के लिए एक प्रेरणा स्रोत हैं और भारतीय सेना में करियर बनाने के लिए छात्रों को हमेशा प्रोत्साहित करते हैं वह समय-समय पर व्यक्तिगत रूप से अपने मार्गदर्शन से क्षेत्र के युवाओं को सेना के लिए प्रेरित करते हैं इस दौरान बच्चों की शिक्षा और सरकार की जो भी योजनाएं शिक्षा से संबंधित है उस पर भी मंथन हुआ। इस मौके पर उनके साथ अमित मेडिकल स्वामी अमित कुमार वर्मा भी मौजूद रहे।

## सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की हुई मासिक बैठक

### बैठक में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष अशोक राठैड़ रहे

*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन बिजनौर के सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस में किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला सदस्यता प्रभारी रणवीर सिंह निराला ने की संचालन संगठन मंत्री रूपेंद्र सिंह ने किया! जिला सदस्यता प्रभारी रणवीर सिंह निराला ने बैठक में आए नए सदस्य को पार्टी की सदस्यता दिलाई और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर की विचारधारा को आगे बढ़ाने की बात कही! इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष पश्चिम अनिल कुमार शर्मा, जिला प्रमुख महासचिव चंद्रवीर सिंह, मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र कश्यप, कविता चौधरी, महिला जिला अध्यक्ष विनीत चौधरी, जिला प्रभारी महिला मोर्चा जिला संगठन मंत्री रूपेंद्र



सिंह, सत्यम राठौर, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा विवेक कुमार, प्रदेश सचिव अरविंद ठाकुर, नगर अध्यक्ष बिजनौर सुरेंद्र सिंह, चौधरी नेपाल, अनु मलिक, विपिन कुमार, अजय धनगर, मनीष राठौर, अरविंद सिंह, टीपू, मुजाहिद सहित अनेकों लोग उपस्थित रहे!

## डीएम ने किया अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत कार्यालय का औचक निरीक्षण

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत कार्यालय का औचक निरीक्षण किया और कर्मचारियों को ड्रेस कोड में उपस्थित होने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने आज निरीक्षण के दौरान अभिलेखों एवं सीसीटीवी कैमरा रिकॉर्डिंग को भी देखा। उन्होंने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कार्यालय में ड्रेस कोड में उपस्थित हों।

## नाले पर किया अतिक्रमण जेसीबी ने किया ध्वस्त

**सहारनपुर।** नगर निगम के अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने आज अम्बाला रोड स्थित एक होटल द्वारा नाले पर किया गया अतिक्रमण ध्वस्त कर दिया। महापौर डॉ. अजय कुमार ने कल ब्रहस्पतिवार को इस नाले का निरीक्षण किया था और नाले पर किये गए अतिक्रमण पर नाराजगी व्यक्त की थी। महापौर डॉ. अजय कुमार के निर्देशों के अनुपालन में आज निगम का अतिक्रमण हटाओ दस्ता अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा के नेतृत्व में अम्बाला रोड पर पैट्रोल पम्प के बराबर में स्थित होटल पर पहुंचा और होटल के बाहर साइड से गुजर रहे नाले पर डाले गए स्लैब व बनायी गयी दीवार जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दी। दीवार के पास रखा गया लोहे का एक बॉक्स भी वहां से हटवा दिया। निगम की कार्रवाई से आज पूरे क्षेत्र में खलबली मची रही।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर एनवायरमेंटल बॉय ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर क्षेत्र के ग्राम अलावलपुर नैनू में सोशल मीडिया पर एनवायरमेंटल बॉय के नाम से प्रसिद्ध तुषार शर्मा और अनुज शर्मा ने समाजसेवी अभिनव अग्रवाल एडवोकेट एवं ग्राम वासियों के सहित मिलकर विभिन्न प्रकार के 100 से अधिक पेड़ लगाये। एनवायरमेंटल बॉय तुषार शर्मा और अनुज शर्मा ने बताया कि वह पिछले 21 दिनों से निस्वार्थ भाव से वृक्षारोपण कर रहे हैं और उन्होंने अब तक विभिन्न प्रकार के 250 से अधिक पेड़ों का वृक्षारोपण अपने गांव में कर दिया है । उन्होंने बताया कि प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से प्रकृति और मानव जीवन खतरे में है। इसे देखते हुए हम सब पौधे लगाएं और उन्हें पेड़ बनने तक संरक्षण दें। पर्यावरण से हम जीवित हैं। अगर पर्यावरण नहीं होगा तो हम भी नहीं होंगे। एनवायरमेंटल बॉय ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहयोग करने वाले सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी अभिनव अग्रवाल एडवोकेट ने एनवायरमेंटल बॉय तुषार शर्मा और अनुज शर्मा के द्वारा किए जा रहे कार्य की सराहना की और कहा की हम सभी को मिलकर वृक्षारोपण करना चाहिए और पर्यावरण को सुरक्षित करने के लिए अपनी जिम्मेदारी को समझनी चाहिए और उन्होंने सभी से एनवायरमेंटल बॉय के द्वारा किए जा रहे वृक्षारोपण कार्य में उनका सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर डॉक्टर कलवा विश्वकर्मा, रंजन राजपूत, आकाश चौधरी, दिशांत, अनिवेश, मनी, राघव, हिमांशु, अक्षय, नरेंद्र, पतराम, आयुष, देवाशीष, दिव्यांश, राहुल, दिव्यांशु, अंकुश, कार्तिक आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## दहेज हत्या में अभियुक्त को आजीवन सश्रम करावास की सजा

**सहारनपुर।** न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एडीजे-देबबंद ने दहेज हत्या के मामले में अभियुक्त को आजीवन सश्रम कारावास व 05 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता देवी लाल शर्मा ने बताया कि 24 अप्रैल 2020 को वादी अक्षय पुत्र मांगेराम निवासी ग्राम खेड़ा थाना सरधना जनपद मेरठ की की तहरीर पर अभियुक्त संजू पुत्र राम भरोसे, सुरेन्द्र उर्फ जोनी पुत्र रामभरोसे व श्रीमती समो देवी पत्नी रामभरोसे समस्त निवासीगण ग्राम शिमलाना थाना बडगांव द्वारा वादी की बहन को दहेज ना लाने को लेकर प्रताड़ित करने व जान से मार देने की सूचना पर थाना बड़गांव पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। यह मामला न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एडीजे-देबबंद जनपद सहारनपुर में विचाराधीन रहा।

## जनपद के 26 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों में असंतुष्ट फीड बैक तथा निस्तारण के समय शिकायतकर्ता से सम्पर्क न किये जाने के संबंध में जनपद के 26 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने 03 दिवस के अंदर संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर माह जून का वेतन रोकने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अधीक्षक पीएचसी एवं सीएचसी गंगोह, अधीक्षक पीएचसी एवं सीएचसी नानौता, सचिव सहारनपुर विकास प्राधिकरण, खण्ड विकास अधिकारी गंगोह, खण्ड विकास अधिकारी सढौली कदीम, अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोनिवि, खान निरीक्षक, बंदोबस्त अधिकारी चकबन्दी, परियोजना अधिकारी डूडा, सहायक विकास अधिकारी पंचायत बलियाखेडी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत नकुड़, सहायक विकास अधिकारी पंचायत सरसावा, सहायक विकास अधिकारी पंचायत रामपुर मनिहारान, सहायक विकास अधिकारी पंचायत मुजफ्फराबाद, सहायक विकास अधिकारी पंचायत नानौता, पूर्ति निरीक्षक बेहट, जिला प्रोबेशन अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी बेहट, सहायक श्रमायुक्त, अधिशासी अभियन्ता विद्युत व नोडल आईजीआरएस, जिला समाज कल्याण अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत छुटमलपुर, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एवं तहसीलदार रामपुर मनिहारान का वेतन रोकने के निर्देश दिए गये।

## पुलिस ने दबोचा शातिर चोर, नगदी व चाकू बरामद

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** थाना सदर बाजार पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नकदी व एक अवैध चाकू बरामद किया है। जबकि आरोपी के दो अन्य साथियों को पुलिस पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया है।

थाना सदर बाजार प्रभारी रोजन्त त्यागी ने बताया कि 6 जनवरी को वादी संस्कार पुत्र योगेश कुमार निवासी प्रदीप विहार लक्ष्मी पुरम थाना सदर बाजार की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ वादी के मकान का ताला तोडकर 25 हजार रुपये नकद, एक मंगल सूत्र, सोने की अंगूठी, एक पेटी से पीतल के बर्तन आदि सामान चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना सदर बाजार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। श्री त्यागी ने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक सुरेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चोरी की घटना में लिप्त काही उर्फ बोबी पुत्र राजवीर निवासी पार्षद वाली गली, गलीरा थाना सदर बाजार को नवादा रोड से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ में आरोपी बोबी ने बताया कि उसने व अपने अन्य 02 साथियों के साथ मिलकर प्रदीप विहार कालोनी से बंद घर मे रैकी करके रात में ताला तोडकर चोरी की थी। घटना के चार पाँच दिन बाद ही उसके दोनो साथियों को पुलिस ने पकड़ लिया था और वह सहारनपुर छोड कर भाग गया था। दस बारह दिन पहले ही उसने सोने की अगूँठी व मंगलसूत्र को एक अज्ञात व्यक्ति को 15000 रूपये में बेच दिया था। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## शाकुंभरी रेंज में विभिन्न प्रजातियों के किए पौधे रोपित

### उत्साह के साथ लगाया गया एक पेड़ मां के नाम



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शाकुम्भरी बीट एवं रेंज परिसर शाकुम्भरी में वानिकी कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रजातियों के कई पौधे रोपित किए गए। शिवालिक वन प्रभाग की शाकुम्भरी रेंज के अन्तर्गत आयोजित कार्यकम में गणमान्य लोगों द्वारा पर्यावरण हितैषी गतिविधियाँ अपनाकर शाकुम्भरी वन ब्लॉक कक्ष सं.-1 क्षेत्रफल-3.5 हेक्टेयर को त्रिवेणी वन की स्थापना की गई, जिसमें मुख्यतः पीपल, बरगद, नीम, कंजू, बांस, अर्जुन आदि स्थानीय प्रजातियों का सभी गणमान्य व्यक्तियों, अध्यापक, छात्र-छात्रायें, विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने उत्साह के साथ 'एक पेड मां के नाम' रोपण किया गया तथा सुरक्षा का दायित्व लिया गया। श्रीमती राखी पुण्डीर, ब्लाक प्रमुख, मुजफ्फराबाद एवं योगेश पुण्डीर, प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख मुजफ्फराबाद, सुश्री श्वेता सैन, प्रभागीय वनाधिकारी, शिवालिक वन प्रभाग तथा आशा मॉडर्न पब्लिक स्कूल के अध्यापकों द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्यतः प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने, प्लास्टिक का प्रयोग न करने तथा 'एक पेड मां के नाम 2.0' पौधारोपण करने हेतु जनमानस को जागरूक व प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती राखी पुण्डीर, ब्लाक प्रमुख, मुजफ्फराबाद व योगेश पुण्डीर, प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख मुजफ्फराबाद, सुश्री श्वेता सैन, प्रभागीय वनाधिकारी, शिवालिक वन प्रभाग, राकेश चन्द्र यादव, एसडीओ, बिशन सिंह यादव, लव सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी तथा आशा मॉडन पब्लिक स्कूल, सहारनपुर के अध्यापक, छात्र-छात्रायें, स्थानीय ग्रामीण तथा शिवालिक वन प्रभाग के अधिकारी व कर्मचारियों सहित लगभग 100 से अधिक व्यक्ति उपस्थित रहे।

## डंपर ने बाईक सवार को मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरा गंभीर

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** रामपुर मनिहारान-बड़गांव मार्ग पर शिवदासपुर गांव के पास खनन से लदे एक डंपर ने बाईक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाईक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद डम्पर चालक वाहन को लेकर फरार हो गया। घटना से गुस्साएं ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार बड़गांव थाना क्षेत्र के गांव मियानंगी गांव जॉनी पुत्र अमर सिंह अपने पड़ोसी विक्की के साथ मोटर साइकिल पर सवार होकर अपनी बहन से मिलने हंगावली जा रहा था। बताया जाता है कि शिवदासपुर गांव के पास पुलिया पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाईक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर में जॉनी की मौके पर ही मौत हो गई। विक्की को गंभीर चोटें आई और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद चालक डंपर समेत फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। उन्होंने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। चार घंटे से रामपुर-बड़गांव मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही। परिजन और ग्रामीण आरोपी चालक की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। ग्रामीणों का आरोप था कि पुलिस प्रशासन अवैध खनन पर नियंत्रण करने में विफल रहा है। डंपर चालक लापरवाही से वाहन चला रहे हैं। पुलिस प्रशासन परिजनों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाने का प्रयास कर रहा था कि इस बीच बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह कार्यकर्ताओ के साथ पहुंचे। उन्होंने मौके पर मौजूद आला अधिकारियो से मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता के लिए वार्ता की जिसपर मौजूद अधिकारियों ने हर सम्भव मद्द करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीणों ने जाम को खोल दिया।

## पशु पैंठ में नही हो सकी प्रतिबन्धित पशुओं की खरीद फरोख्त

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** थाना गंगोह क्षेत्रान्तर्गत ईदुल अजहा के त्यौहार को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहा। इस दौरान पशु पैंठ पर गौवंश व ऊंट की बिक्री पर पूर्णतया प्रतिबंध रहा। ईदुल अजहा के त्यौहार को लेकर पशु पैठ में जमकर कुर्बानी के लिए बकरों, बकरी व भैंसों की खरीद फरोख्त हुई, जबकि प्रतिबन्धित पशुओं गोवंश व ऊंट की बिक्री पूरी तरह प्रतिबन्धित रही। कोतवाली प्रभारी पीयूष दीक्षित ने बड़े सवेरे से ही मंडी स्थल की नाकेबंदी करते हुए पुलिस की तैनाती कर दी थी। इसके अलावा पैंठ संचालकों को भी प्रतिबन्धित गौवंश व ऊंट आदि की बिक्री व खरीद न होने की चेतावनी दे दी गई थी। शांति समिति की बैठक में भी मदरसा संचालकों, मुतवल्ली व मौलानाओं और जनप्रतिनिधियों द्वारा भी प्रतिबन्धित पशुओं गाय, बैल व ऊंट की कुर्बानी पर रोक लगाई गई थी।

# 22 जून की महापंचायत में लिया जाएगा बड़े आंदोलन का निर्णय, प्रांतव्यापी प्रदर्शन जारी

**अभियंताओं के उत्पीड़न के विरोध में वाराणसी में सोमवार को प्रबन्ध निदेशक के कार्यालय पर होगा विरोध प्रदर्शन**

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति गोरखपुर ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में विगत 06 माह से चल रहे संघर्ष में किसानों और आम उपभोक्ताओं को साथ जोड़कर आंदोलन चलाने का निर्णय लिया है। संघर्ष समिति ने आगामी 22 जून को लखनऊ में किसानों, आम उपभोक्ताओं और बिजली कर्मियों की संयुक्त महापंचायत बुलाई है जिसमें निजीकरण रद्द कराने हेतु आंदोलन की साझा रणनीति का ऐलान किया जाएगा। इस महा पंचायत का मुख्य उद्देश्य यह है कि निजीकरण से प्रभावित होने वाले सभी संवर्ग एक साथ मिलकर आंदोलन करें।

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों इं. पुष्पेन्द्र सिंह, इं. जीवेश नन्दन , इं. जितेन्द्र कुमार गुप्त, इं. राघवेंद्र साहू, सर्वश्री प्रभुनाथ प्रसाद, संगमलाल मौर्य, इस्माइल खान, संदीप श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, जगन्नाथ यादव, राकेश चौरसिया, राजकुमार सागर, विजय बहादुर सिंह, करुणेश त्रिपाठी, ओम गुप्ता, एवं सत्यव्रत पांडे, आदि तथा जे ई संगठन के पदाधिकारियों इं. शिवम चौधरी, इं. अमित यादव, इं. विजय सिंह, इं. श्याम सिंह, इं. एन के सिंह , इं. राघवेन्द्र द्विवेदी, इं. भारतेन्दु चौबे, इं. प्रमोद यादव एवं इं. रणंजय पटेल ने बताया कि 22 जून को लखनऊ में होने वाली महापंचायत को बिजली के निजीकरण से प्रभावित होने वाले सबसे प्रमुख स्टेकहोल्डर्स किसानों, आम गरीब एवं मध्यमवर्गीय घरेलू उपभोक्ताओं और बिजली कर्मियों के संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी सम्बोधित करेंगे। इस महापंचायत में निजीकरण हेतु पावर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा दिए जा रहे झूठे आंकड़ों का पर्दाफाश करते हुए एक श्वेत पत्र जारी किया जाएगा। निजीकरण के बाद उड़ीसा,चंडीगढ़, दिल्ली, ग्रेटर नोएडा, आगरा में उपभोक्ताओं को होने वाली कठिनाइयों और बिजली कर्मियों की दुर्दशा से माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को और प्रदेश सरकार को अवगत कराने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया जाएगा। 22 जून की महापंचायत में यह भी निर्णय लिया जाएगा कि ऐसी महापंचायत तत्काल वाराणसी, आगरा, मेरठ और प्रदेश में अन्य प्रमुख स्थानों पर की जाएगी। संघर्ष समिति ने बताया कि महापंचायत के लिए किसानों और उपभोक्ताओं के सभी प्रमुख संगठनों से बातचीत हो चुकी है। बिजली कर्मचारियों के सभी प्रमुख संगठनों से बातचीत हो गई है। महापंचायत में निजीकरण के विरोध में संयुक्त रूप से आंदोलन चलाने की रणनीति का खुलासा किया जाएगा। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक द्वारा उत्पीड़न की दृष्टि से 06 अभियंताओं के किए गए स्थानांतरण के विरोध में वाराणसी की संघर्ष समिति ने पूर्वांचल के प्रबंध निदेशक को 72 घंटे की नोटिस दी है और निर्णय लिया है कि यदि 72 घंटे में उत्पीड़न की दृष्टि से किए गए स्थानांतरण आदेश निरस्त नहीं किए जाते तो सोमवार को पूर्वांचल के प्रबंध निदेशक के कार्यालय पर विशाल विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

## एक दर्जन अपराधियों पर पुलिस ने किया गैंगस्टर की कार्यवाही

**गोरखपुर ।** सहजनवा पुलिस ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर लोगों को रजिस्ट्री का झांसा देने, पीली धातु के नकली सिक्का देकर 12 लाख रुपए हड़पने के एक दर्जन अभियुक्त के खिलाफ गैंगस्टर की कारवाई की है।

एक दर्जन अपराधियों पर गैंगस्टर के 8 कारवाई किया है। जिसमें गैंग लीडर अमरजीत पुत्र मनराज चौहान निवासी रावतपुर थाना बांसगांव,सुदामा यादव पुत्र स्व मनराज यादव गोपालपुर थाना बांसगांव ,अनंत राय पुत्र सभाजीत निवासी लोनवा,अभिषेक यादव पुत्र इंद्रेश यादव निवासी गाडर थाना गीडा,अजय मौर्य पुत्र श्री निवास मौर्य पीडिया थाना बांसगांव,शिव प्रताप पुत्र बृजभार निवासी चारपान थाना बेलीपार,नागेन्द्र कुमार पुत्र नारंतक निवासी भेउसा थाना हरपुर बुदहट,शैलेंद्र कुमार पुत्र मुन्नार निवासी कस्तदेउर थाना सिकरीगंज,आकाश यादव पुत्र राजाराम यादव, निवासी कटवर थाना बांसगांव, राजेश यादव पुत्र लालचंद यादव निवासी कुरौली थाना उरूआ, वीरेंद्र पुत्र राम नावल निवासी थाना गीडा,राणा प्रताप पांडे पुत्र उमाशंकर पांडेय निवासी निमिया थाना बांसगांव के खिलाफ गैंगस्टर की कारवाई किया है।

# पुलिस एवं प्रशासन द्वारा ईद-उल-अजहा के दृष्टिगत ईदगाह पर संभ्रांत व्यक्तियों के साथ की गई गोष्ठी

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अलीगढ़ संजीव सुमन के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर मृगांक शेखर पाठक व एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट द्वारा ईद उल अजहा त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए तथा जनपद की कानून व्यवस्था को प्रभावी एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु ईदगाह शाहजमाल में शहर क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों, मौलवियों एवं धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गई जिसमें सभी को शांतिपूर्ण एवं सद्भावना पूर्ण तरीके से भाईचारे के साथ त्योहार को मनाने की अपील करते हुए उपस्थित सभी से वार्तालाप कर सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया। बकरीद पर प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी न देने तथा सार्वजनिक स्थल पर कुर्बानी न देने के संबंध में अपील की गई। मीटिंग के दौरान स0पु0अ0 मयंक पाठक, सिटी मजिस्ट्रेट रामशंकर, नगर निगम अधिकारी राजेश यादव व अन्य फोर्स मौजूद रहा।



## मिशन शक्ति अभियान-5 के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया जागरूक

**अलीगढ़।** जनपद में गठित मिशन शक्ति टीमों के द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं के सुरक्षार्थ चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान-5 के अंतर्गत समस्त थाना क्षेत्रों में कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी के माध्यम से महिला सम्मान, सुरक्षा व जागरूकता हेतु अभियान चलाया जा रहा है। मिशन शक्ति फेज-05 के विशेष अभियान (शक्ति दीदी) के तहत थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों, समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा *गाँवों/कस्बों/मोहल्लों में जन चौपाल लगाकर तथा सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों* पर बालिकाओं/ महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक करते हुए शक्ति दीदी के रुप में महिलाओं/बालिकाओं से जुड़ कर उन्हे सक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है । शक्ति दीदी अभियान के तहत महिलाओं/ बालिकाओं को शासन/यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा सेवाएं जैसे *वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, साइबर सम्बन्धी एवं सीयूजी नम्बरों* के बारे में जानकारी दे जागरुक किया जा रहा है।

# योगी के जन्मदिन पर गौशाला में हवन तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न

**गौ सेवा आयोग अध्यक्ष ने किया प्राकृतिक खेती वृक्षारोपण का आव्हान**

**उरई (जालौन)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के जन्मदिवस के अवसर पर आलमपुर कालपी गौशाला में हवन , गौ पूजन तथा बृक्षारोपण का कार्यक्रम धूमधाम पूर्वक सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने गौसेवा, प्राकृतिक खेती तथा वृक्षारोपण करने का आव्हान किया।

नगर पालिका परिषद कालपी के द्वारा संचालित गौशाला के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में गौसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने अपने सम्बोधन में कहा कि दिनों-दिन जनसंख्या बढ़ रही है। तमाम प्रकार की बीमारियां उत्पन्न हो रही है। निरोगी तथा स्वस्थ रहने के लिये उन्होंने गौ आधारित कृषि के महत्व को रेखांकित किया। तथा गौ सेवा और प्राकृतिक खेती के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किये जा रहे प्रयासों को आमजन के साथ साझा किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन ने कहा कि वृक्षारोपण, हरियाली तथा प्राकृतिक खेती के प्रति बढ़ावा दिया जा रहा है। तथा गांवो को विकसित करने की योजना चल रही है।

उन्होंने खेती तथा गांव के विकास पर जोर दिया। इसके पहले कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक छोटे सिंह चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव, भाजपा नगर अध्यक्ष भाजपा सुबोध द्विवेदी , हर्षित खन्ना , अश्वनी तिवारी, अरविंद राठौर, राजयोगिनी रजनी पाल आदि ने गौशाला परिसर में वृक्षारोपण किया तथा हवन में आहुतियां दी। संचालन सभासद प्रतिनिधि धर्मेंद्र पाल द्वारा किया गया।

## डीएम की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न हुई

एम ए इदरीसी संवाददाता

**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग के मासिक कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में ऑपरेशन कायाकल्प के कार्यो में देरी होने पर नाराजगी जताई व लापरवाही बरतने पर खंड शिक्षा अधिकारी शमसाबाद, कायमगंज को प्रतिकूल प्रवष्टि देने के निर्देश दिये व खंड शिक्षा अधिकारी राजेपुर के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही के लिये शासन को लिखने के लिये निर्देशित किया। बीएसए द्वारा अवगत कराया गया कि स्कूल चलो अभियान में 2025-26 में अभी तक 11937 नामांकन हो गये है, 89 फैमली आईडी बननी शेष है पीएम सूर्यघर योजना में विभाग को मिले 200 के लक्ष्य के सापेक्ष केवल 63 कनेक्शन हुये है।

# अनाधिकृत संचालित बस सहित 8 ई-रिक्शा किए गए सीज

अता उल्लाह खान संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा एआरएम रोडवेज राजेश कुमार के साथ संयुक्त चेकिंग करते हुए जयपुर से आने वाली एक बस को चेक किया गया तो उसमें 64 सवारियां यात्रा कर रही थी जबकि बस की क्षमता 30 सवारी की थी , बस पर उत्तर प्रदेश राज्य का ?16000 टैक्स भी बकाया था तथा उसका परमिट समाप्त हो गया था । इन अनियमितताओं के पाए जाने पर बस को रोडवेज बस अड्डा में सीज कर दिया गया तथा उस पर ? 31 हजार का जुर्माना लगाया गया।

एआरटीओ द्वारा 8 ई-रिक्शाओं को बिना वैध प्रपत्र तथा पंजीकरण वाहन चलाने के अभियोग में पकड़कर सीज कर दिया गया तथा इन पर भी 55000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त 15 दो पहिया वाहनों के चालान बिना हेलमेट लगाए वाहन संचालन के उपयोग में किए गए हैं । यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

# अनुरागिनी संस्था ने ग्राम पियांनिरंजनपुर में किया पौधारोपण, ईको प्रॉमिस अभियान का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।**अनुरागिनी संस्था द्वारा जनपद जालौन के डकोर विकास खंड के ग्राम पियांनिरंजनपुर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों, ग्रामीणों, महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल पौधारोपण करना था, बल्कि लोगों में पर्यावरण और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना भी था।

इस मौके पर अनुरागिनी संस्था द्वारा शुरू किए गए 'ईको प्रॉमिस अभियान' का भी शुभारंभ किया गया। इस अभियान की शुरुआत संस्था के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिंह जादौन के मार्गदर्शन में की गई। %ईको प्रॉमिस अभियान% एक डिजिटल अभियान है, जो 5 जुलाई तक चलेगा। इसके माध्यम से विशेष रूप से युवाओं को पर्यावरण संरक्षण, जल बचाने, हरियाली बढ़ाने, प्लास्टिक के उपयोग में कमी लाने और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया जाएगा।




डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ÷आज जब पर्यावरण संकट गहराता जा रहा है, तो हमें सिर्फ बातें करने के बजाय ठोस कदम उठाने होंगे। वृक्षारोपण और जल संरक्षण की दिशा में हर व्यक्ति की जिम्मेदारी बनती है। 'ईको प्रॉमिस अभियान' इसी सोच को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है।

इस अभियान में भाग लेने के लिए किसी भी व्यक्ति को एक डिजिटल फॉर्म भरकर शपथ लेनी होती है। शपथ लेने के बाद व्यक्ति अपने संकल्प को सोशल मीडिया पर साझा कर अन्य लोगों को भी जागरूक कर सकता है। यह अभियान एक जन आंदोलन के रूप में तैयार किया गया है, जो पर्यावरण के प्रति व्यक्तिगत जिम्मेदारी को बढ़ावा देता है।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने भी अपने अनुभव साझा किए और पर्यावरण बचाने हेतु छोटे-छोटे कदम जैसे वर्षा जल संचयन, पुनः उपयोग और सिंगल यूज़ प्लास्टिक से बचने की दिशा में कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। अनुरागिनी संस्था पिछले 28 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण, जल जागरूकता, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, स्वच्छता और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में कार्य कर रही है।



## डीएम एवं एसपी ने भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया

**फर्रूखाबाद समीउल्लाह खान।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा जुमे की नमाज व बकरीद के मद्देनजर शहर में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण लिया, भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा वीवीगंज ईदगाह व पुरानी ईदगाह पहुँचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और अधीनस्थों को जरूरी निर्देश दिए।

# सीपी इंटरनेशनल स्कूल में खेल शिविर का समापन

समीउल्लाह खान ब्यूरो चीफ

**फर्रुखाबाद।** सीपी इंटरनेशनल स्कूल, फर्रुखाबाद में दिनांक 24 मई से आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल शिविर का आज भव्य समापन समारोह गरिमापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सत्य प्रकाश अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समापन कार्यक्रम में प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।



अपने प्रेरणादायक संबोधन में श्री अग्रवाल ने कहा, ÷खेल विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। यह अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को विकसित करते हैं। विद्यालय को खेल से जुड़ी जो भी आवश्यकताएं होंगी, उन्हें पूरा करने के लिए मैं सदैव प्रतिबद्ध हूं। इसके साथ ही श्री अग्रवाल ने यह भी उल्लेख किया कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस था, और इस अवसर की महत्ता को ध्यान में रखते हुए उन्होंने सभी विद्यार्थियों को कम से कम एक पेड़ लगाने तथा वृक्षों की सुरक्षा करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा, ÷पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी ज़रूरत है। यदि हम आज कम से कम एक पौधा लगाएँगे, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली और जीवन सुनिश्चित कर पाएंगे।

विद्यालय के निदेशक डॉ. मिथिलेश अग्रवाल ने अपने संदेश में कहा, ÷खेल शिक्षा का अभिन्न हिस्सा हैं। इससे न केवल विद्यार्थियों का शारीरिक विकास होता है, बल्कि उनमें समर्पण, अनुशासन और सामूहिकता की भावना भी उत्पन्न होती है। विद्यालय का उद्देश्य छात्रों को हर क्षेत्र में उत्कृष्टता के अवसर प्रदान करना है।

उपनिदेशक श्रीमती अंजू राजे ने कहा, यह शिविर विद्यार्थियों के समग्र विकास की दिशा में एक सराहनीय पहल है। ऐसे आयोजनों से छात्रों में नेतृत्व क्षमता, आत्मबल और सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूकता बढ़ती है। प्रधानाचार्य संजय बिष्ट ने समापन समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों, अभिभावकों, प्रशिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, ÷यह खेल शिविर विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक और अनुभवपरक अवसर रहा, जिसने उन्हें न केवल खेलों में निपुण बनाया, बल्कि जीवन मूल्यों को भी सिखाया।

खेल प्रशिक्षक श्री संजीव कुमार द्विवेदी, श्री धर्मेश दीक्षित, श्री अंजनी कुमार एवं श्री के.के. बाजपेई ने पूर्ण समर्पण के साथ विद्यार्थियों को विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण प्रदान किया और उनके अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने में अहम भूमिका निभाई।

यह बारह दिवसीय शिविर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सशक्त प्रयास सिद्ध हुआ, जो न केवल उनके खेल कौशल को बढ़ावा देगा, बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनने की ओर भी प्रेरित करेगा

# सैन्य कल्याण कोष में पेंशनर्स संघ ने डीएम को सौंपा 51 हजार का चेक



अवधनामा संवाददाता

**उरई ( जालौन)।** गवर्नमेंट पेंशनर फैलियर ऑर्गेनाइजेशन, शाखा उरई द्वारा देश की सेवा में समर्पित जांबाज सैनिकों के कल्याण हेतु भारतीय सैन्य कल्याण कोष में 51, हजार का चेक समर्पित किया गया। यह चेक संघ के अध्यक्ष पुष्पेंद्र त्रिपाठी एवं उनके पदाधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय को सौंपा गया। कार्यक्रम का आयोजन पेंशनर एसोसिएशन कार्यालय में किया गया। संघ द्वारा इस अवसर पर देश व प्रदेशवासियों से अपील की गई कि वे अपने निजी खर्चों में कटौती कर इस पुनीत कार्य में अधिक से अधिक योगदान करें, ताकि देश की रक्षा में लगे सैनिकों के लिए सहयोग सुनिश्चित किया जा सके।

इस मौके पर वरिष्ठ कोषाधिकारी आनंद सिंह सहित संघ के कई सदस्य प्रयाग नारायण तिवारी, राजाराम व्यास, एम.एल. वर्मा, विनोद कुमार खरे, सत्यनारायण अग्निहोत्री, राजेंद्र त्रिपाठी, राजेंद्र श्रीवास्तव, राजपाल, सूरज सिंह, एस.के. पाण्डेय, एस.के. त्रिपाठी, देवेंद्र कुमार गुप्ता, राजेंद्र सिंह निरंजन, दिगंबर नारायण तिवारी, एम.एस. तोमर आदि उपस्थित रहे।

## आबकारी विभाग ने दबिश देकर 18 लीटर कच्ची शराब बरामद की

आजम खान संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** आबकारी आयुक्त, उ0प्र के आदेश एवं जिलाधिकारी, फर्रूखाबाद के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी फर्रुखाबाद जी पी गुप्ता के पर्यवेक्षण में विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 06/06/2025 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 मय स्टाफ द्वारा संदिग्ध ग्राम लकूला में दबिश दी गई। मौके पर लगभग 50 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया।

18 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 01 अभियोग पंजीकृत किया गया।तत्पश्चात आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। स्टाक रजिस्टर से बिक्री का परीक्षण किया गया। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/ परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

# भीषण गर्मी में प्यासों के लिए राहत बना शरबत सेवा अभियान



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** भीषण गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से अधिवक्ताओं द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर, उरई में आमजन को शरबत वितरण किया गया। यह पहल न केवल सामाजिक सरोकार का उदाहरण बनी, बल्कि मानवता के प्रति उत्तरदायित्व का भी प्रतीक रही।

गर्मी से जूझ रहे आम नागरिकों के लिए यह कार्य राहत और सहयोग की भावना से प्रेरित रहा। शरबत सेवा अभियान में जिलाधिकारी द्वारा भी प्रतिभाग कर आयोजकों का मनोबल बढ़ाया गया। मौके पर उपस्थित विविध सामाजिक संगठनों ने कार्यक्रम में भाग लेकर अधिवक्ताओं के समाज में सकारात्मक योगदान का संदेश दिया। इससे पूर्व भी जनपद में विभिन्न व्यापारिक संगठनों द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है ।

जिलाधिकारी ने कहा कि ÷गर्मी के इस दौर में आम जन के स्वास्थ्य के दृष्टिगत कचहरी आने वाले फ़रियादियों की सुख सुविधा का ध्यान रखना चाहिए ।थोड़ी-सी भी सेवा किसी के लिए बहुत बड़ी राहत बन सकती है। सभी को ऐसे कार्यों में आगे आना चाहिए।

# जिला मुख्यालय पर मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यशाला का आयोजन किया गया

अल्ताफ उल्लाह खान संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** शुक्रवार को आवास विकास स्थित भाजपा जिला मुख्यालय पर मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों,प्रकोष्ठों के संयोजको शक्ति केंद्र संयोजकों की जिला कार्यशाला आयोजित हुई जिसमें संगठन के जनपद प्रभारी शिव महेश दुबे ने आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दें। पार्टी मुख्यालय पर प्रोजेक्टर लगाकर सरकार की उपलब्धियां की जानकारी दी गई।

भाजपा जिला संगठन प्रभारी व कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिव महेश दुबे ने बताया केंद्र की मोदी सरकार के कार्यकाल के 11 वर्ष पूर्ण हुए हैं इन 11 वर्षो में सरकार द्वारा किए गए कार्यों की उपलब्धियां की जानकारी को आम जनमानस तक पहुंचाने के लिए कार्यशाला आयोजित हुई है। यह




कार्यक्रम एक अभियान के रूप में चलेगा जिसको विकसित भारत का अमृत कल एवं सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्षो पर केंद्रित होगा। इस अभियान के तहत 12 जून को पार्टी मुख्यालय पर प्रदर्शनी का आयोजन एवं पत्रकार वार्ता की जाएगी। जिसमें प्रदेश द्वारा कार्यक्रम के मुख्य वक्ता को भेजा जाएगा। 12 जून को ही जनपद में जिला स्तर पर प्रबुद्ध समागम कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें सरकार की उपलब्धियां की जानकारी पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। 9 जून से 9 जुलाई के मध्य डिजिटल प्रतियोगिता बदलते भारत मेरा अनुभव कार्यक्रम किए जाएंगे इस कार्यक्रम में सोशल मीडिया से जुड़े हुए लोग प्रतिभागी करेंगे। मंडल स्तर पर भी यह अभियान चलाया जाएगा जिसमें संगोष्ठियों का आयोजन होगा 23 जून को पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस कार्यक्रम को जिला स्तर पर मनाया जाएगा 25 जून को आपातकाल दिवस कार्यक्रम जिला स्तर पर मनाया जाएगा। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में कार्यकर्ता घर-घर जाकर सरकार की उपलब्धियां वाले पत्रक बाटेंगे। 21 जून को पूरे जनपद में विश्व योग दिवस का आयोजन होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल लगाकर पंचायतो में 11 वर्ष की उपलब्धियां का साहित्य वितरित किया जाएगा इसमें जनप्रतिनिधि शामिल होंगे और कार्यक्रम में सरकार के सहयोग से आयुष्मान पंजीकरण एवं वितरण कैंप लगाकर लोगों की मदद की जाएगी। आज का भारत सशक्त और समृद्ध भारत है पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार ने भारत में शिक्षा सुरक्षा बिजली पानी स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं पर ऐतिहासिक कार्य किए हैं आज भारत की माता बहनों की सिंदूर की ताकत को पूरी दुनिया देख रही है ऑपरेशन सिंदूर चला कर भारत ने अपनी सैन्य क्षमता का प्रदर्शन पूरी दुनिया को दिखाया।

## शौच के लिए निकली किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास

**गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी वृहस्पतिवार को भोर में 4 बजे के करीब बाहर शौच के लिए निकली थी। उसी दौरान एक विशेष समुदाय का युवक उसे पकड़ कर जबरजस्ती दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगा। पीड़िता द्वारा शोर मचाने पर ग्रामीणों ने आरोपी को दौड़ाकर पकड़ लिया और खूब धुनाई करने के बाद उसे पुलिस को सौंप दिया। पीड़िता की मां ने आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है। पुलिस जांच कर मुकदमा दर्ज करने की तैयारी कर रही है। इस संदर्भ में थानेदार महेश कुमार चौबे ने कहा कि तहरीर मिली है। जांच कराकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया जायेगा।

## भूमि बैनामा कराने के नाम पर 10.20 लाख रुपया हड़पा, जान से मारने की धमकी दी

**गोरखपुर ।** सहजनवा तहसील क्षेत्र के अनंतपुर निवासी आर्यन गुप्ता ने आईजीआरएस पर शिकायत कर आरोप लगाया कि अनंतपुर सीवान में गाटा 418 में पिता राजेश कुमार ने ढाई डिसमिल भूमि बैनामा कराया था। जिसमें मकान और दुकान बना हुआ है। पिता ने अपनी सारे हिस्से की भूमि पीड़ित के पक्ष में दानपात्र लिख दिया है। इसी गाटा संख्या में नानी गेना देवी ने भी ढाई डिसमिल भूमि का बैनामा कराया। जिसमें नींव और पेड़ लगे हुए। नानी और मामा ने 2009 में पिता से भूमि बेचने की इच्छा जाहिर किया था। जिसके एवज में पिता ने नानी और मामा को विभिन्न तिथियों में 10.20 लाख रुपया दिया। और भूमि बैनामा कराने का दबाव बनाता रहा लेकिन मां,बेटे मिलकर टाल मटोल करते रहे। और रुपया हड़प गए है। वर्तमान समय में नानी और मामा,तथा इनके साथ तीन चार की संख्या में मनबढ़ पीड़ित के मकान और दुकान पर पहुंच कर दिवाल गिरा दिए। विरोध करने पर मारपीट और जान से मारने की धमकी दे रहे है। पीड़ित ने सीएम पोर्टल पर शिकायत कर कारवाई कराने की मांग किया है। इस संदर्भ में थानेदार मदन मोहन मिश्र ने कहा कि प्रकरण की जानकारी है। शिकायत आने पर जांच कराई जायेगी।

# घुटनों के मरीजों के लिए लिफ्ट निर्माण की तैयारी में ट्रस्ट




अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण कार्य तेजी से पूर्णता की ओर अग्रसर है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कारसेवकपुरम स्थित भारत कल्याण प्रतिष्ठान में पत्रकारों को बताया कि मंदिर निर्माण अपने अंतिम चरण में है और मौसम अनुकूल रहा तो शेष कार्य जल्द पूरे हो जाएंगे। मंदिर के प्रथम तल पर भगवान राजाराम का राम दरबार 20 फीट की ऊंचाई पर विराजमान है, जहां 40 सीढ़ियां चढ़कर दर्शन किए जा सकते हैं। घुटने के रोगियों की सुविधा के लिए ट्रस्ट ने लिफ्ट निर्माण की योजना बनाई है, जिसे एलएंडटी कंपनी कार्यान्वित कर रही है। बेंगलुरु की एक घटना से सबक लेते हुए ट्रस्ट धैर्यपूर्वक और सुरक्षित निर्माण पर जोर दे रहा है। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंगा दशहरा के अवसर पर मंदिर के प्रथम तल पर राजा राम को विराजमान कराया था। चंपत राय ने बताया कि मंदिर परिसर में चार दिशाओं में प्रवेश द्वार बनाए जा रहे हैं। उत्तर दिशा में जैन मंदिर के पास और युसुफ आरा मशीन के पास क्रासिंग 11 पर द्वार निर्माण प्रगति पर है। प्रथम प्रवेश द्वार 11 से होगा, जबकि क्षीरेश्वर नाथ मंदिर के पास क्रासिंग 3 पर एक और द्वार बनेगा। दक्षिण दिशा में ट्रस्ट कार्यालय, सभागार और विश्रामगृह का निर्माण राजकीय निर्माण निगम द्वारा किया जा रहा है, जो 2026 तक पूरा होगा। 70 एकड़ के परिसर को घेरने वाली चार किलोमीटर लंबी बाउंड्री वाल का डिजाइन इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड तैयार करेगा, जिसकी सुरक्षा जांच के बाद निर्माण शुरू होगा। सरयू तट पर रामकथा संग्रहालय के जीर्णोद्धार का कार्य भी तेजी से चल रहा है। परकोटे के मन्दिरों में दर्शन की अनुमति अभी निर्माण कार्यों के कारण नहीं दी गई है। मंदिर निर्माण में योगदान देने वालों को द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह में यजमान के रूप में आमंत्रित किया गया। इनमें मूर्तिकार सत्य नारायण पांडेय, शेषावतार की प्रतिमा बनाने वाले केशव, गोविंद शर्मा, आशीष सोमपुरा, नरेश मालवीय, परेश सिम्प्यूट, विनोद मेहता और विनोद शुक्ल जैसे कारीगर शामिल थे। समारोह में मध्य प्रदेश के साधु नर्मदानंद जी महाराज सहित विभिन्न समाजों का प्रतिनिधित्व रहा। ट्रस्ट महासचिव चंपत राय ने बताया कि 5 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन पर समाज के लोगों ने उन्हें तमिलनाडु से लाई गई विशेष माला, छोटे फूलों और इलायची दानों का मुकुट, 24 कैरेट सोने से बना राम जन्मभूमि मंदिर का मॉडल और 53 किलो का लड्डू भेंट किया। यह आयोजन अयोध्या में मुख्यमंत्री की धार्मिक और सांस्कृतिक योगदान के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक बना।

## राम दरबार के दर्शन में जारी होगा पास, मिलेगा निशुल्क

राम मंदिर में राजा राम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि राम मंदिर में कुल 45 किलो सोने का इस्तेमाल हुआ है।टैक्स को छोड़कर इसका मूल्य लगभग 50 करोड रुपए है। सोने का कार्य अभी शेषावतार मंदिर में चल रहा है। भूतल के सभी दरवाजों में स्वर्ण का कार्य किया गया है। सिंहासन में भी स्वर्ण का कार्य हुआ है। राम मंदिर का निर्माण पूरा हो चुका है। राम मंदिर परिसर में कुछ ऐसे कार्य हैं जो दिसंबर 2025 तक पूरे हो जाएंगे। संग्रहालय सभागार और गेस्ट हाउस का निर्माण कार्य जारी है।

## बकरीद पर कुर्बानी स्थल को लेकर ग्रामीणो मे उबाल

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** मिल्कीपुर तहसील के इनायत नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सेवरा-भिटारा संपर्क मार्ग के किनारे सार्वजनिक स्थल पर कुर्बानी देने का मामला प्रकाश में आया है। सार्वजनिक स्थल पर कुर्बानी को बंद करने की मांग करते हुए सैकड़ों ग्रामीणों ने शनिवार को तहसील परिसर में धरने पर बैठ गए। सैकड़ों ग्रामीणों को तहसील परिसर में धरने पर बैठा देखकर तहसील प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए और एसडीएम मिल्कीपुर सुधीर कुमार इनायत नगर थाने के उप निरीक्षक अमर बहादुर सिंह सहित पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर जांच पड़ताल किया। हालांकि ग्रामीणों को एसडीएम द्वारा नियमानुसार कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इनायत नगर थाना क्षेत्र के सेवरा-भिटारा संपर्क मार्ग पर स्थित तरौली पेट्रोल पंप के सामने सड़क के किनारे सार्वजनिक स्थल पर बकरीद के दिन मुस्लिम समुदाय द्वारा जानवरों की खुलेआम कुर्बानी दी जाती है।

# भारत आज आत्मनिर्भर व वैश्विक नेतृत्वकर्ता की भूमिका में है : विजय प्रताप सिंह




अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा विकसित भारत का अमृतकाल एवं सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण विषयक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसी कड़ी में पार्टी पदाधिकारियों की महानगर व जिला कार्यशालाएं भाजपा कार्यालय सहादतगंज में आयोजित की गईं। महानगर कार्यशाला में क्षेत्रीय महामंत्री एवं महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहा, मोदी सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों को घर-घर पहुंचाना हर कार्यकर्ता का दायित्व है। भारत आज आत्मनिर्भर और वैश्विक नेतृत्वकर्ता की भूमिका में है। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश नित विकास की नई उचाईयों को छू रहा है। यह प्रधानमंत्री को दूरदर्शिता का परिणाम है। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा, जन-जन तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचा है, और इस अभियान के तहत इसे जन-जन तक पहुंचाना है। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा के मोदी सरकार युवाओं को नए अवसर मिलें हैं, किसान समृद्ध हुए हैं, गरीबों के जीवन में सुधार हुआ है, महिलाओं का उत्थान हुआ है, श्रमिकों सम्मान मिला है। सरकार के मूल में लोक कल्याण की भावना निहित है। जिला कार्यशाला में जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा कि मोदी सरकार में हुए बदलाव को प्रत्येक भारतीय ने किसी न किसी रूप में महसूस किया है। पीएम मोदी ने विकासवाद को राजनीति के केन्द्र में ला दिया है। अब राजनीति सेवा और समग्र विकास की होनी चाहिए। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी अलग पहचान बनाई है, यह अमृतकाल संकल्प से सिद्धि की दिशा में कदम है। विधायक चंद्रभान पासवान ने कहा, गरीबों के कल्याण के लिए जितना काम मोदी सरकार ने किया है, उतना आज तक किसी ने नहीं किया। अभियान के माध्यम से हम इसकी व्यापक जानकारी जनमानस तक पहुंचाएंगे। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह और महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओं को अभियान की कार्ययोजना से अवगत कराते हुए सक्रिय सहभागिता का निर्देश दिया।

# 135 ग्रामों में गूंज रहा विकसित कृषि संकल्प अभियान का स्वर



अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** अभियान के नवें दिन जिले के 09 ग्रामों में जागरूकता गोष्ठियों का आयोजन किया गया। इन गोष्ठियों में कृषि वैज्ञानिकों और विभागीय अधिकारियों की विशेष टीमों ने किसानों को आधुनिक, परंपरागत व प्राकृतिक खेती की तकनीकों के साथ विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी दी। आज आयोजित गोष्ठियां विकास खंड हरख के ग्राम बरायन, देवा के इस्माइलपुर और मलूकपुर, बंकी के फतेहसराय, मोहिउद्दीनपुर और दरहरा, पूरेडलई के करौनी और डालमऊ तथा सिरौलीगौसपुर के बीरापुर में संपन्न हुईं।जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित 03 टीमों ने किसानों को खरीफ अभियान, मृदा परीक्षण आधारित उर्वरक प्रबंधन, बीज एवं भूमि शोधन, कीटनाशक के संतुलित प्रयोग, आई.पी.एम. विधि, मिलेट्स फसल उत्पादन एवं विपणन की आधुनिक विधियों पर प्रशिक्षण दिया। प्रत्येक कार्यक्रम स्थल पर 300 से 400 किसान उपस्थित रहे। किसानों ने वैज्ञानिकों से सीधा संवाद कर अपनी शंकाओं का समाधान पाया। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि 7 जून को विकास खंड निंदूरा, फतेहपुर, सिरौलीगौसपुर और बनीकोडर के 09 ग्रामों में गोष्ठियों का आयोजन होगा।

विकास खंड बनीकोडर के ग्राम मऊ में कृषि सूचना तंत्र का सुदृढ़ीकरण योजना के तहत विकासखण्ड स्तरीय कृषि निवेश मेले का आयोजन होगा, जिसमें राज्य मंत्री, खाद्य एवं रसद, उ0प्र0 शासन सतीश चन्द्र शर्मा जी मुख्य अतिथि होंगे। इसके अतिरिक्त विकास खंड सूरतगंज के ग्राम पतौंजा में भी कृषि निवेश मेला होगा, जिसमें विधायक कुर्सी साकेन्द्र प्रताप वर्मा जी शामिल होंगे।

# पुरानी रंजिश में मां-बेटे की पीट-पीटकर हत्या

## छोटे बेटे व बहू की हालत नाजुक, जिला चिकित्सालय में कराया गया भर्ती



अवधनामा संवाददाता

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** खंडासा थाना क्षेत्र के महुआ पूरे फौजदार गांव में गुरुवार देर रात पुरानी जमीनी रंजिश में मां-बेटे की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। तथा छोटे बेटे और बहू की हालत नाजुक बताई जा रही है। उन्हें जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सात आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। सूचना पर सुबह एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने भी घटनास्थल का मौका मुआयना किया। फारेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। बताया गया कि प्रेमनाथ रावत और गांव के ही विपक्षी सोनू रावत पुत्र रामनाथ के बीच जमीन का विवाद चल रहा था। गुरुवार रात पड़ोस के गांव अंडूतारा में तेरहवीं कार्यक्रम था। इसमें प्रेमनाथ के भाई दीनानाथ और दूसरे पक्ष के लोगों की बीच कहासुनी हो गई। लेकिन लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया। गांव लौटने के बाद रात करीब 10 बजे दोबारा गाली-गलौज शुरू हो गई। इसी समय पहले से घात लगाए बैठे हमलावरों ने प्रेमनाथ पर सरिया और लाठी डंडों से हमला बोल दिया। घरवालों ने देखा तो मां, भाई और भाभी उसे बचाने के लिए दौड़े। हमलावरों ने सबकी बेरहमी से जमकर पिटाई कर दी। हमले में प्रेम, उसकी मां कुंता, भाई दीनानाथ, भाभी अनीता गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने सभी को सीएचसी भेजा। वहां से रेफर करने के बाद जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद कुंता को मृत घोषित कर दिया। प्रेम की हालत गंभीर होने पर दर्शन नगर मेडिकल कॉलेज रेफर किया। वहां से उसे लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। लखनऊ के डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने प्रेम को भी मृत घोषित कर दिया।

## नवाबगंज को मिली बड़ी सौगात, लेडी डॉक्टर बंगला हुआ पालिका का

**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** वर्षों से विवादों में घिरी ग्राम पैसार स्थित बहुचर्चित 'लेडी डॉक्टर बंगला' की भूमि पर अब नगर पालिका नवाबगंज का वैध स्वामित्व सिद्ध हो गया है। आयुक्त न्यायालय, अयोध्या मण्डल ने अपील खारिज करते हुए उपजिलाधिकारी बक्शी का तालाब के आदेश को बरकरार रखा। गाटा संख्या 199, रकबा 03 बीघा 16 बिस्वा 13 घुर की इस भूमि को लेकर लंबे समय से चल रही दावेदारी पर 4 जून 2025 को निर्णय आया। अधिशासी अधिकारी संजय शुक्ला ने जानकारी दी कि जिलाधिकारी के निर्देश में इस भूखंड पर शीघ्र ही जनोपयोगी स्थलों का निर्माण कराया जाएगा। इस फैसले से स्थानीय व्यापारी, समाजसेवी, बुजुर्ग और युवा वर्ग ने प्रशासन और नगर पालिका का आभार जताया। इसे जनहित में दूरदर्शी और ऐतिहासिक निर्णय बताया।

## पैसे के लेन-देन में मारपीट, तीन पर केस दर्ज

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के डिगही गांव में पैसे के लेन-देन में एक व्यक्ति के साथ मारपीट व गाली-गलौज का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में तीन लोगों पर केस दर्ज कर कार्रवाई की है। पीड़ित सुग्रीव त्रिपाठी पुत्र भगवती त्रिपाठी निवासी जमुई पंडित, थाना निचलौल बताया कि तीन जून को बहनोई इन्द्रासन मिश्रा पुत्र अच्युतानंद निवासी डिगही थाना ठूठीबारी के घर आए थे। उस समय इन्द्रासन मिश्रा के घर पर व्यासमुनि मिश्रा, उनके पुत्र जयहिन्द मिश्रा और जैकी मिश्रा मौजूद थे। जहां पैसे के लेन-देन को लेकर सभी ने सुग्रीव को गंदी गालियां दी। बीच-बचाव के बाद सुग्रीव घर लौट रहे थे कि रस्ते में गदहिला पुल के पास तीनों रोककर लोहे के रॉड से मार पीट कर जान से मारने की धमकी दी। सुग्रीव ने सभी को मनबढ़ बताते हुए भविष्य में अप्रिय घटना की आशंका जताई है। इस संबंध में प्रभारी कोतवाली महेंद्र मिश्र ने बताया कि सम्बन्धिग मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

# नौकरी के नाम पर ठगी करने पर साइबर क्राइम ने कार्रवाई कर पीड़ित को लौटाया पैसा




अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** जनपद में साइबर अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए साइबर क्राइम थाना बाराबंकी ने एक और बड़ी सफलता हासिल की। नौकरी का झांसा देकर की गई ऑनलाइन ठगी के मामले में साइबर सेल ने तत्परता दिखाते हुए पीड़ित की संपूर्ण धनराशि 17 हजार 4 सो खाते में वापस कराई। जानकारी के अनुसार, सौहाई बसौली थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी निवासी जाकिर हुसैन ने 1930 साइबर हेल्पलाइन पर सूचना दी थी कि उनके बेटे से नौकरी दिलाने के नाम पर 17,400 की ऑनलाइन ठगी की गई है। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी सदर सौरभ श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम सेल व साइबर थाना की संयुक्त टीम ने तत्काल बैंक और मर्चेंट से संपर्क कर खाते को होल्ड कराया और पूरी धनराशि पीड़ित को वापस दिला दी। पुलिस टीम में निरीक्षक विनय प्रकाश राय, निरीक्षक संजीव कुमार यादव, उ0नि0 इफलाक अहमद, सत्येंद्र पांडेय, मुख्य आरक्षी नीरज यादव, जितेंद्र, आरक्षी सुधाकर सिंह भदौरिया, राजन यादव, अभिषेक चपराणा, मनोज कुमार, पंकज सिंह, अनुराग सिंह, अंकित कुमार और महिला आरक्षी मोहिनी तिवारी ने सराहनीय भूमिका निभाई।

## निचले स्तर पर संगठन का मजबूत होना बहुत आवश्यक: अब्दुल्ला शेर खान

**अयोध्या।** कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रदेश स्तर पर चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत महानगर कांग्रेस अयोध्या के फ्रंटल संगठन एवं प्रकोष्ठों के प्रभारी अब्दुल्ला शेर खान ने कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर विभिन्न फ्रंटल संगठनों तथा प्रकोष्ठ के अध्यक्षों की बैठक लेकर संगठन को मजबूत बनाने की रणनीति तय की।

इससे पूर्व प्रभारी अब्दुल्ला शेर खान के कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पहुंचने पर महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्णा गौतम ने उनका फूल मालाओं से स्वागतकिया। फ्रंटल अध्यक्षों को संबोधित करते हुए प्रभारी अब्दुल्ला शेर खान ने कहा कि 100 दिन के अंदर हमको कांग्रेस पार्टी का एक मजबूत संगठनात्मक ढांचा खड़ा करना है। आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी प्रदेश में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रही है।

## शैलेन्द्र गौतम की जगह नन्दप्रकाश मौर्य बने निचलौल एसडीएम

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने निचलौल तहसील के उप जिलाधिकारी शैलेन्द्र गौतम को उनके पद से हटाते हुए उन्हें अतिरिक्त मजिस्ट्रेट महराजगंज के पद पर स्थानांतरित कर दिया है। निचलौल तहसील के उप जिलाधिकारी शैलेन्द्र गौतम की जगह अब नंद प्रकाश मौर्य को नए उप जिलाधिकारी निचलौल के रूप में नियुक्त किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, यह निर्णय जनहित एवं शासकीय कार्यहित में लिया गया है और यह तत्काल प्रभाव से लागू होगा। इस बदलाव को जिले में प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक सुचारु और प्रभावशाली बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

**नंद प्रकाश मौर्य को मिली बड़ी जिम्मेदारी**

बतादे कि नंद प्रकाश मौर्य, जो अब तक बतौर डिप्टी कलेक्टर /एडीएम महराजगंज कार्यरत थे, वो प्रशासनिक अनुभव के धनी माने जाते हैं। उन्हें निचलौल जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपना यह संकेत देता है कि जिला प्रशासन क्षेत्रीय स्तर पर कार्यशैली में सुधार और प्रशासनिक पारदर्शिता लाना चाहता है। वहीं, शैलेन्द्र गौतम, जिन्होंने निचलौल में एसडीएम के रूप में सेवाएं दी हैं, अब मुख्यालय पर जिम्मेदारी निभाएंगे। इस प्रशासनिक फेरबदल से जिले के अन्य क्षेत्रों में भी बदलाव की अटकलें तेज हो गई हैं। आम जनमानस और जनप्रतिनिधियों की निगाहें अब इस बात पर टिकी हैं कि आने वाले दिनों में जिला प्रशासन और किन स्तरों पर बदलाव करता है। फिलहाल, निचलौल तहसील के उप जिलाधिकारी शैलेन्द्र गौतम को डिप्टी कलेक्टर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट महराजगंज के पद पर स्थानांतरित कर दिया गया है। प्रशासनिक हलकों में इस निर्णय को एक सख्त लेकिन आवश्यक कदम माना जा रहा है, जिससे तहसील स्तर पर जनता को राहत और पारदर्शिता मिल सके।

## सीएसपी संचालक ने खाता धारक के खाते से उड़ाया साठ हजार

**नौतनवा महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** भारतीय स्टेट बैंक के ग्राहक सेवा केन्द्र सीएसपी रूद्रपुर शिवनाथ के संचालक द्वारा धोखाधड़ी कर रूपये निकालने का मामला सामने आया है ।सीएसपी में खाता धारक रामभवन ने बताया कि 28 अप्रैल दो हजार पच्चीस को उसने अपना पास बुक अपडेट कराया था।उस समय सीएसपी संचालक ने उसे बताया कि उसके खाते में एक लाख इकसठ हजार दो सौ सैंतीस रुपया है जिसका उन्होंने रसीद भी दिया। परंतु जब वह कुछ दिनों बाद स्टेट बैंक के मुख्य शाखा पर पहुंच कर पुनः बैलेंस चेक कराया तो एक लाख एक हजार सैंतीस रुपया ही था जबकि इस बीच हमने कोई लेना देना नहीं किया था। उक्त घटना के बाद खाताधारक ने बताया कि गुरुवार को थाना कोल्हुई पहुंच कर उसने शिकायत दर्ज करा दिया है।इस संदर्भ में एस ओ आशीष कुमार सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

## अपर निदेशक ने किया निरीक्षण

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** शासन के निर्देश निर्देशानुसार डॉ असलम अंसारी, अपर निदेशक, नगर विकास विभाग के द्वारा नगर पालिका परिषद महराजगंज मे हो रहे नाले की सफाई का निरीक्षण किया गया। साथ ही साथ शहर के विभिन्न स्थानों पर साफ सफाई का भी निरीक्षण किया गया। डॉ अंसारी के द्वारा राम मनोहर लोहिया ज्ञान सरोवर पार्क में आगामी योग सप्ताह के लिए आवश्यक तैयारी भी कराया गया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी आलोक मिश्रा प्रोजेक्ट एनालिसिसट अभय कुमार गुप्ता कंप्यूटर ऑपरेटर इन्द्रेश कुमार सफाई लिपिक लाल बहादुर इंद्राशन सहित नगर पालिका परिषद के कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## फार्मेसी विभाग और इंजीनियरिंग विभाग के बीच फ्रेंडली क्रिकेट मैच का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** जहांगीराबाद इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी बाराबंकी में फार्मेसी विभाग और इंजीनियरिंग विभाग के बीच एक फ्रेंडली क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विभागों के बीच आपसी समन्वय टीम वर्क और खेल भावना को प्रोत्साहित करना था। मैच कि शरुआत सुबह 10 बजे से हुई जिसमे छात्रों और शिक्षकों के बीच भरी उत्साह रहा दोनों ही टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए खेल का भरपूर आनंद लिया। इंजीनियरिंग टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 2 विकेट पर 125 रन बनाये जिसके जवाब ने फार्मेसी कि टीम 98 रन ही बना पायी और इंजीनियरिंग टीम ने मैच 22 रन से जीत अपने नाम दर्ज़ की। बलराम यादव को बेस्ट बॉलर और अब्दुल नावेद को बेस्ट प्लेयर ऑफ़ दी मैच का ख़िताब दिया गया।

संस्थान के डायरेक्टर मेजर जनरल विकास सैनी ने दोनों ही टीम का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है तथा स्पोर्ट्स हेड असलम शेर और स्पोर्ट्स टीचर मोबीन अहमद को मैच को सफलतापूर्वक संचालन के लिए धन्यवाद व्यक्त किया।

# वेयरहाउस चोरी कांड में वांछित अभियुक्त मुठभेड़ में गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**बाराबंकी।** जनपद बाराबंकी में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत देवा पुलिस व स्वाट टीम को बड़ी कामयाबी मिली है। बीती रात थाना देवा क्षेत्र के माती पुल के पास सैहारा रोड पर पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें वांछित अभियुक्त गोली लगने से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम लूट व चोरी की वारदातों की रोकथाम के लिए गश्त कर रही थी, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति माती पुल के पास मोटरसाइकिल सहित मौजूद है। पुलिस ने जब उसे रोकने का प्रयास किया, तो उसने फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में बदमाश सैज हुसैन उर्फ फैय्याज हुसैन पुत्र अन्जुम हुसैन निवासी बहराइच, हालपता लखनऊ के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। बरामदगी में वेयरहाउस चोरी से जुड़े 20 हजार रुपये नगद, एक चोरी की मोटरसाइकिल, अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किए गए। प्राथमिक पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि उसने अपने साथियों के साथ थाना देवा क्षेत्र के ग्राम टिकरिया स्थित वेयरहाउस से कॉपर की छड़ और इलेक्ट्रॉनिक सामान की बड़ी चोरी की थी। पुलिस ने पहले ही इस मामले में तीन अभियुक्तों विशाल कुमार, संजीत साहनी उर्फ पहाड़ी और मोहित रावत को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं उनका एक और साथी गोविंद चिनहट थाने में एक अन्य चोरी के मामले में पहले से जेल में है। घायल अभियुक्त को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने पुलिस टीम की सराहना की है।

## पोस्ट ऑफिस का प्रिंटर खराब के चलते खाता धारकों को परेशानी

**रामनगर बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** उप डाकघर बुढवल शुगर मिल में पिछले लगभग 1 महीने से पासबुक प्रिंटर खराब होने के चलते बचत खाता धारकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान खाता धारकों की पासबुक प्रिंट नहीं हो पा रही है जिसके चलते आए दिन खाता धारकों व डाक कर्मचारियों के बीच तू तू में में होती रहती है। पोस्ट ऑफिस के बाहर खड़े लोगों ने बताया की 15 दिन पहले खाता खुलवाया था किंतु अब तक पासबुक हमें नहीं प्राप्त हुई है, हम लोगों को पासबुक के लिए रोज दौडाया जा रहा है। जहां आजकल जागरूकता के चलते उपभोक्ता जमा निकासी करने के बाद तुरंत पासबुक अपडेट करवाना चाहता है वही इस उप डाकघर में पासबुक के अपडेट ना होने से बचत खाता धारकों में रोश व्याप्त है।

## नहर पुलिया के नीचे संदिग्ध परिस्थिति में मिला अज्ञात महिला का शव



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** घुघली थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम सभा भिसवा उर्फ कोटिया के खूंटा मैदान टोले के समीप शुक्रवार की सुबह नहर पुलिया के नीचे एक अज्ञात महिला का शव संदिग्ध परिस्थिति में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्डन की कार्यवायी में जुटी है महिला की उम्र करीब 30 से 35 वर्ष के बीच प्रतीत हो रही है। शव का चेहरा व शरीर सड़ जाने के कारण शावक की पहचान नहीं हो सकी है। ग्रामीणों की मदद और सोशल मीडिया के जरिए पहचान कराने की कोशिश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर मौके का निरीक्षण कराया। फोरेंसिक टीम के अनुसार शव लगभग तीन दिन का है । इसके बाद पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इस संबंध में घुघली थानाध्यक्ष कुंवर गौरव सिंह ने बताया कि शव मिलने की सूचना पर कप्तानगंज और घुघली पुलिस मौके पर पहुंची थी लेखपाल के सीमांकन के बाद शव घुघली थाना क्षेत्र में पाया गया जिसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया गया है ।

# एनटीपीसी टांडा मे विश्व पर्यावरण दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

**एनटीपीसी कॉलोनी को पॉलिथीन मुक्त बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई**

**अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी टांडा में विश्व पर्यावरण दिवस 2025 को ÷प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना÷ विषय पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता को प्रोत्साहित करते हुए विविध कार्यक्रमों के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत उमंग स्टेडियम में पर्यावरण शपथ के साथ हुई, जिसमें परियोजना के कार्यकारी निदेशक,जयदेव परिदा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) अजय सिंह यादव, एवं सभी विभागाध्यक्षगण, कर्मचारीगण, गरिमा महिला मंडल की सदस्याएँ, 'बालिका सशक्तीकरण मिशन' की प्रतिभागी बालिकाएं तथा सी.आई. एस. एफ. के जवान उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण के उपरांत प्रतिभागियों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इसके बाद न्यू शॉपिंग कॉम्प्लेक्स क्षेत्र में वृहद वृक्षारोपण किया गया और पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली को प्रोत्साहित करने हेतु उपस्थित लोगों को जूट बैग वितरित किए गए। कर्मचारी विकास केंद्र में आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में स्थानीय ग्राम प्रधानों को फलदार पौधों का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री परिदा ने संबोधित करते हुए कहा कि, मानव जीवन का अस्तित्व प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने में ही निहित है। उन्होंने प्लास्टिक के उपयोग पर नियंत्रण की आवश्यकता पर बल देते हुए एनटीपीसी टांडा में कॉलोनी को पॉलिथीन मुक्त बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही उन्होंने बताया कि ग्रीन वेस्ट के पुन÷ उपयोग हेतु मशीन द्वारा पेलेट निर्माण की प्रक्रिया भी आरंभ कर दी गई है, जो 'रीड्यूस, रिसायकल और रीयूज' के सिद्धांतों को साकार करेगी। पर्यावरण विभाग द्वारा आयोजित 'विश्व पर्यावरण सप्ताह' के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई, जिनमें कर्मचारियों के लिए पर्यावरण प्रश्नोत्तरी एवं निबंध लेखन, और आवासीय परिसर के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए चित्रकला व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता शामिल रहीं।एनटीपीसी टांडा पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए सतत विकास की दिशा में सार्थक प्रयास करता आ रहा है।



# अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सम्मनपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। शुक्रवार को धारा 105 बीएनएस से संबंधित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

सम्मनपुर थाना क्षेत्र के केशवपुर गांव के मजरे लोनियनवा में पारिवारिक विवाद में नशेड़ी पति ने बीते सोमवार अपनी पत्नी को लोहे की राड से पीट-पीट कर मौत के घाट उतार दिया था। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी पति फरार हो गया था।। पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर मामले में गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। शुक्रवार को अभियुक्त विमलेश चौहान पुत्र परशुराम चौहान उम्र लगभग 40 निवासी ग्राम केशवपुर थाना सम्मनपुर अंबेडकर नगर बरियावन बाजार में था। और कहीं भागने की फिराक में था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दोपहर बरियावन अकबरपुर रोड इंडियन मैरेज हाल के सामने से आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

# भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में जिला कार्यशाला का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 10 से 26 जून तक चलने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के निमित्त शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान के अध्यक्षता में जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला प्रभारी हरि चरण कुशवाहा ने कहा भारत को आजादी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबसे प्रभावशाली नेतृत्व मिला है। 11 साल में प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व ने भारत की विरासत से विकास की बेहतरीन यात्रा है।

यह बेहतरीन यात्रा से भारत को पहली बार पहचान मिली है। विधायक बांसी राजा जय प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन चुका है।

जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने कहा केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों को हम जिला, मंडल व शक्ति केंद्र स्तर पर कार्यक्रम करेंगे और जन जन तक मोदी सरकार के 11 वर्ष की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को पहुंचाने का काम करेंगे।कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्षगण नरेंद्र मणि त्रिपाठी, राम कुमार कुंवर, पूर्व जिपं.अध्यक्ष साधना चौधरी, वरिष्ठ नेता हरिशंकर सिंह, राजेंद्र पांडेय, दिलीप चतुर्वेदी, दीपक मौर्य, फूलचंद जयसवाल, मंगल चौरसिया, जिला महामंत्री विपिन सिंह, मधुसूदन अग्रहरि, फतेबहादुर सिंह, अजय उपाध्याय, अनीता जयसवाल, तेजू विश्वकर्मा, जिला मीडिया प्रभारी निशांत पाण्डेय, चेयरमैन विकास जयसवाल, अजय गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख प्रति0 श्रीश चौधरी, राजेंद्र दूबे, दीपेंद्र चौधरी, नगर अध्यक्ष महेश वर्मा, गगन श्रीवास्तव व अन्य मंडल अध्यक्षगण आदि लोग उपस्थित रहें।

# बूथ करो मजबूत अभियान में लग जायें बसपा कार्यकर्ता : इन्द्रजीत



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** घर घर जाकर बसपा सरकार द्वारा किए गए कार्यो को बतायें कार्यकर्ता 2028 में अपनी सरकार बनाने के लिए दिन रात मेहनत करनी होगी तब जाकर बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर का सपना साकार होगा।

उक्त बातें बसपा नेता पूर्व मंडल प्रभारी बस्ती मंडल डॉक्टर इन्द्रजीत गौतम ने गांव चलों अभियान के दौरान कहा कि समतामूलक समाज की संस्थापना करना है तो बहन कु मायावती को 2027 में उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनना होगा। इस दौरान पूर्व जिला महासचिव शमीम अहमद ने कहा कि भाजपा सरकार में मंहगाई चरम पर है। लूट डकैती बलात्कार आम बात हो गयी है कानून नाम की कोई चीज नहीं है सर्व समाज के लोग जाति धर्म से उपर उठकर बहुजन समाज पार्टी के साथ जुड़ रहे हैं कार्यकर्ता साथी अपने अपने बूथों पर लगे रहे आन वाला दिन बसपा का होगा। इस दौरान प्रिन्स गौतम अशोक कुमार बौद्ध विजयपाल कन्नौजिया मोहम्मद कैफ श्री राम बाबू सहित अन्य कार्यकर्ता साथी उपस्थित रहे।

# नवागढ़ खंड शिक्षा अधिकारी ने शोहरतगढ़ में किया कार्यभार ग्रहण

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** नवागढ़ खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने ब्लॉक संसाधन केंद्र शोहरतगढ़ पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस मौके पर शिक्षकों ने खण्ड शिक्षा अधिकारी शोहरतगढ़ संजय कुमार को भारत रत्न बाबा साहब डा0भीम राव अम्बेडकर जी का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

खण्ड शिक्षा अधिकारी शोहरतगढ़ संजय कुमार ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार के निर्देशानुसार हमें विद्यालय समय से पहूंचकर छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे। और शिक्षक पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों से निर्वहन करने की अपील की। इस दौरान तुलसीराम,आनंद प्रकाश,अम्ब्रीस श्रीवास्तव, मनोज यादव, प्रमोद चौधरी, आनंद चौधरी,पृथ्वीपाल भारती,अरुण कुमार, संतोष कुमार, आशिक राजा खान, पप्पू सिंह, राकेश राज आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# मतदाता सूची से नाम काटने के आरोप में तत्कालीन बीएलओ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अवधनामा संवाददाता

**मतदान के दिन जब लोग वोट नहीं दे पाये तब भेद खुला कि साजिश किस स्तर पर की गई**

**सिद्धार्थनगर।** विगत लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाता सूची से कुछ लेगों का नाम काटने तथा पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के लोगों को मतदाता बनाने का प्रकरण बीएलओ को बहुत भारी पड़ गया है। राकेश पुत्र शेषनाथ की शिकायत सही पाये जाने पर तत्कालीन बीएलओ कृष्णावती के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उनके खिलाफ विभगीय कार्रवाई की भी आशंका है। बीएलओ द्वारा मतदाता का काटने पर जिले में एफआईआर दर्ज करने का यह पहला मामला है। घटना से जिले के बीएलओ में हड़कंप मच गया है। घटना विकास खंड बर्डपुर के ग्राम पंचायत महादेवा कुर्मी की है।

विगत लोकसभा चुनाव में मतदाताओं का नाम मनमाने ढंग से काटने और जोड़ने का यह मामला बहुत जोर से उठा था। आरोप था कि बीएलओ कृष्णावती चौधरी ने गांव में अपने अनेक विरोधियों का नाम मतदाता सूची से काट दिया था। यही नहीं उन्होंने नेपाल में रहने वाले कई लोगों का नाम जोड दिया था। मतदान के दिन जब लोग वोट नहीं दे पाये तब भेद खुला कि साजिश किस स्तर पर की गई है। लोगों ने इस घटना के पीछे बीएलओ कृष्णावती देवी के पति का हाथ बताया जो एक राजनैतिक दल के पक्षधर हैं।

इस मामले को गांव के एक युवक राकेश पुत्र शेषनाथ ने जोर शोर से उठाया। उन्हेंने इसकी शिकायत एसडीएम व जिलाधिकारी से की लेकिन कोई सुनवाई न हुई। फिर उन्होंने आरटीआई से सूचना मांगी, उसी सूचना के आधार पर उन्होंने शासन, नेता विरोधी दल तथा चुनाव आयुक्त आदि को पत्र देकर मामले की जांच की मांग की। एक साल तक काफी भ्रागदौड़ और निरंतर पैरवी के बाद मामले की जांच हुई और राकेश की शिकायत सच पाई गयी। इसके बाद जिलाधिकारी ने उक्त बीएलओ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने का आदेश दिया। जिसके बाद गत दिवस कपिलवस्तु कोतवाली में बीएलओ कृष्णावती के खिलाफ जनप्रतिनिधित्व अधिनियम (भारती न्याय संहिता) की धारा 173 के तहत मुकदर्मा दर्ज किया गया।

चुनाव में मतदान के बाद अक्सर यह शिकायते सुनने को मिलती हैं कि उनके गांव के बीएलओ ने मतदाता सूची से तमाम नाम राजनैतिक कारणों से काट दिये। मगर अब एक बीएलओ के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने से भविष्य में कोई बीएलओ ऐसा करने से पहले कई बार सोचेगा।

# टांडा बसखारी हाइवे पर भयंकर सड़क दुर्घटना मे दो की मौत

अवधनामा संवाददाता

**टांडा अम्बेडकरनगर।** टांडा बसखारी नेशनल हाईवे 233 पर हुआ भयंकर एक्सीडेंट 2 की मौत हो गई। अंबेडकरनगर के टांडा बसखारी रोड पर सोमवार को एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। दौलतपुर हाजलपट्टी के पास तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने ट्रैक्टर में पीछे से मरी टक्कर हादसे में कार में सवार दामाद अमरेश बहादुर सिंह और उनकी सास प्रमिला देवी की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए। अमरेश के पुत्र मनीष कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस की मदद से घायलों को बाहर निकल गया घायल मनीष को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां से उनकी नाजुक हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।



पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है और मामले की जांच में जुटी है।

# सार्वजनिक वितरण प्रणाली से परिचित हुए स्कूली बच्चे



अवधनामा संवाददाता

**उस्का बाजार सिद्धार्थनगर।** बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में चल रहे समर कैंप में बच्चों को खेलकूद के साथ अन्य व्यवहारिक जानकारियां उपलब्ध कराई जा रही हैं।

खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय परसा खुर्द के बच्चे शुक्रवार को वार्ड में स्थित सरकारी राशन की दुकान पर भ्रमण किए। इस दौरान विक्रेता ने बच्चों को बताया कि वर्तमान में दो प्रकार के राशन कार्ड धारक हैं। पात्र गृहस्थी वाले कार्डधारकों को प्रत्येक माह प्रति यूनिट दो किलो गेहूं व तीन किलो चावल निश्शुल्क दिया जाता है जबकि अंत्योदय कार्ड धारक को 35 किलो खाद्यान्न निश्शुल्क मिलता है जिसमें 14 किलो गेहूं व 21 किलो चावल सम्मिलित होता है। बच्चों को इलेक्ट्रानिक मशीन दिखाते हुए बताया गया कि किस तरह परिवार का कोई एक सदस्य अंगूठा को स्कैन कर निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर जिला समन्वयक प्रशिक्षण आशीष मिश्रा व प्रभारी प्रधानाध्यापक बालजीत कुमार सहित संजय श्रीवास्तव, रितिक, राजाराम आदि मौजूद रहे।

# सफ़ीरे हुसैन हज़रत मुस्लिम की शहादत पर निकला जुलूस

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** हजरत मुस्लिम इब्ने अकील की शहादत के सिलसिले में कस्बा हल्लौर में अलग-अलग स्थानों पर मजलिस का आयोजन किया गया। इनमें उलेमाओं ने शहादत का जिक्र किया और शोहदा-ए-कर्बला की तालीमात के मुताबिक जिंदगी गुजारने की बात कही।

उक्त उदगार हल्लौर स्थित खुर्शीद आरके के आवास पर ज़ाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई ने मजलिस को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हज़रत मुस्लिम बिन अकील इमाम हुसैन अस के चाचाजाद भाई थे। जिनकी शहादत पर ताज़िया व शबीह ए ताबूत रखकर आज हम लोग यहाँ बैठे हुए हैं। उन्होंने कहा कि हज़रत इमाम हुसैन अस ने हज़रत मुस्लिम बिन अकील को कूफ़े में अपना सफीर बनाकर भेजा था। कूफ़े वालो ने इमाम हुसैन अस को खत भेजकर बुलवाया था। इमाम हुसैन ने कूफ़े के माहौल का जायज़ा लेने के लिए हज़रत मुस्लिम को वहाँ भेजा था



**नवास-ए-रसूल इमाम हुसैन के प्रतिनिधि (सफीर) हज़रत मुस्लिम की कूफा में हुई दर्दनाक शहादत के गम में हल्लौर कस्बे के इमामबाड़ों में मजलिस-मातम का सिलसिला जारी रहा**

लेकिन कूफ़े में इब्ने ज़ियाद ने पहुँचकर जुल्म करना शुरू किया। पहले तो लोगों ने हज़रत मुस्लिम का खैर मकदम किया लेकिन बाद में मुँह मोड़ लिया। अकेले मुस्लिम बिन अकील इब्ने ज़ियाद की फौजों से लड़ते हुए शहीद हुए। यह कर्बला की घटना की पहली शहादत थी। अंत में मसाएब करबला बयान किया तो उपस्थित लोगों की आखों में आंसू नज़र आये। मजलिस से पूर्व शाहिद आलम व हमनवा ने हज़रत मुस्लिम से मंसूब मर्सिया पढ़ा। मजलिस के बाद हज़रत अब्बास अलमदार के अलम, ताज़िया और शबीह ताबूत हज़रत मुस्लिम बरामद हुआ। अक़ीदतमंदो ने अलम, ताबूत व ताज़िया का बोसा लिया। इसके बाद मुकामी अंजुमनों ने मुस्लिम शहीद हो गए कोहराम है बपा, सर पीटती है बीबियाँ गमनाक है फिजा नौहा पढ़ते मातम करते हुए ताबूत का जुलूस निकाला गया जो हल्लौर में गश्त करता हुआ कर्बला जाकर देर शाम समाप्त हुआ। इस से पहले बृहस्पतिवार की रात को कस्बे कई जगहों पर मजलिस का आयोजन किया गया।

इस मौके पर ज़ेबू, खुशनेहाल, साजिद मंटू, बबलू, अहमद हैदर, आफताब आफसेट, कैफ़ी रिज़वी, काशान, इंतेज़ार शबाब, लकी, बबलू, फहीम हैदर, मोहम्मद हैदर शबलू, अरशद, पप्पू पल्सर, शबीह, शराफत, रेनू, संजू, शोएब, हैदर, राजू, कामयाब, आले रज़ा, मंटू, डबलू, कायनात, हैदर हल्लौरी, हसन जमाल, जानशीन किसान, बबलू विलियम सहित तमाम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान थाना डुमरियागंज की पुलिस पूरी तरह मुस्तैद दिखाई दी।

# बिजली बिल के संशोधन के नाम पर विभागीय अधिकारियो ने किया खेल

अवधनामा संवाददाता

**बिल रिवीजन के नाम पर टांडा में अधिकारी व -बाबू ने पीटे लाखों रुपये**

**अम्बेडकरनगर।** जिले में विद्युत निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत से तीन साल तक बिजली बिलों में संशोधन के नाम पर खेल किया गया।अधिकारियों व कर्मचारियों ने मनमाने ढंग से बिल को कम कर दिया।उपभोक्ताओं के विद्युत बिलों में संशोधन के नाम पर खेल किया गया। उपभोक्ताओं के बिलों को मनमानी ढंग से कम कर दिया गया।ऐसा नहीं कि अधिकारी इससे अनजान थे, यह सब कार्य उनके संज्ञान में होता है।

अधिशासी अभियंता की आइडी हैक कर बिल घोटाला की ठीक से जांच हो जाए तो अभी और अफसर व कर्मचारी फसेंगे। ग्रामीण क्षेत्र में इस साल के शुरू में लागू समाधान योजना के दौरान टांडा विद्युत वितरण खंड में लाखों रुपये के बिल हजारों में निपटाए गए। उस वक्त भी कई जगह बिल रिवीजन के नाम पर काफी कम में बिल निपटाने पर सवाल उठे थे पर इसे दबा दिया गया। बिजली निगम में बिल रिवीजन का खेल काफी पुराना है। कुछ बाबू सेटिंग कर बिल सुधार के नाम पर रकम को काफी कम कर देते हैं। कम रकम की फाइल संबंधित अफसर के पास भेजी जाती है। अफसर इसे अपने सिस्टम में फीड कर देता है। इसके बाद कम बिल को ही उपभोक्ता का पक्का बिल मान लिया जाता है। बिल रिवीजन में खेल दो तरह से किया जाता है। यदि उपभोक्ता के परिसर में बिजली मीटर नहीं लगा है तो बिल मिलने के समय को आधार पर रिवीजन किया जाता है। मीटर वाले उपभोक्ताओं की रीडिंग में हेरफेर कर रिवीजन किया जाता है। यदि किसी उपभोक्ता के मीटर की रीडिंग 10 हजार है तो नियमानुसार बिल 60 हजार रुपये के आसपास होना चाहिए। उपभोक्ता बिल जमा कर रहा है तो रिवीजन मुश्किल है लेकिन काफी समय से बिल न जमा हुआ हो और रीडिंग ज्यादा हो तो कर्मी मीटर को खराब कराकर कम में बिल निपटा देते हैं।

# अल्लाह के राह में त्याग है ईद उल-अज़हा का त्योहार

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** इस्लाम धर्म का महत्वपूर्ण पर्व ईद उल-अज़हा, जिसे बकरीद के नाम से भी जाना जाता है। इसे मुस्लिम समुदाय के लोग अपनी श्रद्धा और आस्था के रूप में मानते हैं। त्याग और बलिदान के गहरे अर्थों को समेटे हुए है यह त्यौहार हमें त्याग और बलिदान की सीख देता है। पर्व के उद्देश्य एवं मकसद को समझना ही उसकी सार्थकता है। यदि इस परंपरा के रूप में मात्र मनाया गया तो इसका उद्देश्य बेमानी होगा। समाज में धार्मिक रूप से मनाए जाने वाला हर पर्व अपने परिवेश में एक सामाजिक संदेश हम तक पहुंचाटा है। इसी क्रम में ईद उल अजहा भी हमें अल्लाह के संदेश को कुर्बानी के माध्यम से हम तक पहुंचा है ।

उक्त बातें शुक्रवार को जुमा नमाज़ से पूर्व खुतबे में हल्लौर की जामा मस्जिद के पेश इमाम,



मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी ने उपस्थित जनों को बताई। उन्होंने इस मुबारक मौके पर अपने खुत्बे में कहा कि यह त्योहार केवल एक तंदुरुस्त जानवर की क़ुर्बानी देने का पर्व नहीं है, बल्कि इसका मक़सद और इसके पीछे का उद्देश्य समझना अत्यंत ज़रूरी है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि अल्लाह ताला किसी जानवर की बड़ी क़ीमत को नहीं, बल्कि बंदे की नियत और उसके समर्पण भाव को क़ुबूल करता है। मौलाना ज़ैदी ने उपस्थित जमात को संबोधित करते हुए कहा कि ईद उल-अज़हा पैग़ंबर हज़रत इब्राहीम अलैहिस्सलाम की उस अज़ीम क़ुर्बानी की याद दिलाता है, जब उन्होंने अल्लाह के हुक्म पर अपने बेटे हज़रत इस्माईल अलैहिस्सलाम की क़ुर्बानी देने का इरादा किया था। यह घटना हमें सिखाती है कि अल्लाह की राह में अपनी सबसे प्रिय चीज़ को भी कुर्बान करने के लिए इंसान को हर पल तैयार रहना चाहिए।

**अहंकार और बुराइयों को अल्लाह की रज़ा के लिए छोड़ देना ही है असल क़ुर्बानी : मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी**

उन्होंने स्पष्ट किया कि असल क़ुर्बानी अपने अहंकार, अपनी बुराइयों और अपनी नाफ़रमानी को अल्लाह की रज़ा के लिए छोड़ना है। उन्होंने आगे समझाया कि जानवर की क़ुर्बानी एक प्रतीकात्मक कार्य है, जो हमें यह याद दिलाता है कि हम अपने जीवन में भी इसी तरह अल्लाह के लिए त्याग करने को तैयार रहें। मौलाना ज़ैदी ने कहा, ÷यह त्योहार हमें सिखाता है कि हम ग़रीबों और ज़रूरतमंदों का ख़्याल रखें, उन्हें अपनी खुशियों में शामिल करें और भाईचारे व हमदर्दी का पैग़ाम फैलाएँ।

उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि क़ुर्बानी का गोश्त तीन हिस्सों में बांटा जाना चाहिए। एक हिस्सा अपने लिए, एक हिस्सा रिश्तेदारों और दोस्तों के लिए, और तीसरा हिस्सा ग़रीबों व मोहताजों के लिए। यह सामाजिक समरसता और समानता को बढ़ावा देने का एक बेहतरीन तरीक़ा है। मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी ने अपने खुत्बे के अंत में दुआ की कि यह पर्व सभी के जीवन में खुशियाँ, शांति और बरकत लेकर आए। उन्होंने समाज में आपसी सौहार्द और प्रेम बनाए रखने का आह्वान किया और कहा कि यही इस पवित्र त्योहार का असली संदेश है।

# कथा सुनने से जीव का होता कल्याण : अशोक दास

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस गुरुवार को अयोध्या धाम से पधारे भागवत भूषण अशोक दास जी महाराज ने भागवत पुराण के महत्व और विभिन्न प्रसंगों का बड़ा ही सुंदर वर्णन किया। कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने से जीव का कल्याण होता है और मोक्ष प्राप्त होता है। भक्तों को भागवत महात्म्य, सुखदेव जी और राजा परीक्षित के बीच संवाद तथा भगवान कृष्ण की लीलाओं का श्रवण कराया।

कथा व्यास जी उसका बाजार विकास क्षेत्र के ग्राम तिघरा में आयोजित संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस पर श्रद्धालुओं की भक्ति रस से सराबोर कर रहे थे। उनका साथ दे रहे थे शुभम कुमार उपाध्याय तथा माहौल को संगीतमय बनाने में जुटे थे राजन तिवारी, चन्दन दास, व शुभम मिश्र। तिघरा निवासी पं दयानन्द दूबे जी द्वारा श्रीमद्भागवत का विधिवत पाठ किया जा रहा है। भागवत भूषण अशोक दास



जी महराज ने कहा कि एक समय की बात है, नैमिषारण्य तीर्थ में शौनकादिक 88 हजार ऋषियों ने पुराणवेत्ता सूतजी से पूछा- हे सूतजी, इस कलियुग में वेद-विद्यारहित मनुष्यों को प्रभु भक्ति किस प्रकार मिलेगी तथा उनका उद्धार कैसे होगा। हे मुनिश्रेष्ठ, कोई ऐसा व्रत अथवा तप कहिए जिसके करने से थोड़े ही समय में पुण्य प्राप्त हो तथा मनवांछित फल भी मिले। सर्वशास्त्रज्ञाता श्री सूतजी ने कहा हे वैष्णवों में पूज्य ! आप सबने प्राणियों के हित की बात पूछी है। अब मैं उस श्रेष्ठ व्रत को आपसे कहूंगा, जिसे नारदजी के पूछने पर लक्ष्मीनारायण भगवान ने उन्हें बताया था। कथा इस प्रकार है। एक समय देवर्षि नारदजी दूसरों के हित की इच्छा से सभी लोकों में घूमते हुए मृत्युलोक में आ पहुंचे। यहां अनेक योनियों में जन्मे प्राय÷ सभी मनुष्यों को अपने कर्मों के अनुसार कई दुखों से पीड़ित देखकर उन्होंने विचार किया कि किस यत्न के करने से प्राणियों के दुखों का नाश होगा। ऐसा मन में विचार कर देवर्षि नारद विष्णुलोक गए। नारदजी ने कहा- हे भगवन ! आप अत्यंत शक्ति से संपन्न हैं, मन तथा वाणी भी आपको नहीं पा सकती, आपका आदि-मध्य-अंत भी नहीं हैं। आप निर्गुण स्वरूप सृष्टि के कारण भक्तों के दुखों को नष्ट करने वाले हो। आपको मेरा नमस्कार है। नारदजीसे इस प्रकार की स्तुति सुनकर विष्णु बोले- हे मुनिश्रेष्ठ! आपके मन में क्या है। आपका किस काम के लिए यहां आगमन हुआ है? निःसंकोच कहें। तब नारदमुनि ने कहा- मृत्युलोक में सब मनुष्य, जो अनेक योनियों में पैदा हुए हैं, अपने-अपने कर्मों द्वारा अनेक प्रकार के दुखों से पीड़ित हैं। हे नाथ ! यदि आप मुझ पर दया रखते हैं तो बताइए उन मनुष्यों के सब दुख थोड़े से ही प्रयत्न से कैसे दूर हो सकते हैं। कथा के प्रथम दिवस का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन, भागवत आरती और शांति के लिए प्रार्थना के साथ हुई।

इस दौरान मुख्य यजमान श्रीमती कमलावती देवी एवं पं जनार्दन दूबे सहित पं गिरजा प्रसाद दुबे, व आयोजक श्रीमती नीलम एवं नरेन्द्र दूबे, श्रीमती कीर्ति एवं मानवेन्द्र दूबे, अमरेन्द्र दूबे व परशुराम दूबे, श्रीमती पूजा त्रिपाठी, श्रीमती विमलेश एवं धर्मेन्द्र जी दूबे, अर्पित, अर्पिता, अच्युत द्विवेदी (अंश) व बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

# एआई ड्रोन जंगी अस्त्र

यूक्रेन ने रूस के काफी भीतर उसके 5 एयरबेस और 41 बॉम्बर, लड़ाकू विमानों को तबाह कर दुनिया को चौंका दिया है। बल्कि विश्व स्तब्ध है कि यूक्रेन के पास ऐसी जंगी प्रौद्योगिकी भी है, जो 2000 किमी. से 6000 किमी. की दूरी तक सफल, असरदार, विध्वंसक हमला कर सकती है। जो देश अभी तक यूक्रेन की आर्थिक और सैन्य मदद करते रहे हैं, वे भी हैरान हैं और आत्ममंथन कर रहे हैं। रूस के ये बॉम्बर ऐसे थे, जो परमाणु हथियार का इस्तेमाल करने में भी सक्षम थे। रूस ने इन्हीं विमानों के जरिए यूक्रेन के कई शहरों पर हवाई हमले किए थे और शहरों को खंडहर बना दिया था। यूक्रेन ने ऐसा घातक पलटवार कैसे किया, उसके ब्यौरे सामने आ चुके हैं। रूस की टीमें जांच-पड़ताल करने में जुटी हैं कि यूक्रेन के फर्स्ट पर्सन व्यू (एफपीवी) ड्रोन एयरबेसों तक कैसे पहुंचे और किसी को भी भनक तक नहीं लगी। रूस सोया रह गया और उसका पूरा तंत्र नाकाम रहा। रूस को करीब 60,000 करोड़ रुपए का नुकसान आंका जा रहा है। कुछ और आंकड़ों का भी विश्लेषण सामने आया है। रूस को अकल्पनीय, अप्रत्याशित नुकसान हुआ है, लेकिन वह अब भी महाशक्ति है और यूक्रेन पर इससे भी घातक और संहारक हमला करने की योजना बनाई जा रही है। अब राजधानी कीव भी राष्ट्रपति पुतिन के निशाने पर है। दरअसल यूक्रेन ने जो ड्रोन्स इस्तेमाल किए, उन्हें 'कृत्रिम बौद्धिकता' (एआई) से संचालित किया गया। यह वैज्ञानिक नवाचार यूक्रेन का ही है अथवा किसी देश ने उसे मुहैया कराया है, यह रहस्य फिलहाल नहीं खुल पाया है, लेकिन इतना लगता है कि इन ड्रोन्स को 'एआई एलगोरिथ्म' पर प्रशिक्षित किया गया होगा! एलगोरिथ्म कम्प्यूटर विज्ञान की भी एक अवधारणा है। यह किसी विशिष्ट कार्य को करने के लिए दिए गए निर्देशों की एक प्रक्रिया भी है, जिसने रूसी बॉम्बर विमानों की पहचान की और उन पर निर्णायक प्रहार कर उन्हें 'मिट्टी-मलबा' बना दिया।

यूक्रेन के इस 'ऑपरेशन मकडज़ाल' ने स्पष्ट कर दिया है कि इस ड्रोन हमले ने युद्ध को बदल दिया है। हम किसी पक्ष की जीत या हार की भविष्यवाणी नहीं कर रहे, लेकिन यह एक भयानक सच है कि रूस-यूक्रेन युद्ध 3 साल 3 महीने से जारी है और यूक्रेन अभी पराजित होने की स्थिति में नहीं है। दोनों देशों के बीच समझौता-वार्ता हुई है, युद्धबंदियों को रिहा करने की बुनियादी सहमति बनी है, लेकिन युद्धविराम के लिए फिलहाल सहमति दूर-दूर तक नहीं दिखती। अब तो पृष्ठभूमि में ड्रोन हमला भी झलक रहा है। हालांकि रूस ने शुरुआत में दावा किया था कि युद्ध 7-10 दिन चलेगा और यूक्रेन पराजय स्वीकार कर लेगा। रूस पर यूक्रेन के इस हमले को 'पर्ल हॉर्बर' हमले के बराबर माना जा रहा है। अमरीका पर उस हमले के बाद ही जापान के हिरोशिमा-नागासाकी शहरों पर अमरीका ने एटम बम गिराए थे। विध्वंस का वह इतिहास सभी जानते हैं और अमरीका को द्वितीय विश्व युद्ध में उतरने को विवश किया गया था। पुतिन के नंबर दो दिमित्री मेदवेदेव ने भी अब परमाणु हमले की धमकी दी है, लिहाजा पूरा विश्व चिंतित है। बहरहाल यदि वर्ष 2024 एफपीवी ड्रोन का था, तो 2025 के बीते सप्ताह तक 'फाइबर ऑप्टिक एफपीवी ड्रोन' का दौर था। ये ड्रोन रूसी सेनाओं का नवाचार था। यूक्रेन ने उसे भी पार कर लिया है और एआई संचालित ड्रोन्स का इस्तेमाल कर रूस पर बेहद घातक प्रहार किया है। साफ है कि आने वाले युद्ध एआई संचालित, स्वायत्त ड्रोन से ही लड़ जाएंगे। यूक्रेन के इस हमले में भारत के लिए भी कुछ सबक निहित हैं। भारत ने अपने लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टर, एयरट्रांसपोर्ट में दशकों तक रणनीतिक प्रयास किए हैं, लेकिन 'ऑपरेशन मकडज़ाल' एक महत्वपूर्ण पुष्टि करता है कि वायु-शक्ति का भविष्य मानवरहित, एआई संचालित और लंबी दूरी का होगा।

# अब यह तस्वीर बदलनी चाहिए

**विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस**


संजीव ठाकुर

यह भी बड़ी विडंबना है कि लोगों को अपने अधिकारों के बारे में पूरी तरह से ज्ञान और जानकारी है वे अधिकारों के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं कौन सी सरकारी योजना से कितना लाभ है यह पढ़े लिखे से अनपढ़ व्यक्ति तक को मालूम रहता है पर इसके ठीक उलट यदि आप उत्तरदायित्व या जिम्मेदारी की बात करेंगे तो स्पष्ट तौर पर लोग कहते पाए जातें हैं कि इसकी तो हमें जानकारी ही नहीं है। हमारी जिम्मेदारियों को बताने के लिए शासन, प्रशासन को करोडों,अरबो रुपए विज्ञापन में खर्च करने पड़ जाते हैं इसके बाद भी लोग अपनी जिम्मेदारियां से पीछे हटते नजर आते हैंद्य और खाद्य सुरक्षा कैसे संवेदनशील मामले में जनता अपनी ज्ञान शून्यता के बारे में जोर शोर से डंका बजाती है। खैर 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस 2018 के रूप में संयुक्त राष्ट संघ महासभा ने औपचारिक रूप से मनाने की घोषणा की है। औपचारिक तौर पर प्रथम स्मरणउत्सव के रूप में 7 जून 2019 में जोर शोर से आयोजित किया गया था। इस दिवस का मनाने का उद्देश्य भी बड़ा व्यापक रहा है दूषित भोजन से जुड़े खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना खाद्य पदार्थ से उत्पन्न बैक्टीरिया तथा उससे बचाव की जानकारी देने हेतु आयोजित किया गया था। औपचारिक तौर पर खाद्य सुरक्षा दिवस 7 जून 2025 की थीम खाद्य सुरक्षा विज्ञान की क्रियाशीलता विषय पर रखी गई है और यह थीम इस बात पर जोर डालती है की विज्ञान और टेक्नोलॉजी और फूड प्रोसेसिंग की इकाइयों द्वारा किस तरह खाद्य से उत्पन्न संक्रमण तथा रोगों से बचाव किया जा सकता है और यह इस बात में भी प्रकाश डालते हैं कि नवाचार और शोध में जोखिम की पहचान कर हमारे समाज में व्याप्त भोजन पदार्थ की तमाम स्वास्थ्य विरोधी कुसंगतियों से कैसे बचा जाए इस पर वैज्ञानिक आविष्कारों का किस तरह उपयोग किया जाए। यह अत्यंत महत्वपूर्ण तथा सारगर्भिततत विषय है। यह तो सर्व विदित कि भोजन एक शारीरिक दैनिक आवश्यकता है इसे विलासिता से कतई ना जोड़ा जाए, भोजन आदिकाल से मनुष्य के उद्धव के साथ-साथ एक शारीरिक आवश्यकता तथा नितांत जरूरी प्रक्रिया है। खाद्य सुरक्षा दिवस एक अनुस्मारक की तरह कार्य करता है और यह भी याद दिलाता है की आर्थिक उन्नति और अच्छा स्वास्थ्य सभी अच्छे स्वास्थ्यवर्धक भोजन पर अवलंबित होते हैं सुरक्षित स्वस्थ भोजन से व्यक्ति समाज और राष्ट को लाभ प्राप्त होता है व्यक्ति यदि बलवान होता स्वस्थ होगा तो समाज तथा देश शक्तिशाली होकर अच्छी विचारधारा को लेकर अग्रेषित होगा और देश का विकास ही वैश्विक स्तर पर पूरे विश्व का विस्तार हैद्य खाद्य पदार्थो के प्रदूषण से कैसे बचा जाए उसे कैसे नियंत्रित किया जाए एवं यदि संक्रमण हो तो क्या-क्या संभव उपाय किए जाएं इस बात पर विश्व खाद्य दिवस चिंता करने हेतु आयोजन करता हैं। उल्लेखनीय है कि हर साल लाखों लोग दूषित भोजन के कारण संक्रमित होते हैं बीमार पड़ते हैं और खाद्य सुरक्षा की अवहेलना के कारण सार्वजनिक रूप से स्वास्थ्यगत खतरे बहुत बढ़ जाते हैं, इससे बड़ी-बड़ी संक्रामक बीमारियां हो जाती हैं और महामारी का खतरा भी बढ़ जाता है। वैसे यह सदैव सलाह दी जाती रही की सुरक्षित शुद्ध और पवित्र भोजन करने से जीवन में अनेक बीमारियों व्याधियों से बचा जा सकता है एवं स्वस्थ रहकर स्वस्थ भविष्य की परिकल्पना की जा सकती हैद्य खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए निर्मित निजी क्षेत्र नागरिक समाज संयुक्त राष्ट्र संगठन का यह दायित्व बन जाता है कि वह आम नागरिकों की सुरक्षा का पूरा-पूरा ख्याल रखें एवं स्त्री, पुरुष तथा बच्चों को संक्रमित खाद्य पदार्थ खाने से रोकने का प्रयास करें। हम जीवन में जिस भोजन का उत्पादन,भंडारण प्रबंधन और उपयोग दिन प्रतिदिन की प्रक्रिया में किया जाता है उसमें शुद्धता तथा स्वास्थ्यगत पदार्थ की आवश्यक मात्राएं भी शामिल होनी चाहिए जिस व्यक्ति समाज एवं देश के नागरिक स्वस्थ रहें सुरक्षित रहें एवं बीमारियों से अपना बचाव कर सकेद्य स्वच्छ जल पौष्टिक भोजन की उपलब्धता हमारे सामाजिक संगठनों तमाम होटल रेस्टोरेंट एवं खाद्य सुरक्षा प्रबंधन की जिम्मेदारी होती है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**नई दिल्ली में आयोजित 'नो मनी फॉर टेरर' सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने अपने संबोधन में यह स्पष्ट कर दिया कि भारत आतंकवाद के किसी भी स्वरूप को सहन नहीं करेगा। उन्होंने कहा, हम एक अकेले हमले को भी कई हमलों के समान मानते हैं। एक जनहानि भी अनेक जनहानियों के बराबर है। जब तक आतंकवाद का समूल नाश नहीं हो जाता, भारत शांत नहीं बैठेगा। इस वक्तव्य के माध्यम से भारत की नीति की गंभीरता और दृढ़ता एक बार फिर सामने आई है।**

# आतंकवाद : मानवता के खिलाफ सबसे बड़ा खतरा


राजनाथ सिंह

आज आतंकवाद पूरी दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती बनकर खड़ा है। यह मानवता, शांति, सह-अस्तित्व, विकास और लोकतंत्र जैसे मूल्यों का शत्रु है। आतंकवाद एक ऐसी कट्टर सोच का परिणाम है जो सिर्फ़ विनाश, भय और नफरत को जन्म देती है। यह न तो कोई समाधान है, न ही किसी बदलाव का माध्यम बन सकता है। इतिहास इस बात का साक्षी है कि आतंकवाद ने कभी कोई स्थायी या सार्थक परिणाम नहीं दिया है। आतंकवाद सस्ती लोकप्रियता प्राप्त करने के लिए विध्वंसक आडम्बर मात्र है। यह सोचना भी एक भ्रम है कि कोई आतंकवादी किसी का स्वतंत्रता सेनानी हो सकता है। कोई भी धार्मिक, वैचारिक या राजनीतिक कारण आतंकवाद को जायज़ नहीं ठहरा सकता। आतंकवाद की कोख से क्रांति नहीं, बल्कि सिर्फ़ घृणा, बर्बादी और हताशा जन्म लेते हैं। एक सच्चा और मानवीय उद्देश्य कभी भी खून-खराबे और हिंसा के बल पर हासिल नहीं किया जा सकता। हमारे सामने जितनी भी प्राकृतिक आपदाएं और महामारियाँ आई, वे समय के साथ समाप्त हो गई। लेकिन आतंकवाद एक ऐसी महामारी है जो अपने आप खत्म नहीं होगी। इसके खात्मे के लिए ठोस और सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। जब तक इसका अस्तित्व रहेगा, यह समाज, विकास और संसाधनों को नुकसान पहुंचाता रहेगा। भारत ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में पूरी दुनिया के सामने मिसाल पेश की है।

पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद का भारत दशकों से शिकार रहा है। हाल ही में पहलगाम में जो हमला हुआ, उसमें बेगुनाह पर्यटकों को केवल उनके धर्म के आधार पर मारा गया। यह क्रूरता और बर्बरता की पराकाष्ठा थी। इस हमले का मकसद भारत की एकता को तोड़ना और देश में डर फैलाना था, लेकिन ऐसी कोशिशें हमेशा असफल ही साबित होती हैं। यह सच है कि कोई भी मज़हब निर्दोषों की हत्या को उचित नहीं ठहरा सकता। आतंकवादी केवल धर्म का नाम लेकर अपने कुकर्मों को वैधता देने की कोशिश करते हैं। अब हमारी नीति है कि आतंकवादी जहाँ भी हैं हम उन्हें समाप्त करने से नहीं हिचकेंगे। साथ ही आतंकवाद को प्रायोजित करने वाली सरकार और आतंकवाद के मास्टरमाइंड के बीच अंतर किए बिना मुंहतोड़ जवाब देंगे।

भारत अब पहले की तरह केवल प्रतिक्रिया करने वाला देश नहीं रहा। हमारी नीति में मौलिक परिवर्तन आया है। अब हम आतंकवाद के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' नीति पर चलते हैं। 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक, 2019 की बालाकोट एयर स्ट्राइक और 2025 का ऑपरेशन सिंदूर–ये सभी कदम इस नई नीति का प्रमाण हैं। भारत ने यह साफ कर दिया है कि वह आतंकवादी जहां भी होंगे, उन्हें खत्म करने से पीछे नहीं हटेगा।



अब हम यह भेद भी नहीं करते कि आतंकवादी राज्य प्रायोजित हैं या किसी संगठन से जुड़े हैं। जो देश आतंकवाद को समर्थन देते हैं, उन्हें भी अब सीधा जवाब दिया जा रहा है।

नई दिल्ली में आयोजित 'नो मनी फॉर टेरर' सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने अपने संबोधन में यह स्पष्ट कर दिया कि भारत आतंकवाद के किसी भी स्वरूप को सहन नहीं करेगा। उन्होंने कहा, हम एक अकेले हमले को भी कई हमलों के समान मानते हैं। एक जनहानि भी अनेक जनहानियों के बराबर है। जब तक आतंकवाद का समूल नाश नहीं हो जाता, भारत शांत नहीं बैठेगा। इस वक्तव्य के माध्यम से भारत की नीति की गंभीरता और दृढ़ता एक बार फिर सामने आई है। ऑपरेशन सिंदूर द्वारा भारत ने न केवल आतंकवादियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की, बल्कि यह भी दिखा दिया कि भारतीय सशस्त्र बल और सरकार आतंकवाद के सम्पूर्ण उन्मूलन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। हालाँकि, आतंकवादियों का सफाया और उनके शिविरों को नष्ट करना एक आवश्यक कदम है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। आतंकवाद को समाप्त करने के लिए उस पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करना होगा, जो इन्हें आर्थिक, वैचारिक और राजनीतिक समर्थन प्रदान करता है। जब तक उस संरचना को जड़ से नहीं उखाड़ा जाएगा, तब तक यह समस्या लौट-लौट कर सामने आती रहेगी। भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उन राष्ट्रों का भी खुलासा किया है जो आतंकवाद को रणनीतिक उपकरण की तरह इस्तेमाल करते हैं। पाकिस्तान इसका सबसे प्रमुख उदाहरण है। भारत ने सिंधु जल संधि को स्थगित कर यह स्पष्ट संदेश दिया है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद को प्रायोजित करता रहेगा, तब तक उसे आर्थिक या कूटनीतिक लाभ नहीं मिलेगा। यह निर्णय पाकिस्तान को आर्थिक रूप से भी आघात पहुंचाने वाला है, क्योंकि सिंधु नदी प्रणाली उसकी अर्थव्यवस्था में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

आतंकवाद किसी एक देश की समस्या नहीं, बल्कि एक अंतरराष्ट्रीय संकट है। वैश्विक आतंकवाद सूचकांक के अनुसार, हाल के वर्षों में आतंकवादी घटनाओं से प्रभावित देशों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। यह एक ऐसा वायरस है जो न सीमाओं की परवाह करता है और न ही धर्म, भाषा या संस्कृति की। यह पूरे विश्व की शांति और स्थिरता के लिए गंभीर खतरा है। ऐसे में, समय की मांग है कि वैश्विक समुदाय सभी प्रकार के मतभेदों और राजनीतिक स्वार्थों को एक ओर रख कर आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट होकर कार्य करे। कोई भी रणनीतिक गठबंधन या राजनीतिक झुकाव इस वैश्विक लड़ाई की दिशा और प्रभाव को कमज़ोर नहीं करना चाहिए। इस लड़ाई में पहला और सबसे बुनियादी कदम आतंकवाद की एक सर्वस्वीकृत और व्यावहारिक परिभाषा तय करना होगा। भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ के समक्ष 'अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक सम्मेलन' के माध्यम से इस दिशा में प्रयास किया है, किंतु अब तक कोई सर्वसम्मति नहीं बन पाई है। इस स्पष्ट परिभाषा के अभाव में आतंकवादी हमलों की जांच, कानूनी कार्रवाई और अभियुक्तों के प्रत्यर्पण जैसी प्रक्रियाएं बाधित होती हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि वैश्विक समुदाय शीघ्र एक स्पष्ट परिभाषा तय करे ताकि आतंकवाद के विरुद्ध कार्रवाई प्रभावी और न्यायपूर्ण हो सके। दूसरा, केवल आतंकी संगठनों को निशाना बनाना पर्याप्त नहीं है। उन देशों की आर्थिक व्यवस्था को भी प्रभावित करना होगा जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से आतंकवाद को प्रायोजित करते हैं। पाकिस्तान इसका स्पष्ट उदाहरण है। अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों को यह समझना होगा कि पाकिस्तान को दिए जाने वाले बेलआउट पैकेज और ऋण किस प्रकार सीमापार आतंकवाद के पोषण में खर्च होते हैं। भारत ने आईएमएफ में दिए गए बयान में यह उजागर किया है कि आतंकवाद को समर्थन देने वाले देश को बार-बार आर्थिक सहायता देना न केवल गलत संदेश देता है, बल्कि वैश्विक मूल्यों की अवहेलना भी करता है।

# बेंगलुरु में व्यवस्थाओं के अमानवीय चेहरे का बेनकाब होना

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 18वें संस्करण में आईपीएल खिताब जीत लिया। इस कामयाबी से आईपीएल से विदाई ले रहे विराट कोहली के प्रति जन-उत्साह उमड़ा। लेकिन इस जीत के जश्न की चमक में प्रशंसकों की चीखें एवं आहें का होना और उसे खिलाडियों एवं राजनेताओं द्वारा नजरअंदाज करना, अमानवीयता की चरम पराकाष्ठा है। दुर्घटना होने एवं आम लोगों की मौतें हो जाने के बावजूद जश्न जारी रहना, दुखद एवं शर्मनाक है।**


ललित गर्ग

बढ़ते तापमान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की शानदार जीत के बाद आयोज्य जश्न के मातम, हाहाकार एवं दर्दनाक मंजर ने राज्य की सुरक्षा व्यवस्था की पोल ही नहीं खोली बल्कि सत्ता एवं खेल व्यवस्थाओं के अमानवीय चेहरे को भी बेनकाब किया है। आरसीबी विक्ट्री परेड के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास अचानक मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई जबकि 50 गंभीर रूप से घायल हुए हैं। भगदड़ में लोगों की जो दुखद मृत्यु हुई, यह राज्य प्रायोजित एवं प्रोत्साहित हत्या है। पुलिस का बंदोबस्त कहां था? चीख, पुकार और दर्द और क्रिकेट सितारों को देखने की दीवानगी एक ऐसा दर्दनाक एवं खौफनाक वाकया है जो सुदीर्घ काल तक पीड़ित और परेशान करेगा। प्रशासन की लापरवाही, अत्यधिक भीड़, निकासी मार्गों की कमी और अव्यवस्थित प्रबंधन ने इस त्रासदी को जन्म दिया। यह घटना कोई अपवाद नहीं है, बल्कि हाल के वर्षों में दुनिया भर में सामने आई ऐसी घटनाओं की कड़ी का नया खौफनाक मामला है, जहाँ भीड़ नियंत्रण में चूक एवं प्रशासन एवं सत्ता का जनता के प्रति उदासीनता का गंभीर परिणाम एवं त्रासदी का ज्वलंत उदाहरण है।

क्रिकेट की दुनिया के सबसे बड़े वार्षिक उत्सव इंडियन प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 18वें संस्करण में आईपीएल खिताब जीत लिया। इस कामयाबी से आईपीएल से विदाई ले रहे विराट कोहली के प्रति जन-उत्साह उमड़ा। लेकिन इस जीत के जश्न की चमक में प्रशंसकों की चीखें एवं आहें का होना और उसे खिलाडियों एवं राजनेताओं द्वारा नजरअंदाज करना, अमानवीयता की चरम पराकाष्ठा है। दुर्घटना होने एवं आम लोगों की मौतें हो जाने के बावजूद जश्न जारी रहना, दुखद एवं शर्मनाक है। प्रशंसकों की अहमियत को कमतर आंकने के इस दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम ने न केवल राजनेताओं को बल्कि खिलाड़ियों को भी दागी किया है। घटना ने एक बार फिर हमारे अवैज्ञानिक व लाठी भांजने वाले भीड़ प्रबंधन की ही पोल खोली है। इस जीत के जश्न में हिस्सा लेने आई भीड़ का एक लाख तक होने का अनुमान था। लेकिन लंबे अंतराल के बाद मिली जीत ने लोगों के उत्साह को इस स्तर तक पहुंचा दिया कि स्टेडियम के आसपास तीन लाख से अधिक लोगों की भीड़ जमा हो गई। खुद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का मौत की खबरें मिलने के बावजूद खिलाडियों के साथ जश्न मनाने में जुटा रहना उनकी प्रचार भूख का भौंडा उदाहरण है। जब मौत के बाद वहां पसरा मातम देखकर सब स्तब्ध थे तो सिद्धारमैया क्यों अपने पद की गरिमा एवं जिम्मेदारी को धूमिल कर रहे थे? सोचिए लोगों की मौत के बाद अगर एक मिनट भी जश्न मना, तालियां बजीं, ठहाके लगे, फ्लाइंग किस दिए गए तो इससे ज्यादा अमानवीयता और निर्दयता क्या हो सकती है? जब खुद सरकार एक जश्न का मातम में बदलने का नेतृत्व करेगी तो आम लोगों का कांप उठना स्वाभाविक है।



बहरहाल, आईपीएल का आयोजन लगातार नई ऊंचाइयों को छूता हुआ व्यावसायिक क्रिकेट को नई ऊंचाइयां देने में जरूर सफल रहा है। फटाफट क्रिकेट के दुनिया के सबसे बड़े उत्सव में भारत के दो सर्वकालिक महान खिलाड़ियों विराट कोहली व एमएस धोनी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी थी। अंततः विराट कोहली का आईपीएल खिताब जीतने का लंबा इंतजार इस जीत के साथ खत्म हुआ। लेकिन धोनी पांच बार की विजेता चेन्नई सुपरकिंग को जीत का खिताब दिलाने से चूक गए। एक तरह से आईपीएल क्रिकेट से कोहली की यह शानदार विदाई साबित हुई। वे इस गरिमामय विदाई के हकदार भी थे। उनके करोड़ों प्रशंसकों की कतारे देख कर राजनेता भी उनकी साथ मंच सांझा करने को उत्सुक दिखे, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, अन्य मंत्री एवं प्रशासनिक अधिकारी भी इसी फिराक में अपनी जिम्मेदारियों को भूल जश्न मनाते रहे और आमजनता अव्यवस्थाओं के कारण मौत में समाती रही। यह ऐसी दुखद घटना है जो अपनी निर्दयता एवं क्रूरता के लिये लम्बे समय तक कौंधती रहेगी। सिद्धारमैया के इस घटना की तुलना प्रयागराज कुंभ में हुए हादसे के करना उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शा रही है।

भारत में भीड़ से जुड़े हादसे अनेक आम लोगों के जीवन का ग्रास बनते रहे हैं। धार्मिक आयोजनों हो या खेल प्रतियोगिता, राजनीतिक रैली हो या सांस्कृतिक उत्सव लाखों लोगों को आकर्षित करते हैं, जहाँ भीड़ प्रबंधन की मामूली चूक भयावह त्रासदी में बदलते हुए देखी जाती रही है। उदाहरण के लिये, वर्ष 2022 में दक्षिण कोरिया के इटावन हैलोवीन समारोह में अत्यधिक भीड़ के कारण 150 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। इसी तरह, वर्ष 2015 में मक्का में हज के दौरान मची भगदड़ में सैकड़ों लोगों की मौत हो गई थी। वर्ष 2013 में मध्य प्रदेश के रत्नागढ़ मंदिर में ढाँचागत कमियों से प्रेरित भगदड़ के कारण 115 लोगों की मौत हो गई थी। हालही में महाकुंभ के दौरान नई दिल्ली रेल्वे स्टेशन एवं प्रयागराज में हुए हादसे में भी अनेकों लोगों की जान गयी। आग, भूकंप, या आतंकी हमलों जैसी आपातकालीन स्थितियाँ में भी भीड़ प्रबंधन की पौल खुलती रही है। आखिर दुनिया के सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश में हम भीड़ प्रबंधन को लेकर इतने उदासीन क्यों है? बड़े आयोजनों-भीड़ के आयोजनों में भीड़ बाधाओं को दूर करने के लिए, भीड़ प्रबंधन के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार, सुरक्षाकर्मियों को पर्याप्त प्रशिक्षण प्रदान करना, जन जागरूकता बढ़ाना और आधुनिक तकनीकों का उपयोग करना अब नितान्त आवश्यक है।

रेलवे स्टेशन, मंदिर और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भीड़ को संभालने के लिए पर्याप्त जगह और रास्ते नहीं हैं। कुछ स्थानों पर निकास मार्ग सीमित हैं या अनुपयुक्त हैं, जो भगदड़ का खतरा बढ़ाते हैं। भीड़ प्रबंधन के लिए पर्याप्त प्रशिक्षित एवं दक्ष सुरक्षाकर्मी नहीं हैं, जिससे सुरक्षा चूक होने की संभावना बढ़ जाती है। भीड़ प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीकों, जैसे कि एआई आधारित निगरानी और ड्रोन कैमरे का उपयोग सीमित है। लोगों को आपातकालीन निकास मार्गों, भीड़ नियंत्रण नियमों, और सुरक्षा उपायों के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं है। गलत सूचना या अचानक दहशत से भीड़ अनियंत्रित हो सकती है और भगदड़ मच सकती है। भीड़ का व्यवहार कई बार अनियंत्रित हो जाता है, खासकर धार्मिक, खेल एवं सिनेमा आयोजनों में, जहां लोग भावनाओं में बहकर आगे निकलने की होड़ में लग जाते हैं। कई बार आयोजनकर्ताओं और पुलिस के बीच समन्वय की कमी होती है, जिससे सुरक्षा चूक हो सकती है। भीड़ प्रबंधन केवल विधि-व्यवस्था बनाए रखने का विषय नहीं है, बल्कि यह मानव जीवन की सुरक्षा, सार्वजनिक स्थानों की संरचना और आपातकालीन स्थितियों से निपटने की रणनीतियों से गहनता से संबद्ध है। दुर्भाग्यवश, कई बार आयोजकों और प्रशासनिक एजेंसियों द्वारा पर्याप्त सुरक्षा उपाय नहीं किये जाते, जिससे जानमाल की हानि होती है।

# बकरीद : त्याग, श्रद्धा और इंसानियत का संदेश

**हर इंसान के अंदर अंधकार है, उसके पार जाने की जिजीविशा ही उसमे भक्ति भाव पैदा करती है। मौजूदा समय को अंधेरी गलियों मे रास्तों की तलाश है। परम्परागत त्यौहारों की मूलभावना और मन की शुचिता हमें रास्ता दिखा सकती है। लेकिन हमें इन उत्सवों के वास्तविक अर्थ को समझना और अपनाना होगा। घिसी पिटी बातों को पीछे छोड़ कर इन के संदेशों से भी आगे सोचना होगा। यह बात स्पष्ट है कि किसी अच्छे समाज के निर्माण में बलिदान और समर्पण की भावना का विशेष योगदान होता है।**


शाहिद नकवी

दुनियां के वजूद मे आने के साथ ही ईश्वर ने मानव को समाज मे रहने के लिए त्याग, सर्मण और बलिदान के लिए प्रेरित किया। इसी लिए बलिदान हर मज़हब मे ईश्वर को पाने का प्रबल हथियार बन गया। यही बलिदान हमारे अंदर देश प्रेम, समाज प्रेम, इंसानियत और वतन परस्ती का जज्बा पैदा करता है।सच बलिदान ही हमें देश विरोधी ताकतों से लड़ने की प्रेरणा देता है। सामाजिक रीतिरिवाज, उत्सव और त्योहार इंसानों के भक्ति भाव को परखने का ज़रिया भी बने। दुनिया में कोई भी कौम ऐसी नहीं है जो कोई एक खास दिन त्योहार के रूप में न मनाती हो। इन त्योहारों में एक तो धार्मिक आस्था विशेष रूप से देखने को मिलती है और अन्य सम्प्रदायों व तबकों के लोगों को उसे समझने और जानने का अवसर मिलता है। इसी तरह मुसलमानो के लिए ईद उल अज़्हा त्याग और बलिदान का पर्व है, जिसे भारत और दूसरे पड़ोसी देशों मे लोकभाषा मे बकरीद कहा जाता है।बकरीद, जिसे ईद-उल-अज़्हा के रूप में भी जाना जाता है, इस्लाम में दो प्रमुख त्योहारों में से एक है, दूसरा ईद-उल-फितर है। यह त्योहार इस्लामी चंद्र कैलेंडर के अंतिम महीने, जिल-हिज्जा की 10वीं तारीख को मनाया जाता है और पैगंबर इब्राहिम (अब्राहम) की वह कहानी याद करता है, जब उन्होंने अल्लाह की आज्ञा मानते हुए अपने बेटे, इस्माइल को कुर्बान करने की इच्छा दिखाई हालांकि, अल्लाह ने उनकी परीक्षा लेने के बाद एक भेड़ प्रदान की,जिसे कुर्बान किया गया। यहां ईश्वर ने हज़रत इब्राहीम की अपने प्रति मोहब्बत की परीक्षा लेकर, दुम्बा भेजा जो दो बड़े संदेशों की तरफ इशारा करते हैं। एक तो अगर इस्माइल पर छूरी चल जाती तो फिर रहती दुनियां में कुर्बानी के नाम पर इंसानों के खून की परम्परा पड़ जाती। दूसरे कर्बला में पैगम्बर मुहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन की अल्लाह की राह में दी गई अजीम कुर्बानी लोगों को समझ में नहीं आती। अन्याय के खिलाफ आवाज दब जाती, कानून के शासन को चुनौती मिलती, इंसानियत, भाईचारा, परिवारिक रिश्तों की अहमियत और ईश्वर के प्रति इंसान की जवाबदेही, गरीबों और मजलूमों के साथ खड़े होने की समझ, देश और समाज के प्रति वफादारी, जिम्मेदारी और त्याग की भावनाएं हिलोरें नही मारती। इसी लिए ये यह त्योहार विश्वास, समर्पण और सामुदायिक एकता के मूल्यों पर जोर देता है, जो समाज में शांति और सामंजस्य को बढ़ावा दे सकते हैं। प्रथम दृष्टि मे तो ये एक जानवर की बलि देने की पुरातन परम्परा जैसा दिखता है लेकिन वास्तव मे इसकी मूल भावना कुर्बानी है। यह कुर्बानी इस संकल्प का प्रतीक है कि यदि ज़रूरत पड़ी तो ईश्वर की राह, देश और समाज के लिए हम अपनी सबसे



प्रिय चीज़ त्याग कर देगें। ज़ाहिर है कि जब ईश्वर के प्रति बलिदान का भाव पैदा हो जायेगा तो फिर देश, समाज और परिवार के प्रति भी बलिदान का जज़्बा पैदा हो जायेगा। इसी लिए हज़ारों साल से दुनिया भर के मुसलमान इस्लामी कैलेंडर के आखरी महीने जिलहिज की 10 तारीख को यानी ईद उल अज़्हा के दिन अपनी हैसियत के मुताबिक कुर्बानी करते हैं। दरअसल हर इंसान के अंदर अंधकार है, उसके पार जाने की जिजीविशा ही उसमे भक्ति भाव पैदा करती है ।मौजूदा समय को अंधेरी गलियों मे रास्तों की तलाश है। परम्परागत त्यौहारों की मूलभावना और मन की शुचिता हमें रास्ता दिखा सकती है। लेकिन हमें इन उत्सवों के वास्तविक अर्थ को समझना और अपनाना होगा। घिसी पिटी बातों को पीछे छोड़ कर इन के संदेशों से भी आगे सोचना होगा। यह बात स्पष्ट है कि किसी अच्छे समाज के निर्माण में बलिदान और समर्पण की भावना का विशेष योगदान होता है। इससे समाज में एकता व भाईचारे का प्रचार-प्रसार होता है और वह समाज प्रगति करता है। ईद उल अज़्हा उस महान कुर्बानी की याद दिलाता है जिसे हज़ारों साल पूर्व मुसलमानो, ईसाईयों और यहूदियों के पैगम्बर हज़रत इब्राहीम अस.ने अल्लाह की राह मे पेश की थी और इंसानों को ये संदेश दिया था कि उन्हें सच्चाई और मानवता की राह मे कुर्बान होने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। कहने की आवश्यकता नहीं कि जब इन्सान का हृदय पवित्र हो जाएगा और अल्लाह के लिए उसका पूर्ण समर्पण होगा तो इसका प्रभाव उसके पूरे जीवन और समाज पर भी पड़ेगा।वह हर बुरे काम से और मानवता के विरुद्ध कोई भी काम करने से बचेगा। ईश्वर को खुश रखने के लिए लोगों के साथ में भलाई करेगा। दयावान बनेगा और इस तरह एक सभ्य और आध्यात्मिकता से पूर्ण समाज के निर्माण में सहायक सिद्ध होगा। दरअसल बकरीद का मूल संदेश त्याग, समर्पण,एकता और मानवता की सेवा से जुड़ा है, जो आतंकवाद जैसे सामाजिक और वैश्विक संकट से उबरने में प्रेरणा प्रदान कर सकता है। बकरीद का त्योहार हजरत इब्राहिम के समर्पण और अल्लाह के प्रति विश्वास की कहानी को दर्शाता है,जो शांति और नैतिकता पर आधारित है। यह समाज को हिंसा और घृणा के बजाय प्रेम, एकता और भाईचारे की ओर प्रेरित करता है, जो आतंकवाद के खिलाफ एक मजबूत वैचारिक हथियार हो सकता है। कुर्बानी का मांस गरीबों और जरूरतमंदों के साथ बांटने की परंपरा सामाजिक समावेश और सहानुभूति को बढ़ावा देती है। आतंकवाद अक्सर सामाजिक असमानता और अलगाव से उपजता है। बकरीद का यह पहलू समाज में समानता और करुणा को बढ़ाकर आतंकवाद के मूल कारणों को कम करने में मदद कर सकता है।बकरीद लोगों को आत्म-मंथन और नैतिक जीवन जीने की प्रेरणा देता है। यह व्यक्तियों को हिंसा, घृणा और अन्याय के खिलाफ खड़े होने और सही मार्ग पर चलने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह आतंकवाद जैसे गलत रास्तों को छोड़ने की प्रेरणा दे सकता है।बकरीद के दौरान सामूहिक नमाज और उत्सव समुदाय को एकजुट करते हैं। यह सामाजिक एकता आतंकवाद के खिलाफ एक मजबूत ढाल बन सकती है, क्योंकि आतंकवाद अक्सर सामुदायिक विभाजन का फायदा उठाता है। एकजुट समाज आतंकवाद के प्रभाव को कम करने में सक्षम होता है।बकरीद का संदेश मानवता की सेवा और दूसरों के प्रति दया पर जोर देता है। यह लोगों को हिंसक विचारधाराओं से दूर रहने और समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित करता है, जो आतंकवाद के खिलाफ एक वैचारिक और नैतिक जवाब है। बकरीद का त्योहार शांति, एकता, करुणा और नैतिकता के मूल्यों के माध्यम से आतंकवाद से लड़ने की प्रेरणा देता है।यह समाज को एकजुट करता है।

# ईंटों की ट्रॉली में जा घुसी कार दो लोगों की गई जान

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** नौहझील थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह यमुना एक्सप्रेस-वे पर एक हादसा हो गया, जिसमें कार सवार दो युवकों की मौत हो गई। दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची इलाका पुलिस ने घायलों को सीएचसी भिजवाया है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े 6 बजे यमुना एक्सप्रेस-वे के माइल स्टोन 65 पर आगरा से नोएडा की ओर ईंटों से भरी ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से ओरा कार टकरा गई, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार चार लोगों में से दो युवकों चालक मोनू पुत्र वीरेंद्र निवासीऔर दीपक गोयल पुत्र सुभाष गोयल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं रामू पुत्र सतीराम निवासी रसुलपुर थाना हसनगंज उन्नाव और गोलू पुत्र राधेश्याम निवासी दिल्ली गंभीर रूप से घायल हो गये।

सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी सोनू सिंह ने घायलों को सीएचसी भिजवाया और मृतकों के परिजनों को सूचना दी। वाहनों को एक्सप्रेस-वे से हटाकर यातायात सुचारू कराया गया। एसपी देहात सुरेश चंद रावत ने बताया कि हादसे में दो युवकों की मौत हुई है। दो गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को सीएचसी भिजवाया है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों को सूचना दे दी गई है।

### सीएमओ की कार से टकराई बाइक

**बरेली।** बरेली में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के फ्लीट में चल रही सीएमओ की कार के सामने अचानक बाइक आ गई। करगैना चौकी के ठीक सामने हुए हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। इनमें से एक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत गंभीर बताई गई है। शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक शहर में जिला अस्पताल का निरीक्षण करने आए थे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत केएम में किया वृक्षारोपण

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय परिसर में आज विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर कुलाधिपति किशन चौधरी ने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कुलाधिपति किशन चौधरी ने केएम मेडीकल छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा पर्यावरण संतुलन के लिए आवश्यक है कि हम सब अधिक से अधिक संख्या में वृक्षों का रोपण करें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गुरुवार को केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी ने कैम्पस में वृक्षारोपण किया। इसके बाद विवि के कुलपति डा. एनसी प्रजापति, प्रति कुलपति डा. शरद अग्रवाल, कुलसचिव डा. पूरन सिंह, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे, अस्पताल के मेडीकल सुप्रीटेंट डा. अभय सूद, एएमएस डा. आरपी गुप्ता, ट्रांसपोर्ट इंचार्ज दीपक, प्रताप राणा (पप्पू प्रधान) मेडिकल कॉलेज के सभी विभागाध्यक्ष, महाविद्यालय, अस्पताल के अधिकारी कर्मचारी सहित छात्र छात्रा ने मिलकर वृक्षारोपण किया। विवि के कुलाधिपति की उपस्थिति में सभी ने अपने द्वारा लगाए हुए पौधे का संरक्षण करते हुए उसे जीवित रखने हेतु संकल्प भी लिया गया।

# पेयजल आपूर्ति की मांग को लेकर दूसरे दिन भी जारी रहा धरना प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



■ नागरिक विकास मोर्चा ने जल संस्थान पर लगाए मनमानी के आरोप

**ललितपुर।** शहर में चल रही पेयजल किल्लत की समस्या का निस्तारण कराने की मांग को लेकर नागरिक विकास मोर्चा के तत्वावधान में स्थानीय घंटाघर के सामने नगर पालिका परिषद के मैदान में दूसरे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा। इस दौरान संयोजक हरीबाबू शर्मा व पार्षद एड. मनमोहन चौबे ने संयुक्त रूप से बताया कि शहर में बीते चार महीनों में भयंकर पेयजल संकट बना हुआ है। पेयजल किल्लत के लिए सीधे तौर पर जल संस्थान के अधिकारी एवं कर्मचारी जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि उप जिलाधिकारी की निगरानी में एक कमेटी बनाई जाए, जिसमें ऐई विधुत एवं जल संस्थान शामिल किए जाएं, जो मौके पर जाकर समस्या का समाधान कराएं। वहीं उन्होंने कहा कि जल संस्थान के अधिशासी अभियंता शिवराज वर्मा का विद्युत आपूर्ति नहीं होने का बहाना बनाया जाता है। कहीं कहते हैं कि मोटर व फिल्टर खराब हो गये हैं। जिसके चलते टंकियां भर नहीं पा रहीं हैं। शहरवासी जल संस्थान की कार्यशैली से त्रस्त हो चुकी है। उन्होंने आगे कहा कि विधुत विभाग की ओर से जल संस्थान को अलग से फीडर दिया जाए, ताकि निर्बाध रूप में टंकियों में पानी पहुंचे और घरों तक पर्याप्त पानी लोगों को मिल सके। तो वहीं उन्होंने कहा कि टंकियों में पानी तो रहता है, पर वहां तैनात कर्मचारी कम समय के लिए सप्लाई देता है। जिसके चलते पेयजल संकट बरकरार है। उन्होंने ऐसे लापरवाह कर्मचारी को पद से हटाए जाने की मांग की है। इसके अतिरिक्त बताया कि शहर में इतना बड़ा बांध है, फिर भी पानी की किल्लत होना, कहीं न कहीं अधिकारियों की मिस मेनेजमेंट को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जब तक पेयजलापूर्ति सही ढंग से सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान सचिदानंद गोलवानी, हरपाल चंदेल, अमित दीक्षित, नरेंद्र सिंह, माधव सिंह, आशीष उपाध्याय, एम.पी.अग्निहोत्री, अहसान अली, संदीप नायक, विनोद कुमार सोनी, प्रमोद कुमार, मनोज पस्तोर, जानकी शरण सोनी, राममूर्ति तिवारी, राकेश श्रीवास्तव, अरविंद जैन, अशोक कुमार स्वर्णकार, अमित पुरोहित, सुदेश नायक, पार्षद जानकी प्रसाद, ओमप्रकाश शिवहरे, रमन सिंह, मगन जैन आदि मौजूद रहे।

# एसपी ने किया साइबर क्राइम थाना, सेल व सीसीटीएनएस कार्यालय का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने साइबर क्राइम थाना, साइबर सेल तथा सीसीटीएनएस कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, साइबर हेल्प हेस्क, सीसीटीएनएस कार्यालय, मालखाना आदि का निरीक्षण कर कार्यालय को स्वच्छ रखने हेतु निर्देशित किया। थाना/साइबर हेल्प डेस्क पर प्राप्त होने वाली शिकायतों को प्रभारी निरीक्षक द्वारा स्वयं सुनकर उनका उचित, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया। साइबर क्राइम थाने में लम्वित विवेचनाओं का गुण-दोष के आधार पर समयबद्ध रुप से विधिक निस्तारण करने व वांछित/वारंटी अभियुक्तो की नियमानुसार गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया। साइबर क्राइम थाना, साइबर सेल तथा सीसीटीएनएस कार्यालय के विभिन्न पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त होने वाली शिकायतों का उचित, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध शत-प्रतिशत निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। साइबर क्राइम थाना/साइबर सेल से सम्बन्धित अभिलेखों को अध्यावधिक करने व उचित रखरखाव हेतु निर्देशित किया। साइबर अपराधों से बचाव हेतु नियमित रुप से अभियान चलाकर शैक्षणिक संस्थानों, वित्तीय संस्थानों, सार्वजनिक स्थानों पर जाकर बच्चों व लोगों को साइबर क्राइम के बारे में जागरूक करने व उसके बचाव हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया।

# डीएम का पर्यावरण प्रेम बना सभी के लिए प्रेरणास्रोत

## कल्यानपुरा की 53 एकड़ पथरीली भूमि पर साकार हो रहा है हरित सपना, साथ में पौष्टिक फल

अवधनामा संवाददाता



■ कल्यानपुरा के पथरीले 53 एकड़ भू-भाग पर ड्रेगन फ्रूट से लेकर फलदार हजारों पौधे हो रहे हैं तैयार

**ललितपुर।** ललितुर जो कि बुन्देलखण्ड के सबसे अधिक सुष्क और पिछड़े क्षेत्रों में गिना जाता है, अब एक उम्मीद की नई कहानी लिख रहा है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की दूरदृष्टि और पर्यावरण के प्रति उनके गहरे प्रेम के परिणामस्वरुप कल्यानपुरा की 53 एकड़ पथरीली एवं अनुपजाऊ मानी जानी वाली भूमि अब हरियाली व फल देने की ओर अग्रसर है। गुरुवार को जिलाधिकारी ने स्वयं इस परियोजना स्थल का दौरा कर वहां लगाये गए हजारों फलदार पौधों का निरीक्षण किया और उनकी वृद्धि दर तथा अनुकूलता पर संतोष व्यक्त किया। यह परियोजना केवल एक वृक्षारोपण कार्यक्रम ही नहीं है, बल्कि एक समग्र हरित क्रान्ति का रुप ले रही है, जिसमें संतरा, कीनू, आंवला, नासपाती, बेर, आम, सीताफल, नीबू, अनार, अमरुद, कटहल, मौसम्मी, सहजन, जामुन, सहतूत व ड्रेगन फल जैसे व्यवसायिक एवं पौष्टिक फलों के पौधे तैयार किये जा रहे हैं। इन पौधों को स्थानीय जनवायु एवं मिट्टी की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए वैज्ञानिक पद्धति से रोपा गया है। डीएम अक्षय त्रिपाठी का यह मानना है कि विकास और पर्यावरण संरक्षण एक-दूसरे के पूरक हो सकते हैं वशर्ते नीतिगत संकल्प के साथ सही दिशा में प्रयास किया जाए। उनका इस पहल का उद्देश्य न केवल पर्यावरण संरक्षण है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना और स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना भी है। विकास खण्ड बिरधा की ग्राम पंचायत कल्यानपुरा में 22 एकड़ में विकसित किये जा रहे मियावाकी वृक्षारोपण कार्य का गुरुवार को जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने निरीक्षण किया और पूरे परिक्षेत्र में भ्रमण कर वृक्षारोपण कार्य का जायजा लिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने गौशाला में वृक्षारोपण कर लोगों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित मीडिया प्रतिनिधियों को अवगत कराया कि आगामी वृक्षारोपण कार्यक्रम के लिए कल्यानपुरा में 22 एकड़ में एक साइट विकसित की गई है, जिसके चारो तरफ बाउण्ड्रीवाल में सघन मियावाकी वृक्षारोपण कराया गया है, इसके अलावा इस साइट पर 18 एकड़ में 18 प्रजातियों के फलदार पौधे लगाये गए हैं, प्रत्येक एकड़ में एक ही प्रजाति के पौधे लगाये गए हैं, इनमें संतरा, कीनू, आंवला, नासपाती, बेर, आम, सीताफल, नीबू, अनार, अमरुद, कटहल, मौसम्मी, सहजन, जामुन, सहतूत व ड्रेगन फल आदि के पौधे हजारों की संख्या में लगाये जा रहे हैं, जिनकी खेती को अपनाकर ग्राम पंचायत के लोग अपनी आय में वृद्धि भी कर सकते हैं। इसके अलावा परिक्षेत्र के फ्रण्ट में 2 एकड़ में मियावाकी वृक्षारोपण पद्धति से स्वास्तिक तैयार किया जाएगा, जो सम्पूर्ण परिक्षेत्र में आकर्षण का केन्द्र होगा।

# कुर्बानी के साथ इन बातो का ख्याल रखें मुसलमान : डॉ शेख

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** वंचितसमाज इंसाफ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब डॉ शेख ने कल बकरा ईद यानि ईद उल अजहा है कुर्बानी के माध्यम से हम सब उस बात की पुष्टि करते है जिसे हम कभी कभी भागदौड भरी जिंदगी में भूल जाते की हम पूरी तरह अल्लाह के प्रति समर्पित हैं और हम उस के करीब होने ओर उस की खुशी के लिए हम से जो भी मागा जाता है उसे त्याग ने के लिए हम सभी तैयार रहते है जैसे पैगम्बर इब्राहिम अलैहिस्सलाम ने अल्लाह के हुक्म की तामील करते हुए अपने लाखते जिगर हजरत इस्माईल अलीहसलम की कुर्बानी दी है अल्लाह ने हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम की आजमाइश ली थी और उस आजमाइश पर हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम खरे उतरे उन का ईमान पक्का था अल्लाह पाक ने खुश हो कर कुर्बानी के वक्त हजरत इस्माईल अलीहसलम की जगह एक दुंबा भेज दिया और हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम की कुर्बानी को कुबूल कर लिया उसी दिन से पूरी दुनिया के मुसलमान इस सुन्नत को अमल में ला रहा हैं हम सब का अल्लाह के एक होने पर ओर हजरत मुहम्मद सल्लालहु अलैहि वसल्लम अल्लाह के आखिरी नबी है ओर नबी की सुन्नतों पर। चलने का नाम ही मुसलमान है डॉ शेख ने कहा मुसलमानों से अपील करता हूं कि कुरबानी देने वाले लोग कोई भी पिक्चर सोशल मीडिया पर न डाले खून को नालियों में न बहाए सारी गंदगी को खड्डा खोद कर दफन करे और कुर्बानी का गोश्त जमा कर के न रखे इस गोश्त पर गरीब लोगो का हक है गरीबों में तक्सीम करे डॉ शेख ने कहा कि में आज उन तमाम हाजियों को मुबारक बाद देता हूं जो पूरी दुनिया से हज के लिए मक्का गए हैं ओर आज वो सब हाजी हो गए हैं अल्लाह पाक उन सब का हज कुबूल फरमाए साथ सभी हिन्दुस्तानियों की ईद उल अजहा की दिली मुबारक बाद देता हूं।

# भाहिप और हिंदु युवा वाहिनी ने धार्मिक अनुष्ठान कर मनाया योगी का जन्मदिन

अवधनामा संवाददाता



■ योगी जी के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना के किया गया रुद्राभिषेक

**ललितपुर।** हिंदु युवा वाहिनी एवं भारतीय हिन्दू परिषद के संयुक्त तत्वाधान में गोविन्द सागर बांध की तलहटी में नदी किनारे स्थित सिद्ध पीठ सीता पाठ पर उतर प्रदेश के यसस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन उत्साह पूर्वक मनाया गया इस अवसर पर भोलेनाथ का रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन का आयोजन किया गया जिसमें सभी संगठन के पदाधिकारियों एवं सनातन धर्म प्रेमियों ने उत्तर प्रदेश के यसस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

गुरुवार को सीता पाठ मंदिर पर हिंदु युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष गोल्डन दुबे एवं भारतीय हिंदू परिषद के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार पाठक की उपस्थिति में मुख्यमंत्री का जन्म दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया । इस अवसर पर पंडित महेंद्र कुमार शास्त्री जी के द्वारा विधि विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ रुद्राभिषेक कराया। रुद्राभिषेक सम्पन्न होने के बाद हवन पूजन कराया गया जिसमें सभी ने योगी जी की दीर्घायु की कामना के साथ हवन में आहुतियां दी। हवन पूजन के बाद प्रसाद किया गया।

धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न होने के बाद जन्मदिन के उपलक्ष्य में मंदिर प्रांगण में फलदार एवं छाया दार पौधे रोपे गए। इस अवसर भंडारे का भी आयोजन किया जिसमें उपस्थित सभी सनातन धर्म प्रेमियों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर भारतीय हिंदू परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर श्रीवास्तव, रमेश श्रीवास्तव, राष्ट्रीय महामंत्री मनविंदर कौर, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा बंदना तिवारी, सुहानी गोस्वामी उपाध्यक्ष राष्ट्रीय महामंत्री पूनम लखेरा नगर अध्यक्ष नेहा माखन सिंह निरंजन प्रधान पिपरिया अशोक स्वर्णकार, मोहित पांडे ए प्रदेश संयोजक अभिषेक बाजपेई जिला अध्यक्ष भारतीय हिंदू परिषद सत्यदेव के हर साहू अरविंद अतुल प्रकाश नरेंद्र दीक्षित पंडित रमेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

# स्ट्रेंजर फ्रेंड्स हेल्पिंग हैंड सोसाइटी ने स्ट्रीट स्कूल के बच्चों संग मनाया गंगा दशहरा का पर्व

**मथुरा।** गंगा दशहरा के पावन अवसर पर स्ट्रेंजर फ्रेंड्स हेल्पिंग हैंड्स सोसाइटी ने ट्रांसपोर्ट नगर स्थित स्ट्रीट स्कूल में बच्चों के साथ पतंग उड़ाने का आयोजन किया, जिससे बच्चों ने भरपूर आनंद लिया। संस्था के वरिष्ठ सदस्य पियूष बंसल जी ने बताया कि गंगा दशहरा दान-पुण्य और पतंगबाजी का पर्व है, जो हिंदू समाज में विशेष महत्व रखता है। यह पर्व गर्मी के चरम समय में मनाया जाता है, जब जरूरतमंदों को ठंडी चीजों का दान विशेष पुण्य प्रदान करता है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए, संस्था द्वारा संचालित प्रसादम सेवा के तहत बच्चों को खाद्य सामग्री भी वितरित की गई। संस्था के वरिष्ठ सदस्य राजन गुप्ता जी ने बच्चों के साथ पतंग उड़ाकर अपने बचपन की यादें ताजा कीं और इस आयोजन को अविस्मरणीय बताया।

# एलपीजीसीएल में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** बजाज पावर प्लांट परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस 2025 अत्यंत हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस वर्ष की थीम वैश्विक प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना को ध्यान में रखते हुए परिसर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों तथा वृहद वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। शुभारंभ वृक्षारोपण से हुआ, जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि यूनिट हेड एवं सीईओ ए.एन.सार द्वारा पौधारोपण कर किया गया। इस अवसर पर परिसर के समस्त अधिकारीगण, कर्मचारीगण, महिला मैत्री क्लब की अध्यक्ष अलका सार एवं सभी सदस्यगणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पौधारोपण किया। इसमें उ.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अधिकारी प्रदीप शुक्ला तथा बजाज परिसर के समस्त कामगार भी सक्रिय रूप से सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि ने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण की समस्या से निपटने हेतु हम सभी को सामूहिक प्रयास करने होंगे। इसके लिए हमें अपने दैनिक जीवन में प्लास्टिक का प्रयोग कम करते हुए, धीरे-धीरे इसे पूर्ण रूप से समाप्त करने की दिशा में कार्य करना होगा। बताया कि अब तक बजाज परिसर में लगभग 3.5 लाख पौधों का वृक्षारोपण किया जा चुका है, वहीं परिसर से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 4 लाख पौधों का वितरण एवं रोपण कराया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पर्यावरणवरण दिवस पर किया वृक्षारोपण



**ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)।** विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया, जिसमें जगह-जगह संगठनों सामाजिक कार्यकर्ताओं, सरकारी विभागों एवं पर्यावरण प्रेमियों ने वृक्षारोपण करके वातावरण को साफ शुद्ध बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण पर जोर दिया। इसी क्रम में समाजसेवी बृजभूषण कटारे एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारी अवध बिहारी उपाध्याय अयोध्या में भगवान रामलला की दर्शन करने गए थे, जहां उन्होंने पर्यावरण दिवस पर सामाजिक संस्था के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया। बताते चले कि नारायण सेवा फाउंडेशन ने अयोध्या को हरा-भरा बनाने के लिए 200 से अधिक सार्वजनिक स्थानों पर वृक्षारोपण करने का लक्ष्य बनाया था। इस दौरान रामनारायण मौर्य एवं हरिओम कृष्ण, दीपिका, विनय मौर्य के अलावा समिति पदाधिकारी अन्य लोग शामिल हुए।

### वृंदावन कॉरिडोर : अवनीश अवस्थी ने की मंत्रणा



**वृंदावन (मथुरा) (अवधनामा संवाददाता)।** उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी ने शुक्रवार को वृंदावन कॉरिडोर और ट्रस्ट को लेकर सेवायतों के साथ गहन मंत्रणा की। वृंदावन पहुंचने पर उन्होंने सर्व प्रथम श्री बांके बिहारी मंदिर में ठाकुर जी की देहरी पर इत्र सेवा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद, उन्होंने ठाकुर बांके बिहारी मंदिर के सेवायत शैलेंद्र गोस्वामी की गद्दी पर मंदिर के अन्य सेवायतों के साथ बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर और ट्रस्ट के गठन को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस महत्वपूर्ण बैठक में मंडलायुक्त शैलेंद्र सिंह, डीआईजी शैलेश पांडे, जिलाधिकारी सीपी सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। करीब एक घंटा चली वार्ता के उपरांत सभी अधिकारियों ने बिहारी जी की प्रसादी ग्रहण की उसके पश्चात मीटिंग करने के लिए टीएफसी रवाना हो गए।

### मेडिकल संचालक ईमरजेंसी दवाओं का रखें पर्याप्त स्टॉक

**गोवर्धन (मथुरा) (अवधनामा संवाददाता)।** मुड़िया पूर्णिमा मेला को सुगमता से कराने एवं परिक्रमार्थियों को बेहतर सुविधा दिलाने को लेकर औषधि विभाग तैयारियों में जुट गया है। जिस सम्बन्ध में शुक्रवार को औषधि निरीक्षक प्रेम पाठक ने गोवर्धन के एक निजी गैस्ट हॉउस में मेडिकल स्टोर संचालकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने दवाओं की अच्छी गुणवत्ता, दुकान में साफ-सफाई, बिल बुक, एक्सपायरी बॉक्स, परिक्रमार्थियों से मधुरता का व्यवहार करते हुए दवा बिक्री करने और दुकान में इमरजेंसी दवाओं का स्टॉक रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मैडिकल स्टोर संचालक मदन मोहन, गिरधारी लाला राना, कमल सिंह यदुवंशी, गोविन्द रावत, के.गोपाल कान्हा पंडित, बबलू शर्मा, गोविन्द, भोला, भारत कौशिक, कृष्णकांत खंडेलवाल, विष्णु खंडेलवाल, माधव शर्मा, शरद अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### मुड़िया पूर्णिमा मेला में 24 घण्टे खुलेंगे 11 मेडिकल स्टोर

**गोवर्धन।** गोवर्धन मुड़िया पूर्णिमा मेला में उमड़ने वाली परिक्रमार्थी श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा के लिए गोवर्धन, राधाकुण्ड, जतीपुरा और आन्योर परिक्रमा मार्ग में करीब 11 मेडिकल स्टोर 24 घंटे खुलेंगे। जिसमें मेडिकल संचालक अपनी दुकान में इमरजेंसी दवाइओं का फुल स्टॉक रख बेहतर सुविधा देने का निर्देश दिए। जिसमें ब्रज मेडिकल स्टोर जतीपुरा मोड़, भारद्वाज मेडिकल जतीपुरा मोड़, पाठक मेडिकल स्टोर परिक्रमा मार्ग तिराहा,नैना मेडिकल सौंख अड्डा, श्री गिरिराज मेडिकज बड़ा बाजार, लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास, माधव मेडिकल स्टोर आन्योर मुड़िया पूर्णिमा मेला में 24 घंटे खुलेंगे।

# किसानों को दी फसलों एवं योजनाओं के बारे में जानकारी



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** विकास खण्ड जखौरा अंतर्गत ग्राम महेशपुरा, ककरूआ व दावनी में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत अधिकारियों ने किसानों को कृषि, बागवानी, पशुपालन सहित कई अन्य विभागों की योजनाओं की जानकारी दी गई। बताया कि कार्यक्रम किसानों को जागरूक कर उनकी कृषि उत्पादकता को बढ़ाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकसित कृषि और संकल्प अभियान 2025 के तहत किसान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। आईजीएफआरआई से आए डा.पी.एन. द्विवेदी द्वारा पशुपालन से कैसे किसानों की आय बड़े, बकरी पालन, चारे फसल उत्पादन, मक्का से साइलेज, केवीके से डा. दिनेश कुमार ने फसल विविधिकरण, प्राकृतिक खेती, खरीफ फसल उत्पादन तकनीक, एसएमएस डा.विकास मंडलोई द्वारा बीज, भूमि शोधन, एनपपीएसएस एप, कृषि रक्षा रसायन की राजकीय गोदाम पर उपलब्धता, सहायक कृषि अधिकारी जखौरा धीरज कुमार वर्मा द्वारा विभाग की समस्त योजनाओं की जानकारी दी। कार्मिक मोनल जैन ने पी.एम.सम्मान निधि, पीएम कुसुम आदि योजनाओं की जानकारी दी।

# बाल विवाह के विरुद्ध सख्त कार्रवाई

अवधनामा संवाददाता

■ दतिया मध्यप्रदेश में जीरो एफआईआर के माध्यम से दर्ज हुआ मामला
■ ललितपुर पुलिस ने शुरू की जांच

**ललितपुर।** बाल विवाह जैसे संवेदनशील और गैरकानूनी विषय पर मध्यप्रदेश के दतिया जिले में एक महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई है। बच्चे की न्याय तक पहुंच कार्यक्रम के अंतर्गत धरती ग्रामोत्थान समिति दतिया द्वारा की गई पहल और जिला समन्वयक श्रीराम चतुर्वेदी की सक्रिय भूमिका से एक बालिका की असमय शादी को गंभीरता से लेते हुए पुलिस प्रशासन ने बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 की धाराओं 9, 10 व 11 के अंतर्गत एफआईआर दर्ज की है।

**मामले की पृष्ठभूमि :** सूचना के अनुसार जिला दतिया अंतर्गत थाना बसई के एक गांव निवासी एक व्यक्ति की नाबालिग का विवाह 11 मई 2025 को ललितपुर जिले के थाना तालबेहट के एक गांव में किया गया। यह सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन भोपाल को प्राप्त हुई थी, जिसके आधार पर महिला एवं बाल विकास विभाग की सेक्टर पर्यवेक्षक द्वारा 10 मई को जांच की गई। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि बालिका की जन्मतिथि 15 जून 2008 है, जिससे यह प्रमाणित हुआ कि विवाह के समय वह बालिग नहीं थी।

### साक्ष्य और दस्तावेज

जांच में जो दस्तावेज एकत्र किए गए, उनमें शासकीय प्राथमिक विद्यालय से जन्मतिथि की प्रमाणित प्रति, पिता के कथन और लिखित सहमति (जिसमें उन्होंने विवाह न करने का वचन दिया था), पंचनामा, शपथ पत्र, विवाह समारोह की तस्वीरें, ग्राम पंचायत की पुष्टि शामिल हैं। इसके बावजूद बालिका का विवाह कर दिया गया। शिकायतकर्ता श्रीराम चतुर्वेदी ने पुन- विभाग को सूचित किया कि विवाह पूर्ण रूप से संपन्न हुआ है और समारोह बालिका के जीजा के घर पर हुआ।

### कानूनी कार्रवाही

थाना बसई में बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत जीरो एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस अधीक्षक दतिया के आदेशानुसार यह एफआईआर घटनास्थल के आधार पर थाना तालबेहट (जिला ललितपुर) को अग्रसारित की गई। थाना तालबेहट में मु.अ.सं. 247/25 अंतर्गत धारा 9, 10 व 11 बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत विधिवत रूप से एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

### कानूनी प्रावधानों की जानकारी

धारा 9 में बाल विवाह कराने वाले अभिभावक या संरक्षक के खिलाफ दण्डात्मक कार्रवाई की जाती है। इसमें दो वर्ष तक का कारावास या एक लाख तक का जुर्माना अथवा दोनों हो सकते हैं। धारा 10 के तहत बाल विवाह को प्रोत्साहित करने वालों को भी दोषी माना जाता है। धारा 11 के अंतर्गत विवाह सम्पन्न करने वाले पंडित या अन्य व्यक्ति भी अपराधी माने जाते हैं।

### प्रशासनिक प्रतिक्रियाएं

जिला समन्वयक श्रीराम चतुर्वेदी ने कहा कि यह सिर्फ एक कानूनी कार्रवाई नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना का प्रतीक है। बालिकाओं को शिक्षा और अधिकार दिलाने की दिशा में यह एक मील का पत्थर है।

■ **संदेश समाज के लिए :** यह प्रकरण बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई के विरुद्ध एक उदाहरण है कि यदि सही समय पर सूचना मिले और कानून का पालन हो, तो मासूम बच्चियों के भविष्य को बचाया जा सकता है। यह कार्रवाई न केवल पीड़िता के लिए न्याय का मार्ग प्रशस्त करती है, बल्कि ऐसे सभी मामलों में जागरूकता व निष्पक्ष कानूनी कार्यवाही की उम्मीद भी जगाती है।

■ **इनका कहना है :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ललितपुर के पैनल अधिवक्ता आमजन से आग्रह है करते हुए कहते हैं कि बाल विवाह की किसी भी जानकारी पर तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचना दें।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई शासी निकाय की बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न सेवाओं की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने उन तीन प्रभारी अधीक्षको को कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा जिन्होंने लापरवाह व संदिग्ध निष्ठा वाली आशाओं की सूची नहीं दी है। इसके साथ ही उन आशाओं को कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा जिनके सूची में नाम हैं। जवाब संतोषजनक न होने पर संदिग्ध निष्ठा वाली व लापरवाह आशाओं को सेवा से निकालने की कार्रवाई की जाये। आशाओं के खाली पदों को भरने की कार्रवाई जल्द प्रारम्भ की जाये। अस्पताल में भर्ती होने वाले प्रत्येक मरीज की बेडस्लिप अवश्य रखी जाये। दवाइयों का इश्यू रजिस्टर व्यवस्थित ढंग से रखा जाये। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर संस्थागत प्रसव की संख्या बढ़ाई जाये। प्रत्येक माह कम से कम 5 एएनएम को संस्थागत प्रसव के सम्बन्ध में प्रशिक्षित किया जाये। सभी प्रथम सन्दर्भन इकाईयों में संस्थागत प्रसव की सुविधा सुनिश्चित रखी जाये। कम से कम 10 प्रसव का लक्ष्य निर्धारित किया जाये। नियमित टीकाकरण को निर्बाध रखा जाये। गर्भवती महिलाओं के अल्ट्रासॉउन्ड के लिए लक्ष्य के सापेक्ष ई रूपी बाउचर जेनरेट कराये जाएं। जेनरेट किये गए ई रूपी बाउचर का रिडम्पशन सुनिश्चित कराया जाये। उच्च जोखिम वाली प्रेग्नेंसी को ससमय उच्च सुविधा हेतु रिफर किया जाये। सभी स्थापित आयुष्मान आरोग्य मंदिरो में विद्युत संयोजन सुनिश्चित किया जाये। अवशेष आरोग्य मंदिरों का कार्य तेजी से पूरा कराया जाये।ई संजीवनी के माध्यम से कंसल्टेशन की संख्या बढ़ाई जाये। 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की स्क्रीनिंग कर ई कवच पर फीड किया जाये। ब्रेस्ट कैंसर व ओरल कैंसर की स्क्रीनिंग के लिए एएनएम को प्रशिक्षित किया जाये। 31 जुलाई तक अभियान चलाकर 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाया जाये। इस कार्य में पूर्ति विभाग, पंचायती राज विभाग का भी सहयोग लिया जाय। आशाओं को होने वाले भुगतान को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाये। विभिन्न मानकों पर लगातार खराब रैकिंग वाले अधीक्षकों की जवाबदेही तय की जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी व सभी सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में किसान की मौत

**उन्नाव।** बिहार थाना क्षेत्र के असरेखेड़ा गांव में एक सड़क दुर्घटना में किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान राकेश कुमार 40 के रूप में हुई है। वह अपने परिवार के एक मात्र कमाने वाले सदस्य थे। गुरुवार को राकेश मोटरसाइकिल से भीतरी थाना क्षेत्र रायबरेली की ओर जा रहे थे। रायबरेली के पास एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में राकेश गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें निकट के अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

राकेश खेती-किसानी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनकी दो बेटियां हैं, जिनका भरण-पोषण उन्हीं पर निर्भर था। ग्रामीणों के अनुसार राकेश मिलनसार और मेहनती व्यक्ति थे। वह बेटियों के भविष्य के लिए दिन-रात काम करते थे। स्थानीय पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

# गांव की में जन चौपाल का आयोजन

- सीडीओ की अध्यक्षता मे गांव की समस्याओं का समाधान गांव में किया गया

**अवधनामा संवाददाता**



**सम्भल (बहजोई)** विकासखंड असमोली के ग्राम सैंधरी तेलीपुरा में जिलाधिकारी डॉ.राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में जन चौपाल गाँव की समस्या,गाँव में समाधान का आयोजन किया गया तथा विभिन्न विभागों जैसे स्वास्थ्य विभाग,आईसीडीएस विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा कैम्प एवं शासन की योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाए गये ताकि ग्रामीण लोग शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। समाज कल्याण विभाग के संबंधित अधिकारी द्वारा समाज कल्याण विभाग के अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के विषय में बताया गया। पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अवधेश द्वारा पशुपालन विभाग से संबंधित योजनाओं के विषय में बताया ।उन्होंने पशुओं के लिए संचालित एम्बुलेंस सुविधा के विषय में भी जानकारी दी तथा उन्होंने बताया यह एम्बुलेंस घर पर ही जाकर पशुओं का इलाज करती है।उन्होंने विभाग के टोल फ्री नंबर 1962 के विषय में भी बताया कि इसके मिलाने का 30 मिनट से 40 मिनट के बीच पशुओं के लिए स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जाती है।पशुओं के बीमा के विषय में भी बताया तथा उन्होंने कहा कि 31 मई से 31 जुलाई तक पशुओं में गलघोटू के टीकाकरण किया जा रहा है। कृत्रिम गर्भाधान, मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के विषय में भी बताया गया।भेड़, बकरी एवं मुर्गा पालन के विषय में भी जानकारी दी गयी।कृषि विभाग के एडीओ द्वारा कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तथा कृषि यंत्रीकरण आदि के विषय मे बताया । स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत एम्बुलेंस सेवा 102,108 तथा जननी सुरक्षा योजना आदि के विषय में बताया गया।डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार ने अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के विषय में बताया।श्रम प्रवर्तन अधिकारी विनोद कुमार शर्मा द्वारा श्रम विभाग की प्रमुख योजनाओं के विषय में बताया।जिला विकास अधिकारी राम आशीष ने जल के महत्व एवं जल को बचाने का संदेश दिया तथा उन्होंने जल संचयन के लिए ग्रामीणों को ट्रेंच एवं छोटे गड्ढा बनवाने के लिए जागरूक किया ताकि बरसात के दिनों में पानी को संरक्षित किया जा सके। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने कहा कि जनपद में जिलाधिकारी के प्रयासों से विद्यालयों की दशा बहुत ही अच्छी हुई हैं तथा पीएम श्री विद्यालय मॉडल स्कूलों के भांति तैयार हुए हैं । मुख्य विकास अधिकारी ने कहा की अब जिम्मेदारी अभिभावकों की है कि वह अपने बच्चों को विश्वास करके परिषदीय विद्यालय में भेजें। इन विद्यालयों में उच्च शिक्षित शिक्षकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है विशेषकर पीएम श्री विद्यालयों में बच्चों को मानक के अनुसार गुणवत्ता पूर्ण सुविधाएं दी जा रही है। मुख्य विकास अधिकारी ने महिलाओं के चार एएनसी जांच हाइपरटेंशन एवं डायबिटीज की जाचं एवं टीकाकरण आदि पर चर्चा की।अपर जिला पंचायती राज अधिकारी चेतेन्द्र पाल सिंह ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण तथा अन्य योजनाओं के विषय में ग्रामीणों को बताया तथा उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत के कचरा वाहन ग्रामीण परिवारों के यहाँ से कचरा उठान करते हैं जिसमें एक रुपए प्रति दिन सेवा शुल्क लगेगा।

# भाजपा प्रदेश ने पीड़ित परिवार से मुलाकात

**अवधनामा संवाददाता**



**बिलग्राम हरदोई।** बिलग्राम क्षेत्र के मक्कूपुरवा गांव में बुधवार को हुई एक बुजुर्ग महिला रामश्री की निर्मम हत्या ने पूरे इलाके में सनसनी मचा दी थी । इसरपुर बाजार में सूरजबली राजपूत की पत्नी रामश्री की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस जघन्य अपराध से आक्रोशित ग्रामीणों ने कन्नौज-हरदोई मार्ग को जाम करने की कोशिश भी की थी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे थे

गुरुवार शाम को भाजपा प्रदेश मंत्री व अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शंकर लाल लोधी और क्षेत्रीय विधायक आशीष सिंह आशु ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें सांत्वना दी। मंत्री लोधी ने कहा, ÷इस अमानवीय घटना के दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस और प्रशासन को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।÷ विधायक आशु ने भी परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

इस घटना ने स्थानीय प्रशासन पर भी सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने की जरूरत है। हालांकि पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को फौरन गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था गुरवार को, पीड़ित परिवार और ग्रामीणों को नेताओं के आश्वासन से कुछ राहत मिली है।

# जन सुनवाई में बड़ी संख्या में हुआ लोगों की शिकायतों का निस्तारण

- नये डीएम की जन सुनवाई में आयुष्मान कार्ड का अर्धशतक पूरा

**अवधनामा संवाददाता**



**हरदोई।** जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने बड़ी संख्या में आमजन की समस्याओं को सुना। राजस्व से सम्बंधित शिकायतों के सम्बन्ध में उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाये। चकरोड पर अवैध कब्जे की शिकायत मिलने पर राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाये। थाकबंदी के प्रकरणों में अनावश्यक विलम्ब न किया जाये। पैमाइश व अंश निर्धारण के प्रकरणों को लंबित न रखा जाये। जन सुनवाई में मौके पर ही पात्रता की जाँच कर पात्रों को वृद्धावस्था, दिव्यांग व विधवा पेंशन से लाभान्वित कराया गया। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाये गए। आज 6 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बने। नये जिलाधिकारी द्वारा पहली जन सुनवाई से लेकर अब तक जन सुनवाई में कुल 50 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं।उन्होंने समस्याओं को सुनकर सम्बंधित अधिकारियों को तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। हरियावा विकास खण्ड के एक गाँव की एक दिव्यांग महिला जब जन सुनवाई के दौरान जब जिलाधिकारी के सामने पहुँची खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि महिला को दिव्यांग शौचालय दिलवाया जाये। आवास के लिए पात्र होने पर पात्रता सूची में शामिल किया जाये। दिव्यांग जन कल्याण विभाग को उन्होंने निर्देश दिए कि महिला को दुकान निर्माण योजना के अंतर्गत आच्छादित कराया जाये। एक अन्य दिव्यांग राजू का उन्होंने तत्काल दिव्यांग ई रिक्शा हेतु आवेदन करवाने तथा उपलब्ध होते ही उनको देने के दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी को दिए। एक बुजुर्ग से पूछा कि क्या उनको पेंशन मिलती है और क्या उनका राशन कार्ड बना है। बुजुर्ग ने बताया कि उनकी पेंशन व राशन कार्ड नहीं है और वह अभी आधार कार्ड लेकर नहीं आये हैं। जिलाधिकारी ने तत्काल पूर्ति विभाग के लिपिक को कोटेदार से संपर्क कर आधार कार्ड की फोटो मंगवाई तथा बुजुर्ग की पेंशन व राशन कार्ड मौके पर ही बनवाया गया। जन सुनवाई के दौरान उप जिलाधिकारी गरिमा सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## गौवंश को नियमित रूप से चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाए

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर पालिका द्वारा संचालित अस्थायी गौशाला का शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी डॉ. पंकज पाण्डेय द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला में मौजूद व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी डॉ. पंकज पाण्डेय ने निराश्रित पशुओं के चारा, पानी के साथ साथ हीट वेव से बचाव हेतु व्यवस्थाएं देखी गई। हीट वेव से बचाव हेतु टीन शेड झूल से कवर्ड पाया गया। उन्होंने साफ-सफाई की स्थिति पर विशेष ध्यान देने की बात कही और निर्देश दिए कि गौवंश को नियमित रूप से चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाए। साथ ही बीमार या कमजोर गायों की पहचान कर उनका उचित इलाज सुनिश्चित करने को कहा। गौशाला से संबंधित सभी व्यवस्थाएं एवं रजिस्टर पूर्ण पाए गए। उन्होंने निर्देश दिया कि गौशाला में उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग किया जाए और नियमित रूप से निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण दौरान अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार, पशु चिकित्साधिकारी डॉ. संजीव कुमार, गौरव मिश्रा एवं संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हज़रत मुस्लिम की शहादत पर शबीहे ताबूत बरामद किए गए



**अवधनामा संवाददाता**

**संभल/सिरसी।** हज़रत मुस्लिम की शहादत की याद में शबीहे ताबूत बरामद किए गए जिसमें अजादारो ने मातम व नोहा ख्वानी बरपा करके शोक प्रकट किया नूरियो सराय स्थित इमाम बारगाह सगीर हसन में मजलिस आयोजित की गयी बाद मजलिस के शबीहे ताबूत हज़रत मुस्लिम बरामद किया गया जिसकी अजादारो ने जियारत की हज़रत मुस्लिम इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के भाई थे जिनको कूफा मे कर्बला की घटना से पहले ही शहीद कर दिया गया था इमाम हुसैन को सफ़र के दौरान कुफा में अपने भाई की खबर मिली तो आप ने कुफा जाने का इरादा बदल दिया और कर्बला की जानिब सफ़र शुरू किया था शिया समुदाय के लोगो ने शुक्रवार को हज़रत मुस्लिम की शहादत दिवस पर शोक प्रकट किया और हज़रत मुस्लिम की याद में शबीहे ताबूत बरामद किए इस दौरान मातम किया गया और नोहे पढ़े गये संभल के मुहल्ला नूरियो सराय स्थित इमाम बारगाह सगीर हसन में मजलिस आयोजित की गयी जिसमें मौलाना ने संबोधित करते हुए हज़रत मुस्लिम की शहादत बयान की जिसको सुनकर मजलिस में शामिल लोगों की आंखों से आंसू छलक पड़े शबीहे ताबूत इमाम बारगाह फरमान हुसैन में जा कर समाप्त किया गया सिरसी में भी इमाम बारगाह से शबीहे ताबूत बरामद किया गया मातमी अंजुमनो ने मातम व नोहा ख्वानी की।

# वेद-मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से विराजे भगवान परशुराम

- प्राण-प्रतिष्ठा के पश्चात आयोजित भण्डारे में हजारों ने ग्रहण किया प्रसाद

**अवधनामा संवाददाता**



**उन्नाव।** फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के गांव हफीजाबाद में कल्याणी नदी के समीप नवनिर्मित भगवान परशुराम मंदिर में वेद मंत्रोंचार के साथ भगवान परशुराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। वही एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। संगोष्ठी में प्रबुद्ध जनों सहित सहयोगियों को मोमेंटो एवं अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। विकास खंड फतेहपुर चौरासी के ग्राम हफीजाबाद में कल्याणी नदी के समीप स्थित बलखंडेश्वर मंदिर परिसर में नवनिर्मित परशुराम मंदिर में विगत 1 जून से चल रहे मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में गुरुवार को पांचवे दिवस वैदिक रीति से वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ भगवान परशुराम की मूर्ति की स्थापना की गई। मूर्ति स्थापना कार्यक्रम के पांचवे दिवस भगवान परशुराम की मूर्ति की वैदिक पूजा अर्चना कराकर मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराने का कार्य आचार्य प्रवीण दीक्षित एवं सहयोगी के द्वारा कराया गया। समाजसेवी डॉक्टर शशांक शेखर शुक्ला और उनकी पत्नी पूजा मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के प्रमुख यजमान रहे। गुरुवार को मूर्ति की स्थापना के साथ ही बलखंडेश्वर मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र की सैकड़ो कन्यायो के साथ हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गुरुवार को दीप भगवान परशुराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की अवसर पर मंदिर परिसर में एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। संगोष्ठी में समाजसेवी एवं पूर्व महाप्रबंधक जलकर विभाग राजीव बाजपेई एवं कांग्रेस नेत्री आरती बाजपेई द्वारा संगोष्ठी में आए क्षेत्र के प्रबुद्धजनों एवं भगवान परशुराम के मंदिर निर्माण में रहे सहयोगियों को मोमेंटो देकर एवं अंगवस्त्र पहनकर सम्मानित किया गया। संगोष्ठी को पूर्व कैबिनेट मंत्री नकुल दुबे, कांग्रेस पार्टी की पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीमती आरती बाजपेई, सपा के जिला अध्यक्ष राजेश यादव, सी के त्रिपाठी, सफीपुर चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई, आलोक त्रिपाठी, मन्दिर समिति के अध्यक्ष डॉ शशांक शेखर शुक्ला, संरक्षक राजीव बाजपेई पूर्व जलकल महाप्रबंधक, शैलेन्द्र कुमार शुक्ला एडवोकेट, सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता विदुषी बाजपेई, अतुल शुक्ल, अजय तिवारी, वीरेंद्र अवस्थी, रोहित कुमार पाण्डेय सीनियर, संजीव शुक्ला, पप्पू द्विवेदी, अनुभव शुक्ल अभिषेक तिवारी, शिशिर दीक्षित, शोभित, संजीव दुबे, वीरेन्द्र अवस्थी, श्याम दीक्षित आदि द्वारा संबोधित किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का भारी हुजूम रहा।

## सड़क किनारे खड़े युवक को ट्रक ने कुचला, मौके पर मौत

**महोबा।** चिचारा कहरा रोड पर एक क्रशर के पास खड़े एक युवक को तेज रफ्तार ट्रक चालक ने कुचल दिया, जिससे युवक को जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते मे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक घटना स्थल से फरार हो गया, पुलिस ट्रक चालक की तलाश में जुट गई है, लेकिन उसका कोई सुराग नही लगा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली मौदहा के ग्राम रीवन निवासी रवि कुशवाहा 20 पुत्र लक्ष्मण कुशवाहा अपने साथी तीरथ कुशवाहा 22 के साथ कहरा में अपने मित्र रानू खान से मिलने आया था। रानू खान ट्रक चलाता है, वह ट्रक लेकर कहरा मार्ग पर एक क्रशर में गिट्टी भरवा रहा था, तभी तीरथ कुशवाहा क्रशर में ट्रक चालक के पास बात करने चला गया, और रवि क्रशर के बाहर सड़क किनारे खड़ा हो गया। उसी समय कहरा की तरफ आ रहे एक ट्रक चालक का संतुलन बिगड़ गया और उसने रवि कुश्वाहा कों कुचल दिया, जिससे वह खून से लथपथ हो गया। शोर शराबा सुनकर क्रशर से बाहर निकले उसके साथी तीरथ कुशवाहा ने उसे नाजुक हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कबरई पहुंचाया, लेकिन रवि की हालत नाजुक होने के कारण डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# धूमधाम से मना पर्यावरण दिवस व मुख्यमंत्री का जन्मदिवस



**अवधनामा संवाददाता**

**उन्नाव।** विश्व पर्यावरण दिवस व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। हरियाली और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को लेकर व्यापक स्तर पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस वर्ष की थीम एक पेड़ मां के नाम को लेकर जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों तक ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस पर निराला प्रेक्षागृह में विश्व हिंदू महासंघ द्वारा आयोजित रक्तदान, हवन एवं संगोष्ठी कार्यक्रम में सदर विधायक पंकज गुप्ता व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा भानू संगोष्ठी मे शामिल हुए। इस दौरान विश्व हिन्दू महासंघ द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विश्व हिंदू महासंघ के पवन कुमार अवस्थी, ज्योति तिवारी, हरीश नारायण सिंह, आशीष सहित बडी संख्या मे लोग उपस्थित रहे। विकास खंड सिकन्दरपुर कर्ण में भगवंतनगर विधायक आशुतोष शुक्ला ने सिकंदरपुर कर्ण ब्लॉक परिसर में पौधरोपण करते हुए कहा पेड़ लगाना न सिर्फपर्यावरण संरक्षण है, बल्कि यह अपनी संस्कृति और मां के प्रति सम्मान का प्रतीक है। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी फहद खान और ग्राम पंचायत सचिव शैलेन्द्र कुमार त्रिपाठी भी मौजूद रहे। पुलिस लाइन मे विश्व पर्यावरण दिवस पर क्षेत्राधिकारी नगर श्रीमती सोनम सिंह ने पुलिस लाइन परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने और अधिक से अधिक पौधे लगाने की प्रेरणा दी।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के ग्राम तिगडा निवासी उत्तम चंद्र पुत्र गोविंद सिंह द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 04 जून को 08 बजे वह गांव के ही धर्मेंद्र के दरवाजे पर खड़ा था। तभी गांव के ही विजय पुत्र जानकी, मनोज उर्फरंजन पुत्र जानकी, जानकी पुत्र अज्ञात आए और गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### पुलिस ने अवैध मात्रा में शराब सहित युवक को दबोचा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, अवधनामा संवाददाता।** शुक्रवार की दोपहर कोतवाली की पुलिस चौकी रामाश्रम प्रभारी हरीश कुमार द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु शांति व्यवस्था में गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर सदरपुर ब्राहिमपुर रोड पर रूपपुर मोड़ के निकट एक संदिग्ध युवक आता दिखाई दिया जो कि पुलिस बल देखकर भाग खड़ा हुआ। जिसे आवश्यक बल प्रयोग कर युवक के पास से 20 क्वार्टर ठेका देशी शराब बरामद करते हुए हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में आरोपी युवक ने अपना नाम सुभाष चंद्र पुत्र सहवीर सिंह निवासी ब्राहिमपुर बताया है। कोतवाली पुलिस आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

# बकरीद त्योहार से पूर्व सीओ सदर ने ईदगाह का निरीक्षण किया



**अवधनामा संवाददाता**

- नागरिकों से की वार्ता कर अधीनस्थों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** सदर क्षेत्राधिकारी अभिषेक प्रताप अजेय ने आगामी बकरीद पर्व के दृष्टिगत स्थानीय ईदगाह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई एवं यातायात प्रबंधन की समीक्षा की गई। सीओ ने मौके पर मौजूद कोतवाल को निर्देशित किया कि ईदगाह परिसर की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शुक्रवार को क्षेत्र के ग्राम खांडेदेवर स्थित ईदगाह के निरीक्षण दौरान सदर क्षेत्राधिकारी अभिषेक प्रताप अजेय ने भाजपा नेता डा. शरद दुवे, मुनीर कुरैशी, दिलशाद मास्टर, नहीम खॉन आदि नागरिकों से संवाद स्थापित कर पर्व को आपसी सौहार्द, भाईचारे और शांति के साथ मनाने की अपील की। नागरिकों ने भी प्रशासन को भरोसा दिलाया कि त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। उन्होनें नगर पालिका के अधिकारियों को ईदगाह परिसर में साफ-सफाई, पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अंत में सीओ सदर ने बताया कि त्योहार के दिन पुलिस बल के जवान विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर तैनात रहेंगे ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से समय रहते निपटा जा सके। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# पशु बाजार में जुटी बकरा बेचने व खरीदने वालों की भारी भीड़

**अवधनामा संवाददाता**

- बकरीद त्योहार को लेकर डेढ गुना कीमत पर बिके बकरे



**महोबा।** ईद.उल.अजहा ;बकरीदद्ध का त्योहार मात्र एक दिन शेष होने के कारण शहर में शुक्रवार को लगने वाले पशु बाजार में बकरे बेचने वालों के साथ खरीदने वालों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बकरों की खरीद का सिलसिला सुबह से शाम तक चलता रहा। लोगों ने भीषण गर्मी और धूप की परवाह किए बगैर बकरों को जांचा परखा और ईद उल अजहा में होने वाली कुर्बानी के लिए बकरों की खरीददारी की, वहीं बकरीद त्योहार का आखिरी शुक्रवार होने के कारण बकरों की कीमतो में इजाफा कर दिया। ज्यादातर लोगों को मनपसंद बकरा न मिलने के बाद भी अब शुक्रवार न पड़ने से खरीदारों ने मजबूरीबश बकरों की खरीदारी की। कारण,शुक्रवार को ही पशु बाजार लगता है। आखिरी शुक्रवार को पशु बाजार बकरों की भीड़ भाड़ से गुलजार रहा। 7 जून को पड़ने वाले ईद.उल.अजहा त्योहार को लेकर लोगों ने कुर्बानी कराने के लिए बकरों का इंतजाम करना शुरू कर दिया है। बकरा खरीददरों की भीड़ को देखते हुए पशु मालिकों ने बकरों की कीमत बढ़ा दी, जिससे शुक्रवार को पशु बाजार में बीस से चालीस हजार रुपये कीमत के बकरे बिके। बकरा खरीदने के लिए जहां लोग सुबह से ही पशु बाजार में पहुंच गए वहीं जिले के अलावा मध्यप्रदेश के जिले की सीमा से सटे जनपद छतरपुर के ग्रामीण अंचलों से भी लोग ट्रक, पिकअप अन्य वाहनों से महोबा के पशु बाजार पहुंचे। बकरो की आमद अधिक बढ़ जाने के कारण पशु बाजार का भारी भरकम मैदान पशुओं से खचाखच भरा रहा। गौरतलब है कि बकरीद त्योहार पर अब अस्सी फीसदी से ज्यादा लोग कुर्बानी कराने लगे हैं, जिससे पशुपालक भी बकरों को बेचने के लिए एक एक साल तक खिलाते पिलाते रहते है। बकरीद पर्व पर बकरों की अच्छी कीमत मिलती है। शहर में पशु बाजार के दिन अधिक महंगे होने के कारण तमाम लोग गांव गांव में जाकर बकरों की तलाश करते रहते हैं। अब लोगों को बकरे की कुर्बानी कराने के प्रति उत्साह बढ़ा है। यही वजह है कि बाजार में खरीदारों की अधिक भीड़. को देखते हुए पशु पालकों ने बकरों की कीमत बढा दी।

### मांग बढने से पशु पालकों की बल्ले बल्ले

बकरीद त्योहार पर बकरो की अधिक मांग बढ़ जाने के कारण इनकी कीमत भी डेढ़ गुना से अधिक बढ़ जाती है, जिसके चलते तमाम पशु पालक एक साल तक बकरीद पर्व आने का इंतजार करते हैं, जिससे उन्हें अपने घरों में पाले गए बकरो की अच्छी कीमत मिल सके। पशु पालक अच्छी कीमत पाने के लिए बकरों का पालन पोषण करने के साथ साथ उन्हें जंगलों में चराने के लिए भी ले जाते हैं, साथ ही समय समय पर पानी पिलाने का भी काम करते हैं, जिससे बकरों की सेहत अच्छी बनी रहे। पशु पालक का मानना है कि जो कीमत बकरीद के मौके पर मिलती है अन्य महीनों में उतनी कीमत के दो बकरे बिकते हैं।

# हर मौसम में शीशे की तरह चमकेगी आपकी स्किन, घर पर बनाएं जेल बेस्ड मॉइश्चराइजर

जेल मॉइश्चराइजर स्किन में जल्दी अब्जॉर्ब होता है। इससे आपकी स्किन में चिपचिपी महसूस नहीं होती है। क्योंकि यह वॉटर बेस्ड होता है और ऑयली स्किन से लेकर कॉम्बिनेशन स्किन को बिना हैवीनेस या ऑयल के हाइड्रेटेड रखता है। आज हम आपको घर पर ही जेल बेस्ड मॉइश्चराइजर बनाने के बारे में बताने जा रहे हैं।

चाहे कोई भी मौसम हो स्किन को हर मौसम में पर्याप्त नमी की जरूरत होती है। स्किन को नमी देने के लिए एक अच्छा मॉइश्चराइजर बेहद काम आता है। इसलिए हम सभी अपनी स्किन केयर के लिए मार्केट से लाए हुए मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करते हैं। जबकि आप इसको खुद भी बना सकते हैं। आप मौसम के हिसाब को देखते हुए जेल बेस्ड मॉइश्चराइजर बना सकती हैं। क्योंकि जेल बेस्ड मॉइश्चराइजर लाइटवेट और नॉन ग्रीसी होता है।



वहीं जेल मॉइश्चराइजर स्किन में जल्दी अब्जॉर्ब होता है। इससे आपकी स्किन में चिपचिपी महसूस नहीं होती है। क्योंकि यह वॉटर बेस्ड होता है और ऑयली स्किन से लेकर कॉम्बिनेशन स्किन को बिना हैवीनेस या ऑयल के हाइड्रेटेड रखता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको घर पर ही जेल बेस्ड मॉइश्चराइजर बनाने के बारे में बताने जा रहे हैं।

**खीरे का जेल मॉइश्चराइजर**

गर्मियों में यह जेल माइश्चराइजर आपकी त्वचा को ठंडक पहुंचाने में सहायता करता है। इससे आपकी स्किन को पर्याप्त हाइड्रेशन मिलता है। वहीं धूप से झुलसी स्किन के लिए खीरा काफी अच्छा माना जाता है।

सामग्री

आधा खीरा

एलोवेरा जेल- 2 बड़े चम्मच

नारियल का तेल- 1 छोटा चम्मच

मिंट एसेंशियल ऑयल- 3-4 बूंदें

ऐसे बनाएं खीरे से जेल मॉइश्चराइजर

सबसे पहले खीरे को पीसकर छान लें और इसका ताजा जूस निकाल लें।

फिर एक कटोरी में खीरे के जूस को एलोवेरा जेल के साथ मिक्स करें।

इसके बाद इसमें एसेंशियल ऑयल और नारियल तेल डालकर अच्छे से मिलाएं।

आप इसको फ्रिज में भी स्टोर करके हर दिन इस्तेमाल कर सकते हैं।

# होममेड ग्रीन टी आइस क्यूब्स से खत्म होंगी झुर्रियां

## चेहरे पर आएगा गजब का निखार

ग्रीन टी में भरपूर एंटी-ऑक्सीडेंट पाया जाता है। यह उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करने के साथ स्किन को आराम देने और पोर्स को टाइटन करने में मदद करती है। वहीं गर्मियों में यह आपकी स्किन को ठंडक का एहसास कराती है। इससे आपकी स्किन काफी रिफ्रेश नजर आती है। हम सभी अपनी स्किन को यंगर और ग्लोइंग बनाने के लिए तरह-तरह के तरीके अपनाते हैं। इसके लिए हम सभी मार्केट में मिलने वाले महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन आप इन प्रोडक्ट्स पर अधिक रुपए-पैसे खर्च करने की बजाय नेचुरल तरीके से स्किन को लंबे समय तक यंगर और ग्लोइंग बनाए रख सकती हैं। बता दें कि ग्रीन टी आइस क्यूब स्किन पर उम्र बढ़ने वाले संकेतों को खत्म करने के साथ सूजन कम करने और स्किन को अधिक रिफ्रेशिंग दिखाने में सहायता करती है। दरअसल, ग्रीन टी में भरपूर एंटी-ऑक्सीडेंट पाया जाता है। यह उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करने के साथ स्किन को आराम देने और पोर्स को टाइटन करने में मदद करती है। वहीं गर्मियों में यह आपकी स्किन को ठंडक का एहसास कराती है। इससे आपकी स्किन काफी रिफ्रेश नजर आती है। ऐसे में अगर आप अधिक समय तक स्किन को यंगर बनाए रखना चाहती हैं, तो आपको ग्रीन टी आइस क्यूब का इस्तेमाल कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि ग्रीन टी आइस क्यूब बनाकर कैसे इसका इस्तेमाल करें।

**ग्रीन टी और शहद आइस क्यूब**

यह आइस क्यूब स्किन को अधिक यंगर बनाने के साथ ही निखार भी देता है। इस आइस क्यूब के इस्तेमाल से आपकी स्किन हाइड्रेट रहती है।

**सामग्री**

ग्रीन टी बैग- 2

गर्म पानी- 1 कप

शहद- 1 चम्मच

**ऐसे बनाएं आइस क्यूब**

इसके लिए सबसे पहले ग्रीन टी बनाएं और उसको ठंडा होने के लिए रख दें।

जब यह ठंडी हो जाए तो इसमें शहद डालकर अच्छे से मिक्स कर लें।

फिर इसे आइस क्यूब में डालकर फ्रीज कर लें।

जब यह जम जाए तो इसको एक पतले कपड़े या फिर रुमाल आदि में लपेटकर स्किन पर यूज करें।

**ग्रीन टी और खीरे का आइस क्यूब**



यह आइस क्यूब सूजन को खत्म करने में सहायक होता है। आप इस आइस क्यूब को विशेष रूप से आंखों के नीचे इस्तेमाल कर सकते हैं।

**सामग्री**

ग्रीन टी- 1/2 कप उबली हुई

खीरे का जूस- 1/2 कप

**ऐसे बनाएं**

इसको बनाने के लिए ताजे खीरे को ब्लेंड करके छान लें।

अब खीरे के जूस के साथ ग्रीन टी को मिलाएं।

फिर इसको आइस क्यूब में डालकर जमने के लिए फ्रीज में रख दें।

वहीं जब यह आइस क्यूब बन जाए तो इसका इस्तेमाल करें।

ग्रीन टी और एलोवेरा आइस क्यूब

बता दें कि ग्रीन टी और एलोवेरा आइस क्यूब एक सूदिंग आइस क्यूब है। यह आपकी स्किन को यंगर बनाने के अलावा सूदिंग इफेक्ट भी देता है।

**सामग्री**

ग्रीन टी- 1 कप उबली हुई

ताज़ा एलोवेरा जेल- 1 बड़ा चम्मच

**ऐसे बनाएं**

ग्रीन टी और एलोवेरा जेल को एक साथ मिक्स करें।

फिर इसको आइस क्यूब ट्रे में डालकर फ्रीज कर दें।

# स्किन केयर के लिए घर पर बनाएं हर्बल फेस मिस्ट

हर्ब्स की मदद से बना फेस मिस्ट फेस को हाइड्रेट करने के साथ-साथ तुरंत चमक देते हैं। वहीं आप अपनी स्किन की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इसको कस्टमाइज भी कर सकते हैं। ऐसे में आज हम आपको घर पर हर्बल फेस मिस्ट बनाने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।

हम सभी चाहते हैं कि हर समय हमारी स्किन रिफ्रेशिंग लगे। लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं होता है। दिनभर काम करने की थकान हमारी स्किन पर साफतौर पर नजर आती है। ऐसे में सबसे अच्छा तरीका है कि आप फेस मिस्ट का इस्तेमाल करें। वैसे तो फेस मिस्ट आपको मार्केट में आसानी से मिल जाएंगे। लेकिन आप चाहें तो कुछ हर्ब्स की सहायता से घर पर भी फेस मिस्ट बना सकती हैं। जब आप घर पर हर्ब्स की मदद से फेस मिस्ट बनाती हैं, तो आपको अपनी स्किन को लेकर परेशान होने की जरूरत नहीं है।

**चमक**

**हर्ब्स की मदद से बना फेस मिस्ट फेस को हाइड्रेट करने के साथ-साथ तुरंत चमक देते हैं।**

हर्ब्स की मदद से बना फेस मिस्ट फेस को हाइड्रेट करने के साथ-साथ तुरंत चमक देते हैं। वहीं आप अपनी स्किन की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इसको कस्टमाइज भी कर सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको घर पर हर्बल फेस मिस्ट बनाने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।

ग्रीन टी और पुदीने के मिस्ट की सामग्री

उबली हुई ग्रीन टी- आधा कप

पुदीने के पत्ते- 5-6 ताज़े

विच हेज़ल- 1 छोटा चम्मच

**ऐसे बनाएं**



ग्रीन टी और पुदीने के पत्तों को 10 मिनट के लिए गर्म पानी में भिगो दें।

फिर इसको ठंडा होने के लिए रख दें। अब लिक्विड को छानकर इसे स्प्रे बोतल में डालें।

इसमें विच हेजल डालकर इसका इस्तेमाल करें।

खीरा और तुलसी से फेस मिस्ट की सामग्री

आधा खीरे का जूस

तुलसी की चाय- एक चौथाई कप

एलोवेरा जेल- 1 बड़ा चम्मच

**ऐसे बनाएं**

सबसे पहले खीरे को पीसकर उसका जूस छाल लें।

फिर तुलसी के पत्तों को गर्म पानी में उबालकर ठंडा होने के लिए रख दें।

जब यह ठंडा हो जाए, तो इसमें एलोवेरा जेल मिक्स करें और स्प्रे बोत में मिला लें।

अब इसको फ्रिज में स्टोर करें।

आप इसका सप्ताह भर तक इस्तेमाल कर सकते हैं।

संतरे के छिलके और शहद से के फेस मिस्ट की सामग्री

संतरे के छिलके- आधा कप

कच्चा शहद- 1 चम्मच

सेब का सिरका- 1 चम्मच

**ऐसे बनाएं**

सबसे पहले छिलकों को 10 मिनट के लिए पानी में उबालें।

अब इसको ठंडा करके छान लें।

फिर इसमें शहद और सेब का सिरका डालकर अच्छे से मिक्स करें।

अब इसको एक स्प्रे बोतल में भर लें और फ्रिज में स्टोर करें।

आप त्वचा को रिफ्रेशिंग फील कराने के लिए इससे स्प्रे करें।

# फैमिली फंक्शन में पाना चाहती हैं स्टाइलिश लुक तो स्टाइल करें ये प्रिंटेड साड़ियां, वार्डरोब में जरूर करें शामिल

अगर आप किसी फैमिली फंक्शन में शामिल होने का प्लान कर रही हैं और बेस्ट लुक पाना चाहती हैं। तो आप कुछ साड़ियों को अपने वार्डरोब में शामिल कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ साड़ी ऑप्शन के बारे में बताने जा रहे हैं।

महिलाएं कई सारे फंक्शन में साड़ी पहनना पसंद करती हैं। साड़ी में आप न सिर्फ खूबसूरत नजर आती हैं, बल्कि इससे आपका लुक भी अट्रैक्टिव नजर आता है। हालांकि साड़ी में आपको कई सारी डिजाइन्स मिल जाएंगी, जिनको आप फंक्शन के हिसाब से स्टाइल कर सकती हैं। ऐसे में अगर आप किसी फैमिली फंक्शन में शामिल होने का प्लान कर रही हैं और बेस्ट लुक पाना चाहती हैं। तो आप कुछ साड़ियों को अपने वार्डरोब में शामिल कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ साड़ी ऑप्शन के बारे में बताने जा रहे हैं।



**मल्टी कलर ऑर्गेंजा साड़ी**

फैमिली फंक्शन में बेस्ट और स्टाइलिश लुक पाने के लिए ऑर्गेंजा साड़ी वियर कर सकती हैं। इस साड़ी में आपका लुक बेहद खूबसूरत नजर आएगा। इस साड़ी में ऑर्गेंजा फैब्रिक है, जिसको आप किसी भी फैमिली फंक्शन में स्टाइल कर सकती हैं। आप ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों ही जगहों से 1000 से 1500 तक की कीमत में खरीद सकते हैं। इस तरह की साड़ी के साथ आप पर्ल वाली ज्वेलरी के साथ फुटवियर में हील्स पहन सकती हैं।

**प्रिंटेड साटन साड़ी**

अगर आप लाइट कलर में साड़ी पहनने की सोच रही हैं, तो आप प्रिंटेड साटन साड़ी का चुनाव कर सकती हैं। इस साड़ी को स्टाइल करके आप भीड़ से अलग नजर आएंगी। इस साड़ी में आपको कई कलर ऑप्शन मिल जाएंगी। इसको आप स्लीवलेस ब्लाउज के साथ कैरी कर सकती हैं। आप इसके साथ मिरर वर्क वाली ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं। वहीं आप हील्स पहन सकती हैं।

**फ्लोरल प्रिंट साड़ी**

अगर आप भी सिंपल और अट्रैक्टिव लुक पाना चाहती हैं, तो आपको फ्लोरल प्रिंट साड़ी वियर कर सकती हैं। इन दिनों यह साड़ी काफी ट्रेंड में हैं और इसमें आपका लुक बेहद प्यारा लगेगा। आप इस तरह की

# गर्मियों में दिखना चाहती हैं कूल और स्टाइलिश तो बनाएं ये ट्रेंडी हेयर स्टाइल, आप भी करें ट्राई

गर्मियों में चिलचिलाती गर्मी और पसीने के कारण बाल खोलना पॉसिबल नहीं होता है। ऐसे में ज्यादातर लोग ऐसी हेयरस्टाइल बनाना पसंद करते हैं, जिसमें बाल पूरी तरह से बंधे रहे। हालांकि गर्मियों में कूल और स्टाइलिश दिखने के लिए परफेक्ट हेयरस्टाइल बना सकती हैं।

गर्मियों के मौसम में आउटफिट सिलेक्शन के बाद दूसरी समस्या हेयर स्टाइल की होती है। क्योंकि जब तक आप आउटफिट के साथ कूल हेयर स्टाइल नहीं बनाती हैं, तो आपका लुक परफेक्ट नहीं आता है। गर्मियों में चिलचिलाती गर्मी और पसीने के कारण बाल खोलना पॉसिबल नहीं होता है। ऐसे में ज्यादातर लोग ऐसी हेयरस्टाइल बनाना पसंद करते हैं, जिसमें बाल पूरी तरह से बंधे रहे। हालांकि गर्मियों में कूल और स्टाइलिश दिखने के लिए परफेक्ट हेयरस्टाइल बना सकती हैं।



अगर आप भी गर्मियों में हर दिन अपनी हेयर स्टाइल को लेकर कंफ्यूज रहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ट्रेंडी हेयर स्टाइल के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको आप कैजुअल आउटिंग, ऑफिस, कॉलेज हर जगह बना सकती हैं। इन हेयर स्टाइल में आपका हर लुक अट्रैक्टिव नजर आएगा।

**रबर बैंड ट्विस्ट ब्रेड हेयर स्टाइल**

गर्मियों में आप रबर बैंड ट्विस्ट ब्रेड हेयर स्टाइल बना सकती हैं। इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए तमाम सारी रबर बैंड की जरूरत होगी। सबसे पहले नार्मल पोनी बनाएं और फिर थोड़ी-थोड़ी दूर पर रबर लगाना है और बालों को बीच से लूज करते जाएं। इससे आप सिंपल ब्रेड से खुद को स्टाइलिश लुक दे सकती हैं। स्कर्ट और जींस के साथ ऐसी हेयर स्टाइल काफी कूल लुक देती है।

**हाफ हेयर बन स्टाइल**

आमतौर पर गर्मियों में लोग हेयर स्टाइल लुक जरूर बनाते हैं।

# स्किन टोन के हिसाब से चुने अपना लहंगा, जानिए कौन सा कलर कॉम्बिनेशन रहेगा बेस्ट

अगर आप बिना सोचे समझे लहंगे के कलर कॉम्बिनेशन को पहनती हैं, तो यह आपके पूरे लुक को बिगाड़ सकता है। हर स्किन टोन का अपना कलर होता है, जो उनपर अच्छा लगता है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि स्किन टोन के आधार पर आप लहंगे के कलर के किन कॉम्बिनेशन का चुनाव कर सकती हैं। जब भी स्टाइलिश दिखने की बात होती है, तो हम सभी ट्रेंड के पीछे भागते हैं। लेकिन जरूरी नहीं होता है कि एक ही ट्रेंड सभी पर फिट बैठे। अगर आप किसी खास मौके पर लहंगा पहनने का मन बना रही हैं, तो सिर्फ ट्रेंड को फॉलो करते हुए कलर कॉम्बिनेशन नहीं चुनना चाहिए। बल्कि ऐसे रंगों का चुनाव करना चाहिए, जो आपकी स्किन टोन के साथ फिट बैठे। जिससे आपके लुक में निखार आए।

बता दें कि अगर आप बिना सोचे समझे लहंगे के कलर कॉम्बिनेशन को पहनती हैं, तो यह आपके पूरे लुक को बिगाड़ सकता है। हालांकि लहंगे के कलर कॉम्बिनेशन के ऑप्शन में कोई कमी नहीं है। इसके लिए जरूरी है कि आप अपने लिए सही कलर कॉम्बिनेशन चुनें। हर स्किन टोन का अपना कलर होता है, जो उनपर अच्छा लगता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि स्किन टोन के आधार पर आप लहंगे के कलर के किन कॉम्बिनेशन का चुनाव कर सकती हैं।

**फेयर स्किन टोन**

अगर आपकी रंगत फेयर है तो आप लाइट और डार्क शेड्स दोनों ही पहन सकती हैं। हालांकि कुछ रंग आपकी रंगत को फीका दिखा सकते हैं। इसलिए आपको बहुत ज्यादा क्रीम, बेज या फिर सुपर ब्राइट नियॉन शेड्स से बचना चाहिए। फेयर स्किन टोन के लिए आपको मैरून, डीप पर्पल, नेवी, लैवेंडर, एमरेल्ड ग्रीन, रॉयल ब्लू, ब्लश पिंक, पीच, आइसी ब्लू और पाउडर पिंक या फिर गोल्ड व सिल्वर कलर पहनना चाहिए। इसमें आप बहुत ज्यादा खूबसूरत नजर आएंगी। वहीं अगर आप परफेक्ट कलर कॉम्बिनेशन वाला लहंगा पहनना चाहती हैं, तो आप एमरेल्ड ग्रीन के साथ गोल्ड, सिल्वर, डीप ब्लू या फिर ब्लश पिंक के अलावा रोज गोल्ड पहन सकती हैं।

**मीडियम स्किन टोन**

मीडियम स्किन टोन एक बेहद वर्सेटाइल स्किन टोन है। इसके कलर कॉम्बिनेशन में आपके पास ऑप्शन की कमी नहीं होगी। इस स्किन टोन वाली महिलाएं ऑलिव ग्रीन, रूबी रेड, मिंट ग्रीन, मस्टर्ड, डीप रेड, डस्की पिंक जैसे कलर्स कैरी कर सकती हैं। प्रयास करें कि आप



अधिक लाइट पेस्टल शेड्स या फिर नियॉन ग्रीन, नियॉन येलो जैसे रंगों को इग्नोर करें। अगर आप लहंगे में कलर कॉम्बिनेशन पहनना चाहती हैं, तो आप रॉयल ब्लू के साथ सिल्वर, डीप रेड के साथ गोल्ड या फिर ऑलिव ग्रीन के साथ ब्रॉन्ज जैसे कलर्स को साथ में पेयर कर सकती हैं।

**डस्की स्किन टोन**

इस स्किन टोन वाली महिलाएं ब्राइट और बोल्ड कलर्स को अपने स्टाइल का हिस्सा बना सकती हैं। ऐसे में आप कोबाल्ट ब्लू, ब्राइट रेड, हॉट पिंक, मैजेंटा, टैंगरीन से लेकर चॉकलेट ब्राउन, मस्टर्ड, डीप ग्रीन या एमरेल्ड को अपने रूटीन में शामिल कर सकती हैं। डस्की स्किन टोन वाली महिलाएं बेबी पिंक, बेज, पाउडर ब्लू, ग्रे और सिल्वर जैसे शेड्स अच्छे नहीं लगते हैं। आप डीप ग्रीन के साथ कॉपर, मैजेंटा के साथ गोल्ड या फिर रस्ट ऑरेंज के साथ बेज कलर को कैरी कर सकती हैं।

# छोटे कद की लड़कियां पहनना चाहती हैं बोल्ड प्रिंट, इन टिप्स को ना करें नजरअंदाज

अगर आप बोल्ड प्रिंट्स पहनना चाहती हैं तो ऐसे में आपको इसके साइज पर ध्यान देना चाहिए। बहुत बड़े प्रिंट्स देखने में तो अच्छे लगते हैं, लेकिन छोटे कद पर ये भारी लग सकते हैं। ऐसे में छोटे या मीडियम साइज़ के बोल्ड प्रिंट्स पहनें। ये स्टाइलिश भी लगते हैं और शरीर पर हावी भी नहीं होते।

बोल्ड प्रिंट्स आपके लुक को एकदम से निखार सकते हैं। लेकिन अगर आपकी हाइट थोड़ी कम है, तो कभी-कभी ऐसा लग सकता है कि ये पैटर्न आपको ढक सकते हैं। लेकिन छोटी हाइट का मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि आप ब्राइट और मज़ेदार प्रिंट्स से खुद को दूर रखें। बस जरूरत होती है सही स्टाइलिंग की। एक परफेक्ट स्टाइलिंग के साथ, ये बोल्ड प्रिंट्स आपको ज़्यादा लंबा, कॉन्फिडेंट और ट्रेंडी भी दिखा सकते हैं।

बस थोड़े से प्रॉपोर्शन्स से खेलकर और सही प्रिंट्स को चुनकर आप अपनी बॉडी को छुपाने की बजाय निखारें। चाहे वो फ्लोरल्स हों, स्ट्राइप्स हों या कुछ हटके जियोमैट्रिक डिज़ाइन्स, हर तरह के प्रिंट्स को आप अपने लिए काम में ला सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही छोटे-छोटे स्टाइलिंग टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप छोटे कद में भी बोल्ड प्रिंट्स को स्टाइल कर सकती हैं-

**निखार**

**बोल्ड प्रिंट्स आपके लुक को एकदम से निखार सकते हैं। लेकिन अगर आपकी हाइट थोड़ी कम है, तो कभी-कभी ऐसा लग सकता है कि ये पैटर्न आपको ढक सकते हैं।**



**छोटे या मीडियम साइज के बोल्ड प्रिंट चुनें**

अगर आप बोल्ड प्रिंट्स पहनना चाहती हैं तो ऐसे में आपको इसके साइज पर ध्यान देना चाहिए। बहुत बड़े प्रिंट्स देखने में तो अच्छे लगते हैं, लेकिन छोटे कद पर ये भारी लग सकते हैं। ऐसे में छोटे या मीडियम साइज़ के बोल्ड प्रिंट्स पहनें। ये स्टाइलिश भी लगते हैं और शरीर पर हावी भी नहीं होते। इसलिए, बहुत बड़े फ्लोरल प्रिंट की बजाय थोड़ा छोटे फ्लोरल प्रिंट्स चुनें, जो कॉन्ट्रास्ट कलर में हों और सॉलिड बैकग्राउंड पर हों।

**वर्टिकल हो प्रिंट्स**

अगर आप बोल्ड प्रिंट में भी अपनी हाइट को लंबा दिखाना चाहती हैं तो ऐसे में वर्टिकल प्रिंट्स को चुनें। ऊपर से नीचे जाने वाले लाइन वाले प्रिंट्स जैसे वर्टिकल स्ट्राइप्स आपको लंबा दिखाते हैं। वर्टिकल प्रिंट वाला कुर्ती-पैंट सेट या को-ऑर्ड सेट पहनना परफेक्ट रहेगा।

**फिटेड या स्ट्रक्चर्ड हो आउटफिट्स**

यह एक बेहद ही छोटा लेकिन अच्छा तरीका है बोल्ड प्रिंट्स में लंबा नजर आने का। ध्यान रखें कि बोल्ड प्रिंट्स वैसे ही ध्यान खींचते हैं। अगर कपड़ा बहुत ढीला या बहता हुआ हो, तो लुक बिगड़ सकता है। इसलिए फिटिंग वाले टॉप्स, बेल्ट वाली ड्रेस या स्ट्रेट फिट बॉटम्स पहनें ताकि बैलेंस बना रहे।

**प्रिंट की जगह पर दें ध्यान**

कुछ ड्रेस में प्रिंट नीचे की ओर ज्यादा होता है या रैंडम फैला होता है। ऐसे कपड़े चुनें जिनमें प्रिंट बॉडी को फ्लैटर करे, जैसे कंधों के पास हल्का प्रिंट और नीचे डार्क।

# मेकअप किट में शामिल करें बेस्ट लिपस्टिक शेड

मेकअप की जान होती है लिपस्टिक, इसके बिना मेकअप भी फीका लगता है। अगर आप भी लिपस्टिक खरीदना चाहती हैं, तो इन शेड्स की लिपस्टिक जरुर लगाएं। इस लेख में हम आपके लिए कुछ यूनीक लिपस्टिक शेड्स के बारे में बताने जा रहे हैं। यह शेड्स हर लड़की के मेकअप किट में होना चाहिए।

जब लुक्स की बात आती है, तो मेकअप लुक में जान डाल देता है। मेकअप की जान लिपस्टिक बिल्कुल है। हर एक लड़की के मेकअप किट में ये लिपस्टिक शेड्स जरुर होने चाहिए। कुछ लिपस्टिक शेड्स कभी भी स्टाइल से बाहर नहीं जाते। ये हर स्किन टोन पर अच्छे लगते हैं। आप भी अपने मेकअप किट में हमेशा ट्रेंड में रहने वाली लिपस्टिक को एड कर सकते हैं। बेहतरीन लिपस्टिक शेड्स, हर ब्यूटी लवर के पास होने चाहिए। चाहे वो परफेक्ट न्यूड हो, पावर रेड हो या आकर्षक मौवे, ये शेड्स समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं। इसलिए लड़कियां अपने मेकअप किट में इन शेड्स को जरुर शामिल करें।

**ब्राउन लिपस्टिक शेड**

आजकल सबसे ज्यादा ट्रेंड में ब्राउन लिपस्टिक कलर है, जो हर



एक लड़की के चेहरे पर सूट करती है। इसमें आपको लाइट से लेकर डार्क कई तरह के शेड्स मिल जाएंगे। आप अपने चॉइस के हिसाब से इन शेड्स को खरीद सकती हैं। ब्राउन लिपस्टिक ऑफिस से लेकर कैजुअली और पार्टी में भी लगा सकते हैं।

**वाइन लिपस्टिक शेड**

ट्रेंडी लिपस्टिक में वाइन शेड काफी ट्रेंड में है। अगर आपकी स्किन टोन फेयर है, तो आप वाइन कलर की लिपस्टिक जरुर ट्राई करें। यह लिपस्टिक नाइट और डे दोनों फंक्शन में काफी सुंदर लगती है। अगर आपको यह शेड डार्क लग रहा है, तो आप इसमें लाइट शेड भी ले सकते हैं।

**न्यूड लिपस्टिक**

आजकल न्यूड लिपस्टिक काफी प्रचलन में है। आप न्यूड लिपस्टिक को ऑफिस से लेकर कैजुअल लुक के लिए ट्राई कर सकते हैं। वैसे आजकल ब्राइड भी न्यूड मेकअप के साथ लिपस्टिक शेड भी न्यूड लगा रही हैं। आपको इसमें कई सारे शेड्स मिल जाएंगे। आप लिपस्टिक को ऑनलाइन या ऑफलाइन भी खरीद सकती है।

**रेड लिपस्टिक शेड**

अगर आप शादीशुदा है तो आपके लिए रेड लिपस्टिक परफेक्ट शेड है। जरुरी नहीं है कि मैरिड ही रेड लिपस्टिक ट्राई कर सकती है। आजकल तो अनमैरिड लड़कियां भी रेड लिपस्टिक को काफी पसंद कर रही है। गाजरी या कोरल रेड लिपस्टिक शेड्स काफी सुंदर लगते हैं।

**पिंक लिपस्टिक शेड**

पिंक शेड्स तो सभी काफी पसंद आता हैं क्योंकि यह एवरग्रीन लिपस्टिक शेड होता है। एथनिक लुक साथ पिंक लिपस्टिक बेहद प्यारी लगती है। हर लड़की को अपने मेकअप किट में पिंक लिपस्टिक शेड जरुर एड करें।

# केरल में बकरीद के अवकाश पर सियासी घमासान



**तिरुवनंतपुरम।** केरल में बकरीद की छुट्टी को लेकर सियासी घमासान शुरू हो गया है। बकरीद की छुट्टी बदलने की वजह से केरल सरकार सवालों के घेरे में है। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (ढ्ढरूरू) ने सरकार पर सांप्रदायिक एजेंडा और फासीवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है।

केरल में बकरीद अवकाश शुक्रवार यानी 6 जून को होना था। हालांकि इस साल बकरीद शनिवार यानी 7 जून को मनाई जाएगी। ऐसे में केरल सरकार ने शुक्रवार का अवकाश रद करके शनिवार को अवकाश देने की घोषणा की थी, जिसे विवाद बढ़ने के बाद वापस ले लिया गया। बकरीद के अवकाश में बदलाव करते हुए केरल सरकार ने शुक्रवार (6 जून) को रोज की तरह कामकाज का दिन घोषित कर दिया था और बकरीद का अवकाश शनिवार (7 जून) को देने का आदेश दिया था, जिसे लेकर सियासी विवाद छिड़ गया। IUML समेत कई मुस्लिम संगठनों ने सरकार के इस फैसले की कड़ी आलोचना की है। उनका कहना है कि सरकार गुरुवार की रात को अचानक से घोषणा कर दी कि बकरीद की छुट्टी शुक्रवार की बजाए शनिवार को होगी। सरकार का यह कदम राज्य में सांप्रदायिक एजेंडा और फासीवाद को बढ़ावा दे सकता है। केरल की वामपंथी सरकार राज्य में ज्यादा से ज्यादा सांप्रदायिकता और फासीवाद बढ़ाना चाहती है। इस एजेंडे को पूरा करने के लिए सरकार ने बीजेपी और संघ परिवार को भी पीछे छोड़ दिया है।

# मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री तुरंत दें इस्तीफा, भाजपा ने भगदड़ के लिए कांग्रेस सरकार को बताया जिम्मेदार

**इस्तीफा**

**भाजपा ने इसे सरकार निर्मित आपदा बताते हुए मुख्यमंत्री सिद्दरमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार का इस्तीफा मांगा है।**



**नई दिल्ली।** बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत के बाद भाजपा और कांग्रेस के बीच सियासी जंग छिड़ गई है। भाजपा ने इसे सरकार निर्मित आपदा बताते हुए मुख्यमंत्री सिद्दरमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार का इस्तीफा मांगा है। वहीं, शिवकुमार ने भाजपा नेताओं पर गलतबयानी करने का आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने आरोप लगाया कि सिद्दरमैया और शिवकुमार के बीच आपसी लड़ाई और मनमुटाव के कारण राज्य में भगदड़ मची। इस भगदड़ के लिए कांग्रेस सरकार जिम्मेदार है। तेलंगाना में भगदड़ के चलते अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी को किया याद उन्होंने पिछले साल तेलंगाना में भगदड़ के चलते तेलुगु अभिनेता अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी को याद किया, जहां कांग्रेस सत्ता में है। पूछा कि क्या कांग्रेस कर्नाटक में भी यही नियम अपनाएगी और अपने दो वरिष्ठ नेताओं को गिरफ्तार करेगी। उन्होंने राहुल गांधी की भी आलोचना की और उनसे घटना पर अपनी चुप्पी तोड़ने और मुख्यमंत्री तथा उपमुख्यमंत्री को पद से हटाने के लिए कहा। केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के तत्काल इस्तीफे की मांग की और भगदड़ की जांच के लिए हाई कोर्ट के वर्तमान न्यायाधीश के नेतृत्व में जांच समिति गठित करने का आग्रह किया।

उन्होंने राज्य की कांग्रेस सरकार पर इस आयोजन के लिए बिना किसी योजना या विचार के जल्दबाजी में काम करने का आरोप लगाया। केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने कांग्रेस को अयोग्य, अक्षम, गैरजिम्मेदार और भ्रष्ट करार दिया। आगे कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी भ्रष्ट नेताओं से भरी हुई है, जो झूठे वादे करते हैं और बेंगलुरु जैसे शहर में सार्वजनिक कार्यक्रमों का प्रबंधन करने में विफल रहते हैं, जिसे एशिया की सिलिकान वैली कहा जाता है। भाजपा द्वारा की जा रही आलोचना के बीच डीके शिवकुमार ने कहा कि 11 लोगों की जान लेने वाली इस घटना के कारण बेंगलुरु की छवि खराब हुई है। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, हमें बहुत दुख हुआ है। पीड़ित हमारे अपने परिवार के लोग हैं।

आगे कहा कि कर्नाटक की छवि, बेंगलुरु की छवि..हां हम इसकी (जिम्मेदारी) लेते हैं। हम दूसरों को दोष नहीं दे रहे हैं। हालांकि यह बहुत अप्रत्याशित रूप से हुआ है। किसी को भी इतनी भीड़ की उम्मीद नहीं थी। हम मृतक का सम्मान करना चाहते हैं। मेरे सीएम भी सदमे में हैं, मेरे गृह मंत्री भी सदमे में हैं और पूरा राज्य सदमे में है। राज्य इस पर शोक मना रहा है।

# गोवा में 3 लोगों से जब्त की गई 5.75KG व्हेल की उल्टी, करोड़ों रुपये है इसकी कीमत



**पणजी।** दक्षिण गोवा से तीन व्यक्तियों के पास से व्हेल का एम्बरग्रीस (व्हेल की उल्टी) बरामद किया गया है। इसकी कीमत करीब 10 करोड़ रुपये है। एक अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। अधिकारी ने बताया, गुरुवार को संगुएम गांव में एक कार को रोका गया, जिसमें से 5.75 किलोग्राम मोम जैसा पदार्थ जब्त किया गया। इस पदार्थ का उपयोग इत्र उद्योग में होता है। दरअसल, यह मोम जैसे पदार्थ व्हेल का एम्बरग्रीस होता है, जो उसकी आंतों में उत्पन्न होता है। इस पदार्थ को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की अनुसूची ढ्ढ के तहत संरक्षित किया गया है।

इस एम्बरग्रीस का भारत में व्यापार या फिर इसे रखना प्रतिबंधित है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया व्हेल की उल्टी की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 10 करोड़ रुपये हो सकती है।

पुलिस ने आरोपियों की पहचान का खुलासा करते हुए बताया की दो की पहचान गोवा निवासी साईनाथ शेट और रत्नकांत करापुरकर के रूप में हुई है, जबकि तीसरे की पहचान महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग निवासी योगेश रेडकर के रूप में हुई है। वैज्ञानिकों का मानना है कि एम्बरग्रीस व्हेल के आंतों में बनता है। यह पदार्थ तब बनता है जब व्हेल अपचनीय पदार्थों का सेवन कर ले और उन पदार्थों को बाहर निकालने के लिए व्हेल ये बनाती है। बाहर निकलने के बाद एम्बरग्रीस समुद्र में तैरता है। लोग इसे खोजकर अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेचने की कोशिश करते हैं, क्योंकि इसकी काफी ज्यादा कीमत होती है। हालांकि, इसे खोज पाना इतना आसान नहीं है, इसलिए इसकी कीमत ज्यादा है। मोम की तरह दिखने वाले व्हेल के एम्बरग्रीस की गुणवत्ता की वजह से डिमांड काफी ज्यादा है और इसकी कीमत प्रति किलोग्राम 40 हजार डॉलर तक हो सकती है। इसे फ्लोटिंग गोल्ड के नाम से भी जाना जाता है।

# यूपी-बिहार समेत 17 राज्यों में आंधी-तूफान के साथ होगी तेज बारिश

**नई दिल्ली।** दक्षिण भारत और उत्तर पूर्वी भारत के कई हिस्सों में मानसून का आगमन हो चुका है, जिसके कारण पिछले कई दिनों से इन जिलों में भारी बारिश देखने को मिल रही है। खासकर असम समेत कई उत्तर पूर्वी राज्यों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। वहीं, उत्तर भारत में बेशक अभी मानसून की एंट्री नहीं हुई है, लेकिन आज देश के कई राज्यों में आंधी-तूफान के साथ बारिश की संभावना जताई गई है। भारतीय मौसम विभाग ने शुक्रवार (6 जून) को यूपी और बिहार समेत पूर्वोत्तर के 7 राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। साथ ही पश्चिमी राजस्थान और तमिलनाडु में हीट वेव का अलर्ट जारी किया गया है। IMD के ताजा अपडेट के अनुसार देश के ज्यादातर राज्यों में आज तेज आंधी-तूफान के साथ भारी बारिश होने की संभावना है। इस लिस्ट में पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़,झारखंड, ओडिशा, राजस्थान, बिहार, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के नाम शामिल हैं। मानसून की एंट्री के बाद से ही उत्तर पूर्वी राज्यों के कई हिस्सों में बाढ़ आ गई है। वहीं, अभी इन राज्यों को बारिश से राहत मिलने के कोई आसार नहीं है। असम, मेघालय, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और त्रिपुरा में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

# एलन मस्क की भारतीय टेलीकॉम सेक्टर में एंट्री

**नई दिल्ली।** भारत में एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक की एंट्री बहुत जल्द होने जा रही है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से बताया कि स्टारलिंक को भारत के दूरसंचार मंत्रालय से एक महत्वपूर्ण लाइसेंस मिल गया है। इस लाइसेंस का मिलना स्टारलिंक के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

बता दें कि स्टारलिंक भारत में तीसरी कंपनी होगी, जिसको दूरसंचार मंत्रालायल द्वारा सैटकॉम लाइसेंस मिला है। इससे पहले जियो और एयरटेल को भी ये लाइसेंस मिल चुका है। इससे पहले गुरुवार को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बताया था कि जल्द ही स्टारलिंक सैटकॉम लाइसेंस दिया जा सकता है, इसके लिए प्रक्रिया चल रही है।

# इंडस्ट्रियल एरिया में श्रमिकों के लिए बन सकेंगे घर, शहरों में कारोबारी माहौल बनेगा बेहतर

**घोषणा**

**वित्त मंत्रालय ने इस साल राज्यों की सहायता के संदर्भ में की गई बजट घोषणा के अनुरूप राज्यों को तीन श्रेणियों में बांटा है और उसी के अनुरूप फंड तय किया है।**



**नई दिल्ली।** शहरों में कारोबारी माहौल बेहतर बनाने और औद्योगिक श्रमिकों के कल्याण के लिए राज्यों को केंद्रीय सहायता के तहत इस साल पांच हजार करोड़ रुपये मिल सकते हैं। इसमें भी प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में अगर अपेक्षित सुधारों यानी नियम-कानूनों के झंझटों को कम करने के लिए आगे आता है तो राज्यों को अधिकतम 700 करोड़ रुपये तक की मदद मिल सकती है।

शहरों में कारोबारी माहौल बेहतर बनाने के लिए राज्यों को करने होंगे सुधार

प्राथमिकता वाले क्षेत्र हैं-भूमि और भवन व निर्माण। इस योजना का एक महत्वपूर्ण पहलू है 60 वर्ग मीटर से कम क्षेत्रफल वाले किफायती आवासीय प्रोजेक्टों को बढ़ावा देना। उद्योगों से जुड़े ये आवासीय प्रोजेक्ट मुख्य रूप से औद्योगिक श्रमिकों की आवासीय समस्या का समाधान करेंगे। राज्य सरकारों को औद्योगिक क्षेत्रों अथवा इस्टेट या पार्क में श्रमिकों के लिए आवासीय परियोजनाओं को मुख्य गतिविधि के रूप में अनुमति देनी होगी और घोषित इंडस्ट्रियल एरिया अथवा इस्टेट में भू उपयोग परिवर्तन संभव नहीं होगा।

कारोबारी माहौल में सुधार के संदर्भ में केंद्र सरकार का उद्देश्य शहरों में आर्थिक विकास और रोजगार के नए अवसर उत्पन्न करने के लिए एमएसएमई के मौजूदा ढांचे को बल प्रदान करने के साथ ही ऐसे नए उद्योग लगाने की राह आसान करना है। हालांकि, यह तभी संभव है जब उद्यमियों के लिए नियम-कानूनों का जाल कम किया जाए। विशेष आर्थिक क्षेत्र में इस प्रकार के प्रयास इसलिए अपना प्रभाव नहीं छोड़ पाए, क्योंकि मंजूरियों, निर्माण के नियमों और जमीन के इस्तेमाल को लेकर जटिलताएं अब भी कायम हैं।

वित्त मंत्रालय ने इस साल राज्यों की सहायता के संदर्भ में की गई बजट घोषणा के अनुरूप राज्यों को तीन श्रेणियों में बांटा है और उसी के अनुरूप फंड तय किया है। अब आवास और शहरी कार्य मंत्रालय इस योजना के लिए क्रियान्वयन संबंधी दिशा-निर्देश जारी करेगा।

सुधार के कदम उठाने के लिए अगले साल 15 दिसंबर तक का वक्त

राज्यों के पास सुधार के कदम उठाने के लिए 15 दिसंबर 2026 तक का वक्त है और इसके बाद 20 दिसंबर को शहरी कार्य मंत्रालय अपनी सिफारिशें भेजेगा। भूमि संबंधी सुधारों के तहत राज्यों को मिश्रित भू उपयोग पर आधारित विकास गतिविधियों के लिए उदार रवैया अपनाना होगा। कारोबारी माहौल में सुधार के लिए प्राथमिकता वाले दूसरे घटक यानी भवन और निर्माण में राज्यों से कहा गया है कि वे पीछे और अगल-बगल खाली स्थान छोड़ने के नियमों को तार्किक बनाएं।

उदाहरण के लिए 500 वर्ग मीटर से कम और अधिक क्षेत्रफल वाले प्लॉट के लिए सेटबैक यानी अनिवार्य खाली स्थान के मानक एक जैसे नहीं हो सकते।

उद्यमियों और कारोबारियों की यह शिकायत रही है कि इसके नियम इतने अतार्किक हैं कि उन्हें औद्योगिक प्लाटों में अच्छी-खासी जमीन इस अनिवार्यता को पूरा करने के लिए गंवानी पड़ती है।

# समय आ गया है बड़ा बम फोड़ने का... मस्क और ट्रंप के बीच नया वॉर शुरू



डिजिटल डेस्क, नई दिल्ली। दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति और टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर नया बम फोड़ा है, जिसके बाद दोनों के बीच की दुश्मनी अब और गहरी दिखने लगी है।

अमेरिका के पूर्व सरकारी दक्षता प्रमुख ष्ठह्रत्रश्व एलन मस्क ने ट्रंप को लेकर सनसनीखेज दावा किया है और उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि ट्रंप का नाम एपस्टीन से जुड़ी गोपनीय फाइलों में मौजूद है और इस वजह से फाइलें सार्वजनिक नहीं की जा रही है।

मस्क ने लिखा, अब समय आ गया है एक बड़ा बम फोड़ने का, एक बड़ा खुलासा करने का...डोनाल्ड ट्रंप एपस्टीन फाइलों में शामिल हैं। यही वजह है कि ये फाइल अभी तक सामने नहीं आई है। इस बात को याद रखिए, भविष्य में सच्चाई खुद सामने आ जाएगी।

दरअसल, एपस्टीन फाइल एक अमीर कारोबारी से जुड़ा है, जिस पर 2019 में यौन तस्करी और नाबालिग लड़कियों के साथ यौन शोषण के गंभीर आरोप लगे थे। एपस्टीन के मामले की परतें उस वक्त खुली जब वर्जीनिया गिफ्रे नाम की महिला ने सामने आकर कई खुलासे किए। गिफ्रे ने खुलासा करते हुए बताया था कि एपस्टीन और उसकी सहयोगी घिसलीन मैक्सवेल ने उन्हें साल 1999 से लेकर 2002 के बीच कई लोगों के पास भेजा था। इन नामों में ब्रिटेन के प्रिंस और मॉडलिंग एजेंट जीन-ल्यूक ब्रनेल शामिल थे। गिफ्रे का हाल ही में निधान हो गया।

2019 में गिरफ्तार हुआ था एपस्टीन

2019 में एपस्टीन को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन जेल में ही उसकी मौत हो गई थी। एपस्टीन की मौत को आधिकारिक तौर पर आत्महत्या बताया गया था। उस पर यह भी आरोप था कि उसने 2002 से लेकर 2005 के बीच न्यूयॉर्क और फ्लोरिडा स्थित अपने घरों में कई नाबालिग लड़कियों का यौन शोषण किया था। इसी साल एपस्टीन विवाद से जुड़ी कुछ फाइलों को सार्वजनिक किया गया है, जिनमें कई अहम जानकारी और उसके हाई-प्रोफाइल संपर्कों के बारे में पता चला।

जेफरी एपस्टीन को ट्रंप का करीबी दोस्त भी माना जाता है। हालांकि, सार्वजनिक की गई फाइलों में ट्रंप का नाम नहीं था। हालांकि, ट्रंप और एपस्टीन के कथित संबंधों को लेकर लंबे समय से जांच होती रही है।

एलन मस्क ने हाल ही में राष्ट्रपति ट्रंप के वरिष्ठ सलाहकार पद से इस्तीफा दिया है। इसके साथ ही ष्ठह्रत्रश्व में उनकी विशेष सरकारी कर्मचारी की भूमिका भी समाप्त हो गई है। बताया जा रहा है कि टैक्स बिल को लेकर दोनों के बीच विवाद बढ़ा है। इसी विवाद की वजह से मस्क ने पद छोड़ने का फैसला लिया है। जब से मस्क ने पद छोड़ा है, तभी से दोनों के बीच बयानबाजी का दौर जारी है और अब मामला खुलकर सामने आ गया है।

# क्या होता है ड्रैगन कैप्सूल जिससे आईएसएस जाएंगे शुभांशु

**अंजाम**

**स्पेसएक्स का यह अंतरिक्ष यान इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से खुद जुड़ जाता है, इसलिए इससे किसी भी मिशन को अंजाम देना सेफ और आसान होता है।**




**नई दिल्ली।** 10 जून को भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला A&iom-4 मिशन के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं। शुभांशु पहले 8 जून को यात्रा पर जाने वाले थे, लेकिन इसकी तारीख में बदलाव किया गया है। शुभांशु ड्रैगन कैप्सूल से स्पेस में जाने वाले हैं।

स्पेसएक्स का यह अंतरिक्ष यान इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से खुद जुड़ जाता है, इसलिए इससे किसी भी मिशन को अंजाम देना सेफ और आसान होता है। क्रू ड्रैगन को 15 मिशनों तक इस्तेमाल के लिए डिजाइन किया गया है।

इसकी सबसे खास बात यह है कि इसमें 8 सुपरड्रैको इंजन है, जो इमरजेंसी में कैप्सूल को रॉकेट से अलग कर सकता है। इस कैप्सूल के ट्रंक पैनल में सोलर पैनल लगा है, जो बिजली बनाती है।

बता दें, शुभांशु शुक्ला का मिशन फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से फाल्कन 9 रॉकेट पर लॉन्च होगा। शुभांशु इन 14 दिनों में ढ्ढस्स् पर 7 से 9 वैज्ञानिक प्रयोग भी करेंगे। शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर कदम रखने वाले पहले भारतीय होंगे।

A&iom-4 या A&-4 मिशन एक स्पेस मिशन है, जिसका संचालन प्राइवेट कंपनी A&iom Space द्वारा किया जा रहा है। यह इस कंपनी का चौथा स्पेस मिशन है, जो स्पेस एक्स और NASA के साथ मिलकर किया जा रहा है। यह मिशन 14 दिनों तक का है और इस दौरान वैज्ञानिक अलग-अलग तरह के प्रयोग करेंगे। यह स्पेस मिशन भारत, हंगरी और पोलैंड के लिए बेहद खास है क्योंकि 40 सालों के बाद इन देशों के अंतरिक्ष यात्री इसमें शामिल हो रहे हैं।

10 जून को फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से फाल्कन-9 रॉकेट सिर्फ चार अंतरिक्ष यात्रियों को ही नहीं लेकर जाने वाला है, बल्कि इनके साथ एक छोटा सा सॉफ्ट टॉय जॉय भी जाने वाला है। लेकिन, सवाल यह है कि आखिर सॉफ्ट टॉय अंतरिक्ष में क्यों जा रहा है दरअसल, जॉय नामक यह सॉफ्ट टॉय कोई साधारण सॉफ्ट टॉय नहीं है। यह A&iom-4 मिशन का शून्य गुरुत्वाकर्षण संकेतकहै। पुरानी परंपरा के अनुसार, अंतरिक्ष यात्री अपने साथ एक हल्का सा ऑब्जेक्ट ले जाते हैं, जो अंतरिक्ष यान के पृथ्वी गुरुत्वाकर्षण से मुक्त होते ही हवा में तैरने लगता है। जब जॉय भी इसी तरह तैरने लगेगा तो यह संकेत होगा कि मिशन ने शून्य गुरुत्वाकर्षण की स्थिति हासिल कर ली है। यह परंपरा साल 1961 में सोवियत कॉस्मोनॉट यूरी गागरिन से शुरू हुई थी।

# चीन को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, भारत-पाक टकराव के बीच अमेरिका में थरूर का ड्रैगन पर बड़ा बयान

**सुरक्षा**

**कांग्रेस सांसद ने कहा कि पाकिस्तान को व्यावहारिक समर्थन देने के मामला हो या सुरक्षा परिषद में भी समर्थन देना हो, हमने एक अलग चीन को देखा है।**



**वाशिंगटन।** भारतीय डेलिगेशन के एक दल का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने अमेरिका में चीन को लेकर एक बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान टकराव के बीच चीन एक ऐसा कारक है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान से टकराव से पहले दिल्ली और बीजिंग के बीच संबंधों में नरमी आई थी, जो अच्छी प्रगति पर दिख रही थी। थरूर ने कहा कि पाकिस्तान में चीन का बहुत बड़ा हित भी है। अमेरिका में भारतीय दूतावास में आयोजित थिंक टैंक के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत के दौरान शशि थरूर ने कहा कि बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के तहत सबसे बड़ी एकल परियोजना चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा है। पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि, 81 प्रतिशत पाकिस्तान रक्षा उपकरण चीन से आते हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि यहां रक्षा शब्द का इस्तेमाल करना गलत होगा, क्योंकि पाकिस्तान इन उपकरों का इस्तेमाल हमला करने के लिए करता है।

गलवान घाटी में भारत और चीन की सेना के बीच हुई झड़प को लेकर उन्होंने कहा कि, 2020 में झड़प के बाद भी हमने पिछले साल सितंबर में चीन के साथ संबंधों में नरमी बरती थी, जो भारत-पाकिस्तान टकराव से पहले अच्छी प्रगति कर रही थी।

कांग्रेस सांसद ने कहा कि पाकिस्तान को व्यावहारिक समर्थन देने के मामला हो या सुरक्षा परिषद में भी समर्थन देना हो, हमने एक अलग चीन को देखा है।

उन्होंने कहा, हमारे पड़ोस में क्या चुनौतियां हैं, इस बारे में हमें कोई भ्रम नहीं है, लेकिन मैं आप सभी को याद दिलाना चाहता हूं कि भारत ने हमेशा अपने विरोधियों के साथ संवाद के लिए चैनल खुला रखने का रास्ता चुना है।

# अमेरिकी कोर्ट का ट्रंप को बड़ा झटका



**एपी, वाशिंगटन।** पिछले दिनों अमेरिका के राष्ट्रपति ने फरमान जारी कर हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में पढ़ने के लिए आने वाले विदेशी छात्रों के अमेरिका में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया था। इस मामले पर एक संघीय न्यायाधीश ने अपना फैसला सुनाया है।

न्यायाधीश ने डोनाल्ड ट्रंप की उस घोषणा पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है। बुधवार को जारी की गई घोषणा में ट्रंप प्रशासन द्वारा अमेरिका के सबसे पुराने और सबसे अमीर कॉलेज को उसके एक चौथाई छात्र-संख्या से वंचित करने के नए प्रयास को चिह्नित करती है, जो हार्वर्ड के अनुसंधान और स्कॉलरशीप का बड़ा हिस्सा है।

इस घोषणा के बाद हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने ट्रंप के इस फैसले पर रोक लगाने के लिए संघीय अदालत का रुख किया था और इस आदेश को रोकने के लिए संघीय न्यायाधीश के सामने कानूनी चुनौती दायर की थी।

अपनी कानूनी चुनौती में हार्वर्ड ने व्हाइट हाउस द्वारा अपनी मांगों को अस्वीकार करने के लिए इसे अवैध प्रतिशोध कहा गया था। गुरुवार को दायर एक संशोधित मुकदमे में हार्वर्ड ने कहा कि राष्ट्रपति पिछले न्यायालय के आदेश को दरकिनार करने का प्रयास कर रहे थे।

# न्यूयॉर्क में जब आमने-सामने हुए थरूर और उनका पत्रकार बेटा

**वाशिंगटन।** भारत के सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल की अगुआई कर रहे कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने वाशिंगटन पोस्ट में कार्यरत अपने बेटे ईशान के सवाल के जवाब में कहा कि पाकिस्तान के विरुद्ध बिना पुख्ता प्रमाणों के भारत ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम नहीं देता। ईशान थरूर ने पूछ अपने पापा से सवाल

वाशिंगटन पोस्ट में वैश्विक मामलों के स्तंभकार ईशान थरूर जैसे ही सवाल पूछने खड़े हुए तो थरूर ने हंसते हुए कहा, इसकी अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। यह मेरा बेटा है।

इसके बाद ईशान ने पूछा कि क्या आपसे किसी सरकार ने शुरुआती हमले में पाकिस्तानी हाथ होने का प्रमाण मांगा है, आप पाकिस्तान के इन्कार के बारे में क्या कहेंगे। थरूर ने लोगों की हंसी के बीच कहा, इस व्यक्ति ने अपने पिता के साथ यह किया है। इसके बाद उन्होंने कहा, हमसे किसी ने प्रमाण नहीं मांगा, लेकिन मीडिया ने जरूर मांगा है। भारत ऐसा देश नहीं है जो बिना पुख्ता प्रमाण के सैन्य ऑपरेशन को अंजाम दे दे। पाकिस्तान की ओर से भारत पर 37 आतंकी हमले हुए और हर बार उसने संलिप्तता से इन्कार किया। उसने लादेन के भी अपने यहां होने से इन्कार किया था, लेकिन वह वहां मिला था।



# ईद ए क़ुरबां आज- शहर भर की मस्जिदों में तय समय पर पढ़ी जाएगी विशेष नमाज़

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** इस्लामिक माह ज़िलहिज्जा की दस यानि शनिवार को ईद ए क़ुरबॉ (ईद उज़ जुहा) देश भर में एक साथ अक़ीदत व ऐहतेराम के साथ मनाया जाएगा। हज़रत इब्राहीम की सुन्नत पर अमल करते हुए दुम्बों व बकरों की क़ुरबानी दी जाएगी।

उम्मुल बनीन सोसायटी के महासचिव सैय्यद मोहम्मद अस्करी के मुताबिक़ चौक जामा मस्जिद, शिया जामा मस्जिद चक ज़ीरो रोड, ईदगाह, मस्जिद शाह वसीउल्ला रौशन बाग़, शिया जामा मस्जिद करैली मस्जिद ए खदीजा, मस्जिद क़ाज़ी साहब बख्शी बाज़ार, मस्जिद खानकाह दायरा शाह अजमल सहित शहर की सभी छोटी बड़ी मस्जिदों में तय समय पर ईद उज़ जुहा की विशेष नमाज़ इमामों की क़यादत में अदा की जाएगी।

मस्जिद अय्यूब अंसारी करैली 60 फिट रोड में सबसे पहले सुबह 6:00 बजे तो आखरी नमाज़ 10 बजे दायरा शाह अजमल की खानकाह मस्जिद व 10:30 बजे चक ज़ीरो रोड शिया जामा मस्जिद में होगी।

**विभिन्न सुन्नत जमात मस्जिदों में नमाज़ का समय-** ईदगाह सुबह 8:30, चौक जामा मस्जिद सुबह 7 बजे व दूसरी जमात 8:30 बजे, मस्जिद शाह वसी उल्लाह सुबहा 8:30, मस्जिद ए उमर सुबह 7:00 मस्जिद वसीआबाद 8:30, मस्जिद तारीक़ सुबह 7:15, मस्जिद ए ज़मीर सुबह 8:00, मस्जिद ए बिलाल सुबह 7:30, मस्जिद गुलशने मुजाहिद मिल्लत सुबह 8:30 , मुस्तफा कॉम्प्लेक्स सुबह 8:30, मस्जिद गौस सुबह 9:30, मस्जिद अटाला चौराहा सुबह 6:40, मदरसा अफज़लुल मदारिस सुबह 6:00 व दूसरी जमात 6:30 बजे

मस्जिद ए ताहा सुबह 8:30, मस्जिद अबु बकर 6:15, जामा मस्जिद चौक सुबह 8:30, मस्जिद अब्दुल्ला सुबह 8:00, मस्जिद अबु हुरैरा सुबह 8:30, मस्जिद उमर फारुक सुबह 8:00, मस्जिद करामत की चौकी सुबह 6:30, मुन्ना मस्जिद सुबहा् 9:00, बड़ी मस्जिद अटाला सुबह 7:30,

मस्जिद ए तलहा 7:30, बड़ी मस्जिद रसूलपुर सुबह 8:00, मस्जिद अय्यूब अंसारी सुबह 6:00, मस्जिद दारुल माआरिफ सुबह 8:00, मस्जिद ए हबीब सुबह 7:00 बजे

मस्जिद बैतुल माआरिफ सुबह 8:30, मस्जिद दारुल एहसान सुबह 6:30, मस्जिद दायरा शाह अजमल सुबह 10:00, शाही मस्जिद मीरापुर सुबह 7:00 बजे

**शिया जमात की मस्जिदों में नमाज़ का समय-** मस्जिद अल फातिमा बैजुपूर करैली सुबह 7:30, मस्जिद वज़ीर हसन जे के आशियाना सुबह 8:30, मस्जिद गदा हुसैन सुबह 9:00, मस्जिद इमाम रज़ा दरियाबाद सुबह 8:00, मस्जिद ए मोहम्मदी करैली सुबह 8:00 , मस्जिद ए इमाम ए सज्जाद (चिराग़ अली) दरियाबाद सुबह 8:30, इबादतखाना अल खिज़रा रहमत नगर करैली सुबह 8:30, शिया जामा मस्जिद चक सुबह 10:00, मुसल्ला ए ज़ीशान करैलाबाग़ सुबह 9:00, मस्जिद विलायत बेगम क़दम रसूल चकिया सुबह 9:00, बैतुस्सलात करैली सुबह 9:00, बैतुस्सलात मिर्ज़ा नक़ी बेग रानी मण्डी सुबह 9:00, इमामबारगाह रसूलपुर सुबह 9:00, मस्जिद हम्माम गली सुबह 9:00, दरगाह मौला अली दरियाबाद सुबह 9:00, मस्जिद तहसीलदार दरियाबाद सुबह 9:00, मस्जिद ए नूर दायरा शाह अजमल सुबह 9:00, मस्जिद क़ाज़ी जी बख्शी बाज़ार सुबह 9:00, मस्जिद ए इमाम हसन अस्करी दरियाबाद सुबह 9:30, मस्जिद ए आलिया सब्ज़ी मण्डी सुबह 9:30, मदरसा जमीयतुल अब्बास करैली सुबह 9:30, मस्जिद बीबी खदीजा सुबह 9:45, दरगाह इमाम हुसैन दरियाबाद सुबह 10:30, इमामबाड़ा अरब अली खां दरियाबाद सुबह 10:00, मस्जिद क़दम रसूल दरियाबाद सुबह 10:30, मस्जिद ए अमजदीया चक सुबह 10:30



**इस बात का रखें ख्याल-** सड़क पर किसी प्रकार के धार्मिक आयोजन और अवरोध उत्पन्न करने पर प्रतिबंध है ऐसे में मस्जिदों ख़ानक़ाहों व इबादतगाहों में ही नमाज़ अदा करें। प्रतिबंधित पशु को ज़िबहा करना क़ानून अपराध है। ऐसे में सिर्फ सुन्नत पर अमल करते हुए उन्हीं जानवरों को राहें हक़ में क़ुर्बान करें जो खुदा की खिदमत में मंजूर हो। सड़क पर या खुले स्थान पर जानवर न तो काटें और न ही खून को बहाएं।जानवर के अवशेष को गड्ढा खोद कर दफ्न करें ताकि क़ुर्बानी के जानवर को ज़िब्हा करते वक़्त पढ़ी जाने वाली क़ुरआन की आयतों की बेहुरमती भी न हो और न ही किसी दूसरे धर्म या व्यक्ति को आघात लगे। सड़क पर जानवर के अवशेष फेंकने से दुर्गंध भी फैलती है ऐसे में वातावरण के प्रदूषित होने से भी बचा जा सकता है।

# पिकअप की चपेट में आने से सफाईकर्मी की मौत

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (जफराबाद)** क्षेत्र के जगदीशपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास शुक्रवार तड़के दर्दनाक सड़क हादसे में एक सफाईकर्मी की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, वहीं घायल महिला का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।जानकारी के अनुसार, सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जंगीपुर खुर्द निवासी तेजबहादुर गौतम (40) सुइथाकला में सफाईकर्मी के पद पर तैनात थे। शुक्रवार भोर में वह अपनी पत्नी रेशमा देवी (35) के साथ दवा के लिए बाइक से वाराणसी जा रहे थे। इसी दौरान जगदीशपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों पति-पत्नी बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने तेजबहादुर को मृत घोषित कर दिया, जबकि रेशमा देवी की हालत गंभीर बनी हुई है।पिकअप चालक फरार, वाहन जब्त हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। मृतक के पिता रणधीर गौतम की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि पिकअप वाहन को कब्जे में ले लिया गया है और आरोपी चालक की तलाश जारी है।

**जौनपुर में घाटों पर विशेष सफाई अभियान**

# जलकुंभी और नालों की सफाई से मिलेगा स्वच्छ वातावरण

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** शासन की मंशानुसार बरसात के मौसम से पहले शहर को स्वच्छ और जलभराव मुक्त बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र के निर्देश पर नगर पालिका परिषद जौनपुर द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जहां एक ओर प्रमुख घाटों की सफाई की जा रही है, वहीं दूसरी ओर सभी नालों और नालियों की भी समय से पहले सफाई कराई जा रही है, जिससे बरसात में जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो। इस कार्य की निगरानी नगर पालिका अध्यक्ष मनोरमा रामसूरत मौर्या और अधिशासी अधिकारी पवन कुमार स्वयं कर रहे हैं। नगर क्षेत्र के प्रमुख घाटों पर सफाईकर्मियों की टीम तैनात कर नालियों की सफाई, कूड़ा-कचरा निष्कासन, जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है। विशेष रूप से गोमती नदी के किनारे फैली जलकुंभी



को मशीनों और सफाई मित्रों की सहायता से हटाया जा रहा है, जिससे नदी के प्रवाह में भी सुधार हुआ है। इस अभियान से श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को साफ-सुथरे और सुरक्षित घाटों की सुविधा मिल सकेगी। नगर पालिका अध्यक्ष मनोरमा मौर्या ने कहा कि जौनपुर शहर को स्वच्छ, सुंदर और जलभराव से मुक्त बनाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि यह अभियान केवल एक दिन का नहीं है, बल्कि इसे लगातार और नियमित रूप से जारी रखा जाएगा। अधिशासी अधिकारी पवन कुमार ने बताया कि शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नालों, नालियां एवं घाटों पर बृहद सफाई अभियान शुरू हो चुका है। सफाई व्यवस्था को स्थायी रूप से सुदृढ़ किया जाएगा।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है : अशोक चौरसिया

- 9 से 21 जून तक संकल्प से सिद्धि अभियान चलाया जाएगा: पुष्पराज

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** भाजपा जिला कार्यालय पर मोदी सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में भाजपा काशी के क्षेत्रीय महामंत्री अशोक चौरसिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सर्वप्रथम पार्टी के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा श्रद्धासुमन अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

मुख्य अतिथि के रूप मे बोलते हुये अशोक चौरसिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले एक दशक में ऐतिहासिक परिवर्तन देखा है। उनकी



नीतियों से भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के माध्यम से देश आत्मनिर्भर और समृद्ध बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने आगे बताया कि यह आयोजन 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के दिन तक चलेगा आपातकाल के 50 वर्ष पूरा होने पर भी कार्यक्रम होंगे। ऑपरेशन सिंदूर का भी खासतौर पर जिक्र होगा प्रत्येक मंडल पर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन होगा इसमें विकसित भारत के लिए संकल्प लिया जाएगा शहर में मोहल्ला चौपाल और पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत आयोजन होगा। विधानसभा क्षेत्रों में लाभार्थी शिविर लगेंगे जिनमें केंद्रीय योजनाओं का पंजीकरण होगा। इनमें वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान भारत योजना का शत प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित किया जाएगा। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने बताया कि 9 से 21 जून तक संकल्प से सिद्धि अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान जनपद और मंडल स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यकर्ता मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों का प्रचार-प्रसार करेंगे साथ ही जनता को सरकार की दूरदर्शी नीतियों से अवगत कराएंगे। कार्यशाला में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और अभियान के संयोजक व सह-संयोजक मौजूद रहे। सभी ने मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया उन्होंने मंडल और शक्ति केंद्र स्तर के कार्यक्रमों की सफलता के लिए सामूहिक प्रयास का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान डिजिटल पीपीटी स्लाइड के माध्यम से तारीख वार तरीके से कार्यक्रम की कब और कैसे करना है पर चर्चा की। 11-12 जून को प्रेस वार्ता और प्रबुद्ध समागम होगा। 9 जून से 9 जुलाई तक %बदलता भारत मेरा अनुभव डिजिटल प्रतियोगिता चलेगी 13 से 15 जून तक मंडल स्तर पर अभियान होगा 16 से 18 जून तक शक्तिकेंद्र स्तर पर कार्यक्रम होंगे 19 से 21 जून तक विश्व योग दिवस मनाया जाएगा।मंच का संचालन सुशील मिश्रा ने किया और वृत्त सुरेंद्र कुमार सिंघानिया ने लिया। उक्त अवसर पर जिला पदाधिकारियों मंडल अध्यक्ष कार्यक्रम संयोजक शक्ति केंद्र संयोजक गण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### शिवपुर क्लब की जीत में रोहित चमके



**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** शिवपुर क्लब ने दौलत हुसैन इंटर कालेज को पांच विकेट से हराकर इमरान अहमद सिद्दीकी स्मृति अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। शिवपुर की जीत में आफ ब्रेक गेंदबाज रोहित पटेल की अचूक गेंदबाजी (4-0-16-4) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। दौलत हुसैन इंटर कालेज ने शुक्रवार को अपने मैदान पर पहले खेलते हुए 22.3 ओवर में 82 रन (अब्दुल्ला हसन 23, मोहम्मद हमदान 11, रोहित पटेल 4/16, निष्कर्ष पांडेय 2/14, तेजस सिंह, प्रवीण, रीतिश यादव व मृदुल लालवानी एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में शिवपुरी क्लब ने 17.3 ओवर में पांच विकेट पर 83 रन (शिवम यादव 24, रुद्रांश 18, अभय गौतम 2/23, मोहम्मद हमदान 2/29) बना लिए। रोहित को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच से पहले पूर्व रणजी क्रिकेटर आसिफ मुर्तजा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

### रोशन ने सेंट पीटर्स क्लब को जिताया



**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** रोशन कुशवाहा के हरफनमौला खेल (54 रन, 41 गेंद, आठ चौके, दो छक्के एवं दो विकेट) के दम पर सेंट पीटर्स क्लब ने इलाहाबाद पब्लिक स्कूल को आठ विकेट से हराकर राम मूर्ति त्रिपाठी अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। ईश्वर शरण इंटर कॉलेज मैदान पर शुक्रवार को खेले गए मैच में इलाहाबाद पब्लिक स्कूल ने 24.3 ओवर में तीन विकेट पर 78 रन (आशुतोष भास्कर 23, आर्य श्रेष्ठ 17 हिमांशु 16 आर्यन मिश्रा 3/14, अभय राज यादव 2/15, रोशन कुशवाहा 2/17, आदर्श पांडेय व सौम्य तिवारी एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में सेंट पीटर्स क्लब ने 13.4 ओवर में दो विकेट पर 79 रन (रोशन कुशवाहा 54 नाबाद, नीरज तिवारी 19 नाबाद, आदित्य पांडेय 1/13, आशुतोष भास्कर 1/22) बना लिए। रोशन कुशवाहा को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

### राज चैलेंजर कप टेनिसबाल क्रिकेट 14 से

**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** स्वर्गीय राज चैलेंजर कप कैशमनी रात्रिकालीन टेनिसबाल क्रिकेट प्रतियोगिता 14 जून से अम्बेडकर पार्क, राधा नगर कालोनी, कच्ची सड़क, दारागंज में शुरू होगी। विजेता टीम को 25 हजार एवं उपविजेता टीम को बीस हजार रुपये नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

# योग की प्राचीन परंपरा आधुनिक जीवन के लिए उपयोगी : कुलपति

- पूर्वांचल विश्वविद्यालय में ॠविरासत से विकासः योग की भूमिका विषयक परिचर्चा आयोजित
- योग से संभव है मन की शांति : पंकज मिश्र
- युवा पीढ़ी योग को अपने से जोड़े रखे- पवन कुमार

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में शुक्रवार को विरासत से विकासः योग की भूमिका विषय पर ऑनलाइन परिचर्चा का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने प्राचीन ज्ञान और आधुनिक विकास में योग की भूमिका पर गंभीर चर्चा की।

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने योग की प्राचीन परंपरा को आधुनिक जीवन के लिए उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि मानव जाति तन, मन से स्वस्थ रहेगी तभी हम विकास कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि योग हमारी दैनिक दिनचर्या में शामिल रहेगा तभी हम जीवन का आनंद ले पाएंगे। स्वस्थ रहने का वरदान भारतीय परंपरा में पहले से था और आज योग को पूरा विश्व मान रहा है।

बतौर आमंत्रित वक्ता प्रयागराज के आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक ख्यातिलब्ध योगाचार्य पंकज मिश्र ने कहा कि मस्तिष्क में नए विचारों को जन्म लेने के लिए मन का शांत होना बहुत जरुरी है। आज के इस दौर में योग से ही मन की शांति संभव है। उन्होंने कहा कि मन का विश्राम नहीं हो पा रहा है। इस के पीछे मोबाइल और कंप्यूटर जैसे डिजिटल यंत्रों की भी बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि योग व्यक्ति को ऊर्जावान बनाता है और सम्पूर्ण जीवनशैली पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। यह केवल शारीरिक क्रिया नहीं, बल्कि एक ऐसी साधना है जिसे अब वैज्ञानिक प्रमाणिकता भी प्राप्त हो चुकी है। बतौर वक्ता लोक दायित्व संस्था के संयोजक पवन कुमार सिंह ने कहा कि योग भारतीय ग्रामीण जीवन और लोक परंपराओं में गहराई से जुड़ा हुआ है। हम सबको इस बात का विशेष गर्व है कि हजारों साल पूर्व प्रारंभ हुई योग परंपरा का लाभ आज पूरा विश्व ले रहा है। इस प्रकार की परम्पराओं को युवा पीढ़ी को अपने से जोड़े रखना चाहिए।

जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रो. मनोज मिश्र ने कहा कि विरासत में हमें योग मिला है इसे जीवन से जोड़कर आगे ले जाना है। अतिथियों का स्वागत अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद यादव ने किया।

कार्यक्रम का संचालन संयोजक डॉ. श्याम कन्हैया सिंह ने और धन्यवाद ज्ञापन नोडल अधिकारी डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने किया. कार्यक्रम में प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. राज कुमार सोनी, प्रो गिरिधर मिश्र, डॉ. राज बहादुर, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. रसिकेश, डॉ. वनिता सिंह, डॉ. शशिकांत यादव, उद्देश्य सिंह, प्रमेन्द्र विक्रम सिंह, डॉ. सतीश जैसल समेत अन्य उपस्थित रहे।

# पौधारोपण एवं पौध वितरित किया



**आजमगढ़।** युवा युवा वाहिनी सेवा संस्थान द्वारा पर्यावरण दिवस एवं योगी आदित्यनाथ जी के जन्मदिवस पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन संस्थान मुख्यालय ग्राम सीरवा में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में संस्थान के संस्थापक एवं संचालक सी मनोकामना विमलएवं भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित मोर्चा गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष द्वारा भाग लिया गया। उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई एवं पौधों का वितरण किया गया। उपस्थित वक्ताओं द्वारा अनुरोध किया गया कि पौधों की रक्षा हमारी जिम्मेदारी है। इस गर्मी में पौधों की देखरेख नियमित जल, सुरक्षा की आवश्यकता है। वक्ताओं ने कहा कि पेड़ों के अनदेखी वनों की कटाई पर्यावरण प्रदूषण के कारण जीवन संकट में होता जा रहा है। इसकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है।

# पानी के संकट पर कांग्रेस का मटका फोड़ प्रदर्शन

- जल संकट पर भड़की कांग्रेस, सड़कों पर उतरे कार्यकर्ता, नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** प्रयागराज शहर के घनी आबादी वाले इलाकों में लगातार बढ़ रहे पेयजल संकट के विरोध में आज शहर कांग्रेस कमेटी ने नगर निगम कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नगर निगम के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए खाली मटके लेकर प्रदर्शन किया और अपर नगर आयुक्त राजीव शुक्ला को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया, तो कांग्रेस सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि करेली के अंधीपुर, एकराम नगर, बक्शी, गड्डा कॉलोनी, जेके आशियाना, जफीर की पुलिया जैसे इलाकों में एक महीने से पानी की आपूर्ति पूरी तरह से बंद है। लोग पीने के पानी के लिए परेशान हैं, जिससे हो गया है। घरों के कामकाज प्रभावित हो रहे हैं और कई जगहों पर महिलाएं और बच्चे पानी की तलाश में दूर-दूर तक भटकने को मजबूर हैं। इसी तरह, रसूलाबाद, सलोरी, अल्लापुर, दारागंज, बघाड़ा और मम्फोर्डगंज जैसे क्षेत्रों में भी पिछले दो महीने से पेयजल संकट बना हुआ है। यहां या तो पानी बिल्कुल नहीं आता या फिर इतना कम प्रेशर होता है कि घरों की टंकियां नहीं भर पातीं। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि कई बार नगर निगम में शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन न तो पाइपलाइन की मरम्मत कराई गई और न ही वैकल्पिक व्यवस्था की गई। पानी के टैंकर भेजे जा रहे हैं, लेकिन उन्हें ऐसी जगह खड़ा किया जाता है जहां गंदगी के कारण महिलाएं व बुजुर्ग वहां तक नहीं पहुंच पाते। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मांग की कि पेयजल आपूर्ति को जल्द से जल्द बहाल किया जाए, क्षतिग्रस्त पाइपलाइनों की मरम्मत हो और जरूरतमंद इलाकों में स्वच्छ टैंकरों से नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। प्रदर्शन में शहर कांग्रेस अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और स्थानीय नागरिक शामिल रहे।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबन्धक, गतिशक्ति, उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा (दोहरी पैकेट प्रणाली), जिसकी बंद होने की तिथि दिनांक 14.07.2025 को 11:30 बजे तक है, आमंत्रित की जाती है।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | GSU-LKO-PSSA-04 दिनांक 06-06-2025 | | |
| 2 | निविदा संख्या | GSU-LKO-PSSA-04 | | |
| 3 | कार्य का नामः उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल की गतिशक्ति यूनिट की परियोजनाओं के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवाए प्रदान करने हेतु परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी (PSSA) की नियुक्ति। | | | |
| 4 | अनुमानित लागत | रू0 5,31,64,539.10 | 5 घरोहर राशि | रू0 4,15,800/– |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से अट्ठारह माह। | | |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 30.06.2025 | | |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 14.07.2025 11:30 बजे | | |
| 9 | बेबसाईट | www.ireps.gov.in | | |

नोट :– 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1690/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबंधक, गतिशक्ति, उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा (दोहरी पैकेट प्रणाली), जिसकी बंद होने की तिथि दिनांक 27.06.2025 को 11:30 बजे तक है, आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना संख्या | 03-DyCE-GSU-LKO-2025-26 दिनांक 05.06.2025 |
| 2. | निविदा संख्या | 03-DyCE-GSU-LKO-2025-26 |
| 3. | कार्य का नाम | गति शक्ति इकाई, उत्तर रेलवे, लखनऊ की परियोजनाओं के लिये सामान्य परामर्शदाता (GC) की नियुक्ति। |
| 4. | अनुमानित लागत | रू0 3,75,16,227.66 |
| 5. | धरोहर राशि | रू0 3,37,600.00 |
| 6. | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से चौबीस माह। |
| 7. | निविदा डालने का प्रारंभ | 13.06.2025 |
| 8. | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 27.06.2025 11:30 बजे |
| 9. | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट :– 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1674/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# बुढ़ऊ बाबा मंदिर परिसर किया गया वृक्षारोपण

**अवधनामा संवाददाता**

**लालगंज ,आजमगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुढ़ऊ बाबा मंदिर प्रांगण में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत हरिशंकरी के पौधे का रोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में निखिल द्विवेदी रेन्ज फॉरेस्ट ऑफिसर निखिल द्विवेदी एवं रंजनिकांत त्रिपाठी (पूर्व मंडल अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी) उपस्थित रहे। इनके साथ शोधार्थी मोहन पांडेय ने भी कार्यक्रम में सहभागिता रही। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता को बढ़ावा देने हेतु यह पहल सराहनीय है,सभी अतिथियों ने मिलकर पौधरोपण कर हरियाली और स्वच्छ वातावरण हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त किया।कार्यक्रम में वन दरोगा विकास कुमार, ओम प्रकाश यादव, अल्का कुशवाहा, तथा वन रक्षक सुरेश यादव भी उपस्थित रहे। प्राचीन हनुमान मंदिर पर धार्मिक अनुष्ठान 7 जून से प्रारंभ देवगांव कोतवाली की अंतर्गत कलीचाबाद में प्राचीन श्री हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार ग्रामवासियों का सहयोग और सामूहिक प्रयास से प्राचीन श्री हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य आरंभ हो चुका है। यह पावन मंदिर गांव की आस्था, संस्कृति और परंपरा का प्रतीक रहा है। सभी ग्रामवासियों के सामूहिक प्रयास एवं सहयोग से इसके गौरव को पुनः स्थापित करने हेतु कार्य किया जा रहा है। सभी ग्रामवासियों ने तन, मन और धन से इस पुनीत कार्य में भागीदारी निभाई है।

# डीएम ने समायोजित नाले का किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय, खरपरी सीमान्तर्गत औड़ेन्य मंडल झिंझाई से होते हुये खरपरी के मध्य, जेल पुल के समीप समायोजित नाले का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय के विभिन्न पटलों का निरीक्षण करते हुए पटल सहायकों को आदेशित करते हुये कहा कि सभी अभिलेख अद्यावधिक रहें, पत्रावलियों को व्यवस्थित तरीके से रखा जाये, कार्यालय में साफ-सफाई व्यवस्था दुरूस्त रहें। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन योजना, प्रेरणा पोर्टल पर प्रविष्टियों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में शिक्षा के स्तर में सुधार, मूल-भूत



सुविधाओं की उपलब्धता हेतु सामूहिक रूप से विशेष प्रयास किये जायें, एबीएसए, बीआरसी, एबीआरसी द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार विद्यालयों का निरीक्षण किया जाये, निरीक्षण के नाम पर खानापूर्ति न हो सुनिश्चित किया जाये। श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ सहायक सुभाष चन्द्र, क.अ. एम.डी.एम. पुष्पेन्द्र सिंह को अनुपस्थित पाये जाने पर वेतन रोके जाने के निर्देश देते हुये कहा कि सभी कार्मिक समय से कार्यालय में उपस्थित हों, कोई भी कार्मिक बिना किसी पूर्व सूचना, अवकाश के अथवा भ्रमण पंजिका में अंकन किए बिना कार्यालय से नदारद पाया जायेगा तो उसके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जायेगी। उन्होने मृतक आश्रितों की पत्रावलियों का निरीक्षण करते हुये कहा कि मृतक आश्रितों के प्रकरणों को प्राथमिकता पर निबटाया जाये, किसी भी कर्मचारी, शिक्षक के पेंशन, सेवानिवृत्त देयकों के भुगतान में किसी भी स्तर पर विलंब न हो सुनिश्चित किया जाये। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में टीसी सत्यापन कराने आये जयवीर सिंह यादव से संवाद करने पर पाया कि उसे टीसी सत्यापन के लिए कार्यालय में 04 बजे तक रूकने को कहा गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि किसी भी व्यक्ति को शासकीय कार्य के लिए परेशान न किया जाये, खंड शिक्षाधिकारी नगर 30 मिनट में टीसी सत्यापन कर अवगत करायें। जिलाधिकारी ने आगामी वर्षा के दृष्टिगत खरपरी सीमान्तर्गत औड़ेन्य मंडल झिंझाई से होते हुये खरपरी के मध्य, जेल पुल के पास समायोजित हो रहे नाले के निरीक्षण के दौरान जानकारी करने पर पाया कि उक्त नाला एटा प्रखंड सिंचाई विभाग के अधीन आता है, सफाई का कार्य एटा प्रखंड सिंचाई विभाग द्वारा किया जाना है।


**नन्द किशोर कैलाश चन्द्र महाविद्यालय**
**टिकरा, बिसवाँ, सीतापुर - 261201**

**आवश्यकता है**

**कला संकाय** – स्नातक
**सहायक आचार्य** – कला संकाय (बी0ए0) हिन्दी, अंग्रेजी, इतिहास, अर्थशास्त्र, गृह विज्ञान, राजनीति शास्त्र एवं समाज शास्त्र विषय हेतु।
**विज्ञान संकाय** – परास्नातक
**सहायक आचार्य** – विज्ञान संकाय (एम.एस-सी0) जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान व रसायन विज्ञान विषय हेतु।
योग्यता एवं वेतनमान यू.जी.सी./राज्य सरकार एवं लखनऊ वि.वि., लखनऊ के मानकानुसार
इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन प्रार्थना पत्र समस्त शैक्षिक अभिलेखों की प्रमाणित प्रतिलिपियों एवं चार नवीनतम फोटो ग्राफ के साथ 10.06.2025 तक रजिस्टर्ड डाक द्वारा या सीधे महाविद्यालय कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में जमा कर सकते है।

**प्रबन्धक : 9450795313, 8299494262**

# आरबीआई के फैसलों के बाद बाजार में मजबूती
## सेंसेक्स 747 अंक उछला, निफ्टी 25000 के पार

नई दिल्ली। आरबीआई के नतीजों के बाद शुक्रवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 746.95 अंक या 0.92 प्रतिशत चढ़कर 82,188.99 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 252.15 अंक या 1.02 प्रतिशत बढ़कर 25,003.05 अंक पर आ गया। आइए जानते हैं बाजार का हाल विस्तार से।

मौद्रिक नीति समिति के फैसलों का एलान होने के बाद घरेलू बाजार पर इसका सकारात्मक असर दिखा। रेपो रेट और सीआरआर में कटौती जैसे फैसलों ने बाजार में निवेशकों को आकर्षित किया। आरबीआई गवर्नर के एलानों के बाद उनकी ओर से मजबूत खरीदारी की गई जिसका पॉजिटिव असर प्रमुख बेंचमार्क सूचकांकों पर पड़ा। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स और निफ्टी लगातार तीसरे दिन हरे निशान पर बंद होने में सफल रहे।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 746.95 अंक या 0.92 प्रतिशत चढ़कर 82,188.99 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 252.15 अंक या 1.02 प्रतिशत बढ़कर 25,003.05 अंक पर आ गया। बैंक निफ्टी में भी मजबूती बढ़त दिखी और यह 817.55 (1.47%) अंक चढ़कर 56,578.40 के स्तर पर बंद हुआ। ब्याज दरों के प्रति सबसे संवेदनशील रियल्टी इंडेक्स में 4.74 प्रतिशत तक का उछाल आया। वहीं, ऑटो इंडेक्स में 1.50 प्रतिशत और बैंकेक्स में 1.25 प्रतिशत की वृद्धि दिखी। रेपो रेट में 50 आधार अंकों की कटौती के बाद हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन रुपया डॉलर के मुकाबले 14 पैसे कमजोर होकर 85.65 (अस्थायी) के स्तर पर बंद हुआ।

**सकारात्मक असर**

**मौद्रिक नीति समिति के फैसलों का एलान होने के बाद घरेलू बाजार पर इसका सकारात्मक असर दिखा।**



### क्या रहा सेंसेक्स की कंपनियों का हाल?

सेंसेक्स फर्मों में से बजाज फाइनेंस में 4.93 प्रतिशत और एक्सिस बैंक में 3.15 प्रतिशत की तेजी आई। मारुति, इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व, इटरनल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, एचडीएफसी बैंक और एनटीपीसी अन्य प्रमुख लाभार्थियों में से थे। भारती एयरटेल और सन फार्मा पिछड़ गए। जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि आरबीआई के फैसले के बाद बैंकिंग, रियल एस्टेट, ऑटोमोबाइल और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सहित दर-संवेदनशील क्षेत्र तेजी का नेतृत्व कर रहे हैं।

सैमको म्यूचुअल फंड के सीआईओ उमेशकुमार मेहता ने कहा कि रेपो रेट में 25 आधार अंकों तक की कटौती की संभावना थी। उम्मीद से कहीं ज्यादा की कटौती हुई है। यह एक सकारात्मक रुख है। घटती मुद्रास्फीति और स्थिर आर्थिक वृद्धि को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। भू-राजनीतिक तनावों के बीच यह बदलाव महंगाई में नियंत्रण करने के साथ-साथ अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता के बीच संतुलन बनाने में मदद करेगा। केंद्रीय बैंक ने 2025-26 के लिए मुद्रास्फीति अनुमान को पहले के 4 प्रतिशत से घटाकर 3.7 प्रतिशत कर दिया।

### यूरोपीय बाजारों में दिखी मिली-जुली स्थिति

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक और शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक सकारात्मक क्षेत्र में बंद हुआ, जबकि हांगकांग का हैंग सेंग कम रहा। यूरोपीय बाजारों में मिला-जुला रुख रहा। गुरुवार को अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए।

# मई के अंतिम सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट, फिर भी देश मजबूत स्थिति में



नई दिल्ली। विदेशी मुद्रा भंडार में मई के आखिरी सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 1.237 अरब डॉलर से घटकर 691.485 अरब डॉलर रह गया। आरबीआई के अनुसार इस गिरावट के बावजूद विदेशी मुद्रा भंडार देश के आयात और बाहरी ऋण को पूरा करने के लिए काफी है।

देश के विदेशी मुद्रा भंडार में मई के आखिरी सप्ताह में कमी आई है। भारतीय रिजर्व बैंक की आंकड़ों के अनुसार इस अवधि में विदेशी मुद्रा भंडार 1.237 अरब डॉलर से घटकर 691.485 अरब डॉलर रह गई।

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि इस गिरावट के बावजूद विदेशी मुद्रा भंडार देश के 11 महीने के आयात और लगभग 96 प्रतिशत बाहरी ऋण को पूरा करने के लिए काफी है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर भारत का बाहरी क्षेत्र लचीला बना हुआ है इसमें लगातार सुधार हो रहे हैं। हमें अपनी बाहरी वित्तपोषण आवश्यकताओं को पूरा करने का भरोसा है।

**विदेशी मुद्रा भंडार में सोना बढ़ा**

आरबीआई के नवीनतम आंकड़ों से पता चला है कि भारत की विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां, जो विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक है, 584.215 अरब डॉलर पर है। इसके अलावा वर्तमान में सोने का भंडार 84.305 अरब डॉलर है। आरबीआई सहित दुनिया भर के केंद्रीय बैंक अपने विदेशी मुद्रा भंडार में सुरक्षित संपत्ति सोना जमा कर रहे हैं। आरबीआई का अपने विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए सोने का हिस्सा 2021 से लगभग दोगुना हो गया है।

मामूली साप्ताहिक गिरावट के बावजूद, विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2024 में 704.89 अरब डॉलर के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर के करीब है। 2023 में, भारत ने अपने विदेशी मुद्रा भंडार में लगभग 58 अरब डॉलर जोड़े, जबकि 2022 में इसमें 71 अरब डॉलर की संचयी गिरावट आई थी। 2024 में विदेशी मुद्रा भंडार में 20 अरब डॉलर से थोड़ी अधिक की वृद्धि हुई।

# चांदी 3000 रुपये उछलकर नए रिकॉर्ड स्तर पर, सोना 99690 पर रहा स्थिर

नई दिल्ली। शुक्रवार को चांदी की किमतों में अब तक सबसे बड़ा उछाल हुआ है। इसकी कीमत 3,000 रुपये बढ़कर 1,07,100 रुपये प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। वहीं 99.9 प्रतिशत वाला सोना 99,690 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहा।

मजबूत घरेलू मांग के बीच शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में चांदी ने दोबार शिखर छू लिया। सफेद धातु की कीमत 3,000 रुपये बढ़कर 1,07,100 रुपये प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। वहीं, सोने की कीमत 99,690 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है।

**31 दिसंबर 2024 के बाद चांदी में आया 19.4% का उछाल**

गुरुवार को चांदी की कीमत 2,000 रुपये उछलकर 1,04,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई थी। संघ के अनुसार पिछले साल 31 दिसंबर से अब तक चांदी की कीमतों में 19.4 प्रतिशत की तेजी आई है। सफेद धातु में 17,400 रुपये तक का उछाल आया। जुलाई में सबसे ज्यादा कारोबार होने वाला चांदी का अनुबंध 1,622 रुपये बढ़कर 1,06,065 रुपये प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया। इसके अलावा, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सितंबर डिलीवरी के अनुबंध 1,650 रुपये चढ़कर 1,07,130 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गए। वहीं, एमसीएक्स पर अगस्त डिलीवरी के लिए सोने के अनुबंध 44 रुपये गिरकर 97,830 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गए।

विदेशी बाजारों में, हाजिर सोना 0.22 प्रतिशत बढ़कर 3,360.05 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा है। कोटक सिक्योरिटीज की एवीपी-कमोडिटी रिसर्च कायनात चैनवाला के अनुसार, सोने में मजबूती का रुख बना हुआ है। निवेशक आज जारी होने वाले अमेरिकी नॉनफार्म पेरोल डेटा से पहले सतर्क हैं।


**चांदी 13 साल के उच्चतम स्तर पर- कोटक सिक्योरिटीज**

वैश्विक बाजारों में हाजिर चांदी 1.63 प्रतिशत बढ़कर 36.23 डॉलर प्रति औंस हो गई। ब्रोकरेज फर्म कोटक सिक्योरिटीज ने कहा कि आपूर्ति-मांग के बुनियादी सिद्धांतों में सुधार और निवेशकों की बढ़ती दिलचस्पी के बीच चांदी 13 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई।

**आरबीआई ने ऋण मूल्य अनुपात को 85% तक बढ़ाया**

रिजर्व बैंक ने सोने में ऋण मूल्य अनुपात (एलटीवी) को बढ़ाने का भी फैसला किया।

# टाटा प्ले बिंज ईद पर लाया है खान की बेहतरीन फिल्में




ईद जश्न, भाईचारे और फिल्में देखने का त्योहार है! ईद मनाने का सबसे अच्छा तरीका बॉलीवुड के बेताज बादशाहों शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान की फिल्मों के अलावा और क्या हो सकता है? देसी अंदाज में देखें जबरदस्त एक्शन फिल्म पठान। दिल को छू लेने वाली कहानी, ट्यूबलाइट में सलमान खान एक नए अंदाज में दिखाई देंगे। इस फिल्म में 1962 के भारत-चीन युद्ध का समय दिखाया गया है। गजनी में आमिर खान का दमदार अभिनय है। यह बदले की एक जबरदस्त कहानी है। 'जब तक है जान' लंदन और लद्दाख में फिल्माई गई एक प्रेम कहानी है, जो दिखाती है कि सच्चा प्यार कभी नहीं मरता। यह फिल्म दिल को छू लेती है। इसमें सलमान खान बजरंगी भाईजान के किरदार में हैं। उनका दिल बहुत साफ है। वो एक गूंगी पाकिस्तानी लड़की को सीमा पार स्थित उसके परिवार से मिलाने के लिए हर हद को पार कर जाते हैं। इस बार ईद पर प्यार से लेकर एक्शन, भावनाओं से लेकर मनोरंजन तक देखें केवल खानों की फिल्में। टाटा प्ले बिंज पर ये सभी फिल्में उपलब्ध हैं।

# इंडसइंड बैंक में चीजें जल्द ही ठीक हो जाएंगी, आरबीआई गवर्नर ने दिए सुधार के संकेत

नई दिल्ली। आरबीआई ने इंडसइंड बैंक के हालात में सुधार आने की बात कही है। इसके बाद इंडसइंड के शेयरों में 5.3% तक का उछाल देखा गया। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि बैंक ने लेखांकन प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने के लिए पर्याप्त कदम उठाए हैं। बैंक कुल मिलाकर अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने कहा कि इंडसइंड बैंक के सीईओ और एमडी की ओर से इस्तीफा देना अच्छा फैसला था। डिप्टी गवर्नर जे स्वामीनाथन ने कहा कि ऋणदाता जिस लेखांकन चूक से जूझ रहे हैं, उस मामले में चीजें जल्द ही ठीक हो जाएंगी। उन्होंने का कि पिछले तीन महीनों में बैंक पटरी पर लौट रहा है। इंडसइंड बैंक ने 10 मार्च 2025 को एक्सचेंज फाइलिंग में बताया था कि इंटर्नल रिव्यू में डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में अकाउंटिंग गड़बड़ी का पता चला है। इसके चलते बैंक की कमाई में कमी आने और नेटवर्थ पर 2.35% तक का नकारात्मक प्रभाव पड़ने का अनुमान लगाया गया था। बैंक ने मार्च में कहा था कि वर्षों तक गलत लेखांकन के कारण 31 मार्च को समाप्त वित्तीय वर्ष में उसके खातों को करीब 23 करोड़ डॉलर का नुकसान हुआ।

इसके अलावा, इसके माइक्रोफाइनेंस कारोबार के आंतरिक ऑडिट में पाया गया कि तीन तिमाहियों में लगभग 8 करोड़ डॉलर को गलत तरीके से ब्याज के रूप में दर्ज किया गया था। कंपनी में इस गड़बड़ी के सामने आने के बाद इसके सीईओ सुमंत कठपालिया और उनके डिप्टी अरुण खन्ना ने अप्रैल महीने में छोड़ दिया था। कठपालिया ने अपने इस्तीफे का कारण बैंक के डेरिवेटिव्स पोर्टफोलियो में 2.27% के नेटवर्थ घाटे को बताया था। डेरिवेटिव अकाउंटिंग चूक का पहली बार खुलासा होने के समय की तुलना में फिलहाल बैंक के शेयर छह प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं।

# भारत वर्ष 2030 तक 7-8 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बन सकता है
## आईजीआईसी 2025 में विशेषज्ञों ने ग्रामीण एवं टेक्नोलॉजी व औद्योगिक सुधारों में तेजी की वकालत की

बेंगलूरू। आईजीआईसी 2025 के समापन के अवसर पर आरिन कैपिटल के चेयरमैन मोहनदास पाई, स्मादजा एंड स्मादजा स्ट्रैटेजिक एडवाइजरी के चेयरमैन क्लॉड स्मादजा टीआईई बेंगलूरू के अध्यक्ष और टीआईई ग्लोबल के ट्रस्टी मदन पाडकी व कर्नाटक डिजिटल इकोनॉमी मिशन (केडीईएम) के सीईओ संजीव कुमार गुप्ताजैसे प्रख्यात वक्ताओंने भारत को 2030 तक 7-8 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में तब्दील करने के लिए एक साहसिक रणनीतिक विजन को रूपरेखा पेश की। इस वार्ता ने महत्वपूर्ण कारकों के तौर पर डिजिटल टेक्नोलॉजीज, ग्रामीण आर्थिक सशक्तिकरण, औद्योगिक वृद्धि और वैश्विक व्यापार के एकीकरण की भूमिका पर सबका ध्यान आकर्षित किया। आईजीआईसी 2025 में 300 से अधिक वैश्विक नेता और उद्योग जगत के विशेषज्ञ एकत्र हुए और उन्होंने प्रतिभागियों के साथ आगे की सोच वाले व्यापक विषयों पर चर्चा की जिसमें स्टार्टअप्स के लिए नए फंडिंग के रास्ते और रक्षा एवं सुरक्षा का भविष्य से लेकर एआई नवप्रवर्तन को गति देना, स्वच्छ ऊर्जा में तेजी लाना और डिजिटल व भू-राजनीतिक की दिशा में चलना शामिल है। इस दौरान बातचीत में यह संभावना भी तलाशी गई कि कैसे नवप्रवर्तकों द्वारा अत्याधुनिक एआई का उपयोग किया जा रहा है। वहीं, वर्ष 2030 तक 7-8 ट्रिलियन डॉलर की भारतीय अर्थव्यवस्था की रूपरेखा तैयार की गई और सीमा पार नवप्रवर्तन को बढ़ावा देने और भारतीय नवप्रवर्तन को वैश्विक स्तर पर ले जाने की रणनीतियों पर भी विचार किया गया।



इंडिया ग्लोबल इनोवेशन कनेक्ट (आईजीआईसी) 2025 के दूसरे दिन प्रमुख उद्योगपतियों के विचार- स्मादजा एंड स्मादजा स्ट्रैटेजिक एडवाइजरी के चेयरमैन क्लॉड स्मादजा ने कहा, भारत में 7-8 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की संभावना है, लेकिन इसके लिए स्पष्ट ध्यान और समय पर क्रियान्वयन की जरूरत पड़ेगी। किसी भी देश ने एक मजबूत औद्योगिक आधार के बगैर टिकाऊ वृद्धि हासिल नहीं की है और भारत को आरएंडडी विशेषकर निजी क्षेत्र से आरएंडडी में अधिक निवेश करते हुए उद्योग में अपनी हिस्सेदारी बढ़ानी होगी। एक ऊंची बचत दर और मजबूत फिनटेक क्षेत्र के साथ भारत के पास वृद्धि के लिए संसाधन जुटाने के टूल्स हैं। यहां आधार है और अब जरूरत त्वरित एवं प्रभावी ढंग से कार्रवाई करने की है। आरिन कैपिटल के चेयरमैन मोहनदास पाई ने कहा, भारत हर पहलू में एक बहुत बड़ी अर्थव्यवस्था है और हम दूसरी या तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। यहां का बुनियादी ढांचा मजबूत है: हम निवेश कर रहे हैं, उपभोग बढ़ रहा है, सेवा क्षेत्र में तेजी है और जनसांख्यिकी लाभांश बरकरार है। हमारे पास प्रतिभाएं हैं, महत्वाकांक्षा है और आगे बढ़ने की क्षमता है। यह भी सही है कि व्यापार घाटा, क्रियान्वयन में देरी, कम तनख्वाह वाली नौकरियां जैसी चुनौतियां भी हैं, लेकिन हम वैश्विक वृद्धि में सबसे अधिक योगदान कर रहे हैं और जहां दुनिया बूढ़ी हो रही है, हम युवा बने हुए हैं।

# डीएसपी म्यूचुअल फंड ने डीएसपी निफ्टी आईटी इंडेक्स और डीएसपी निफ्टी हेल्थकेयर इंडेक्स दो नए फंड लॉन्च किए

लखनऊ। डीएसपी म्यूचुअल फंड ने डीएसपी निफ्टी आईटी इंडेक्स और डीएसपी निफ्टी हेल्थकेयर इंडेक्स फंड यह दो नए फंड लॉन्च किए हैं। इन फंडों का उद्देश्य निवेशकों को व्यापक शेयर बाजार की तुलना में अपने लचीलेपन के लिए जाने जाने वाले क्षेत्रों में भाग लेने का एक आसान तरीका प्रदान करना है।दोनों फंड 2 जून से 16 जून 2025 तक निवेश (एनएफओ) के लिए खुले रहेंगे।

नए फंड के लॉन्च के अवसर पर बोलते हुए, डीएसपी म्यूचुअल फंड के सीएफए और पैसिव इन्वेस्टमेंट्स एंड प्रोडक्ट्स के प्रमुख अनिल घेलानी ने कहा, डीएसपी निफ्टी आईटी इंडेक्स फंड और डीएसपी निफ्टी हेल्थकेयर इंडेक्स फंड योजनाएं निवेशकों को ऐसे क्षेत्रों में भाग लेने के लिए एक संतुलित दृष्टिकोण प्रदान करती हैं जो विकास के साथ-साथ लचीलेपन को भी जोड़ते हैं। मौजूदा अनिश्चित बाजार परिवेश में, आईटी और हेल्थकेयर जैसे रक्षात्मक क्षेत्रों में कम गिरावट देखी गई है। इसलिए, इन क्षेत्रों में आकर्षक रिटर्न देने की क्षमता है।

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और हेल्थकेयर जैसे रक्षात्मक क्षेत्रों ने ऐतिहासिक रूप से व्यापक शेयर बाजार के सापेक्ष कम बीटा प्रदर्शित किया है। इसका मतलब है कि, ये दोनों क्षेत्र बाजार में गिरावट या आर्थिक संकट या भू-राजनीतिक घटनाओं से अपेक्षाकृत अप्रभावित रहे हैं। उदाहरण के लिए, वैश्विक वित्तीय संकट (जनवरी-अक्टूबर 2008) और कोविड-19 महामारी (जनवरी-मार्च 2020) के दौरान, निफ्टी हेल्थकेयर और निफ्टी आईटी सूचकांकों ने मामूली गिरावट का अनुभव किया और व्यापक निफ्टी 500 सूचकांक से बेहतर प्रदर्शन करते हुए तेजी से वापसी की।

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र विविध वैश्विक राजस्व से लाभान्वित होते हैं, जिससे घरेलू आर्थिक चक्रों पर उनकी निर्भरता कम हो जाती है। एक सांख्यिकीय उदाहरण के तौर पे, निफ्टी आईटी इंडेक्स में शामील कंपनियों के कुल राजस्व का 996 प्रतिशत भारत के अलावा अन्य वैश्विक बाजारों से आता है। इसी तरह, निफ्टी हेल्थकेयर इंडेक्स में शामील कंपनियों के कुल राजस्व का 952 प्रतिशत वैश्विक बाजारों से आता है। इसके विपरीत, निफ्टी फिफ्टी इंडेक्स में शामील कंपनियों को वैश्विक बाजारों से अपने राजस्व का केवल 925 प्रतिशत प्राप्त होता है।

डीएसपी निफ्टी आईटी इंडेक्स फंड का लक्ष्य निफ्टी आईटी इंडेक्स के प्रदर्शन को ट्रैक करना या उसका अनुकरण करना है। यह फंड उन कंपनियों में निवेश करेगा जो पूंजीकरण के मामले में शीर्ष 10 आईटी कंपनियों में शामिल हैं। भारतीय आईटी क्षेत्र ने आय में अपेक्षाकृत कम अस्थिरता दिखाई है और स्थिर वृद्धि दिखाई है। नतीजन, आय के मामले में कुछ आश्चर्यजनक परिणाम देखने को मिले हैं। पिछले 12 वर्षों में, निफ्टी आईटी इंडेक्स ने लगातार कई अन्य क्षेत्रों से बेहतर प्रदर्शन किया है। हालांकि हाल के वर्षों में आईटी क्षेत्र ने व्यापक बाजार की तुलना में विशेष रूप से अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है, लेकिन इस क्षेत्र में ऐतिहासिक चक्र बदलने की संभावना है। इसलिए, निवेशकों के लिए क्षेत्र-विशिष्ट निवेशों पर विचार करने का यह सही समय है।

डीएसपी निफ्टी हेल्थकेयर इंडेक्स फंड निफ्टी हेल्थकेयर इंडेक्स के प्रदर्शन को ट्रैक करेगा। यह इंडेक्स के प्रदर्शन को दोहराने की भी कोशिश करेगा। यह फंड उन कंपनियों में निवेश करेगा जो बाजार पूंजीकरण के मामले में शीर्ष 20 हेल्थकेयर कंपनियों में शामिल हैं। कुल बाजार पूंजीकरण के प्रतिशत के रूप में भारत का हेल्थकेयर बाजार पूंजीकरण विकसित और उभरते बाजारों में सबसे कम है।

# फोनपे नए फीचर फोन यूजर के लिए यूपीआई पेमेंट शुरू करने जा रहा है




फोनपे लिमिटेड (फोनपे) ने आज फीचर फोन पर, यूपीआई-आधारित पेमेंट चालू करने के लिए कन्वर्सेशनल एन्गेजमेन्ट प्लेटफॉर्म गपशप की प्रोप्राइटरी वाले 'जीएसपे' टेक्नोलॉजी स्टैक के आईपी खरीद की घोषणा की जीएसपे एक मोबाइल ऐप्लिकेशन है, जो फीचर फोन के लिए, एनपीसीआई द्वारा बनाए गए यूपीआई पेमेंट सलूशन (यूपीआई 123पे) पर आधारित है। फोनपे ने हाल ही में अधिग्रहित किए गए जीएसपे आईपी को कस्टमाइज़ करने और यूज़र्स के लिए, भारत में यूपीआई पेमेंट मोबाइल ऐप आधारित अपना खुद का फीचर फोन लाने की योजना बनाई है। जिसे आने वाली तिमाहियों में लॉन्च किया जाएगा।फोनपे का लक्ष्य सभी बुनियादी यूपीआई फीचर प्रदान करना है, जैसे पी2पी ट्रांसफर, ऑफलाइन क्यूआर पेमेंट, और किसी भी अन्य यूपीआई ग्राहक से उनके मोबाइल नंबर या सेल्फ-क्यूआर पर आसानी से पैसे प्राप्त करना। इसका उद्देश्य फीचर फोन और स्मार्टफोन यूज़र के बीच पूर्ण पेमेंट अंतर-संचालन क्षमता बनाना तथा उन करोड़ों फीचर फोन को भारतीय डिजिटल पेमेंट जगत में शामिल करना है जो अभी भी फीचर फोन का उपयोग करते हैं।इस अधिग्रहण के बारे में बोलते हुए, फोनपे के को-फाउंडर और सीईओ समीर निगम ने कहा, हमें जीएसपे टेक्नोलॉजी स्टैक का अधिग्रहण करके बहुत खुशी हो रही है, जिससे हम भारत के फीचर फोन उपयोगकर्ताओं के इतने बड़े वर्ग तक यूपीआई पेमेंट पहुँचा सकेंगे। अब तक यह वर्ग डिजिटल फाइनेंस और स्टार्टअप क्षेत्र से अछूता रहा है। हम आशा करते हैं कि इससे करोड़ों फीचर फोन यूज़र्स डिजिटल पेमेंट मार्केट का हिस्सा बन सकेंगे।

# डाबर पुदीन हरा ने किया वंडर हर्ब: पुदीने के महत्व को प्रतिष्ठित




लखनऊ। आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों के लाभों का प्रचार करने के अपने मिशन में आगे बढ़ते हुए भारत की सबसे बड़ी विज्ञान आधारित आयुर्वेद कंपनी, डाबर इंडिया लिमिटेड ने पुदीना को एक आश्चर्यजनक जड़ी बूटी के रूप में प्रतिष्ठित करने के लिए एक अभियान शुरू किया। आज यहां आयोजित एक कार्यक्रम में इस अभियान की शुरूआत की गयी। इस मौके पर डा. ए.के. पाण्डेय, डाबर इण्डिया लिमिटेड, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन के मैनेजर दिनेश कुमार मौजूद थे। इस मौके पर पुदीना की उपयोगिता को लेकर डा. ए.के. पाण्डेय ने बताया कि पुदीना एंटीऑक्सिडेंट्स और फाइटोन्यूट्रिएंट्स युक्त होता है जो मानव पेट के लिए खासकर तेज गर्मी के दौरान चमत्कार कर सकते हैं, गर्म-लहरों और बढ़ते पारा के स्तर की त्वरित आवृत्ति के साथ, गर्मियों के मौसम के दौरान स्वास्थ्य समस्याएं आम हो गई हैं। इस तीव्र मौसम में संभावित स्वास्थ्य समस्याओं को देखते हुए, डाबर उन लोगों को पुदीना के उपयोग की सलाह देते हैं जो दिन में लंबे समय तक धूप में रहते हैं और आम गर्मी की बीमारियों के शिकार होते हैं। कार्यक्रम में बोलते हुए, डाबर इंडिया लिमिटेड, हेल्थ केयर के विपणन प्रमुख श्री अजय परिहार ने कहा: जीवन शैली में विकसित रुझानों और उपभोक्ताओं के काम का पैटर्न देखने पर पता चलता है कि आज सभी बहु-मुखी कार्य कर रहे हैं और इसलिए उन्हें प्रभावी और प्राकृतिक समाधान की आवश्यकता होती है। डाबर, सबसे भरोसेमंद हेल्थ केयर कंपनी के रूप में, दैनिक स्वास्थ्य समस्याओं से निपटने के लिए पारंपरिक आयुर्वेद को उपलब्ध कराने के अपने लक्ष्य को मजबूत करता है और पुदीन हरा कई गैस्ट्रिक विकारों के लिए एक निश्चित समाधान है। गर्मियों के मौसम के दौरान प्रचलित कई बीमारियों को ध्यान में रखते हुए, पुदीन हरा अपच, गैस और अम्लता जैसे पेट की समस्याओं के समाधान में मदद करता है। डॉ. ए.के. पाण्डेय, आयुर्वेद फिजिशियन ने कहा, आयुर्वेद की पांडुलिपियों में आधुनिक समय की बीमारियों का सबसे अच्छा प्रबंधन गहराई से छिपा हुआ है। पुदीना की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि 3000 साल पुरानी है और इसे वंडर हर्ब के रूप में नामित किया गया है जो मानव पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद है। पुदीना में मौजूद मेन्थॉल पाचन के लिए, जरूरी एंजाइमों को उत्तेजित करता है, पेट की मांसपेशियों को आराम देता है, अपचन और मरोड़ की संभावनाओं को कम करता है।

# डब्ल्यूएचओ की फीस बढ़ोतरी पर कंज्यूमर चॉइस सेंटर ने उठाए सवाल

CONSUMER CHOICE CENTER

लखनऊ। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) को अपने अनिवार्य सदस्यता शुल्क में 20% की बढ़ोतरी के फैसले के बाद कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। इस बढ़ोतरी से डब्ल्यूएचओ को हर साल दुनियाभर के करदाताओं से करीब 120 मिलियन डॉलर अतिरिक्त मिलेंगे।कंज्यूमर चॉइस सेंटर ने इस फैसले का विरोध किया है और डब्ल्यूएचओ की पारदर्शिता, जवाबदेही और फंड खर्च करने के तरीकों पर सवाल उठाए हैं। खासकर भारत जैसे देशों में, जहां 60% से ज्यादा स्वास्थ्य खर्च लोग अपनी जेब से करते हैं और सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को अभी भी पर्याप्त फंडिंग नहीं मिलती, वहां इस तरह की वैश्विक संस्थाओं के खर्च पर सवाल उठना स्वाभाविक है।इन अतिरिक्त फंड्स के संभावित उपयोग पर अपनी राय रखते हुए कंज्यूमर चॉइस सेंटर के मैनेजिंग डायरेक्टर फ्रेड रोएडर ने कहा, हर साल डब्ल्यूएचओ को 120 मिलियन डॉलर की अतिरिक्त राशि मिलेगी। इस पैसे से 15,000 जर्मन, 40,000 पोलिश, 82,000 जॉर्जियाई, 1 लाख दक्षिण अफ्रीकी या 5 लाख भारतीयों को सीधे स्वास्थ्य सेवाएं दी जा सकती हैं। भारत में यही राशि आयुष्मान भारत योजना के तहत करीब 40,000 कैंसर मरीजों के इलाज या 20 लाख से ज्यादा बच्चों के टीकाकरण के लिए पर्याप्त हो सकती है। यह पैसा तंबाकू निवारण सेवाओं को भी मजबूती दे सकता है, जो कि देश में 26 करोड़ से अधिक तंबाकू उपयोगकर्ताओं के बावजूद आज भी बेहद कम संसाधनों में काम कर रही हैं।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर अमरावती ग्रुप ने किया वृक्षारोपण

लखनऊ। विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के उपलक्ष्य में, शहर के प्रमुख रियल एस्टेट डेवलपर्स में से एक अमरावती समूह ने अमरावती आईटी सिटी और अमरावती मिडटाउन परियोजना स्थलों पर व्यापक वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया। इस अवसर पर पीपल, नीम, गुलमोहर, अमलतास जैसे छायादार और पर्यावरण के अनुकूल पौधे लगाए गए।



इस अभियान में अमरावती परिवार के सदस्यों, कर्मचारियों, श्रमिकों और उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों में इस कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। अमरावती समूह के संस्थापक एवं चेयरमैन रजनीकांत मिश्रा ने कहा, हमारा मानना है कि हर इमारत को प्रकृति के साथ सामंजस्य में खड़ा होना चाहिए। हमारा वृक्षारोपण अभियान एक बार की घटना नहीं है, बल्कि यह हर निर्माण में सतत विकास को अपनाने का हमारा वादा है।

अमरावती समूह के संस्थापक एवं चेयरमैन रवि प्रकाश पांडे ने कहा, एक रियल एस्टेट समूह के रूप में हम केवल घर ही नहीं बनाते, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए हरित भविष्य की नींव भी रखते हैं। पर्यावरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता हर पौधे, हर निर्णय में झलकती है।

अमरावती समूह की पर्यावरण दिवस पहल एक अनुस्मारक है कि विकास और हरित जीवन एक साथ चल सकते हैं। ऐसे प्रयासों के माध्यम से, अमरावती स्वयं को एक जिम्मेदार ब्रांड के रूप में स्थापित कर रहा है, जो न केवल घर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि एक हरित भविष्य के निर्माण के लिए भी प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम में अमरावती समूह के प्रेसिडेंट अनुराग बाजपेयी, भूमि अधिग्रहण से सत्येन्द्र कुमार एवं धीरज सिंह, मानव संसाधन प्रमुख, गरिमा सिंह, विनय तिवारी और मोहित बिंधरिया , निर्माण एवं योजना विभाग से उपस्थित रहे।

# भाजपा के हाथों में देश का भविष्य सुरक्षित : संतराज

- सरकार ने स्थापित किए तरक्की के नए आयाम - भूपेंद्र सिंह
- भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था - शलभ मणि
- 11 साल पूर्ण होने पर आयोजित हुई कार्यशाला

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** शुक्रवार, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि जिला प्रभारी संतराज यादव ने बताया कि पिछले 11 वर्षों में हमारी सरकार ने जो कार्य किए है उनका लेखा जोखा जनता जनार्दन के बीच रखना, यही इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है । अभियान में पार्टी ने अपने मूल संगठन के साथ साथ संगठन की सभी शाखाओं को भी समाहित किया है । जिस प्रकार से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने देश की बागडोर मजबूती के साथ संभाला है इससे यह सुनिश्चित है कि देश का भविष्य भाजपा के हाथों में ही सुरक्षित है । बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक के प्रत्येक कार्यकर्ता को, सभी जिला पंचायत सदस्य, ब्लाक प्रमुख, क्षेत्र पंचायत सदस्य, मोर्चों, प्रकोष्ठों तथा जनप्रतिनिधियों को इस अभियान में पूरे मन से लगना होगा तथा इस कार्यक्रम को प्राथमिकता के आधार पर संचालित करना होगा । संकल्प से सिद्धि की तरफ अग्रसर भाजपा की जनहितैषी सरकार की योजनाओं ने गरीब, दलित, शोषित वंचित, मध्यम वर्ग तथा किसानों और महिलाओं को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया है । उन्होंने बताया कि यह अभियान 9 जून से 21 जून तक चलेगा जो विकसित भारत का अमृतकाल एवं सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्षों पर केंद्रित होगा । इसके अंतर्गत सरकार के कार्यों से संबंधित प्रदर्शनी, गोष्ठी, डिजिटल प्रतियोगिता, प्रबुद्ध समागम, चौपाल, प्रेस वार्ता तथा योग दिवस जैसे कार्यक्रमों के द्वारा सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाया जाएगा।

कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले 11 वर्षों में देश की तरक्की के नए आयाम स्थापित किए हैं । गरीब, युवा, महिला और किसानों के लिए केंद्र सरकार ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाया है । उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से हम सभी कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर सरकार के 11 वर्षों के जनहित के कार्यों को बताने का कार्य करेंगे ।

कार्यक्रम लंबे समय तक चलाना होगा क्योंकि सरकार की हजारों ऐसी योजनाएं हैं जिनके माध्यम से आम जनता को काफी लाभ पहुंचा है ।

कार्यशाला का संचालन अभियान के जिला संयोजक जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष छठेलाल निगम, पूर्व जिलाध्यक्ष अंतर्यामी सिंह, पूर्व विधायक काली प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह एडवोकेट, अजय कुमार दुबे, अजय शाही, गंगा सिंह कुशवाहा, महामंत्री रविंद्र कौशल, प्रमोद शाही, भारती शर्मा, निर्मला गौतम, नीरज शाही, संजय तिवारी, मारकंडे तिवारी, ब्लाक प्रमुख पिंटू जायसवाल, बिजेंद्र कुशवाहा, महेश मणि त्रिपाठी, नित्यानंद पांडे, रामाज्ञा चौहान, कृष्णनाथ राय, अंकुर राय, राजन सोनकर, जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, पवन मिश्रा, रूपम पांडे, राजन यादव, प्रेम अग्रवाल, दिनेश शुक्ल, रामजी सिंह, त्रिपुनायक विश्वकर्मा, राधेश्याम शुक्ला, कमलेश सिंह, मारकंडे गिरी, पंकज मिश्रा, अक्षय प्रताप सिंह, सभी मंडल अध्यक्ष और मंडल प्रभारी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# मुख्यमंत्री योगी जी का जन्म दिन मनाया लम्बी उम्र की कामना के साथ बांटे लड्डू

- संत और जननेता के रूप में योगी जी ने प्रदेश को नई दिशा दी, सनातन संस्कृति की रक्षा में महान योगदान

**अवधनामा संवाददाता**



**अमेठी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 53वां जन्म दिन पर गुरुवार को शुभकामनाएं देने का कार्यक्रम दिन भर चलता रहा। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ल ने कालिकन धाम में पूजा अर्चना करके योगी जी की लम्बी उम्र की कामना की।

जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने योगी जी को जन्म दिन की शुभकामनाएं दी और कहा कि योगी जी? सनातन संस्कृति की रक्षा में महान कर रहे हैं। पूर्व प्रमुख अमरेन्द्र सिंह पिंटू ने कहा कि योगी जी ने उत्तर प्रदेश की राजनीति को नई दिशा दी है। वरिष्ठ भाजपा नेत्री और पूर्व प्रमुख रश्मि सिंह ने योगी जी में संत और जननेता के दोनों गुण विद्यमान हैं। उन्होंने हिन्दू धर्म के विरोधियों और भारत में रहकर पाकिस्तान की जय बोलने वाले लोगों को अपनी मानसिकता में परिवर्तन कर राष्ट्र हित चिंतन में काम करने का जो संदेश दिया है उसकी चर्चा पूरी दुनिया में होती है। भाजपा कार्यालय पर जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ल के साथ भाजपा नेताओं ने योगी के चित्र को प्रतीकात्मक लड्डू खिलाकर जन्म दिन मनाया और लड्डू बांटे। पार्टी प्रवक्ता चन्द्र मौलि सिंह, भाजयुमो जिलाध्यक्ष विषुव मिश्र, जिला पंचायत सदस्य अभिषेक चंद कौशिक, मंडल अध्यक्ष सूर्य नारायण आदि मौजूद रहे।

# कृत्रिम अंगों के लिए अमेठी व भादर में चिंहित किए गए 157 दिव्यांग




**अमेठी।** दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंगों के वितरण के लिए दिव्यांग चिन्हांकन शिविरों का आयोजन जारी है। शुक्रवार को भादर विकास खंड में 85दिव्यांग चिंहित किए हैं। गुरुवार को अमेठी विकास खंड में 72दिव्यांग चिन्हित किए गए थे।

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी नरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि विकास खण्ड भादर परिसर में दिव्यांग चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत कुल 85 दिव्यांगजन कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण के लिए उपस्थित हुए जिसमें ट्राईसाइकिल के 31, बैसाखी के 18, मानसिक मंदित किट हेतु 09, व्हील चेयर के 06, स्मार्ट केन के 04, कान की मशीन के 02, पेंशन के 05, यूडीआईडी कार्ड के 10 दिव्यांगजनों को चिन्हित किया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान उक्त चिन्हांकन शिविर में खंड विकास अधिकारी खंड विकास अधिकारी रतन सिंह, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, चिकित्सक, एडीओ समाज कल्याण सचिव, सशक्तिकरण विभाग के कर्मचारी एवं विकास खण्ड के कर्मचारी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि विकास खण्ड के विभिन्न गांव से आए दिव्यांगजनो आयोजित ने शिविर में अपना चिन्हांकन कराने के साथ ही अन्य योजनाओं का लाभ लिया तथा चिन्हांकन शिविर का आयोजन 10 जून 2025 को विकास खण्ड भेंटुआ परिसर में आयोजित किया जायेगा।

# भगवान शनि देव की प्रतिमा की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा आज

**अवधनामा संवाददाता**



**भाटपार रानी, देवरिया।** उपनगर भाटपार रानी के अति प्राचीन शिव मंदिर के पास भगवान शनि देव की प्राण प्रतिष्ठा व स्थापना मंदिर के स्वर्ण शताब्दी के अवसर पर होना सुनिश्चित हुआ है, प्राण प्रतिष्ठा के

एक दिन पूर्व अष्टयाम शुरू होगा जिसका पूर्णियाहुति 7 जून दिन शनिवार को होगा, उसके बाद सुबह 7ः00 से प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व नगर भ्रमण का कार्यक्रम होना सुनिश्चित हुआ है और दिन में 11ः00 बजे शनिदेव भगवान की प्राण प्रतिष्ठा होनी है और दोपहर के 2ः00 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन सुनिश्चित किया गया है ,इस अवसर पर शिव मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित अगस्त बाबा ने नगर के समस्त नगर वासी व क्षेत्र वासियों से अपील किया है कि शनिदेव भगवान की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य के भागी बने और इस आयोजन का प्रसाद ग्रहण करें, यह क्षण नगर के गौरव का क्षण है इस अवसर का सदुपयोग करें, और अधिक से अधिक संख्या में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# समर कैंप में बच्चों ने किया प्राकृतिक भ्रमण, पौधरोपण भी हुआ

- कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम में बच्चों ने किया पौधरोपण

**अवधनामा संवाददाता**



**अमेठी।** गुरुवार को जिले के सभी कम्पोजिट और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में समर कैंप पर्यावरण शिक्षा पर आधारित रहा। समर कैंप में सुबह प्रार्थना सभा , योगासन और प्राणायाम के बाद बच्चों को प्राकृतिक भ्रमण कराकर पेड़ पौधों के महत्व की जानकारी दी गई।कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम में बच्चों ने पौधरोपण भी किया।

पर्यावरण दिवस के अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालयों और कम्पोजिट विद्यालयों में समर कैंप में पर्यावरण और प्रकृति शिक्षा आधारित गतिविधियां आयोजित की गई। सुबह प्राकृतिक भ्रमण के बाद बच्चों ने चार्ट पेपर पर पर्यावरण शिक्षा आधारित चित्र तैयार किए। कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम में इं प्र अ संजीव कुमार ने बच्चों को विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व की जानकारी दी। पर्यावरण की मौजूदा चुनौतियों पर संवाद किया।

पर्यावरण दिवस पर मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश की जानकारी दी और कहा कि वृक्ष पृथ्वी के श्रृंगार हैं। सुरक्षित जीवन के लिए वन? और जल दोनों जरूरी है।

शिक्षामित्र लालती देवी, अनुदेशक कौशलेंद्र सिंह, रसोईया रिपु मौर्य, धनपती? और सीता ने बच्चों के साथ मिलकर पौधरोपण किया। कम्पोजिट विद्यालय नेवढ़िया, उच्च प्राथमिक विद्यालय भादर,पी एम श्री विद्यालय सवनगी के बच्चों ने भी शिक्षकों के साथ प्राकृतिक भ्रमण किया।

# तमकुही क्षेत्र में एक ही रात दो बाईक और एक टुल्लू पंप चोरी

**तरयासुजान, कुशीनगर।** तमकुहीराज थाना क्षेत्र के दो गांवों से दो मोटर साइकिल और एक टुल्लू पम्प चोरी की घटना से लोग चिंतित हैं। चोरी की सूचना वाहन स्वामियों ने स्थानीय पुलिस को देकर कारवाई की मांग किया है। आजकल थाना क्षेत्र में मोटर साइकिल चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही है। किसको लेकर वाहन स्वामी चिंतित हैं।

बृहस्पतिवार को रात्रि में अज्ञात चोरों ने तमकुहीराज थाना क्षेत्र ग्राम बसडिला बुजुर्ग के टोला रविदास नगर निवासी वीरेंद्र प्रसाद पुत्र रामानंद के दरवाजे पर खड़ी हीरो स्पलेंडर मोटर साइकिल संख्या यूपी 57 भी 5943 और लतवा मुरलीधर निवासी उमेश यादव की हीरो स्पलेंडर मोटर साइकिल संख्या यूपी 57 एक्स 7498 को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया। इसी गांव के सलामत मियां की दरवाजे से ही दो हॉर्स पावर की टुल्लू पम्प को भी चोरों ने चुरा लिया।

# बाबा साहब डा अम्बेडकर के मानवतावादी मूवमेंट को समर्पित विचारधारा है बसपा : भीमराव अम्बेडकर

**अवधनामा संवाददाता**



**अमेठी।** शुक्रवार को कान्हा मैरिज लान गौरीगंज में बहुजन समाज पार्टी के जिला एवं विधानसभा कमेटियों के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बहुजन समाज पार्टी के मुख्य मंडल प्रभारी पूर्व एम एल सी भीमराव अम्बेडकर, मुख्य मंडल प्रभारी दिलीप कुमार विमल और मंडल प्रभारी दया राम राजभर ने पार्टी संगठन के कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान प्रगति संतोषजनक न मिलने पर विधानसभा वार खुली बैठकों का आयोजन करके विधानसभा कमेटियों के पुनर्गठन का निर्णय लिया गया।

मुख्य मंडल प्रभारी भीमराव अम्बेडकर ने कहा कि बसपा राजनीतिक दल से अधिक एक विचारधारा है जो बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के मानवतावादी मूवमेंट को समर्पित है। बसपा महापुरुषों के पद चिन्हों पर चलते हुए देश में भारतीय संविधान की व्यवस्थाओं के अनुरूप शासन व्यवस्था की स्थापना के लिए संघर्षरत है। पदाधिकारियों को निष्ठा और ईमानदारी से संगठन के काम आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया और जो भी पदाधिकारी किन्हीं कारणों से संगठन के काम के लिए समय नहीं दे पा रहे हैं, मिशन और मूवमेंट के हित में उन्हें पद छोड़ कर दूसरे साथियों को संगठन में काम करने का अवसर देना चाहिए।

दिलीप कुमार विमल ने बूथ कमेटियों के पुनर्गठन की समीक्षा के दौरान सर्वसमाज के लोगों के बीच बसपा की नीतियों और सुश्री मायावती के कार्यकाल की उपलब्धियों पर संवाद करने पर जोर दिया,कहा जो फील्ड में काम करता है,सही मायने में पदाधिकारी वही है। मंडल प्रभारी दया राम राजभर ने कार्यकर्ताओं को भारतीय संविधान, जातीय जनगणना, राजनीतिक भागीदारी के मुद्दे पर भाजपा और कांग्रेस की झूठी राजनीति से बहुजन समाज को सावधान करने की जिम्मेदारी दी और कहा कि पिछड़ी जातियों में राजनीतिक चेतना बसपा की देन है। 13जून को तिलोई और जगदीशपुर और 14जून को अमेठी और गौरीगंज विधानसभा में बड़ी कार्यकर्ता बैठकों का आयोजन किया गया है। जिले की बैठक का संचालन जिला महामंत्री सरवन कुमार यादव ने किया। जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार ने बैठक की अध्यक्षता की। भवानीगढ़, टीकरमाफी और बड़ागांव सेक्टरों में बूथ कमेटियों के पुनर्गठन का काम पूरा हो गया है। जिला प्रभारी नन्हे सिंह चौहान,जिला उपाध्यक्ष बबलू पांडेय, बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती, विधानसभा प्रभारी राम अभिलाष बौद्ध, विजय गौतम, विजय प्रजापति, मोती लाल,रामकेवल सरोज, विधानसभा अध्यक्ष शिवराम, लक्ष्मण प्रसाद, प्रदीप भारती आदि मौजूद रहे।

# दर्जा प्राप्त मंत्री राजेश्वर सिंह के विवादित बयान से सियासी पारा गर्म

**अवधनामा ब्यूरो**



- बोले मंत्री जी, प्रतिबंधित पशु कटेंगे तो....कुशीनगर में बहेगी खून की धारा

**कुशीनगर।** सूबे सरकार के दर्जा प्राप्त मंत्री राजेश्वर सिंह के मुसलमानों के खिलाफ दिए गए एक बयान से सियासी पारा गर्म हो गया है। उन्होंने 5 जून को सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस पर कुशीनगर जिले पडरौना नगर के साकेत बिहारी मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को महाराज जी (सीएम योगी) के जन्मदिन पर संकल्प लेना है कि कोई भी पशु जो प्रतिबंधित है, उसे कटने नहीं देना है। प्रतिबंधित पशु है गाय हमारी माता...और गाय माता की हमें रक्षा करनी है। गाय, बछड़े आदि प्रतिबंधित किसी भी पशु को हम नहीं कटने देंगे।

उत्तर प्रदेश खाद बीज निगम के उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि बकरीद आ रही है। इस दौरान मुसलमानों को हम गाय नहीं काटने देंगे, अगर प्रतिबंधित पशु कटेंगे तो मुसलमान भी कटेंगे और कुशीनगर में खून की धारा बहेगी। कहना ना होगा कि

राजेश्वर सिंह का इशारा बकरीद को लेकर था कि जिसमें बकरे की कुर्बानी देने की परम्परा है। गाय बछडा प्रतिबंधित है। इसको लेकर उन्होंने दो टूक में कहा कि किसी भी हालत में प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी नहीं दी जाएगी। हालांकि, इसको लेकर पुलिस-प्रशासन भी अलर्ट है। पुलिस ने साफ कर दिया है कि कुर्बानी सार्वजनिक जगह पर ना दी जाए और प्रतिबंधित पशु का वध पूरी तरह प्रतिबंध है। नियम विरुद्ध काम करने वाले पर सख्त एक्शन लिया जाएगा।

# प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ ने डीएम को सौंपा ज्ञापन, कार्यवाही पर जताया रोष

**अवधनामा ब्यूरो**


डीएम को ज्ञापन देते प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ

**कुशीनगर।** प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ के बैनर तले जनपद के समस्त सीएचसी व पीएचसी प्रभारियों ने शुक्रवार को जिलाधिकारी कुशीनगर महेंद्र सिंह तंवर से मिल कर तमकुही राज सीएचसी पर तैनात चिकित्सक एवं अन्य कर्मचारियों के ऊपर अकारण किए गए कार्यवाही के विरोध में ज्ञापन सौंप कर मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की गई।

जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में सीएचसी, पीएचसी प्रभारियों ने कहा है कि बीते 22 मई को सीएचसी तमकुही राज में प्रसव के बाद हुई प्रसूता की मृत्यु को लेकर परिजनों द्वारा चिकित्सक एवं स्टाफ के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने तथा निलंबन आदि की कार्यवाही के लिए लगातार प्रशासन पर दबाव बनाने हेतु धरना प्रदर्शन आदि किया जा रहा है। जिसको लेकर जनपद के सभी चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ भी आक्रोशित है तथा इस कृत्य को लेकर वे भी आंदोलन करने के लिए बाध्य है। विदित हो कि उक्त प्रकरण में गठित जॉच टीम के रिपोर्ट में प्रसूता के इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही के तथ्य प्राप्त नही हुए है। इसके बावजूद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तमकुहीराज के तत्कालीन प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ अमित राय, संविदा चिकित्सक डॉ सलोनी जायसवाल व स्टॉफ नर्स ममता चौहान को स्थानांतरित कर दिया गया है। आगे कहा गया है कि उक्त चिकित्सको व अन्य कर्मचारियों ने मृतका के इलाज के दौरान अपने चिकित्सकीय धर्म का निर्वहन किया गया है। लेकिन परिजनों एवं कुछ राजनैतिक दलों द्वारा जो कृत्य व अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है। उससे जनपद के सरकारी चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी भयभीत एवं आक्रोशित है। चिकित्सको ने आगे कहा है कि अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों को बेहतर उपचार करने का प्रयास किया जाता है । चिकित्सकों ने जिलाधिकारी से मांग किया है कि उक्त मामले का निष्पक्ष जांच करा कर यथाशीघ्र पटाक्षेप कराया जाय अन्यथा की स्थिति में हम सभी भी आन्दोलन के लिए बाध्य होंगे। प्रांतीय चिकित्सा संघ के जिलाध्यक्ष डॉ मार्कण्डेय चतुर्वेदी एवं जिला सचिव डॉ उमाशंकर नायक की अगुवाई में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने वालों में डॉ सूर्यभान कुशवाहा, डॉ राजेश मद्धेशिया, डॉ अमित गुप्ता, डॉ अमित राय, डॉ जीशान अली, डॉ संदीप, डॉ रजनीश श्रीवास्तव, डॉ पीएन गुप्ता, डॉ शेष विश्वकर्मा शामिल रहे।

# विशेष प्लास्टिक उन्मूलन अभियान में नपाध्यक्ष हुयी शामिल

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** आज नगर पालिका परिषद देवरिया द्वारा चलाए जा रहे है विशेष प्लास्टिक उन्मूलन अभियान (1 जून से 05 जून तक) में प्रातः उपस्थित हो नगर की सड़को को प्लास्टिक वेस्ट से मुक्त कर लोगो को जागरूक किया गया।

इस दौरान नपाध्यक्ष अलका सिंह ने कहा कि नगर पालिका परिषद देवरिया द्वारा चलाए जा रहे प्लास्टिक उन्मूलन अभियान एक जागरूकता और क्रियाशीलता पर केंद्रित अभियान है जिसका उद्देश्य प्लास्टिक के उपयोग को कम करना, एकल-प्रयोग प्लास्टिक को समाप्त करना और पर्यावरण को स्वच्छ व सुरक्षित बनाना है। इस अभियान के मुख्य उद्देश्य है कि एकल-प्रयोग प्लास्टिक पर रोक लगाना (जैसे प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक कप, स्ट्रॉ आदि)। पुनः उपयोग योग्य और बायोडिग्रेडेबल विकल्पों को बढ़ावा देना (जैसे कपड़े के थैले, मिट्टी/स्टील के बर्तन आदि)।जन जागरूकता बढ़ाना ङ्क स्कूलों, कॉलेजों, कार्यालयों और सामाजिक मंचों के माध्यम से।रिसायक्लिंग को प्रोत्साहन देना और कचरा प्रबंधन में सुधार करना।

नपाध्यक्ष अलका सिंह ने सभी से आग्रह किया कि आप सभी कपड़े या जूट के थैले का उपयोग करें,बोतल और डिब्बे जैसे प्लास्टिक उत्पादों का पुनः उपयोग करें। प्लास्टिक कचरे को इधर-उधर न फेंकें; सही तरीके से निपटान करें,आसपास के लोगों को भी प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में बताएं। इस दौरान नपा ईओ संजय तिवारी,नपा के कर्मचारी आदि रहे।

# थाने से न्याय न मिलने पर महिला ने लगाई एसपी से न्याय की गुहार

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित ग्राम पकड़ी निवासी एक महिला ने पुलिस अधीक्षक कुशीनगर से मिल कर न्याय की गुहार लगाई है।

मिली जानकारी के अनुसार सुनीता देवी पत्नी पंकज सिंह ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कुशीनगर को लिखित प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।महिला ने शिकायत पत्र में लिखा है कि बीते 28/05/2025 को गांव के कुछ लोगों द्वारा मेरे पति को मारा-पीटा गया और हमारे आरो प्लांट पर तोड़ फोड़ किया गया और मेरे पति के मोटरसाइकिल की चाभी भी छीना गया जिसमें अहिरौली बाजार पुलिस ने विपक्षी की तहरीर के आधार पर मेरे पति को थाने में बैठाएं रखें और एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए मेरे पति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दिए। महिला जब थाने का चक्कर लगाकर थक गई। उसके बाद पुलिस अधीक्षक कुशीनगर से मिल कर तहरीर देकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

# शहीद नायक संदीप की पत्नी को अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया



**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के शहीद सैनिकों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इसी क्रम में जनपद देवरिया के शहीद नायक संदीप मिश्रा की पत्नी श्वेता मिश्रा को जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल डॉ. सुधाकर त्यागी (अ0प्रा0) द्वारा श्रीमती मिश्रा को निदेशालय, सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास, उत्तर प्रदेश, लखनऊ से प्राप्त टैबलेट भी उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन निदेशालय, सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास, लखनऊ द्वारा प्रमुख सचिव श्री एल. वेंकटेश्वर लू की अध्यक्षता में ऑनलाइन माध्यम से किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के कुल 13 शहीद सैनिकों के आश्रितों को संबंधित जनपदों में नियुक्ति पत्र एवं टैबलेट प्रदान किए गए। देवरिया में आयोजित कार्यक्रम में कार्यालय के वरिष्ठ सहायक ओम प्रकाश सिंह, कनिष्ठ सहायक रामनाथ तथा करन मद्धेशिया भी उपस्थित रहे।

# उपायुक्त ने किया जीरो पावर्टी सर्वे के लाभार्थियों का स्थलीय सत्यापन

- निर्धनतम परिवारों को मिलेंगे पक्के मकान और अन्त्योदय राशन कार्ड

**अवधनामा संवाददाता**



**अमेठी।** प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत हुए रजिस्ट्रेशन और जीरो पावर्टी सर्वे के बाद पी एम आवास के लिए प्रस्तावित लाभार्थियों के स्थलीय सत्यापन का काम शुरू हो गया है। गुरुवार को ग्राम विकास आयुक्त कार्यालय में तैनात उपायुक्त प्रेम प्रकाश त्रिपाठी ने गांवों में जाकर लाभार्थियों की पात्रता की जांच की। जीरो पावर्टी सर्वे के अन्तर्गत चिंहित गरीब परिवारों का जीवन स्तर उठाने के लिए उन्हें रोजगार से जोड़ने के साथ पक्के मकान भी दिए जाएंगे।

जंगल रामनगर और घोरहा में लाभार्थियों की संख्या अधिक मिलने पर गुरुवार को उपायुक्त मनरेगा ने गांवों में जाकर जीरो पावर्टी सर्वे में चिन्हित लाभार्थियों का सत्यापन किया। मौके पर खंड विकास अधिकारी बृजेश सिंह और रतन सिंह के साथ ग्राम प्रधान और सेक्रेटरी भी मौजूद रहे।

## निर्धनतम परिवारों को अन्त्योदय कार्ड जारी किए जाएंगे

अमेठी। जीरो पावर्टी सर्वे में सामने आए गरीब परिवारों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से लाभान्वित करने के लिए शासन की ओर से अन्त्योदय कार्ड जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। विकास खंड के कर्मचारियों की ओर से सर्वे में चिन्हित और प्रस्तावित किए गए लाभार्थियों की पात्रता की जांच के लिए जिला पूर्ति अधिकारी और सभी सप्लाई इंस्पेक्टर गांवों में जा रहे हैं।

# गैंगरेप के आरोपियों को 20 वर्ष का कारावास, कोर्ट ने ठोका जुर्माना

**अवधनामा संवाददाता**

■ **नाबालिक किशोरी को बुलाकर दिया था दुष्कर्म की घटना को अंजाम**

**सुलतानपुर।** जनपद मे बीते वर्षों में जहां महिलाओं के प्रति अपराधों में बेतहाशा वृद्धि हुई, वहीं नाबालिक किशोरियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं भी थाने के रजिस्टर में लिखी गई।कानून की सख्ती एसपी कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह समेत पुलिस के आला अधिकारियों की संवेदनशीलता व कठिन पैरवी से न्यायालय में न्याय का डंका बजाने लगा है। नाबालिक किशोरियों से दुष्कर्म के मामले में अब लगातार आरोपियों पर दोष सिद्ध होने के बाद सजा होने लगी है। दुष्कर्म जैसे गंभीर अपराध को अंजाम देने वाले युवा अब अपनी जिंदगी का बड़ा हिस्सा जेल की काल कोठरी में बिताएंगे। गुरुवार को जिला न्यायालय मे पास्को कोर्ट ने गैंगरेप के दो आरोपियों को दोषी करार करते हुए 20 साल के कारावास की सजा सुनाई। बताते चले यूपी डीजीपी द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत सुलतानपुर पुलिस ने न्यायिक पैरवी करते हुए गैंग रेप के दो आरोपियों पर न्यायालय द्वारा दोष सिद्ध करते हुए 20 साल के कारावास की सजा दिलवाई है । थाना हलियापुर में दर्ज गैंगरेप के गंभीर मामले में एएसजे-12 (पॉक्सो कोर्ट) ने गैंग रेप के दोषियों प्रदीप यादव व राजकुमार यादव पुत्रगण स्व. साधूराम यादव निवासी इटौजा थाना कुमारगंज जनपद अयोध्या (फैजाबाद) को दोषी ठहराते हुए 20-20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।साथ ही दोनों दोषियों पर 20-20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। लगे आरोपों की माने तो 23 सितंबर 2018 को दोनों दोषियों ने 16 वर्षीय किशोरी को फोन कर बहाने से बुलाया और कमरे में ले जाकर बारी-बारी से दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता की शिकायत पर धारा 376डी, 506 भादंवि व 3/4, 5/6 पॉक्सो एक्ट में हलियापुर थाने में मामला दर्ज किया गया था।पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह की निगरानी में मानीटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी की गई,जिसके परिणामस्वरूप दोषियों को सजा दिलाई जा सकी। दुष्कर्म के आरोपियों के लगातार न्यायालय द्वारा दंडित होने के बाद पूर्व में घटना को अंजाम दे चुके दुष्कर्म के आरोपियों में दहशत का माहौल है ऐसे कई मामलों में सुलह सपाटे के लिए आरोपियों व उनके परिवारों ने अपनी गतिविधिया तेज कर दी है। सूत्र बताते है की कई मामलों मे पीड़िता को डराने धमकाने सेटिंग करने का खेल चल रहा है वही परिवार को मैनेज करने का खेल दुष्कर्म के कई मामलों में हो रही है। ऐसे में पुलिस महकमे के अफसरों का स्पष्ट कहना है दुष्कर्म की शिकार पीड़िता व उसके परिजनों को किसी भी प्रकार का प्रलोभन डर या धमकी देने का मामला सामने आए तो उसे पुलिस अफसरों को जरूर अवगत करवाये जबरन धर्मातरण के मामले में भी पुलिस कठोर कार्यवाही करने को तैयार हैहै। प्रभावी कार्यवाही के बाद ऐसे मनबढ़ अपराधियों के हौसले तोड़े जा सकेगे।

## गैंगरेप के दोषियों को न्यायालय ने दी 20-20 वर्ष की सजा

**सुलतानपुर।** ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत गैंगरेप के दो दोषियों को 20-20 साल की सजा न्यायालय ने दी है। उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत सुलतानपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना हलियापुर में दर्ज गैंगरेप के गंभीर मामले में एएसजे-12 (पॉक्सो कोर्ट) ने दोषियों प्रदीप यादव व राजकुमार यादव पुत्रगण स्व. साधूराम यादव निवासी इटौजा थाना कुमारगंज जनपद अयोध्या (फैजाबाद) को दोषी ठहराते हुए 20-20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों दोषियों पर 20-20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।घटना 23 सितंबर 2018 की है,जब दोनों दोषियों ने 16 वर्षीय किशोरी को फोन कर बुलाया और कमरे में ले जाकर बारी-बारी से दुष्कर्म किया। पीड़िता की शिकायत पर धारा 376डी, 506 भादंवि व 3/4, 5/6 पॉक्सो एक्ट में हलियापुर थाने में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में मानीटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी की गई,जिसके परिणामस्वरूप दोषियों को सजा दिलाई जा सकी।

# ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर, दो की मौत, चार गंभीर



**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहाँपुर।** रौजा थाना क्षेत्र के अटसलिया पुल के पास ट्रैक्टर ट्राली से लखनऊ से संभल जा रहे शुक्रवार की सुबह लगभग 5 बजे बड़ा हादसा हो गया , बताया जा रहा है अचानक ट्रैक्टर का पहिया पंचर हो गया था तभी ट्रैक्टर चालक ने रोड पर ही ट्रैक्टर खड़ा करके ट्रैक्टर का पहिया बदलने लगा ,पहिया बदलते समय सीतापुर तरफ से तेज रफ्तार आ रहे ट्रक ने रोड पर खड़े ट्रैक्टर ट्राली ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे टायर बदले वाले व्यक्ति की ट्रक से कुचलने से मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। और ट्राली पर बैठे पांच लोग बुरी तरह घायल हो गए जिनको उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज भेजा गया जहा उपचार के दौरान एक ने दम तोड़ दिया दो की हालत गंभीर बनी हुई है सभी जनपद सम्भल के निबासी है इस घटना मे मरने बालो मे शकील पुत्र नामालूम निवासी मो0 कबीरइसरा थाना नखासा जनपद सम्भल, जाकिर पुत्र नामालूम निवासी रुकन्दीसराय थाना नखासा जिला सम्भल की जिला चिकित्सालय पहुचते ही मृत्यु हो गयी व अन्य 04 लोग 1. सोएब पुत्र एहसान निवासी जालअफ्सरा थाना नखासा 2. असरफ पुत्र नामालूम निवासी सलाखपुर थाना नखासा 3. नौसाद पुत्र नामालूम निवासी रुकन्दीसराय थाना नखासा 4.रासिद पुत्र सद्दीक निवासी मुजफ्फरपुर थाना हयातनगर जिला सम्भल का उपचार जिला चिकित्सालय मे चल रहा था जिसमे से 02 व्यक्ति की हालत गम्भीर है सम्बन्धित ट्रक एंव चालक को पुलिस हिरासत मे ले लिया गया है मृतक एंव घायलो के परिजनो को सूचित कर दिया गया है मृतक एंव घायल सभी व्यक्ति भट्ठा मजदूर हैं जो लखनऊ से वापस अपने ग्रह जनपद सम्भल जा रहे थे। सभी शेष 04 घायलों को रेफर कर बरेली भेज दिया गया है।

# मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम के दृष्टिगत स्थलीय निरीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जनपद बहराइच में चित्तौरा झील के तट पर स्थित महाराजा सुहेलदेव जी के नवनिर्मित स्मारक स्थल के लोकार्पण/उद्घाटन हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के संभावित जनपद आगमन के दृष्टिगत बृहस्पतिवार को देर शाम जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक रामानन्द कुशवाहा, उप जिलाधिकारी सदर पूजा चौधरी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ स्मारक का भ्रमण कर जायज़ा लिया तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीएम व एसपी ने संभावित कार्यक्रम के मद्देनज़र सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश,पेयजल,मंच एवं पण्डाल, पार्किंग, बैरीकेडिंग, आवागमन के मार्ग व नेटवर्क सहित तमाम व्यवस्थाओं की तैयारियों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों सहित सभी श्रमिकों आदि की मूलभूत आवश्यकताओं का भी पूरा ध्यान रखा जाए। डीएम ने कहा कि गर्मी की दृष्टिगत सुबह व शाम दो अलग-अलग शिफ्टों में कार्य किया जाए तथा सभी के लिए शुद्ध पेयजल, शरबत आदि की व्यवस्था भी की जाए। उन्होंने टीडीएम को निर्देशित किया कि कार्यक्रम स्थल पर नेटवर्क की यथोचित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। डीएम ने कार्यदायी संस्थाओं को स्मारक स्थल पर आवश्यकता अनुसार रंग-रोगन व साफ सफाई का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## ई केवाईसी कराये बगैर अब नहीं मिलेगा लाभार्थियो को पोषाहार

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर ने बताया कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार निदेशालय उत्तर प्रदेश द्वारा देश भर में पोषण टैकर एप के माध्यम से फेस ऑथेंटिकेशन मॉड्यूल के कार्यान्वयन के संवंध मे निर्देश दिये गये है। जिसमें आंगनबाड़ी केन्द्रो पर आने वाले 6 माह से 3 वर्ष, 03 से 06 वर्ष आयु वर्ग के लाभार्थी गर्भवती एवं धात्री महिला व किशोरी बालिका की उपस्थिति एवं पोषाहार प्राप्त करने वाले लाभर्थियों की पोषण टैकर पर फीडिंग 01 जुलाई 2025 से अनिवार्य रूप से लागू हो जायेगी। लक्षित लाभार्थियों तक अनुपूरक पुष्टाहार की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए यह भी निर्णय लिया गया है कि टीएचआर वितरण के लिए फेशियल रिकाग्निशन सिस्टम (एफआरएस) को 01 जुलाई 2025 से अनिवार्य कर दिया जायेगा। लाभार्थियों के पंजीकरण हेतु फेशियल रिकाग्निशन सिस्टम (एफआरएस) को 01 अगस्त 2025 से अनिवार्य कर दिया जायेगा।

# रामगंगा पर हुई भव्य गंगा आरती

**अवधनामा संवाददाता**



**शाहजहाँपुर।** जिलाधिकारी धमेन्द्र प्रताप सिंह एवं प्रभागीय वनाधिकारी नवीन खण्डेलवाल के निर्देशानुसार जिला गंगा समिति एवं वन विभाग शाहजहाँपुर द्वारा कल विकास खण्ड जलालाबाद में रामगंगा नदी समीप स्थित ग्राम गोरा गांव में विश्व पर्यावरण दिवस एवं गंगा दशहरा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधायक हरिप्रकाश वर्मा व समस्त अतिथियों ने एक पेड़ मां के नाम 2.0 अन्तर्गत स्थानीय ग्रामीण महिलाओं के साथ पौधारोपण कर किया। क्षेत्रीय वनाधिकारी विशाल रावत ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष नगर पंचायत अल्हागंज अनिल गुप्ता, उपजिलाधिकारी दुर्गेश यादव, तकनीकी सलाहकार जीआईजेड लखनऊ अविरल सक्सेना का बैच लगाकर स्वागत करते हुये कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने नदियों को स्वच्छ रखने हेतु विभिन्न परम्परागत व आध्यात्मिक बिन्दुओं पर चर्चा करते हुये नदियों को निर्मल व अविरल रखने हेतु निवेदन किया। उपजिलाधिकारी दुर्गेश यादव ने शासन की मंशानुसार पेड़-पौधों, नदियों, तालाबों, आद्रभूमियों व समस्त जल श्रोतों को संचित रखने हेतु बढ़-चढ़कर आगे आने की अपील की साथ ही आगामी माह में होने वाले वृहद वृक्षारोपण में अधिक से अधिक वृक्षों को लगाने का निवेदन किया। मुख्य अतिथि द्वारा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी की नमामि गंगे योजना व एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान को जनसहयोग का अभियान बताया साथ ही सरकारी की उपलब्धियों पर चर्चा की। नदियों के संरक्षण हेतु सरकार द्वारा किये जाने जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा ग्रामवासियों को पर्यावरण प्रहरी बताते हुये सभी को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग कम करने की अपील की। गंगा समग्र के जिला संयोजक एड? करूणाशंकर बाजपेई एवं जिला सह संयोजक मैथिलीशरण गुप्ता ने नदियों को प्रदूषण मुक्त बनाने के सुझाव बताये। गंगा दशहरा को उत्सव के रूप में मनाने हेतु समस्त अतिथियों व ग्रामवासियों ने माँ गंगा आरती की व असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 रूपक श्रीवास्तव ने गंगा माता की जयकारों से आकाश गुंजायमान कर दिया। नमामि गंगे डी0पी0ओ0 डॉ0 विनय कुमार सक्सेना ने नमामि गंगे परियोजना प्रकाश डालते हुये जिला गंगा समिति द्वारा किये जा रहे कार्यो पर प्रकाश डाला व गंगा प्रदर्शनी का अवलोकन कराया।

# जन आधार कल्याण समिति द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर किया वृक्षारोपण

**अवधनामा संवाददाता**

■ **पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जन आधार कल्याण समिति की अनूठी पहल,विभिन्न संस्थाओं के साथ मिलकर किया पौध रोपण, बनाया एंटी वायरस पार्क**

**फिरोजाबाद।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाते हुए जन आधार कल्याण समिति द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सिविल लाइन दबरई स्थित पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय में विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संगठनों के साथ मिलकर रेड टेप मूवमेंट व वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। समस्त जनपद वासियों से पर्यावरण को स्वच्छ, हरा भरा व सुरक्षित बनाए रखने की अपील करते हुए सम्मानित अतिथियों ने रेड टेप मूवमेंट व वृक्षारोपण कर मिशन रेड टेप मूवमेंट के संस्थापक उप निदेशक बचत लखनऊ प्रभात मिश्र के मॉडल एंटी-वायरस पार्क के आधार पर सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त एंटी-वायरस पार्क की स्थापना की और एकजुट होकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान विद्यालय में चल रहे समर कैंप में बच्चों ने एक से बढ़कर एक पोस्टर भी बनाए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पाण्डेय कर निर्धारण अधिकारी नीरज पटेल डीसीपीएम रवि कुमार पीपीएम समन्वयक मनीष कुमार एवं बीके खुशी सहित एम.एस.वीवा एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट सदस्य आई.वी. इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्या नंदिनी यादव,चर्चित फाउंडेशन कोषाध्यक्ष कश्मीर सिंह पेस दिशा चाइल्ड फंड इंडिया की प्रोग्राम कॉर्डिनेटर चाइल्ड प्रोटेक्शन रेखा वर्मा, सूरवीर युवा संगठन की अध्यक्षा सपना शर्मा ने रेड टेप मूवमेंट व पौध रोपण करते हुए बताया कि, एंटीवायरस पार्क एक हरा-भरा,औषधीय रूप से संरक्षित स्थान है जिसे, जूनोटिक बीमारियों के खिलाफ़ प्राकृतिक सुरक्षा के रूप में कार्य करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। जन आधार कल्याण समिति सचिव ने बताया कि यह पार्क अध्ययनरत छात्र - छात्राओं अध्यापकों एवं विद्यालय के संपूर्ण परिसर को वायरस मुक्त शुद्ध हवा एवं स्वास्थ्य प्रदान करने में अपनी अति महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जिसकी, आज संयुक्त रूप से शुरुआत की गई है। इस अवसर पर मुख्य रूप से पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका प्रभा वर्मा एवं पूनम राजपूत विनीता राही व अन्य शिक्षा मित्रों सहित रोहित कुमार भाव्या आराध्या, लक्ष्मी अंकित मित्या, नित्या अनमोल, आस्था तनिष्का, लता, मानव, पारस, वर्षा, माधवी व अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# अश्वनी जैन को किया सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**



**शिकोहाबाद।** जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय सिविल लाइन फिरोजाबाद में जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद धीरेन्द्र कुमार द्वारा विज्ञान को जन जन तक पहुंचाने के लिए जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक एवं श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया। अश्वनी कुमार जैन को यह प्रशस्ति पत्र सत्र 2024-25 में विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा प्रस्तावित नवप्रवर्तन एवं विज्ञान के लोकप्रियकरण संचार कार्यक्रम जिनमें नवाचार के कार्यक्रमों की प्रदर्शनी, जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता, स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ जीवन पर वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम, अंधविश्वासों के विरूद्ध वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम, वैज्ञानिक शोध प्रयोगशालाओं के भ्रमण कार्यक्रम को जनजागरूकता के साथ सफलतापूर्वक कराने, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षाओं में जिला मीडिया प्रभारी, इन्सपायर अवार्ड मानक योजना में रिकॉर्ड 77 विद्यार्थियों के चयन, राज्य स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी, समग्र शिक्षा अभियान प्रदर्शनी एवं फिरोजाबाद महोत्सव में उत्कृष्ट संचालन के लिए प्रदान किया गया। अश्वनी कुमार जैन ने धीरेन्द्र कुमार जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जनपद के समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं समस्त मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त किया। इसी के साथ उन्होंने जनपद के सभी बोर्डो के विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं प्रधानाध्यापकों से विद्यार्थियों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ाने के लिए अपील करते हुए इन्सपायर अवार्ड मानक योजना में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के अधिकतम 05 विद्यार्थियों के नामांकन 15 जून से इन्सपायर अवार्ड की वेबसाइट पर अवश्य करा दीजिये।

**आम सूचना**

मैं योगेंद्र सैनी पुत्र सुखबीर सिंह एवं मेरी पत्नी श्रीमती सुरेन्द्री नि0ग्राम इटावा थाना गागलहेडी, ज़ि0 सहारनपुर सूचित करते हैं कि हमारी पुत्री काजल सैनी एक व्यक्ति अंकुश के साथ 30 मई 2025 को घर से चली गई थीं अंकुश अपराधिक प्रवृति का व्यक्ति है पॉक्सो कोर्ट में उसके विरुद्ध वाद भी लंबित है अतः हम पुत्री काजल सैनी उसके होने वाले पति से कुल संबंध विच्छेद कर काजल सैनी को अपनी कुल चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहे हैं। भविष्य में काजल सैनी के किसी भी कृत्य हेतु हम ज़िम्मेदार ना होंगें।

# महिला कल्याण विभाग में अधिकारी दंपति और लिपिक की अंधेरगर्दी से पारदर्शिता तार-तार, निविदा प्रक्रिया में बड़ा खेल

**अवधनामा संवाददाता**

**बांदा।** जनपद बांदा के महिला कल्याण विभाग में भ्रष्टाचार की गंभीर आशंकाएं सामने आ रही हैं, जहां निविदा प्रक्रिया को पारदर्शिता की जगह मनमाने ढंग से संचालित किया जा रहा है। जिला प्रोबेशन अधिकारी (डीपीओ) मीनू सिंह, उनके पति व मंडल के एडीशनल डायरेक्टर जिला प्रोबेशन अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह, और लिपिक पंकज मिश्रा की तिकड़ी पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

सूत्रों के अनुसार, जेम पोर्टल पर मैनपावर सप्लाई हेतु जारी की गई निविदा में 157 कंपनियों ने आवेदन किया, परंतु केवल 3 फर्मों को ही क्वालीफाई किया गया। आश्चर्यजनक तथ्य यह है कि इन तीन में से 2 कंपनियां एक ही व्यक्ति वकील अहमद से जुड़ी हैं–एल-1 जाब्स इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड और एल-2 जाब्स इंटरप्राइजेज, जो पहले से विभाग में कार्य कर रही है।



**चहेती कंपनियों को फायदा, बाकी सभी फर्मे बाहर–** यह पूरा मामला दावा करता है कि विभाग की निविदा प्रक्रिया महज़ औपचारिकता बनकर रह गई है, जहां पूर्व निर्धारित चहेते ही हर बार चयनित किए जा रहे हैं। यह स्थिति न केवल शासन की गाइडलाइंस का उल्लंघन है, बल्कि न्यायसंगत प्रतिस्पर्धा की भावना के भी खिलाफ है।

**अधिकारी दंपति की भूमिका पर सवाल–** स्थानीय सूत्रों व विभागीय जानकारी के अनुसार, इस निविदा प्रक्रिया की निगरानी व निर्णय में डीपीओ मीनू सिंह, उनके पति पुष्पेंद्र सिंह, जो खुद मंडल स्तर के एडीशनल डीपीओ हैं, और कार्यालय लिपिक पंकज मिश्रा की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। इन तीनों की आपसी मिलीभगत से नियमों को ताक पर रखकर चयन प्रक्रिया में हस्तक्षेप किए जाने की आशंका जताई जा रही है।

**शासन की मंशा को लगा झटका–**राज्य सरकार द्वारा पारदर्शी शासन व ई-गवर्नेंस के तहत जेम पोर्टल जैसी डिजिटल प्रणाली लागू की गई थी ताकि सरकारी खरीद व अनुबंध में भ्रष्टाचार की गुंजाइश समाप्त हो। लेकिन जब उच्च अधिकारी स्तर पर ही नियमों की अनदेखी की जाए, तो शासन की मंशा और विश्वास दोनों को ठेस पहुँचती है। स्थानीय सामाजिक संगठनों व जनप्रतिनिधियों ने इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि इस खेल में कौन-कौन शामिल है और सरकारी धन का दुरुपयोग किस हद तक हुआ है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा खाता संख्या-10712078781 भारतीय स्टेट बैंक शाखा बंसी जनपद सिद्धार्थ नगर में है। मेरा नाम पूर्व में रोजन अली पुत्र मंगरे था। अब मेरा वास्तविक नाम रहमतुल्लाह पुत्र मंगरे है, जो अभिलेखों में भी दर्ज है, अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाता है। इस नाम व पता से मेरे ग्राम में अन्य कोई व्यक्ति नहीं है, न ही रह रहा है।

रहमतुल्लाह पुत्र मंगरे
पता - ग्राम रुदलापुर पोस्ट बांसी
जिला - सिद्धार्थनगर यूपी

# संक्षिप्त समाचार

## प्रदेश के मुख्यमंत्री महंथ योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन मना



**सुल्तानपुर, अवधनामा संवाददाता।** हिंदू युवा वाहिनी के मुख्य संरक्षक गोरक्ष पीठाधीश्वर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के 53 वे जन्मदिवस के अवसर पर सुंदर कांड के पाठ का आयोजन किया गया ।कुशभवनपुर में आशीष सिंह प्रभारी अयोध्या मंडल, गौरव पाण्डेय विभाग संयोजक,परविंद शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष हियुवा, बजरंग दल,विश्व हिन्दू परिषद कुशभवनपुर के कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सुंदर कांड पाठ में नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, एडवोकेट अरविंद कुमार सिंह राजा, डॉ0 अवधेश शुक्ला अध्यक्ष पत्रकार एसोसिएशन, गौरव पाण्डेय, प्रांजल सिंह, सत्यम सिंह, अनिल सिंह, सुधीर तिवारी, अवनीश सिंह गुड्डू, अंकित श्रीवास्तव, मंगल पाण्डेय, अभिनव सिंह, शुभेंद्र सिंह, अजय सिंह, प्रकाश सिंह, पत्रकार संतोष पाण्डेय, रणवीर सिंह, मनोज मौर्य शिक्षक, शिक्षक आदि सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## वाटर स्प्रिंकलर कीटिंग मशीन का पालिकाध्यक्ष ने किया लोकार्पण



**सुल्तानपुर, अवधनामा संवाददाता।** नगर पालिका परिषद सुलतानपुर कार्यालय परिसर में शहर में बढ़ती हुयी गर्मी, हीट वेव से बचाव एवं प्रभावों को न्यून करने व सामान्य अग्निशमन के लिए पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल द्वारा वाटर स्प्रिंकलर वाहन विथ हाई प्रेशर जेटिंग मशीन का विधिवत पूजन कर हरी झण्डी देकर लोकार्पण किया गया। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि इस वाहन के उपयोग से सड़क पर राहगीरों व आमजनमानस को धूल शमन व भीषण गर्मी से राहत मिलेगी, वायु प्रदूषण को भी कम करेगा, साथ ही सड़कों व डिवाइडरों की धुलाई व सामान्य आग लगने पर उपयोगी है। इस अवसर पर पालिका के अधिशासी अधिकारी लाल चन्द्र सरोज, सभासद सुधीर तिवारी, विजय कुमार जायसवाल, भैयादीप सिंह, मो0 आरिफ, अफजल अंसारी, रमेश सिंह ''टिन्नू'', गिरीश कुमार मिश्र, अखिलेश मिश्र, अरविन्द यादव एवं अजय सिंह, देवानन्द, अहमद भाई, राजू पीको, संदीप गुप्ता, मंगरू प्रसाद प्रजापति एवं सै0 अख्तर मेंहदी आब्दी कर अधीक्षक, प्रवीण सिंह राजस्व निरीक्षक, अधूलिका, सफाई निरीक्षक, पुनीत कुमार गुप्ता, प्र0 कार्यालय अधीक्षक, पवन कुमार शुक्ला, प्र0जल-कल लिपिक, कुँवर प्रताप सिंह, हनुमान सिंह, प्रशान्त रावत, दीपक रावत, साहिल आदि कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## नेत्र चिक्तिसा शिविर का अयोजन हुआ



**शिकोहाबाद, अवधनामा संवाददाता।** कल्याणं करोति मथुरा द्वारा संचालित श्रीजी बाबा नेत्र चिक्तिसा संस्थान मथुरा एवं श्याम स्टील लिमिटेड कोलकता के तत्वाधान में नेत्र चिक्तिसा शिविर का अयोजन हरिशंकर फार्म हाउस मैनपुरी रोड में आयोजित किया गया। जिसमें मरीजो ने पंजीकरण करा कर वरिष्ठ चिक्तिको से परीक्षण कराया। शिविर में सुबह से ही मरीजों की लाइन लग गई। पंजीकरण के बाद मरीजों ने वरिष्ठ चिकित्सकों को परीक्षण कराया। इस दौरान 111 मरीजों का सफल परिक्षण किया गया। परिक्षण के दौरान मिले 25 मोतियाबिन्द के मरीजो को निशुल्क ऑपरेशन हेतु श्रीजी बाबा नेत्र चिक्तिसालय मथुरा भेज दिया गया। शिविर के दौरान सहयोग करने वालों में आशीष तिवारी, डॉ अनुभव उपाध्याय, डॉ नरेश कुमार कोऑर्डिनेटर, सुनील कुमार, यगदेव आर्य आदि का विशेष सहयोग रहा।

## नगर पालिका में किया गया वृक्षारोपण



**टूंडला, अवधनामा संवाददाता।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में नगर विकास विभाग स्वछ भारत मिशन लखनऊ के निर्देश के क्रम में गुरुवार को नगर पालिका परिषद टूण्डला के बेस्ट-टू-वंडर पार्क के ग्राउंड में वृक्षारोपण किया गया और शपथ ग्रहण कराई गई। स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस प्रतिवर्ष 5 जून को मनाया जाता है। यह दिवस लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति लोगों को संवेदनशील बनाना है। पर्यावरण को हरा भरा बनाने के लिए सभी को एक वृक्ष जरूर लगाना चाहिए। इस दौरान सफाई नायक बिक्की बाबू, मेंटिनेंस इंचार्ज सुनील उपाध्याय एस0बी0एम0 कम्प्यूटर कु0 प्रीति, यतेंद्र कुमार यशवीर, ज्ञानपल, रविन्द्र मलखान श्री राम सुबी देवी एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

**कार्यालय- नगर पंचायत मथौली**
**जनपद - कुशीनगर (उ.प्र.)**

पत्रांक- 916/न.प.म./मु.मं.न.सृ.यो./2025-2026 दिनांक- 05-06-2025

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है, कि मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत मथौली में विभिन्न निर्माण कार्य कराया जाना है, जिसके लिए ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। कार्य से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र बेवसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध निविदा नोटिस में धरोहर धनराशि, निविदा डालने की तिथि, समय, श्रेणी, कार्य करने की अवधि एवं निविदा लागत तथा निविदा के विस्तृत नियम एवं शर्तो का उल्लेख है।

| 1 | बेवसाइट पर ई-निविदा प्रकाशन की तिथि व समय | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा प्रकाशित किये जाने की तिथि एवं समय | 06.06.2025 | 05:00 बजे अपरान्ह |
| 2 | ई-निविदा डाउनलोड किये जाने की प्रारम्भ तिथि एवं समय | 06.06.2025 | 05:00 बजे अपरान्ह |
| 3 | ई-निविदा अपलोड किये जाने की अन्तिम तिथि एवं समय | 21.06.2025 | 12:00 बजे मध्याहन |
| 4 | ई-निविदा खोलने की तिथि व समय | 21.06.2025 | 02:00 बजे अपरान्ह |

**(सर्वेश कुमार श्रीवास्तव)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत मथौली**
**कुशीनगर**

**(नवरंग सिंह)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत मथौली**
**कुशीनगर**

# युवा अधिवक्ताओं ने डीबीए अध्यक्ष व महामंत्री को ज्ञापन सौंपा



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** लगभग 150 युवा अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को डीबीए के अध्यक्ष व महामंत्री को ज्ञापन सौंपा। इस बाबत संयुक्त मीडिया प्रभारी जानकारी मनोज कुमार दीक्षित व रूपेन्द्र सिंह चौहान ने जानकारी प्रदान की, इस ज्ञापन के माध्यम से निम्न बिंदुओं पर ध्यान आकर्षण किया गया, कि कचहरी परिसर में देर रात तक अवांछित तत्वों की उपस्थिति व उनक कुकृत्य को रोके जाने, अधिवक्ताओं को चैंबर आवंटित करने, न्यायालयों में न्यायिक प्रक्रिया व प्राकृतिक न्याय के विरुद्ध कार्य के किए जाने संबंध में व उन अधिवक्ताओं की भी शिकायत की जो देर रात तक सार्वजनिक स्थलों पर अधिवक्ता पोशाक घूमते मिलते हैं और अधिवक्ताओं की गरिमा के प्रतिकूल आचरण करते है तथा बरामदे व चैंबरों की खरीद फरोख्त को रोके जाने हेतु व लायब्रेरी खुलवाए जाने के सम्बन्ध में दिया है। इस पर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन इटावा की आपात बैठक हुई जिसमें ये निर्णय लिया गया कि डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन इटावा 200 अधिवक्ताओं के लिए चेंबर उपलब्ध कराएगी, इच्छुक अधिवक्ता चैंबर हेतु अपना पंजीयन डीबीए कार्यालय में कराएं, वरीयता के आधार पर चैंबर आवंटित किए जाएंगे तथा जनपद न्यायधीश को दिनांक 09.06.2025 को ज्ञापन देकर अधिवक्ताओं की समस्या को रखेगी तथा कचहरी परिसर में रात में अवांछित तत्वों के अवांछित कार्यों में लिप्त पाए जाने पर उनके विरुद्ध कार्यवाही कराने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को डीबीए ज्ञापन देगी तथा ऐसे अधिवक्ताओं के विरुद्ध जो कि अधिवक्ता पोशाक में देर रात तक सार्वजनिक स्थलों पर अधिवक्ता समुदाय की गरिमा के प्रतिकूल आचरण करते पाए जाएंगे, उनकी डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन की सदस्यता समाप्त कर की जाएगी और उनका अधिवक्ता पंजीकरण निरस्त करने का ज्ञापन बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश को भेजा जाएगा। ये सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। कार्यकारणी की अध्यक्षता अनिल कुमार गौर एडवोकेट ने की संचालन महामंत्री देवेन्द्र सिंह पाल एडवोकेट ने किया।

# एनटीपीसी रिहंद में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/बीजपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस-2025 के अवसर पर एनटीपीसी रिहंद में विविध जागरूकता गतिविधियों और वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह और संकल्प के साथ किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक भव्य पर्यावरण जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जो लेक पार्क से प्रारंभ होकर शिवालिक गेस्ट हाउस तक निकाली गई। इस रैली में एनटीपीसी के अधिकारी, कर्मचारी, यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधि, महिलाएं, बच्चे और स्थानीय निवासी भारी संख्या में सम्मिलित हुए। रैली उपरांत, रिहंद आवासीय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें परियोजना प्रमुख अनील श्रीवास्तव सहित वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने पौधारोपण को नियमित आदत बनाने और प्लास्टिक के उपयोग में कमी लाने की अपील की। कार्यक्रम में 'GEM–2025' अभियान की बालिकाओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। बालिकाओं ने न केवल रैली और वृक्षारोपण में हिस्सा लिया, बल्कि एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्परिणामों पर जनजागरूकता भी फैलाई।

# छात्र-छात्राएं शिक्षक एवं कर्मचारी योग के साथ-साथ मेडिटेशन का लाभ उठा रहे है

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, मत्स्य विज्ञान एवं शोध केंद्र तथा दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय द्वारा कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह के निर्देशन एवं अधिष्ठाता डॉक्टर एन के शर्मा के कुशल नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम श्रृंखला का आयोजन आवासीय परिसर स्थित योग वाटिका में किया जा रहा है इस कार्यक्रम में प्रतिदिन 100 से अधिक छात्र-छात्राएं शिक्षक एवं कर्मचारी योग के साथ-साथ मेडिटेशन का पूरा लाभ उठा रहे हैं मेडिटेशन के लिए प्रमाणित प्रशिक्षक डॉक्टर ज्ञानेंद्र सिंह एवं डॉ रक्षा सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं को मेडिटेशन का अभ्यास कराया जा रहा है। योग अभ्यास के साथ-साथ योग से संबंधित कई प्रमुख विषयों पर विस्तार से चर्चा भी की जा रही है इस कार्यक्रम में तीनों महाविद्यालयों के छात्र एवं छात्राएं शिक्षक एवं कर्मचारी बड़े ही उत्साह के साथ सहभागिता कर रहे हैं पिछले वर्षो में इस महाविद्यालय के शैक्षिक वातावरण के साथ-साथ छात्रों में अनुशासन एवं उनके व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

छात्र-छात्राओं के स्वस्थ जीवन के लिए योग एवं मेडिटेशन का प्रतिदिन अभ्यास कराया जाना अनिवार्य कर दिया गया है। महाविद्यालय के अधिष्ठाता ने अपील की है कि इस प्रांगण के विकसित योग वाटिका प्रकृति और सौंदर्य का आशियाना में सुबह 6:30 बजे सभी छात्र-छात्राएं शिक्षक एवं कर्मचारी एकत्रित होकर प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर मनमोहक योग वाटिका में योग करके अपने जीवन को सफल एवं स्वस्थ बनाएं। महाविद्यालय के अधिष्ठाता ने जिले के आसपास के इच्छुक छात्र-छात्राओं से बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में जेईई मेंस 2025 (https://uptac.afmissiins.nic.in) की काउंसलिंग के माध्यम से इस महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए अनुरोध किया है एडमिशन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए अधिष्ठाता द्वारा मोबाइल नंबर 9336061361 एवं 9411869189 जारी किया गया है।

# किट वितरण और मोटिवेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन




**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** प्रातः 11:00 बजे प्रकाश जीनियस पब्लिक स्कूल रॉबर्ट्सगंज सोनभद्र में हैमर बाल 2nd नेशनल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025 के लिए किट वितरण और मोटिवेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष माननीय रूबी प्रसाद, जिला क्रीड़ा अधिकारी शमीम अहमद, स्वास्थ्य विभाग के डिप्टी सीएमओ डॉक्टर एस के जायसवाल का आगमन हुआ। 2nd सीनियर नेशनल हैमर बाल चैंपियनशिप 2025 उना हिमाचल प्रदेश में खेला जा रहा है, जिसमें 12 स्टेट की टीमें भाग लेगी। जिनमें मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उड़ीसा, राजस्थान, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश की टीम में भाग लेंगी। हैमर बॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष संतोष कुमार पांडे, सचिव दीपक श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष विनोद धर, प्रकाश जीनियस पब्लिक स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर राजेंद्र जैन भी उपस्थित थे। सभी हैमर बाल खिलाड़ियों को किट वितरण किया गया।

2nd सीनियर नेशनल हैमर बॉल चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की तरफ से महिला टीम कैप्टन की भूमिका में अलका, वाइस कैप्टन की भूमिका में रोशनी, सुप्रिया पटेल, अरना पांडे, ज्ञानवी, वैष्णवी सिंह निवेदिता द्विवेदी, निकिता प्रजापति, लतिका प्रजापति, रूशाली पटेल, सृष्टि दुबे, दक्षिता द्विवेदी, कसक गुप्ता शामिल हैं।

# मोदी जी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में हो रहा क्रांतिकारी बदलाव: पेटल

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** केन्द्र की मोदी सरकार के विकसित भारत का अमृतकाल एवं सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी सोनभद्र की जिला कार्यशाला चण्डी होटल के सोन पैलेस मे सम्पन्न हुयी। कार्यशाला मे बतौर मुख्यअतिथि काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलिप सिंह पटेल, विशिष्ट अतिथि के रुप मे जिला प्रभारी अनिल सिंह व उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड़ जी मौजूद रहे। कार्यशाला का शुभारंम्भ पं0 दीनदयाल उपाध्याय व डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नन्द लाल जी व संचालन कार्यक्रम के जिला संयोजक संतोष शुक्ला ने किया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि दिलिप सिंह पटेल ने कहा कि आज के 11 वर्ष पूर्व जब देश मे कांग्रेस की सरकार थी तब हम सभी को याद होगा कि कांग्रेस के शासन काल में पूरे देश को घोटालो का एक बड़ा दौर देखने को मिला। देश की सेना को कमजोर करने का काम किया गया जिससे देश मे आतंकवाद, नक्सलवाद और भ्रष्टाचार अपने चरम सीमा पर था। 2014 में भारतीय जनता पार्टी व मोदी जी के नेतृत्व मे केन्द्र की सरकार बनने के बाद हर क्षेत्र मे क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिला है, मोदी जी ने जब गरीब लोगो के लिए जन धन खाता खुलवाया तो यही विपक्ष के लोग उसका मजाक उड़ा रहे थे। लेकिन कोरोना काल जैसे विपरित परिस्थिति मे उसी जन धन के खाते मे देश की आम जनता को सरकार द्वारा सीधे लाभ पहुंचाया गया। आज देश मे भ्रष्टाचार, नक्सलवाद पूरी तरह से समाप्त हो गया है, उन्होने कहा कि इस कालखण्ड में धारा 370 हटने, राममंदिर निर्माण, वक्फ संशोधन बिल, सी0ए0ए0 जैसे कई ऐतिहासिक फैसले हुए है। भारत आर्थिक शक्ति के रुप मे दुनिया के तीसरे स्थान पर है। मोदी सरकार आतंकवाद के खिलाफ कठोर कार्यवाही जैसे निर्णायक कदमो के लिए जानी जायेगी जिसका एक प्रत्यक्ष उदाहरण आपरेशन सिन्दूर है। अब भारत एक ऐसा राष्ट्र बन चुका है जो अपनी सीमांओ की रक्षा करने के साथ साथ आर्तकियो को उनके घर मे घुसकर मारता है। आत्मनिर्भर भारत की ओर यह सफर सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के मूलमंत्र पर आधारित रहा है। मोदी सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन, अटल पेंशन, स्मार्ट सिटी, मेक इन इण्डिया, किसान सम्माननिधि, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान कार्ड सहित कई योजनाएं समाज के सभी वर्गो के लिए चलायी जा रही है। जिससे आम जनमानस लाभान्वित हो रहा है, यही मोदी सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धि है, यह भारत का अमृतकाल चल रहा है आने वाले 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र के रुप स्थापित होगा।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी अनिल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा चलायी जा रही जनहित की योजनाओं से ही आज देश को गरीबी से बाहर निकलने मे मील का पत्थर साबित हुआ है। देश को भ्रष्टाचार से मुक्त कर प्रगति के राह पर लाकर खड़ा कर दिया जायेगा आंतरित सुरक्षा से लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा तक मे भारत दुनिया के लिए उदाहरण बना है।

## संक्षिप्त समाचार

### निशा सक्सेना हरित शिक्षक सम्मान से अलंकृत



**इटावा,अवधनामा ब्यूरो।** मथुरा में इको फ्रेंडली वर्ल्ड एंड नेचर प्रोटेक्शन कैंपेन के तत्वावधान में प्रदेश भर से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आलोक में नवाचारी पहल करने वाले हरित शिक्षकों को सर्वोत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया गया। जनपद से पी.एम.श्री कम्पोजिट विद्यालय कांधनी विकास खण्ड बढपुरा की सहायक अध्यापिका निशा सक्सेना को पोधारोपण, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने की मुहिम को चलाने के साथ-साथ पर्यावरण शिक्षण के क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट कार्य करने हेतु निशा सक्सेना को हरित शिक्षक सम्मान से अलंकृत किया गया। इनकी उपलब्धि पर डा.शिवराज सिंह, उषा यादव, ललित सक्सेना, अवनीश श्रीवास्तव, विमल यादव, अभिषेक दुबे, सीमा श्रीवास्तव, डा.ज्ञान चन्द्र सक्सेना, केके सक्सेना, सीमा सक्सेना, हरिश्चन्द्र सक्सेना, नितिन आनंद, नीतू पुरवार, विवेक सक्सेना, पवन श्रीवास्तव आदि अनेक शुभ चिंतकों ने हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

### अवैध शस्त्र रखने वाले अभियुक्त को 700 रुपये जुर्माना व 35 दिन की सजा

**हमीरपुर।** थाना सुमेरपुर, जनपद हमीरपुर में अवैध शस्त्र रखने के मामले में अभियुक्त कज्जी उर्फ सिराजुल पुत्र मेंहदीहसन उर्फ गण्ठे, निवासी इमिलियाबाड़ा, को सीजेएम कोर्ट ने दोषी करार देते हुए जेल में बिताई अवधि और 700 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।मामला वर्ष 2001 का है, जब 11 जनवरी को थाना सुमेरपुर में मुकदमा संख्या 16/2001, धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियुक्त के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। अभियुक्त के कब्जे से एक 315 बोर तमंचा, एक खोखा और तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए थे।जिला पुलिस के ÷ऑपरेशन कन्विक्शन÷ के तहत अभियोजन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर समयबद्ध तरीके से साक्ष्यों और गवाहों को पेश किया गया। प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप सीजेएम कोर्ट, हमीरपुर ने अभियुक्त को दोषी ठहराया।इस मामले में विवेचक उपनिरीक्षक ए.के. सिंह, अभियोजक विकास और पैरोकार कांस्टेबल प्रेम सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।यह कार्रवाई अवैध शस्त्रों के खिलाफ पुलिस की सख्ती और प्रभावी कानूनी कार्रवाई का उदाहरण है।

### जिलाधिकारी ने जनसुनवाई में 90 शिकायतें सुनीं



**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना। लगभग 90 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही त्वरित निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के लिए जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम, खंड विकास अधिकारियों और संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/जूम बैठक कर तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को नियमित जनसुनवाई करने और जन समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने जोर देकर कहा कि जनसुनवाई, आईजीआरएस और अन्य माध्यमों से प्राप्त प्रकरणों का मौके पर जाकर निस्तारण किया जाए और समयबद्ध आख्या प्रस्तुत की जाए। किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### व्यापारियों को दुर्घटना बीमा और योजनाओं के लाभ की जानकारी



**मौदहा, अवधनामा संवाददाता।** राज्य कर विभाग द्वारा मौदहा में आयोजित जीएसटी पंजीयन कैम्प में सहायक आयुक्त दीपक कुमार सिंह और राज्य कर अधिकारी घनश्याम पटेल ने व्यापारियों को पंजीयन के लिए प्रोत्साहित किया। दीपक कुमार सिंह ने जीएसटी पंजीयन के लाभों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जीएसटी धारकों को बिना किसी प्रीमियम के 10 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा, इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ मिलता है।उन्होंने अपंजीकृत व्यापारियों को पंजीयन के लिए प्रेरित किया और आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी। समाधान योजना और एसएमएस के माध्यम से निल रिटर्न जमा करने की सुविधा के बारे में भी बताया गया। व्यापारियों को समय पर रिटर्न और कर जमा करने की सलाह दी गई, ताकि ब्याज और अर्थदंड से बचा जा सके। किसी भी समस्या के लिए राज्य कर कार्यालय से सहायता लेने की बात कही गई।

# हिंडालको रेनुसागर में विश्व पर्यावरण पर विविध कार्यक्रम आयोजित

**अनपरा/सोनभद्र।** हिंडालको रेनुसागर में वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने की थीम पर विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।इस अवसर पर हिंडालको के रेनुसागर यूनिट हेड आर पी सिंह ने अपने संबोधन में कहा,रेंणुसागर में आज आयोजित वृक्षारोपण, प्लास्टिक मुक्त अभियान और ज़ीरो वेस्ट टू लैंडफिल जैसी पहलें यह दर्शाती हैं कि हम न केवल औद्योगिक प्रगति की ओर ही अग्रसर हैं, बल्कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं।मुझे यह देखकर गर्व हो रहा है कि हमारे संविदा कर्मियों ,कर्मचारियों, महिला मंडल और ने मिलकर एक सशक्त संदेश दिया है कि ÷हरियाली ही भविष्य है÷।कार्यक्रम का आयोजन पुराने ऐश डाइक स्थित मधुबन पार्क में किया गया। यूनिट हेड, एचआर हेड, ऑपरेशन हेड, मेंटेनेंस हेड,सहित सभी विभागाध्यक्षों, महिला मंडल की टीम ने पौधरोपण कर सक्रिय भागीदारी दिखाई। कार्यक्रम में एचआर हेड शैलेश विक्रम सिंह, ऑपरेशन हेड मनीष जैन, मेंटेनेंस हेड जगदीश पात्रा मानव संसाधन विभाग के नवागत वरिष्ठ अधिकारी आशीष पांडेय ने सिंगल यूज प्लास्टिक का उन्मूलन, रीसाइक्लिंग, पुनः उपयोग, हरित वृक्षारोपण और जीरो वेस्ट टू लैंडफिल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान केंद्रित कर प्रकाश डाला।इसके पूर्व पर्यावरण विभाग के प्रभारी कमलेश मौर्या ने आये हुये अतिथियों का स्वागत करते हुये कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर शोभित बर्मा ने उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति दायित्वों की शपथ दिलाई।तत पश्चात हाकिम सिंह एवं आनन्द कुमार सिंह ने पर्यावरण संरक्षण पर अपनी कविता सुनाई।इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण और सतत जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु परासी गांव में एक जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं की स्वयं सहायता समूह द्वारा नेतृत्व में वृक्षारोपण और विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर एनसीएल की परियोजना एवं इकाइयों में आयोजित हुए कार्यक्रम

**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/सिंगरौली।** एनसीएल में विश्व पर्यावरण दिवस 2025 उत्साहपूर्वक मनाया गया। इसी कड़ी में एनसीएल की निगाही परियोजना में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय अधिकारी, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सिंगरौली संजीव मेहरा बतौर मुख्य अतिथि एवं परियोजना से वरिष्ठ अधिकारीगण, श्रमिक संघ प्रतिनिधि और अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान संजीव मेहरा ने पर्यावरण का संरक्षण को सभी का नैतिक कर्तव्य बताया। उन्होनें एनसीएल की पर्यावरण अनुकूल नवाचारी पहलों एवं हरित कोयला प्रेषण हेतु एफ़एमसी परियोजनाओं की सराहना की। इसके अतिरिक्त उन्होनें उपस्थित सभी से सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम कर प्लास्टिक प्रदूषण की रोकथाम में योगदान देने हेतु आह्वान भी किया। कार्यक्रम के दौरान




संजीव मेहरा एवं अन्य द्वारा एक पेड़ माँ के नाम मुहिम के तहत वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। तत्पश्चात कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष, कोल इंडिया लिमिटेड एवं सी. एम. डी. एन.सी. एल. के पर्यावरण दिवस पर जारी सन्देशों का भी वाचन भी किया गया। इस वर्ष निगाही परियोजना ने ÷वेस्ट टू वैल्थ÷ की अवधारणा को साकार करते हुए 3500 पुरानी ट्यूबलाइटों का पुनर्चक्रण कर उनसे रोड डेलीनेटर रिफ्लेक्टर तैयार किए जो खदान क्षेत्र में सुरक्षा को सुदृढ़ करने में सहायक हैं। कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण दिवस 2025 के अंतर्गत आयोजित 'वेस्ट टू वंडर' प्रतियोगिता, चित्रकारी प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता इत्यादि के विजेता प्रतिभागियों को पुरुस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।

### पर्यावरण संरक्षण जागरूकता रैली का हुआ आयोजन

विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के उपलक्ष्य में एनसीएल की सभी परियोजनाओं एवं इकाइयों ने पर्यावरण संरक्षण जागरूकता रैली का आयोजन किया। इसी क्रम में एनसीएल की दूधीचुआ, कृष्णशिला, निगाही, बीना, अमलोरी एवं एनएससी परियोजनाओं में पर्यावरण संरक्षण जागरूकता रैलियों का आयोजन किया गया। इन रैलियों के माध्यम से स्थानीय लोगों को प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया गया।

# ग्रासिम द्वारा मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/रेणुकूट।** परिसर में हरित कांति लाने हेतु मियावाकी के तर्ज पर आधारित एक वृहद वृक्षारोपण कार्यकम का आयोजन किया गया। कार्यकम्र का शुभारम्भ संस्थान के विवेक गुप्ता प्रमुख (पावर) द्वारा सभी को पर्यावरण को सुदढ़ बनाने हेतु शपथ ग्रहण कराने के पश्चात किया गया तत्पश्चात विनय यादव प्रमुख (पर्यावरण) द्वारा बताया गया कि पर्यावरण को सुदढ बनाने हेतु इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस का थीम है प्लाष्टिक प्रदूषण समाप्त करना तथा सभी को अधिक से अधिक संख्या में पौध रोपण करने तथा रोपित किये गये पौधों को बचाना, प्लाष्टिक प्रदूषण समाप्त करना, जल संरक्षण व उर्जा का बचाव करने हेतु प्रेरित किया गया।

ग्रासिम इण्डस्ट्रीज लिमिटेड रेनुकूट द्वारा आयोजित पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों में प्रमुख रुप से राजीव दुबे प्रमुख (मानव संसाधन), राकेश सिंह प्रमुख (वैप) के अलावा कुमारी कुजल गर्ग एवं तरंग महिला मंडल के सचिव अमिता दुबे आदि सहित संस्थान के अनेकों वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा करीब 155 पौधे रोपित किये गये जिसमें प्रमुख रुप से जामून, बास, नीम, अमलतास, अर्जुन, बकाईन, अनार, आम, आदि पौधे सामिल है।

# पौधरोपण कर पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त रखने का लिया गया संकल्प

**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/रेणुकूट।** विकास के नाम पर जहां एक ओर कुछ लोग हाथों में कुल्हाड़ी लेकर तैयार खड़े हैं वहीं दूसरी ओर कुछ संस्थान ऐसे भी हैं जो पेड़ों के संरक्षण हेतु मुट्ठी बांधे बुलंद हैं। इन्हीं संस्थानों में से एक है हिण्डाल्को, जो सदैव पर्यावरण को लेकर सजग रहा है। इसी क्रम में इस वर्ष भी हिण्डाल्को में विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रकृति को हरा-भरा एवं प्रदूषण मुक्त रखने के संकल्प के साथ पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत हिण्डाल्को में पौधे लगाकर व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्थान के मुखिया श्री समीर नायक ने कार्बन-डाई-ऑक्साइड उत्सर्जन को कम करने व प्राकृतिक संपदा के उपयोग के दौरान पर्यावरण संतुलन बनाए रखने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक प्रयोग न करने की नसीहत दी। इस बार की विश्व पर्यावरण दिवस की थीम-बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन है जिसके तहत आयोजित कार्यक्रम में हिण्डाल्को पर्यावरण विभाग के श्री सत्यजीत आचार्या ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए पर्यावरण दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर श्री समीर नायक ने पिछले वर्ष संस्थान द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर किए गए प्रयासों की व्यापक चर्चा की। उन्होंने प्लांट से लेकर कॉलोनी में पौधरोपण को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा देने के लिए सभी से सहयोग और सुझाव की अपील की। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रयोग में न लेने की सलाह दी तथा इसे पर्यावरण के लिए बेहद घातक बताया। वहीं हिण्डाल्को के मानव संसाधन प्रमुख श्री जसबीर




सिंह ने पर्यावरण सुरक्षा का संदेश देते हुए किसी भी विशेष अवसर पर एक पेड़ लगाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि जन्मदिन, एनिवर्सरी व अन्य विशेष अवसरों पर सभी को पौधे लगाने चाहिए। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि इस बार गार्डेन विभाग की ओर से 5000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर मौजूद सभी कर्मचारियों को पर्यावरण सुरक्षा शपथ अंजलि सिन्हा द्वारा दिलाई गई, वहीं सुश्री कुमुद यादव द्वारा हिण्डाल्को के प्रबंध निदेशक सतीश पाई द्वारा प्रेषित पर्यावरण संदेश को पढ़कर सुनाया गया। मंच संचालन हरिओम केसरी द्वारा बेहद कलात्मक अदाज़ में किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारी रोहित चौरसिया, जयेश पवार, राजेश कपूर, विवेक कुमार, विजय कान्त दुबे, तापस चौधरी, कर्नल (सेनि.) रोहित शर्मा व यशवंत कुमार, विधेय सिंह परिहार व विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। ज्ञातव्य हो कि हिण्डाल्को, रेणुकूट में, विश्व पर्यावरण दिवस मात्र 5 जून तक सीमित न होकर बीते कई दिनों से जागरुकता उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। हमारे समूह के उद्देश्य ग्रीनर, स्ट्रॉन्गर एंड स्मार्टर की परंपरा को जीवंत रखते हुए संस्थान के विभिन्न प्लांटों जैसे- स्मेल्टर, एल्युमिना रिफाइनरी, फैब्रिकेशन, युटिलिटी व अन्य विभागों के कर्मचारियों के मध्य पर्यावरण संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन और पृथ्वी को बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाकर हरियाली विकसित करने के सम्बंध में सामान्य जागरूकता फैलाने हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

उत्तर प्रदेश में कृषि क्रांति की ओर एक कदम

# 'समृद्ध धान नेटवर्क (एसडीएन)' का शुभारंभ

अवधनामा ब्यूरो

- जलवायु अनुकूल धान खेती को बढ़ावा देने के लिए बहु-हितधारक मंच का गठन
- पानी की बचत, लागत में कमी और पर्यावरण संरक्षण का लक्ष्य




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने आज औपचारिक रूप से 'समृद्ध धान नेटवर्क (एसडीएन)' का शुभारंभ किया। यह नेटवर्क राज्य में डायरेक्ट सीडेड राइस (डीएसआर) तकनीक को बड़े स्तर पर बढ़ावा देने और टिकाऊ, जलवायु-स्मार्ट धान उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए गठित एक अग्रणी बहु-हितधारक मंच है।

कृषि निदेशालय के सभागार में आयोजित पहले एसडीएन सम्मेलन के मुख्य अतिथि कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही ने किसानों को टिकाऊ तकनीकों से जोड़ने की प्रतिबद्धता व्यक्त की, जो पानी बचाती हैं, लागत घटाती हैं और पर्यावरण के प्रति ज़िम्मेदार हैं। उन्होंने डीएसआर को एक ऐसी तकनीक बताया जो बिना पैदावार घटाए लाभ पहुंचा सकती है, जिससे फसल चक्र में भी सुधार होगा और किसान पहले कटाई कर सकेंगे। उन्होंने एसडीएन के सभी साझेदारों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि डीएसआर एक आधुनिक कृषि तकनीक है जो पारंपरिक रोपाई की जगह सीधे बीज बोने पर आधारित है। यह तकनीक 30 प्रतिशत तक पानी की बचत, 30 प्रतिशत तक मीथेन गैस उत्सर्जन में कमी और श्रम लागत में भारी कटौती का वादा करती है। बदलते मौसम, घटते भूजल स्तर और बढ़ती लागत के वर्तमान परिदृश्य में, डीएसआर उत्तर प्रदेश जैसे प्रमुख धान उत्पादक राज्य के लिए एक व्यवहारिक और लाभकारी विकल्प के रूप में उभर रहा है। कृषि राज्यमंत्री श्री बलदेव सिंह औलख ने डीएसआर तकनीक की संभावनाओं को रेखांकित करते हुए इसे जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और श्रमिकों की कमी जैसी समस्याओं का समाधान बताया। उन्होंने कृषि विभाग से डीएसआर को हर किसान तक पहुंचाने के लिए जरूरी मशीनों पर सब्सिडी की प्राथमिकता तय करने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रमुख सचिव कृषि, श्री रविंद्र ने बताया कि एसडीएन एक ऐसा मंच बनेगा जो आंकड़ों की निगरानी, सहयोग और तालमेल को बढ़ावा देगा। उन्होंने डीएसआर की उपयुक्तता का नक्शा तैयार करने, कृषि विज्ञान केंद्र के सहयोग से पारंपरिक किस्मों का परीक्षण करने, और पूर्वी यूपी के 75 डीएसआर क्लस्टर्स को मान्यता देने के निर्देश दिए। एसडीएन के सदस्य सचिव और कृषि निदेशक डॉ. जितेंद्र कुमार तोमर ने बताया कि इस मंच का लक्ष्य आने वाले वर्षों में उत्तर प्रदेश में 20 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में डीएसआर तकनीक को अपनाना है, ताकि इसकी पूरी क्षमता का लाभ उठाया जा सके। इस पहली बैठक में कृषि विभाग के अंतर्गत एसडीएन सचिवालय की स्थापना, एसडीएन कोर समूह की घोषणा और जिम्मेदारियों का निर्धारण, 2025 खरीफ सीजन के लिए डीएसआर को बढ़ाने की रणनीति तैयार करना, राज्य की प्राथमिकताओं के साथ एसडीएन के उद्देश्यों का समन्वय जैसे प्रमुख लक्ष्य निर्धारित किए गए। इस बैठक में बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन और कोका-कोला फाउंडेशन जैसे विकास भागीदारों की विशेष उपस्थिति रही। अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. सुधांशु सिंह ने एसडीएन और उत्तर प्रदेश एक्सीलरेटर कार्यक्रम के साथ मिलकर काम करने पर उत्साह व्यक्त किया, और वैज्ञानिक शोध तथा प्रशिक्षण के माध्यम से टिकाऊ धान प्रणाली को मजबूत करने पर जोर दिया।

# ऐ.के. शर्मा नें विद्युत मंत्रियों के सम्मेलन में किया प्रतिभाग

अवधनामा ब्यूरो



- प्रदेश की ऊर्जा जरूरतों और आने वाली कठिनाइयों को साझा किया तथा प्रदेश की वर्तमान विद्युत व्यवस्था की जानकारी दी
- ओवरलोड परिवर्तको की वृद्धि का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा
- विगत 04 वर्षों से पूरे देश में उत्तर प्रदेश अन्य राज्यों की अपेक्षा ज्यादा विद्युत आपूर्ति करने का रिकॉर्ड स्थापित किया

**लखनऊ।** भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय द्वारा केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल 'खट्टर' जी की अध्यक्षता में शुक्रवार को चंडीगढ़ में क्षेत्रीय विद्युत मंत्रियों का सम्मेलन (उत्तरी क्षेत्र) आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा जी ने प्रतिभाग कर प्रदेश की ऊर्जा जरूरतों और आने वाली कठिनाइयों को साझा किया तथा प्रदेश की वर्तमान विद्युत व्यवस्था की जानकारी दी। सम्मेलन में भारत सरकार के ऊर्जा सचिव, पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, दिल्ली, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्रीगण तथा केंद्र व राज्य स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे। इस सम्मेलन में ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने प्रदेश की योगी सरकार के कार्यकाल में राज्य की ऊर्जा क्षेत्र में हाल के वर्षों में हुई उपलब्धियों को प्रमुखता से प्रस्तुत किया और कहा कि उत्तर प्रदेश में उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए प्रदेश में बिजली के पुराने और जर्जर तारों एवं पोल को बदलने के साथ नए परिवर्तक लगाए जा रहे। ओवरलोड परिवर्तको की क्षमता वृद्धि का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। विगत 08 वर्षों में सभी स्रोतों से उत्तर प्रदेश का ऊर्जा उत्पादन 15 हज़ार मेगावाट से बढ़कर 25 हज़ार मेगावाट हो गया है। उपकेंद्रों की क्षमता जो मार्च 2017 में 39159 मेगावाट थी वह अब बढ़कर 199500 एमवीए हो गई है। इसी प्रकार ट्रांसमिशन लाइनों के निर्माण में भी बढ़ोतरी की गई है, जो विद्युत लाइनें मार्च 2017 तक 7,502 सर्किट किलोमीटर मात्र थी वह अब बढ़कर 62,483 सर्किट किलोमीटर हो गई है, जो कि विद्युत लाइनों के निर्माण में एक नया कीर्तिमान बना है।

# छह डिग्री सेल्सियस और बढ़ेगा तापमान

- अब फिर पलटेगा मौसम, गर्म पछुआ हवाएं फिर से बढ़ाएंगी गर्मी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में मानसून से पहले हुई बारिश से भले राहत मिली हो लेकिन अब मौसम फिर पलटने वाला है। ऐसे में अब गर्मी सताएगी। मौसम विभाग के अनुसार कुछ दिनों के लिए गर्म पछुआ हवाओं के चलने से गर्मी बढ़ेगी। इससे अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस और बढ़ सकता है। मौसम विभाग ने हीटवेव का अलर्ट भी जारी किया है। अगले तीन-चार दिनों में कई इलाकों में दिन का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। इस दौरान कुछ इलाकों में लू चलने की चेतावनी भी जारी की गई है। राज्य के कई इलाकों में पिछले कुछ दिनों से प्री-मॉनसून बारिश हो रही थी। यह मॉनसून आने से पहले की आखिरी बारिश हो सकती है, क्योंकि मौसम विभाग ने 12 जून तक मॉनसून आने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग का कहना है कि, मॉनसून ओडिशा के पुरी तक पहुंच चुका है। 10 से 12 जून के बीच इसके गोरखपुर पहुंचने की संभावना है। दरअसल, इस वर्ष भारत में मानसून एक दशक से भी ज्यादा समय बाद उम्मीद से पहले आ जाएगा।

## 12 जून तक चलेगा विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शुक्रवार को कहा कि 29 मई से 12 जून तक चलाये जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 के तहत किसानों को खरीफ फसलों के लिए नवीनतम कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों, आधुनिक खेती के तौर-तरीकों तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। लोकभवन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में श्री शाही ने कहा कि यह अभियान भारत सरकार की पहल पर शुरू किया गया है और इसका संचालन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थानों, कृषि विज्ञान केन्द्रों, कृषि विश्वविद्यालयों, तथा उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि, बागवानी, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता, रेशम एवं जलशक्ति विभागों के सहयोग से हो रहा है। उन्होने बताया कि अभियान के तहत 550 कृषि वैज्ञानिक और विषय विशेषज्ञ किसानों को उनके क्षेत्र, मिट्टी, मौसम और फसल के अनुसार प्रशिक्षित कर रहे हैं। यह लैब-टू-लैंड मॉडल को जमीनी स्तर पर लागू करने का प्रयास है।

# अब्बास अंसारी पर कारईवाई राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित कार्रवाई : अखिलेश

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर मऊ क्षेत्र से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक अब्बास अंसारी की सदस्यता जानबूझकर छीनने का आरोप लगाया। अखिलेश यादव ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए अदालत द्वारा दो वर्ष की सजा सुनाए जाने के बाद अंसारी की विधानसभा सदस्यता समाप्त किए जाने संबंधी सवाल के जवाब में कहा, देखिए, अगर मैं ऐसा कुछ कहूंगा तो मेरे खिलाफ मुकदमा दर्ज हो जाएगा। अब्बास अंसारी की सदस्यता (विधानसभा की सदस्यता) जानबूझकर छीनी गई थी। सरकार ने जानबूझकर छीनी थी। अंसारी को नफरत भरा भाषण देने के मामले में सजा सुनाई गयी है। सपा अध्यक्ष ने कहा, अगर इन बयानों पर (सदन की) सदस्यता जा सकती है, तो सरकार में बैठे लोग क्या कह रहे हैं? क्या वे मुझे मेरे डीएनए की याद दिलाएंगे? क्या वे समाजवादियों से डीएनए के बारे में पूछेंगे? जिन लोगों ने डीएनए के बारे में कहा है उनकी सदस्यता न्यायाधीशों द्वारा क्यों नहीं छीनी जाती? जो लोग डीएनए पूछ रहे हैं, उनकी सदस्यता क्यों नहीं जा रही है? अखिलेश यादव ने मामले में जातिवादी पक्षपात का दावा करते हुए कहा, मुझे लगता है कि जाति के आधार पर फैसला लिया जाता है। कभी-कभी फैसला सुनाने के लिए कुछ लोगों को भेजा जाता है और तैनाती दी जाती है। इसलिए हम पहले दिन से ही कह रहे हैं कि संविधान को खतरा है। समाजवादियों की सदस्यता ही जा रही है। भाजपा के लोग जो बयान दे रहे हैं क्या उनकी सदस्यता कभी नहीं जाएगी? गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी के पुत्र और मऊ से सुभासपा के विधायक अब्बास अंसारी को भड़काऊ भाषण मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद उत्तर प्रदेश विधानसभा की सदस्यता के अयोग्य घोषित कर दिया गया है। अंसारी को 31 मई को सांसद-विधायक की विशेष अदालत ने 2022 के भड़काऊ भाषण मामले में सजा सुनाई है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत किसी सदस्य को दो वर्ष या उससे अधिक की सजा सुनाए जाने पर सदस्यता समाप्त करने का प्रावधान है। अब्बास अंसारी, 2022 में समाजवादी पार्टी के नेतृत्व वाले गठबंधन के तहत सुभासपा के टिकट पर मऊ सदर विधानसभा सीट से चुनाव जीतकर पहली बार विधायक बने थे।

यू.पी. परिवहन विभाग की बड़ी कार्रवाई

# 25 ऑटोमोबाइल डीलरों के लाइसेंस किए निलंबित

अवधनामा ब्यूरो

- डीलरों को बार-बार चेतावनी दी गई थी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने राज्य भर में 25 ऑटोमोबाइल डीलरों के ट्रेड लाइसेंस एक महीने के लिए निलंबित कर दिये हैं। ऐसा वाहन पंजीकरण प्रक्रियाओं का पालन करने में लगातार विफलता के कारण किया गया है। परिवहन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को पुष्टि की कि पंजीकरण मानदंडों का उल्लंघन करने को लेकर डीलरों के खिलाफ पहली बार ऐसी अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है।

उन्होंने बताया कि लखनऊ, बाराबंकी, सीतापुर, कुशीनगर, मुरादाबाद और प्रयागराज सहित विभिन्न जिलों में कारोबार कर रहे इन डीलर्स को तीन जून को शुरू हुई एक माह की निलंबन अवधि के दौरान वाहन बेचने या वाहन पोर्टल पर पंजीकरण के आवेदन अपलोड करने से रोक दिया गया है। परिवहन आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, इन डीलरों को बार-बार चेतावनी दी गई थी और जनवरी से मई 2025 तक लंबित पंजीकरणों के विस्तृत विश्लेषण के बाद इस साल 21 अप्रैल और 15 मई को कारण बताओ नोटिस जारी किये गए थे। पर्याप्त समय दिए जाने के बावजूद वे अपने प्रदर्शन में सुधार करने या संतोषजनक जवाब देने में विफल रहे। बयान में कहा गया है, केंद्रीय मोटर वाहन नियम (सीएमवीआर) के नियम 39 और उत्तर प्रदेश मोटर वाहन नियम के प्रासंगिक प्रावधानों का लगातार पालन न करने के कारण यह कार्रवाई की गई है। इसका उद्देश्य वाहन पंजीकरण प्रक्रिया में जवाबदेही और अनुशासन को मजबूत करना है।

# उपभोक्ता और बिजली कर्मी मिलकर करेंगे बड़ा आंदोलन

अभियंताओं के उत्पीड़न के विरोध में वाराणसी में सोमवार को प्रदर्शन, निजीकरण के खिलाफ प्रांतव्यापी आंदोलन जारी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बिजली क्षेत्र के निजीकरण के विरोध में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने अब किसानों और उपभोक्ताओं को भी अपने साथ जोड़ लिया है। आगामी 22 जून को लखनऊ में एक महापंचायत बुलाई गई है, जहाँ निजीकरण रद्द कराने के लिए साझा आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी। इस महापंचायत में बिजली के निजीकरण से प्रभावित होने वाले सभी प्रमुख स्टेकहोल्डर्स - किसान, आम उपभोक्ता और बिजली कर्मी - के संगठन शामिल होंगे।

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि महापंचायत में पावर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा दिए जा रहे झूठे आंकड़ों का पर्दाफाश करते हुए एक श्वेत पत्र जारी किया जाएगा। साथ ही, निजीकरण के बाद उड़ीसा, चंडीगढ़, दिल्ली, ग्रेटर नोएडा और आगरा में उपभोक्ताओं और बिजली कर्मियों को हुई कठिनाइयों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश सरकार को अवगत कराने के लिए एक प्रस्ताव भी पारित किया जाएगा।

यह भी निर्णय लिया गया है कि लखनऊ के बाद वाराणसी, आगरा, मेरठ और अन्य प्रमुख स्थानों पर भी ऐसी महापंचायतें आयोजित की जाएंगी। संघर्ष समिति ने बताया कि किसानों, उपभोक्ताओं और बिजली कर्मचारियों के सभी प्रमुख संगठनों से इस बाबत बातचीत हो चुकी है।

इस बीच, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक द्वारा 6 अभियंताओं के उत्पीड़न की दृष्टि से किए गए स्थानांतरण के विरोध में वाराणसी की संघर्ष समिति ने प्रबंध निदेशक को 72 घंटे का नोटिस दिया है। यदि 72 घंटे में स्थानांतरण आदेश निरस्त नहीं किए जाते हैं, तो सोमवार को पूर्वांचल के प्रबंध निदेशक के कार्यालय पर विशाल विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। निजीकरण के खिलाफ चल रहे आंदोलन के 191वें दिन शुक्रवार को प्रदेश के समस्त जनपदों और परियोजनाओं पर विरोध प्रदर्शन जारी रहा। वाराणसी, आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर, मिर्जापुर, प्रयागराज, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, मथुरा, एटा, झांसी, बांदा, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर, नोएडा, गाजियाबाद, मुरादाबाद, हरदुआगंज, जवाहरपुर, परीक्षा, पनकी, ओबरा, पिपरी और अनपरा में विरोध सभाएं आयोजित की गई।

## पीएचडी स्कॉलर ने प्रोफेसर पर लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप

**लखनऊ।** लखनऊ के बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) में एक पीएचडी स्कॉलर ने पर्यावरण माइक्रोबायोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. राजेश कुमार पर गंभीर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। छात्र आशीष कुमार, जो एमएससी में स्वर्ण पदक विजेता रह चुके हैं, ने कुलपति को पत्र लिखकर इस मामले में कार्रवाई की मांग की है। पत्र के वायरल होने से विश्वविद्यालय प्रशासन में हड़कंप मच गया है।

आशीष कुमार ने अपने पत्र में लिखा कि वह पीएचडी छात्र हैं और उन्होंने सीएसआईआर नेट, आईसीएआर नेट, और गेट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाएं उत्तीर्ण की हैं। उनके 100 से अधिक उद्धरणों के साथ उच्च गुणवत्ता वाले शोध और समीक्षा लेख प्रकाशित हुए हैं, जो उनकी विज्ञान में गहरी रुचि को दर्शाते हैं।

# लखनऊ में आया 'राजनाथ आम'

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** मैंगो मैन के नाम से मशहूर लखनऊ के मलीहाबाद निवासी बागवान एवं पद्मश्री से सम्मानित कलीमुल्लाह खान ने आम की एक नव विकसित किस्म का नाम रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नाम पर रखा है। खान ने मलीहाबाद में अपने बाग में 'ग्राफ्टिंग' तकनीक से तैयार की गई आम की नयी किस्म का नाम रक्षा मंत्री के नाम पर रखा है। इस किस्म को राजनाथ आम कहा जाएगा। ग्राफ्टिंग' बागवानी की ऐसी तकनीक है जिसमें दो अलग-अलग पौधों के हिस्सों को जोड़कर एक नया पौधा बनाया जाता है। बागवानी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और समर्पण के लिए पद्मश्री से नवाजे गये खान इससे पहले नरेन्द्र मोदी, अमित शाह, सचिन तेंदुलकर, ऐश्वर्या राय, अखिलेश यादव और सोनिया गांधी समेत कई प्रमुख भारतीय हस्तियों के नाम पर आम की किस्मों का नाम रख चुके हैं। कलीमुल्लाह खान ने कहा, मैं अपने आमों का नाम उन लोगों के नाम पर रखता हूं जिन्होंने सच्चे मायनों में देश की सेवा की है। मैं चाहता हूं कि ये नाम पीढ़ियों तक जिंदा रहें। कई बार लोग महान नेताओं को भूल जाते हैं, लेकिन अगर कोई आम उन्हें राजनाथ सिंह के अच्छे काम की याद दिलाता है तो यह सार्थक है। वह एक संतुलित और विचारशील व्यक्ति हैं। हाल ही में पाकिस्तान के बारे में एक चर्चा के दौरान मैंने महसूस किया कि वह युद्ध नहीं बल्कि शांति चाहते हैं। कलीमुल्लाह खान ने पहलगाम आतंकवादी हमले का जिक्र करते हुए कहा, ''पाकिस्तान ने आक्रमण की शुरुआत की लेकिन आज, माहौल बेहतर हो गया है। जंग नहीं बल्कि अमन ही समाधान है। समस्याओं का समाधान बातचीत के जरिए होना चाहिए। युद्ध सिर्फ नफरत को बढ़ाता है और सभी का नुकसान होता है।

कलीमुल्लाह खान ने अपने दशहरी और अन्य किस्म के आमों के लिए पूरी दुनिया में मशहूर मलीहाबाद क्षेत्र का जिक्र करते हुए बताया कि 1919 के आसपास इस क्षेत्र में आम की 1,300 से ज्यादा किस्म थीं।

# यूजर को वोटर बनाना सोशल मीडिया की सबसे बड़ी चुनौती

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** सोशल मीडिया साइट फेसबुक में भारत के 200 करोड़ यूजर एक्टिव है जिसमें युवाओं का प्रतिशत 83 फीसदी है लेकिन जब मतदान करने की बारी आती है तो यह प्रतिशत 48 पर आकर ठहर जाता है। यानि सोशल मीडिया पर तो लोग एक्टिव यूजर बने रहते हैं लेकिन वोटर बनने में पिछड़ जाते हैं।

आंकड़ों का यह निष्कर्ष भाषा विश्वविद्यालय के शोधार्थी नीरज कुमार सिंह ने अपना शोध कार्य पूरा करने पर प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की प्रमुख डॉ. रुचिता सुजय चौधरी के निर्देशन में अपना शोध कार्य पूरा करने वाले नीरज ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 के दौरान सर्वे करके यह निष्कर्ष निकाला है। उच्च शिक्षारत विद्यार्थियों की राजनीतिक चेतना पर फेसबुक के प्रभाव का अध्ययन विषयक शोध कार्य में उन्होंने लखनऊ शहर के युवा वोटरों के साथ संवाद कर उनकी राजनीतिक समझ को जांचने, परखने और समझने का कार्य किया। साथ ही प्रदेश के प्रमुख राजनीतिक दलों, भारतीय जनता पार्टी, अखिल भारतीय कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की युवा इकाईयों के फेसबुक पेज पर गहन विश्लेषण किया। शोधार्थी ने पाया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सोशल मीडिया पर काफी सक्रियता के साथ मौजूद है।

सोशल मीडिया के नवाचारों की बात करें तो शोधार्थी ने पाया कि फोटो शेयरिंग ऐप इंस्टाग्राम बहुत तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। युवाओं खासतौर पर 17 से 26 वर्ग की आयु के बीच 88 प्रतिशत उत्तरदाताओं की पहली पसंद इंस्टाग्राम है। विश्लेषण में यह बात सामने आई कि फेसबुक मिलेनियरर्स (90 के दशक में जन्में) की पहली पसंद है। हालांकि शोध में इस बात पर बल दिया गया है कि युवाओं की पसंद-नापसंद से लेकर खान-पान तक को निर्धारित करने वाला सोशल मीडिया एक जिम्मेदार नागरिक के तौर पर उन्हें वोटर नहीं बना पा रहा है। शोध सर्वे में शामिल 48 फीसदी युवाओं ने ही हाल के चुनाव में मतदान किया था।

## पर्यटन विकास योजनाओं पर खर्च होंगे 02.16 करोड़ रुपए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा झांसी जनपद स्थित मेजर ध्यानचंद हिल पर पर्यटन सुविधाओं के विकास हेतु 02.16 करोड़ रुपए की लागत से विकास कार्य प्रारंभ किए गए हैं। इस परियोजना का उद्देश्य न केवल मेजर ध्यानचंद की विरासत को सम्मान देना है, बल्कि ऐतिहासिक धरती झांसी को प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना भी है। यह जानकारी उ्प्र. के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की ऐतिहासिक धरती झांसी में महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के श्रद्धांजलि स्वरूप पर्यटन विकास कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत पर्यटन स्थल पर बैठने की सुविधा, पेयजल की व्यवस्था, छायादार स्थान सहित अन्य पर्यटन अनुकूल सुविधाएं विकसित की जाएंगी। उल्लेखनीय है कि मेजर ध्यानचंद का जन्म इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में हुआ था। उनका बाल्यकाल और शेष जीवन झांसी में ही बीता, जिससे यह शहर उनके जीवन के महत्वपूर्ण पलों से जुड़ा रहा है।

# विकसित भारत का अमृत काल गरीब कल्याण के 11 वर्षों पर हुई कार्यशाला

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकसित भारत का अमृत काल एवं सेवा सुशासन और गरीब कल्याण÷ के 11 वर्षों पर केंद्रित अभियान 10 जून से 21 जून तक चलाया जाएगा। अभियान को व्यापक स्तर पर चलाएं जाने के लिए भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा, राज्यसभा सांसद बृजलाल, सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता अर्चना मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के जनकल्याण को समर्पित 11 वर्ष युग परिवर्तन का काल है। भाजपा सरकार के जनकल्याण को समर्पित कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पार्टी द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें 9 जून को राष्ट्रीय स्तर पर माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री गण प्रेस वार्ता करेंगे। उसके बाद 10 जून को मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश मुख्यालय पर प्रेस वार्ता और प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे।

